3 राजधानी
लखनऊ पहुंचे रक्षामंत्री राजनाथ सिंह

6 अभिमत
नगरोटा आतंकी हमले के सबक

11 स्पोर्ट्स
चोटिल डेविड वार्नर बाहर

11 विदेश
निदेशक नियुक्त हो सकती हैं नीरा टंडन

RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 43
लखनऊ, मंगलवार, 1 दिसंबर, 2020
पृष्ठ 20 मूल्य ₹ 3
लखनऊ

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



जीवित रहने तक अभिनय जारी रखेंगी अनुष्का
विविध-12

www.dailypioneer.com

# किसानों को छलने वाले कृषि कानून पर फैला रहे भ्रमः मोदी

- हम गंगाजल जैसी साफ नीयत से कर रहे हैं काम, गुमराह करने वालों की सच्चाई लगातार आ रही सामने

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी



काशी विश्वनाथ मंदिर में पूजा करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। साथ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**कृषि** सुधार कानूनों के खिलाफ देश में जगह-जगह हो रहे किसानों के आंदोलन के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसे लेकर विपक्षी दलों पर करारा हमला करते हुए सोमवार को कहा कि छल का इतिहास रखने वाले लोग नए ट्रेंड के तहत पिछले कुछ समय से सरकार के फैसले पर भ्रम फैला रहे हैं। प्रधानमंत्री ने अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी के खजूरी गांव में छह लेन मार्ग चौड़ीकरण के लोकार्पण अवसर पर संबोधित करते हुए कहा पहले सरकार का कोई फैसला अगर किसी को पसंद नहीं आता था, तो उसका विरोध होता था लेकिन बीते कुछ समय से हमें नया ट्रेंड देखने को मिल रहा है। अब विरोध का आधार फैसला नहीं, बल्कि भ्रम और आशंकाएं फैलाकर उसको आधार बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा दुष्प्रचार किया जाता है कि फैसला तो ठीक है लेकिन पता नहीं इससे आगे चलकर क्या-क्या होगा। फिर कहते हैं कि ऐसा होगा जो अभी हुआ ही नहीं है। जो कभी होगा ही नहीं उसको लेकर समाज में भ्रम फैलाया जाता है। ऐतिहासिक कृषि सुधारों के मामले में भी जानबूझकर यही खेल खेला जा रहा है। हमें याद रखना है यह वही लोग हैं जिन्होंने दशकों तक किसानों के साथ लगातार छल किया है। मोदी का यह बयान ऐसे वक्त आया है जब हाल के कृषि सुधार कानूनों के खिलाफ किसान देश में जगह-जगह प्रदर्शन कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा, हम गंगाजल जैसी साफ नीयत से काम कर रहे हैं। आशंकाओं के आधार पर भ्रम फैलाने वालों की सच्चाई लगातार देश के सामने आ रही है। जब एक विषय पर इनका झूठ किसान समझ जाते हैं तो ए दूसरे विषय पर झूठ फैलाने में लग जाते हैं। चौबीसों घंटे ( शेष पेज 9 )

### कुछ लोगों के लिए विरासत का मतलब सिर्फ परिवार से, हमारा ध्यान देश की विरासत बचाने पर : प्रधानमंत्री

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने परिवारवाद पर निशाना साधते हुए सोमवार को कहा कि कुछ लोगों के लिए विरासत का मतलब उनका परिवार और उसका नाम है, मगर हमारा ध्यान देश की विरासत को बचाने और उसे संरक्षित करने पर है। अपने संसदीय निर्वाचन क्षेत्र वाराणसी के एक दिवसीय दौरे पर शाम को देव दीपावली उत्सव का आगाज करते हुए मोदी ने कहा सौ साल से भी पहले माता अन्नपूर्णा की जो मूर्ति काशी से चोरी हो गई थी वह फिर वापस आ रही है। काशी के लिए यह बड़े सौभाग्य की बात है। हमारे देवी-देवताओं की यह प्राचीन मूर्तियां हमारी आस्था की प्रतीक के साथ ही हमारी अमूल्य विरासत भी हैं। इतना प्रयास ( शेष पेज 9 )



देव दीपावली के अवसर पर वाराणसी में रौशनी से नहाया गंगा किनारे का केदारघाट

# आरपार की लड़ाई के लिए तैयार किसान

## कहा-निर्णायक संघर्ष के लिए दिल्ली आए हैं, पीएम उनके मन की बात सुनें

**शेखर सिंह।** नई दिल्ली

दिल्ली के सिंघू, टिकरी और गाजीपुर सीमा पर सोमवार को लगातार पांचवें दिन विरोध-प्रदर्शन कर रहे किसानों का जमावड़ा लगा रहा। हालांकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज वाराणसी में अपने संबोधन के दौरान कृषि कानूनों को किसानों के हित में बताया लेकिन किसानों ने कहा कि वे अपना विरोध जारी रखेंगे जब तक कि सरकार इन कानूनों को रद्द नहीं कर देती। किसानों ने यह भी चेतावनी दी है कि दो दिन में यदि मांग नहीं मानी गई तो वे राष्ट्रीय राजधानी में प्रवेश के सभी पांचों रास्तों को बंद कर देंगे। इस बीच, गाजीपुर सीमा (यूपी गेट) पर बड़ी संख्या में किसानों के जुटने के बाद दिल्ली पुलिस ने सोमवार को वहां कंक्रीट के बैरियर लगा दिए तथा सुरक्षा बढ़ा दी गई है। लेकिन सीमा को सील नहीं किया गया है। किसानों द्वारा राष्ट्रीय राजधानी को जोड़ने वाले और हाईवे को अवरुद्ध करने की चेतावनी दिए जाने के मद्देनजर पूरे शहर में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। बहरहाल, सिंघू और टिकरी सीमा दोनों स्थानों पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन चल रहा है अभी तक किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। सिंघू सीमा पर एक प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए किसानों ने कहा कि वे चाहते हैं कि प्रधानमंत्री उनके 'मन की बात' सुनें तथा नए कृषि कानूनों को रद्द करें। किसानों ने कहा 'हमने जो मांगे उठाई है उस पर कोई समझौता नही होगा और यदि मांगे नहीं मानी जाएंगी तो हमारा लड़ाई ( शेष पेज 9 )

# स्थानीय स्तर पर प्रशासन करे रात्रिकालीन कर्फ्यू पर निर्णय

- कोरोना को लेकर मुख्य सचिव ने नई गाइडलाइन जारी की

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश सरकार** द्वारा कोविड-19 के सम्बन्ध में अपेक्षित सावधानियों, कन्टेनमेन्ट जोन एवं निगरानी के विषय में मुख्य सचिव आरके तिवारी ने नई गाईड लाइन जारी करते हुए उन्होंने स्थानीय प्रतिबन्ध के सम्बन्ध में कहा है कि कन्टेनमेन्ट जोन के बाहर किसी भी राज्य द्वारा भारत सरकार की पूर्वानुमति के बिना स्थानीय स्तर पर किसी भी प्रकार का लॉकडाउन नहीं लगाया जा सकेगा। कोविड के प्रसार को नियंत्रित करने के उद्देश्य से परिस्थितियों का आकलन करते हुये स्थानीय प्रतिबन्ध जिसमें रात्रि कर्फ्यू आदि लागू किया जा सकता है। यह निर्देश पहली दिसंबर से अग्रिम आदेशों तक जारी रहेंगे। मुख्य सचिव ने अपने निर्देश में कहा है कि कार्यालयों में भी सामाजिक दूरी के मानकों का अनुपालन किया जाना आवश्यक होगा। ऐसे शहरों में जहां कोविड-19 पॉजिटिविटी दर 10 प्रतिशत से अधिक है वहां एक ही समय पर उपस्थित कार्मिकों की संख्या को कम रखने के उद्देश्य से राज्य प्रशासन विखण्डित कार्यालय समय प्रबन्धन या फिर अन्य समुचित प्रबन्धन पर विचार कर निर्णय लेगा। इसके अलावा सोशल डिस्टेंसिंग का पालन कराने के लिए धारा 144 लागू कराने का भी निर्देश दिया गया है। वहीं शादी, ब्याह जैसे कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए जो सीमा तय की गई थी उसे फिलहाल बरकरार रखा गया है। यानी हाल में क्षमता का 50 फीसद और अधिकतम 100 लोगों को ही शामिल किया जाएगा। खुले मैदान या लॉन में क्षमता का 40 प्रतिशत ही लोगों को एक समय में शामिल होने की अनुमति होगी। मुख्य सचिव ने कहा कि विगत कुछ सप्ताह में राज्य के कतिपय क्षेत्रों में सक्रिय केस में कतिपय वृद्धि होने ( शेष पेज 9 )

# कोविड-19 पर चर्चा के लिए चार को सर्वदलीय बैठक

- वर्चुअल बैठक की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे अध्यक्षता

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**केंद्र** सरकार ने कोरोना वायरस महामारी से उत्पन्न स्थिति पर चर्चा करने के लिए चार दिसंबर को सर्वदलीय बैठक बुलाई है जिसकी अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। सूत्रों ने बताया कि संसद के दोनों सदनों में पार्टियों के नेताओं को शुक्रवार सुबह 10 बजकर 30 मिनट पर होने वाली ऑनलाइन बैठक के लिए आमंत्रित किया गया है। उन्होंने बताया कि संसदीय कार्य मंत्रालय बैठक के लिए समन्वय कर रहा है और संसद के दोनों सदनों में पार्टियों के नेताओं से संपर्क कर रहा है। सूत्रों ने बताया कि कोविड-19 महामारी शुरू होने के बाद से यह दूसरी बार है जब सरकार ने कोरोना वायरस से उत्पन्न हालात पर चर्चा के लिए सर्वदलीय बैठक बुलाई है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, गृहमंत्री अमित शाह, स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन सहित सरकार के शीर्ष मंत्रियों के बैठक में शामिल होने की उम्मीद है। संसदीय कार्यमंत्री प्रहलाद जोशी और मंत्रालय के राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल के भी बैठक में शामिल होने की उम्मीद है। सर्वदलीय बैठक ऐसे समय हो रही है जब दिल्ली में कोरोना वायरस से संक्रमण के बढ़ते मामलों के मद्देनजर संसद के शीतकालीन सत्र को बजट सत्र से मिलाने की उम्मीद की जा रही है। यह बैठक इस मायने में भी महत्वपूर्ण है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अहमदाबाद, हैदराबाद और पुणे की दवा कंपनियों का दौरा कर कोविड-19 टीके के विकास के लिए हो रहे कार्य की समीक्षा के बाद सरकार ने यह बैठक बुलाई है।

### पीएम ने टीका बना रही तीन कंपनियों से की बात



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कोविड-19 के टीके के विकास और विनिर्माण पर काम कर रही तीन टीमों के साथ सोमवार को एक ऑनलाइन बैठक की और कहा कि लोगों को कोविड-19 टीके के प्रभावी होने समेत इससे जुड़े अन्य मामलों को सरल भाषा में सूचित करने के लिए अतिरिक्त प्रयास करें। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से जारी बयान के अनुसार मोदी ने कंपनियों से विनियामक प्रक्रिया पर सुझाव देने की बात कहते हुए, संबंधित विभागों को मुद्दे सुलझाने के लिए उनके साथ काम करने की भी सलाह दी। बयान के अनुसार, ' प्रधानमंत्री ने सभी संबंधित विभागों को सुझाव दिया कि उन्हें विनिर्माताओं के साथ जुड़ना चाहिए और परेशानियों को दूर करने की कोशिश करनी चाहिए ताकि देश और पूरी दुनिया की जरूरतों को पूरा करने के लिए इन कंपनियों द्वारा किए जा रहे प्रयास सफल हो सकें।' ये तीन कंपनियां पुणे की 'जेनोवा बायोफार्मास्यूटिकल लिमिटेड', हैदराबाद की 'बायोलॉजिकल ई लिमिटेड' और हैदराबाद की ही 'डॉ. रेड्डीज लैबोरेटरीज लिमिटेड' हैं।

## जुलाई तक 30 करोड़ लोगों को लग जाएगा कोविड टीका

- केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्ष वर्धन ने दी जानकारी, सरकार पूरी तैयारी में जुटी



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कोरोना** वैक्सीन कब, कैसे और कितने लोगों को पहले लगेगी, इसे लेकर चौतरफा सवाल और उत्सुकता कायम है। इस बीच, सोमवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने कहा कि सरकार की योजना अगले छह महीने के अंदर 30 करोड़ लोगों को कोरोना का टीका लगा देने की है। भारत समेत दुनियाभर में कई कंपनियां कोरोना वैक्सीन बना रही हैं और कई ने अपने ट्रायल भी पूरे कर लिए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि आने वाले 3-4 महीनों के अंदर इस बात की पूरी संभावना है कि हमारे पास वैक्सीन उपलब्ध हो जाएगी और लोगों को टीका लगाना भी शुरू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि जुलाई-अगस्त तक, हमारी योजना 25 से 30 करोड़ लोगों तक वैक्सीन पहुंचाने की है और इसी के लिए सरकार पूरी तैयारी में जुटी है। वहीं, हर्षवर्धन ने लोगों से मास्क पहनने और सोशल डिस्टेंसिंग अपनाने की अपील भी की है। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को देश में वैक्सीन तैयार करने में जुटे तीन प्रमुख संस्थानों का दौरा किया और वैक्सीन बनाए जाने की तैयारियों का ( शेष पेज 9 )

## एमएलसी चुनाव के लिए मतदान आज

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उप्र विधान** परिषद के 5 खण्ड स्नातक तथा 6 खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के द्विवार्षिक निर्वाचन के लिए मंगलवार को मतदान होगा। मतदान प्रातः 8 बजे से शुरू होकर सायं 5 बजे तक चलेगा। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि विधान परिषद के इस निर्वाचन के लिए प्रदेश के कानपुर नगर, कानपुर देहात एवं उन्नाव को छोड़कर प्रदेश के समस्त 72 जनपदों में मतदान होगा। उन्होंने बताया कि 5 खण्ड स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 1269817 मतदाता 1808 मतदेय स्थलों पर अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। 6 खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 206335 मतदाता 813 मतदेय स्थलों पर अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 5 खण्ड स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों में 114 प्रत्याशी तथा 6 खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों में 85 प्रत्याशी मैदान में हैं। इस प्रकार 11 निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 199 प्रत्याशी मैदान में हैं। कोविड-19 के दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग ( शेष पेज 9 )

### बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 44,149 | | |
| निफ्टी | 12,968 | | |
| सोना | 47,483 | 142 | /10g |
| चांदी | 57,808 | 701 | /kg |

### क्विक न्यूज

**तमिलनाडु और केरल में एक और तूफान आने का खतरा**

**चेन्नई।** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बताया कि बंगाल की खाड़ी के ऊपर सोमवार को कम दबाव का क्षेत्र बना और इसके गहरे कम दबाव के क्षेत्र में तब्दील होने की संभावना है और आगे जाकर यह चक्रवाती तूफान का रूप ले सकता है। इस वजह से दो और तीन दिसंबर के बीच दक्षिणी तमिलनाडु और दक्षिणी केरल मे भारी बारिश का अंदेशा है। आईएमडी ने बताया कि तूफान दो दिसंबर की शाम या रात में श्रीलंका के तट को पार कर सकता है और फिर यह अगली सुबह मे कोमोरिन क्षेत्र-तमिलनाडु मे कन्याकुमारी के पास- मे उभरेगा। विभाग ने अपने ताजे बुलेटिन मे कहा कि इसके प्रभाव से तमिलनाडु, पुडुचेरी, कराईकल, केरल, माहे, लक्ष्यद्वीप, आंध्र प्रदेश में एक से चार दिसंबर के बीच बारिश होने के आसार है।

# आतंकवाद क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए बड़ा खतराः नायडू

**एससीओ बैठक**

- उपराष्ट्रपति ने अपने संबोधन में पाक पर जमकर साधा निशाना



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारत ने** सोमवार को कहा कि क्षेत्र के सामने सबसे बड़ी चुनौती आतंकवाद है और इस खतरे के खात्मे से क्षेत्र को अपनी वास्तविक क्षमताओं को मूर्त रूप देने में मदद मिलेगी। शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शासनाध्यक्षों की परिषद की ऑनलाइन बैठक को संबोधित को करते हुए उपराष्टपति एम वेंकैया नायडू ने विशेष रूप से सीमा पार आतंकवाद के बारे में उल्लेख किया और मिलकर इस खतरे का मुकाबला करने का आह्वान किया। पाकिस्तान के एक स्पष्ट संदर्भ में नायडू ने कहा, 'हम विशेष रूप से उन देशों के बारे में चिंतित हैं जो एक 'राज्य नीति' के साधन के रूप में आतंकवाद का फायदा उठाते हैं।' उन्होंने कहा, 'क्षेत्र में हमारे सामने सबसे महत्वपूर्ण चुनौती आतंकवाद, विशेष रूप से सीमा पार आतंकवाद है।' नायडू ने कहा कि आतंकवाद के खतरे का 'खात्मा' करने से अपनी वास्तविक क्षमताओं ( शेष पेज 9 )

# नोएडा में बनेगा उत्तर प्रदेश का पहला एयरोप्लेन रेस्तरां

- दिल्ली-एनसीआर में होगा दूसरा, जीआईपी मॉल में बनेगा, मनोरंजन का भी होगा पूरा इंतजाम
- हवाई जहाज के बारे में जानकारी में रुचि रखने वालों के लिए भी विशेष व्यवस्था, 15 दिसंबर से होगा शुरू

**रिंकू यादव।** नोएडा



नोएडा के जीआईपी मॉल में इसी विमान में ऐरोप्लेन रेस्तरां खुलेगा। फोटोः दीपक यादव

**राजधानी** दिल्ली से सटे जनपद नोएडा के जीआईपी मॉल में एयरो प्लेन के अंदर रेस्तरां की शुरुआत की जा रही है। यह नोएडा का नवीनतम आकर्षण होगा। इस विमान में रेस्तरां के साथ मनोरंजन का भी भरपूर मसाला होगा। यहां पर प्लेन के कॉकपिट के बारे में रुचि रखने वालों के लिए भी विशेष इंतजामात किए गए हैं। इसके अलावा हवाई जहाज के बारे में अन्य जानकारियां भी दी जाएंगी। इस रेस्तरां के 15 दिसंबर से शुरू होने की उम्मीद है। मॉल के एसोसिएट डायरेक्टर मार्केटिंग शमीम ने जानकारी देते हुए बताया कि जो बच्चे प्लेन में दिलचस्पी रखते हैं और उसके बारे में जानकारी चाहते हैं, उनके लिए खास व्यवस्था की गई है। दूसरे वो लोग जो हवाई सफर का खर्च वहन नहीं कर सकते हैं, उनके लिए प्लेन रेस्तरां की शुरुआत की जा रही है। एक बार में 50 लोग इसमें बैठ सकेंगे। एरिया को रनवे थीम पर सजाया जाएगा। प्लेन रेस्तरां के आसपास सिक्योरिटी चेक प्वाइंट होंगे। इसमें पायलट, एयरहोस्टेस और कैप्टन भी मौजूद रहेंगे ताकि यहां आने वालों को हवाई जहाज में बैठने जैसा फील आए। एसोसिएट डायरेक्टर मार्केटिंग ने जानकारी देते हुए बताया कि यह जरूरी नहीं है कि जो लोग अंदर जाएंगे वह खाना भी खाएंगे। खाने के लिए अलग से टिकट की व्यवस्था की जाएगी, ताकि एक आम आदमी भी प्लेन के अंदर का दीदार कर और उसका लुत्फ उठा सके। यह उत्तर प्रदेश का पहला पर दिल्ली-एनसीआर का दूसरा प्लेन रेस्तरां होगा। फिलहाल प्लेन रेस्तरां का काम तेजी से चल रहा ताकि एनसीआर के जल्द से जल्द इसका आनंद उठा सकें।

# कोरोना पर नियंत्रण को तकनीक का उपयोग करें

## निजी टेस्टिंग संस्थाओं में टेस्टिंग की दर को पुनर्निर्धारित करने के निर्देश

● ऐसा एप विकसित करें जिससे आमजन को अपने नजदीकी कोविड टेस्ट सेन्टरों की जानकारी प्राप्त हो सके

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कोरोना पर नियंत्रण के लिये बेहतर तकनीक की मदद लेने पर बल देते हुये एक ऐसा एप विकसित करने के निर्देश दिये हैं जिससे आमजन को अपने नजदीकी कोविड टेस्ट सेन्टरों की जानकारी प्राप्त हो सके। इसके साथ ही सीएम योगी ने कोविड 19 से बचाव और नियंत्रण के लिए निरंतर सतर्कता और सावधानी बरतने पर जोर दिया है। उन्होंने कोविड 19 के संक्रमण से बचाव व उपचार की प्रभावी व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री सोमवार को अपने सरकारी आवास पर अनलॉक व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कोविड 19 की टेस्टिंग व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के लिए तकनीक के उपयोग पर बल दिया। उन्होंने कहा कि निजी टेस्टिंग संस्थाओं द्वारा की जाने वाली टेस्टिंग की दर को पुनर्निर्धारित करते हुए वाजिब बनाया जाए। मुख्यमंत्री ने लखनऊ में रिकवरी दर को बेहतर बनाने के लिए उपचार व्यवस्था को निरंतर सुदृढ़ किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी पब्लिक एड्रेस सिस्टम को लगातार सक्रिय रखते हुए इसके माध्यम से कोविड 19 से बचाव सम्बन्धी जागरूकता सृजित की जाए। लोगों को मास्क के उपयोग तथा सोशल डिस्टेंसिंग के पालन करने की जानकारी दी जाए।

बैठक में स्वास्थ्य राज्यमंत्री अतुल गर्ग, मुख्य सचिव आरके तिवारी, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त आलोक टण्डन, कृषि उत्पादन आयुक्त आलोक सिन्हा, अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी, पुलिस महानिदेशक हितेश सी अवस्थी, अपर मुख्य सचिव सूचना नवनीत सहगल, अपर मुख्य सचिव राजस्व रेणुका कुमार, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद, अपर मुख्य सचिव कृषि देवेश चतुर्वेदी, अपर मुख्य सचिव पंचायतीराज एवं ग्राम्य विकास मनोज कुमार सिंह तथा सूचना निदेशक शिशिर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### सहायक शिक्षकों को गोरखपुर में नियुक्ति पत्र देकर मुख्यमंत्री करेंगे दूसरे चरण की शुरुआत

**लखनऊ।** 69000 सहायक शिक्षकों की भर्ती में प्रक्रिया में दूसरे चरण के अंतर्गत 36590 नवनियुक्त शिक्षकों को आगामी पांच दिसम्बर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखपुर में शिक्षकों को नियुक्ति पत्र सौंप कर इसकी शुरुआत करेंगे। जबकि लखनऊ समेत अन्य जिलों में प्रभारी मंत्री, सांसदों व विधायक नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे। 36590 नवनियुक्त शिक्षकों की काउंसिलिंग 2 से 4 दिसम्बर के बीच होगी। बता दें कि नियुक्ति प्रक्रिया के पहले चक्र में 31277 पदों पर भर्ती की गई। इसमें लगभग 28,320 शिक्षक पदभार ग्रहण भी कर चुके हैं। वहीं लगभग एक हजार पदों पर प्रक्रिया लम्बित हैं क्योंकि इनके आवेदनों में या तो गलतियां हैं या फिर अन्य प्रकरणों में शासन स्तर पर निर्णय लिया जाना है। इस भर्ती में एक हजार से ज्यादा पदों का रिक्त रहना निश्चित है।

## लव जिहाद कानून पर मायावती ने सरकार से की पुनर्विचार की अपील

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**उत्तर** प्रदेश में लव जिहाद के खिलाफ योगी सरकार के कैबिनेट द्वारा पास उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अध्यादेश 2020 पर सियासत जारी है। सोमवार को बसपा प्रमुख मायावती ने इस कानून के बहाने योगी सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए कहा कि यूपी सरकार आपाधापी में धर्म परिवर्तन अध्यादेश लेकर आई है, जो तमाम आशंकाओं से भरा है। सरकार को इस पर पुनर्विचार करना चाहिए। सोमवार को बसपा अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने ट्वीट कर पार्टी की मंशा को जाहिर किया। मायावती ने ट्वीट किया कि लव जिहाद को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आपाधापी में लाया गया धर्म परिवर्तन अध्यादेश अनेक आशंकाओं से भरा है जबकि देश में कहीं भी जबरन व छल से धर्मांतरण को ना तो खास मान्यता और ना ही स्वीकार्यता है। उन्होंने आगे कहा कि इस संबंध में कई कानून पहले से ही प्रभावी हैं। सरकार इस पर पुनर्विचार करे, बसपा की यह मांग है।

## प्रदेश में रोजाना हुआ दो किलोमीटर हाईवे का निर्माण: योगी आदित्यनाथ

● मुख्यमंत्री ने किया वाराणसी-प्रयागराज सिक्स लेन चौड़ीकरण परियोजना का लोकार्पण

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश में 2014 के बाद हाईवे निर्माण की गति या इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के लिए जो कार्यक्रम शुरू हुए और पिछले साढ़े तीन वर्ष में यूपी में इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के जो कार्यक्रम आगे बढ़े, आज उसका परिणाम है 2014 के बाद अगर हम प्रतिदिन प्रदेश के अंदर हाईवे निर्माण की स्पीड देखेंगे, तो औसतन लगभग दो किमी हाईवे का निर्माण रोजाना हुआ है। यह विकास की नई कथा को देश के अंदर लिखे जाने की एक नई व्यवस्था है।

यह बातें उन्होंने आज वाराणसी के खजूरी में वाराणसी-प्रयागराज (एनएच.19) सिक्स लेन चौड़ीकरण परियोजना के लोकार्पण के अवसर पर कहीं। यह परियोजना 2447 करोड़ की लागत से उच्च तकनीक से बने भारत का पहला राजमार्ग है और इसकी लंबाई 73 किमी है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज भारत को दुनिया के सामने जिस मजबूती के साथ रखा है, हम सब देख रहे हैं चाहे, सामरिक दृष्टि से हो, भारत की सुरक्षा का मामला हो, भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्थानीय उत्पाद को प्रमुखता के साथ आगे बढ़ाने का हो, या फिर विकास की योजनाओं का लाभ एक-एक नागरिक को पहुंचाने का हो, पूरी प्रतिबद्धता और ईमानदारी के साथ यह कार्यक्रम आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि काशी अपनी पुरातन काया और नए कलेवर के साथ वैश्विक मंच पर एक बार फिर से जगमगा रही है और यह हम सब अहसास कर सकते हैं कि पिछले छह वर्षों के दौरान, करीब 18 हजार करोड़ की परियोजनाएं या तो लोकार्पित हुई हैं या शिलान्यास हुआ है और वर्तमान में ढेर सारी परियोजनाओं पर युद्ध स्तर पर कार्य भी चल रहा है। यह काशी की उस विकास गाथा को आगे बढ़ाने की कहानी है, जिसके लिए काशी का प्रत्येक नागरिक वर्षों से, सदियों से उतावला था।

**कोरोना काल में जन जन की चिंता:** उन्होंने कहा कि वैश्विक महामारी कोरोना से देश की 135 करोड़ की आबादी को ना केवल सुरक्षित रखना बल्कि एक एक गरीब के घर तक उसकी जरूरत के हिसाब से, उसकी आवश्यकताओं के लिए हर प्रकार की सुविधा और सुरक्षा उपलब्ध कराना, गरीब कल्याण पैकेज के माध्यम से एक लाख 76 हजार करोड़ रुपए की हर गरीब की जरूरत को पूरा करने की योजना हो, आत्मनिर्भर भारत के लिए 20 लाख करोड़ रुपए की, देश की युवाओं के लिए, समाज के विभिन्न तबके के लिए पैकेज की घोषणा के साथ ही उसे सफलता पूर्वक क्रियान्वयन किया गया है।

## किसान अगर खुशहाल नहीं तो देश तरक्की नहीं कर सकता: अखिलेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोमवार को हमीरपुर के राठ विधानसभा क्षेत्र के मुस्करा गांव के किसानों से किसान संवाद कार्यक्रम के तहत वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए बातचीत की। इसमें क्षेत्र के किसान बड़ी संख्या में शामिल हुए।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने किसानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि किसान अगर खुशहाल नहीं है तो देश तरक्की नहीं कर सकता है। खाद्य की आपूर्ति कर किसानों ने कोविड.19 के संक्रमण काल में काफी मदद की। लेकिन भाजपा राज में किसान दु:खी हैं। भाजपा ने उसका भरोसा तोड़ा है। नोटबंदी और जीएसटी से किसानों के हाथ खाली है। किसान को न तो मक्का, धान की फसल का न्यूनतम समर्थन मूल्य मिला और न ही उसकी आय दुगनी हुई। समाजवादी पार्टी ने जो मंडिया बनवाईं उन्हें भी समाप्त कर दिया। किसान कहां जाए। श्री यादव ने कहा कि कृषि सुधार सम्बंधी कानून धोखा है। भाजपा ने भारत की बदनामी कराई है। किसान आत्महत्या कर रहे हैं। इस किसान विरोधी सरकार को हटाएंगे।

लाकडाउन में 90 मजदूरों के मरने पर समाजवादी पार्टी ने एक एक लाख रूपए की मदद की। बुन्देलखण्ड का किसान गरीब है। महोबा में किसानों की आत्महत्या के मामले की जांच कराई गई थी।

## मीटर-ट्रांसफार्मर की खरीद का ब्यौरा सार्वजनिक करें सभी डिसकॉम

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रदेश** के ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा ने सभी डिसकॉम्स एमडी को उपभोक्ता हित में और पारदर्शिता बढ़ाने के लिये पिछले 5 सालों में खरीदे गये मीटर और ट्रांसफ र्मर्स से जुड़ी जानकारी का ब्यौरा अपने डिस्कॉम की वेबसाइट में सार्वजनिक करने के लिए कहा है। इसके लिए ऊर्जा मंत्री ने यूपीपीसीएल अध्यक्ष को पत्र लिखकर निर्देश दिए हैं।

ऊर्जा मंत्री ने प्रबंध निदेशकों से कहा है कि मीटर और ट्रांसफार्मर के खरीद व मेंटेनेन्स से जुड़ी जानकारी जैसे खरीद के मानक, वर्कशॉप में हुए मेंटेनेंस, रिप्लेसमेंट, वर्तमान स्थिति का ब्यौरा अपनी वेबसाइट में डालें। साथ ही स्टोर्स में उपलब्ध सामान का ब्यौरा भी वेबसाइट पर सार्वजनिक करने और अपडेट करते रहने के लिए कहा है। इससे उपभोक्ताओं को विभाग द्वारा इंफ्रास्ट्रक्चर बेहतर करने व निर्बाध आपूर्ति के लिए किये जा रहे प्रयासों की जानकारी मिलेगी, भरोसा बढ़ेगा और व्यवस्था में पारदर्शिता भी बढ़ेगी। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि विद्युत विभाग उपभोक्ताओं के सहयोग से ही चलता है। सरकार उपभोक्ता सर्वोपरि की नीति से कार्य कर रही है। इसलिए उपभोक्ताओं को सही बिल.समय पर बिल जारी करने के निर्देश हैं। जिससे उपभोक्ता तय समय पर भुगतान करें और लाइन लॉस कम करने व सस्ती और निर्बाध बिजली देने का संकल्प पूरा हो। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि डिसकॉम्स ऊर्जा विभाग की उपभोक्ता हित की सभी योजनाओं का ब्यौरा और योजना के लाभार्थियों की जानकारी भी वेबसाइट पर अवश्य डालें।

## लव जिहाद के शिकार दलित परिवारों की मायावती को चिंता नहीं: निर्मल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**अनुसूचित** जाति वित्त एवं विकास निगम के अध्यक्ष डॉ. लालजी प्रसाद निर्मल ने लव जिहाद पर बसपा प्रमुख मायावती द्वारा की गई टिप्पणी पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा है कि बसपा प्रमुख मायावती को लव जिहादियों की चिंता है, लेकिन दलितों के उन परिवार वालों की परवाह नहीं है जो इसके शिकार रहे हैं। यही वजह है कि मायावती ने लव जिहाद कानून का विरोध किया है। दलितों के सम्मान और स्वाभिमान की बात करते हुए डॉ निर्मल ने कहा कि मायावती को क्या यह जानकारी है कि लव जिहाद की ज्यादा शिकार आर्थिक रूप से कमजोर और दलित जातियां ही होती हैं। क्या इन जातियों को सम्मान से जीवन जीने का हक नहीं है। मायावती को यह तय करना चाहिए कि वह लव जिहादियों के साथ हैं या हाशिए के समाज के साथ। डॉ निर्मल ने यह भी कहा है कि लव जिहाद ने सबसे अधिक दलित और अति पिछड़ी जातियों को नुकसान पहुंचाया है।

लव जिहाद का दंश झेल रहे परिवार पूरी तरह से बर्बाद हो गए हैं। इन परिवारों ने न केवल अपना धर्म गंवाया है, बल्कि उनका अस्तित्व भी संकट में है। इन परिवारों को सुरक्षा प्रदान करने और दोषियों पर कार्रवाई करने का प्राविधान यदि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार कर रही है, तो इसमें गलत क्या है। मायावती को यह बताना चाहिए कि हाशिए की जातियों को सुरक्षित माहौल प्रदान करना और उनकी पहचान को बचाना गलत कैसे हो सकता है। मायावती को लव जिहाद का पैरोकार बताते हुए डॉ. निर्मल ने कहा कि लव जिहाद समर्थकों के वोट बैंक के लिए बसपा मुखिया ऐसा बयान दे रही हैं।

**कार्यालय ग्राम पंचायत बरमी, वि.ख.-मिश्रिख, जनपद-सीतापुर**

पत्रांक-मेमो/विज्ञप्ति/2020-21 दिनांक-29.11.2020

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

वि0ख0मिश्रिख की ग्राम पंचायत बरमी में मनरेगा योजनान्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्यों हेतु ईंट, सीमेन्ट, मौरंग, सरिया इत्यादि सामग्री आपूर्ति करने के लिए इच्छुक पंजीकृत फर्मों से सीलबंद निविदाएं दिनांक 05.12.2020 की अपरान्ह 2.00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। प्राप्त निविदाएं उसी दिन अपरान्ह 3.00 बजे खोली जायेंगी।

| कार्य का नाम | कार्य की लं0 | मनरेगा के अन्तर्गत स्वीकृत धनराशि | धरोहर धनराशि | कार्य का प्रकार |
|---|---|---|---|---|
| 1 खेल मैदान में नाली निर्माण कार्य। | 100 मी0 | 5.22 लाख | 500/- | नाली |
| 2 खेल मैदान में अवशेष कार्य। | ---- | 2 लाख | 500/- | अन्य |

प्रधान सचिव

**कार्यालय ग्राम पंचायत पचदेवरी माफी विकासखंड गिलौला, जनपद श्रावस्ती**

पत्रांक : /मेमो/निविदा 2020-21 दिनांक : 30-11-2020

**अल्पकालिक निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत पचदेवरी माफी में 15वें वित्त राज्य वित्त योजना के अंतर्गत चार सीटर एवं छः सीटर सामुदायिक शौचालय निर्माण हेतु – बालू, मोरंग, ईट, सरिया, सीमेंट, गिट्टी आदि सामग्री आपूर्ति की आवश्यकता है। जिसके लिए राजकीय ठेकेदार/रजिस्टर फर्म सप्लायर से निविदा आमंत्रित की जाती है। जो कि ग्राम पंचायत कार्यालय से कार्य दिवस में दिनांक 01.12.2020 से 03.12.2020 को निविदा दोपहर 12.30 बजे खरीदी एवं मुहर बंद लिफाफे में जमा की जाएगी तथा 03.12.2020 को अपरान्ह शाम 3.30 बजे से निविदादाताओं की समक्ष निविदा खोली जाएगी। सभी स्वीकृति/अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित होगा। निविदा ग्राम पंचायत वित्तीय वर्ष 2020-21 मे कराए जाने वाले सभी विकास कार्यों हेतु प्रभावी होगा।

नोट-सभी नियम एवं शर्ते लागू।

अध्यक्ष प्रधान पचदेवरी माफी
सचिव/ग्राम पंचायत अधिकारी पचदेवरी माफी

## पूंजीपतियों के डर से किसानों से बात करने से हिचक रही है सरकार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**कांग्रेस** वर्किंग कमेटी के सदस्य तथा आउट रीच कमेटी, उत्तर प्रदेश के प्रभारी प्रमोद तिवारी ने कहा है कि अपनी बात को लोकतांत्रिक ढंग से रखने के लिए पिछले एक सप्ताह से दिल्ली जाते हुए किसानों पर भारतीय जनता पार्टी की हरियाणा और केन्द्र सरकार की बर्बरता जारी है ।

सरकार नार्थ ईस्ट के अलगाववादियों से तथा कश्मीर के आतंकवादी समर्थक नेताओं से वार्ता तो कर सकती है, और उनके लिए कश्मीर तक जा भी सकती है परन्तु धरती के भगवान अन्नदाता से बात करने में हिचक रही है, क्योंकि अडानी और अम्बानी जैसे पूंजीपति उससे नाराज हो जाएंगे, जो ईस्ट इण्डिया कम्पनी की तरह किसानों की उपज को ओने-पौने दाम में लेने की सुपारी ले चुके हैं। इसीलिए किसानों पर जुल्म का सीरियल जारी है। तिवारी ने कहा है कि यदि कृषि कानून किसानों के हित में है तो सरकार बताए कि इस कानून के लागू होने के बाद भी धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 1868 रुपए घोषित होने के बावजूद भी 1000-1100 रुपए में अपनी उपज को बेचने पर किसान क्यों मजबूर है। यही कहानी मक्का सहित अन्य उपज के लिए भी है । न्यूनतम समर्थन मूल्य के बाद भी सरकार किसानों को उनका हक नहीं दिला पा रही है तो फिर बिना न्यूनतम समर्थन मूल्य के किसानों को क्या मिलेगा। यदि सरकार ईमानदार है और उसकी नीयति साफ है तो फिर डीजल, पेट्रोल का दाम विश्व की बाजार के अनुसार क्यों नहीं सस्ता किया जा रहा है, जिससे कृषि में लागत कम आए।

## बीईओ के तबादले पर लगी रोक हटी

● डीएम से अनुमति लेकर बीएसए कर सकेंगे स्थानान्तरण

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राज्य** सरकार ने शैक्षिक सत्र के बीच में खंड शिक्षा अधिकारियों (बीईओ) के तबादले करने पर लगी रोक हटा ली है। अब जिलाधिकारी की अनुमति से बीएसए जिले में एक से दूसरे ब्लॉक में खंड शिक्षा अधिकारियों का तबादला कर सकेंगे।

इससे पूर्व मई 2020 में शासन ने आदेश जारी कर कहा था कि खंड शिक्षा अधिकारियों का स्थानांतरण मध्य सत्र में कतई न किया जाए। अपरिहार्य स्थिति में स्थानांतरण किए जाने के संबंध में स्पष्ट औचित्य व साक्ष्य सहित प्रस्ताव व उस पर डीएम का अनुमोदन महानिदेशक स्कूल शिक्षा कार्यालय को उपलब्ध कराया जाए। ट्रांसफर की लंबी प्रक्रिया को देखते हुए जिलों में बीईओ का स्थानांतरण ठप हो गया था। मगर अब महानिदेशक स्कूल शिक्षा विजय किरन आनंद ने बीएसए को आदेश दिया है कि अब वे बीईओ के तबादले कर सकते हैं। बता दें कि कोरोना संक्रमण के दौर में प्राथमिक स्कूल भले ही खुले नहीं है लेकिन आनलाइन शिक्षण व अन्य कई निर्देश शासन की ओर से समय-समय पर जारी हो रहे थे। कई बेसिक शिक्षा अधिकारियों की शिकायत थी कि कुछ खंड शिक्षा अधिकारी कार्य में रुचि नहीं ले रहे हैं। समय पर कार्य पूरा कराने में परेशानी हो रही है। तबादले पर रोक लगी है इसलिए मनमानी कायम है। जिस पर शासन ने मध्य सत्र में बीईओ का तबादला न करने के निर्णय को निरस्त कर दिया है। कहा गया है कि अब जिले के अंदर खंड शिक्षा अधिकारियों के स्थानांतरण के संबंध में पूर्व की व्यवस्था लागू रहेगी।

## अगले सत्र से अटल चिकित्सा विश्वविद्यालय देगा सम्बद्धता

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** में स्थापित मेडिकल कालेजों, नर्सिंग व पैरामेडिकल इंस्टिट्यूट को एक छत के नीचे लाने के लिए स्थापित अटल चिकित्सा विश्वविद्यालय अगले सत्र से कालेजों को सम्बद्धता देना शुरू कर देगा। अगले सत्र में पहले आठ सरकारी व एक निजी कालेज को समधता दी जाएगी। इसके लिए विवि की तरफ से लेटर आफ कन्सर्ट जारी कर दिया गया है। प्रदेश में 22 सरकारी मेडिकल कालेजों के साथ ही 31 निजी मेडिकल कॉलेज संचालित हो रहे हैं। वर्तमान में अभी यह सभी अलग अलग यूनीवर्सिटी से संबद्ध हैं। इनके छात्रों को अलग अलग डिग्री मिलती है। विवि के कुलपति प्रो. एके सिंह की तरफ से एटा, गाजीपुर, देवरिया, प्रतापगढ़, फतेहपुर, मिर्जापुर, सिद्धार्थनगर व हरदोई के मेडिकल कालेजों को कन्सर्ट लेटर जारी किया गया है। कॉलेज यह पत्र एमबीबीएस की मान्यता के लिए राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग में लगाएंगे। इसके बाद अटल यूनीवर्सिटी के अफसर मानकों का स्थलीय निरीक्षण कर संबद्धता प्रदान करेंगे। बता दें कि इन मेडिकल कालेजों को लेकर 29 सितंबर को गवर्निंग बॉडी की पहली बैठक हुई थी। जिसमे चिकित्सा शिक्षा मंत्री ने व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

## जमाखोरों पर अंकुश लगाने में योगी सरकार नाकाम

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रदेश** कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने बढ़ती महंगाई और रोजमर्रा के इस्तेमाल में आने वाली आवश्यक खाद्य वस्तुओं के बढ़ते दामो पर योगी सरकार को कठघरे में खड़ा करते हुए आरोप लगाया कि योगी सरकार जमाखोरों पर अंकुश लगाने में नाकाम साबित हुई हैं। लल्लू ने कहा कि उत्तर प्रदेश में बढ़ती महंगाई और आवश्यक खाद्य वस्तुओं आलू, प्याज और खाद्य तेल की बढ़ती कीमतों ने आम आदमी का जीवन तबाह कर रखा है। आलू, प्याज और तेल जैसी वस्तुओं हर आदमी उपभोग करता है। कोरोना काल में जहाँ आम आदमी अपने रोजगार से हाथ धो चुका है या फिर उसकी आमदनी आधी हो चुकी है ऐसे में रोजमर्रा के इस्तेमाल में आने आलू प्याज तेल की बढ़ी कीमतों ने आदमी की कमर तोड़ के रख दी है। उन्होंने आगे कहा कि योगी सरकार विपत्तिकाल में जनता से किए गए वादे भी पूरा करने में नाकाम रही है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि योगी सरकार में महंगाई का आलम है कि आलू 60 रुपए, प्याज 80 रुपए और तेल 150 रुपए किलो की दर से मिल रहा है। योगी सरकार ने आम आदमी को राहत देने के वास्ते सस्ते स्टाल लगा कर आलू, प्याज और तेल बेचने का ऐलान किया था पर उनकी यह योजना लखनऊ में ही औंधे मुंह गिर पड़ी।

**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता**
**30वॉ (वि0/यॉ0) वृत्त, लो0नि0वि0, लखनऊ**

पत्रांक :- 2592/36(I)सी0बी0/30/2020 दिनांक :- 20.11.2020

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

महामहिम श्री राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से प्रतिशत दरों के आधार पर निम्न कार्य हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 03.12.2020 से 08.12.2020 अपराह्न 03:00 बजे तक निविदा मूल्य जमाकर अधिशासी अभियन्ता विद्युत अनुरक्षण खण्ड-2 लखनऊ, कार्य अधीक्षक अ0वि0नि0इ0अनु0(वि) व अधीक्षण अभियन्ता 30वॉ (वि0/यॉ0) वृत्त, लो0नि0वि0 लखनऊ के कार्यालयों से प्राप्त की जा सकती है।

मुहरबन्द निविदाएँ सील्ड लिफाफे में दिनांक 09.12.2020 को अपराह्न 12:30 बजे तक उक्त कार्यालयों में प्राप्त की जायेगी एवं दिनांक 09.12.2020 को अपराह्न 03:30 बजे जिलाधिकारी लखनऊ के कार्यालय में ठेकेदारों या उनके उपस्थित प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। निविदा के साथ रू0 100/- का जनरल स्टाम्प जिस पर रू0 1/- का रसीदी स्टैम्प हस्ताक्षरित किया हुआ लगा हो, जमा करना अनिवार्य होगा। धरोहर धनराशि एन.एस.सी./एफ.डी.आर./टी.डी.आर जो कार्य अधीक्षक अ0वि0नि0ई0अनु0(वि) लो0नि0वि0 लखनऊ के नाम बन्धक हो के रूप में ही स्वीकार की जायेगी। निविदाओं को स्वीकृत तथा अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार विभाग के पास सुरक्षित होगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर धनराशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा की वैधता | पात्रता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Comprehensive Annual maintenance and operation of fire detection Alarm and fire fighting system installed at vikas bhawan sachivalaya lucknow. | 7.81 | 0.80 | 766.00 | एक वर्ष | एक माह | राजकीय बहुमंजलीय भवनों में विगत तीन वर्षों में समान प्रकृति के एक कार्य के सन्तोषजनक ढंग से सम्पादन का अनुभव प्रमाणपत्र धारक ही निविदा हेतु पात्र होंगे। |
| 2 | Comprehensive Annual Maintenance of Ductable Split AC (Carrier make) installed at Vikas Bhawan Sachivalaya Lucknow. | 9.93 | 1.00 | 766.00 | एक वर्ष | एक माह | मूल निर्माता अथवा उनके विगत तीन वर्षों से अधिकृत विक्रेता तथा तीन वर्षों में समान प्रकृति के एक कार्य का सन्तोषजनक ढंग से सम्पादन का अनुभव प्रमाणपत्र धारक ही निविदा हेतु पात्र होंगे। |
| 3 | Comprehensive Annual Maintenance of AC of different make installed at Vikas Bhawan Sachivalaya Lucknow. | 4.84 | 0.50 | 677.00 | एक वर्ष | एक माह | मूल निर्माता अथवा उनके विगत तीन वर्षों से अधिकृत विक्रेता तथा तीन वर्षो मे समान प्रकृति के एक कार्य का सन्तोषजनक ढंग से सम्पादन का अनुभव प्रमाणपत्र धारक ही निविदा हेतु पात्र होंगे। |

विशेष शर्तें :-
1. निविदा सम्बन्धी अन्य जानकारी दिनांक 07.12.2020 तक किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। 2. निविदा सम्बन्धी प्री बिड मीटिंग दिनांक 05.12.2020 को दोपहर 12.00 बजे अधीक्षण अभियन्ता, 30वॉ (वि0/यॉव) वृत्त, लो0नि0वि0, लखनऊ में आहूत की जायेगी। 3. निविदा केवल उन्ही ठेकेदारों को बेची जायेगी जो उक्त वर्णित पात्रता पूरी करते हो। पात्रता प्रमाण प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। 4. अधोहस्ताक्षरी/सक्षम अधिकारी को बिना कारण बताये किसी भी निविदा को निरस्त करने का अधिकार होगा। 5. 10 प्रतिशत धरोहर धनराशि निविदा के समय देय होगी। 6. सशर्त निविदा अस्वीकृत की जा सकती है। 7. आयकर/जी0एस0टी0 कर की कटौती नियमानुसार की जायेगी। 8. कार्यालय बन्द होने अथवा अवकाश होने की दशा में निविदा उसी क्रम में एवं समयानुसार अगले कार्य दिवस में खोले जायेंगे।

उ0प्र0 157221 दिनांक 24.11.2020
विज्ञापन वेबसाइट www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

(आर0 के0 सिन्हा)
अधीक्षण अभियन्ता
30वॉ (वि0/यॉ0) वृत्त, लो0नि0वि, लखनऊ

पायनियर वर्गीकृत

**सूचना**

सूच्य हो कि मेरा यूपी बोर्ड हाईस्कूल संस्थागत परीक्षा वर्ष 2016 अनुक्रमांक 1227854 का अंकपत्र सह प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गया है। हर्षित सिंह पुत्र रवीन्द्र सिंह निवासी-ग्राम राजनगर, पोस्ट-कोल्हुआ, तहसील-मिश्रिख, जिला- सीतापुर

**सूचना**

सूच्य हो कि मेरे पति स्व0 जोरावर सिंह जो कि विद्युत वितरण विभाग-खैराबाद, जिला-सीतापुर में टी0जी0-II पद पर कार्यरत थे, सर्विस बुक में मेरे पति के पिता का नाम परमजीत सिंह अरोरा अंकित है जबकि विभागीय, शैक्षिक व अन्य प्रपत्रों में पदमजीत सिंह दर्ज है। दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं। दलजीत कौर पत्नी स्व0 जोरावर सिंह निवासी-मोहल्ला-सदर बाजार, तहसील व जिला सीतापुर।

## नहीं लौटे विशेष पैरोल पर छोड़े गए बंदी, जेल प्रशासन हलकान

● शेष बचे 1370 बंदियों को गिरफ्तार कर जेल में दाखिल करने के लिए पुलिस कप्तानों को लिखा पत्र

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कोरोना** महामारी से बचाने के लिए प्रदेश की विभिन्न जेलों से विशेष पैरोल पर रिहा किए गए बंदियों ने जेल प्रशासन के लिए संकट खड़ा कर दिया है । शासन ने विशेष पैरोल पर छोड़े गए सभी बंदियों की पैरोल समाप्त करते हुए उन्हें 3 दिन के अंदर जेल में वापस दाखिल करने के आदेश जारी किए थे लेकिन ये सजायाफ्ता बंदी अब लौटकर नहीं आ रहे हैं , जिसे लेकर जेल प्रशासन में हड़कंप की स्थिति बनी हुई है ।

उच्चतम न्यायालय द्वारा कोरोना काल में जेलों में निरुद्ध सजायाफ्ता बंदियों को पैरोल पर छोड़े जाने के निर्देश दिए गए थे। जिसके अनुपालन मे उत्तर प्रदेश की उच्चाधिकार प्राप्त समिति द्वारा कुल 2256 सजायाफ्ता बन्दियों को प्रदेश की जेलों से 8 सप्ताह की विशेष पैरोल पर रिहा किए जाने की संस्तुति की गई थी। जिसे बाद में 8-8 सप्ताह के लिए तीन बार बढ़ाया गया था। उत्तर प्रदेश शासन के दिनांक 19 नवंबर 2020 को जारी आदेशों के तहत उपरोक्त रिहा किए गए बंदियों को 3 दिन के अंदर कारागार में दाखिल होने का निर्देश दिया गया था। जिसके अनुपालन में वर्तमान में पैरोल पर रिहा हुए सिद्धदोष बंदियों को पुन: कारागार में दाखिल कराया जा रहा है। रिहा किए गए 2256 बन्दियों में से पैरोल के दौरान 4 की मृत्यु हो गयी। जबकि 136 की अंतिम रूप से रिहाई हो गयी। रिहा किए गए बंदियों में से अब 56 अन्य वाद में जेल में निरुद्ध हैं। उपरोक्त 193 को छोड़कर शेष 2063 बन्दियों को पुन: जेल में दाखिल होना था। जेल मुख्यालय के प्रवक्ता संतोष वर्मा ने बताया कि सोमवार तक कुल 693 बन्दी विभिन्न जेलों में वापस आ चुके हैं जबकि शेष बचे 1370 बन्दियों को अभी जेलों में दाखिल होना है। अब बाकी बचे बंदियों को गिरफ्तार करके जेलों में पुन: निरुद्ध कराए जाने के लिए नियमानुसार सम्बंधित जिलों के पुलिस अधीक्षकों को जेल अधीक्षकों द्वारा पत्र भेजे गए हैं।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: ( 0522 ) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

पायनियर
लखनऊ, मंगलवार, 1 दिसंबर 2020



# लखनऊ पहुंचे रक्षामंत्री राजनाथ विकास कार्यों का लिया जायजा

## सभी प्रोजेक्ट को समय से पूरा करने के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**रक्षामंत्री** राजनाथ सिंह सोमवार को लखनऊ पहुंचे और उन्होंने विभिन्न विकास कार्यों का जायजा लिया तथा सभी प्रोजेक्ट को समय से पूरा करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। राजनाथ सिंह ने कहा कि तुलसीदास मार्ग पर 135 करोड़ की लागत से 2.5 किमी लम्बे फ्लाईओवर का निर्माण भी अन्तिम चरण में है। तेजी से बढ़ते हुए लखनऊ में निर्माणाधीन आउटर रिंग रोड-7 फ्लाईओवरों और लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेस-वे का कार्य मार्च 2021 से प्रारम्भ होने की आशा है गोमतीनगर रेल टर्मिनस, एअरपोर्ट के दो नए टर्मिनल और राष्ट्रीय राजमार्गो के चौड़ीकरण के फलस्वरूप आंतरिक और वाह्य आवागमन में तेजी आने के फलस्वरूप कारोबार और रोजगार में अत्यधिक वृद्धि होगी।

राजनाथ सिंह ने किसान पथ, टेढ़ी पुलिया में चल रहे विकास कार्यों एवं लालकुआं से ऐशबाग पुल का भी अवलोकन किया। किसान पथ पर भ्रमण के दौरान राजनाथ सिंह ने कई जगह रुककर किसानों एवं जनता से संवाद भी किया। सांसद प्रतिनिधि दिवाकर त्रिपाठी ने बताया कि एअरपोर्ट पर पहुंचने के बाद राजनाथ सिंह ने लखनऊ के वृहद अवस्थापना विकास की निर्माणाधीन परियोजनाओं के स्थल निरीक्षण एवं प्रगति समीक्षा के लिए सम्बन्धित अधिकारियों के साथ प्रस्थान किया।

सबसे पहले उन्होंने सुल्तानपुर रोड पर चलकर इन्दिरा नहर से आउटर रिंग रोड के किसान पथ के नाम से जाने वाले लगभग 12 किमी लम्बे मार्ग का निरीक्षण किया गया। सुल्तानपुर मार्ग से अयोध्या मार्ग से बीच नहर के दोनों ओर तीन-तीन लेन के इस मार्ग की लगभग 10.11 किमी का निर्माण कार्य 297 करोड़ की लागत से लोनिवि द्वारा पूरा कर लिया गया है। किसान पथ का अतिरिक्त आकर्षण यह भी है कि यह नहर के दोनों ओर बहती हुई गोमती नदी और एक्वाडक्ट के ऊपर से गुजरती है और मार्ग में नहर का पूरा दृश्य भी मिलता है। किसान पथ को सुल्तानपुर रोड से जोड़ने के लिए 1.7 और 1.2 मीटर लम्बे और 7 मीटर चौड़े लिंक मार्ग का निर्माण लगभग 24 करोड़ की लागत से प्रगति पर है जो दिसम्बर के अन्त तक पूरा हो जायेगा। आउटर रिंग रोड के अयोध्या मार्ग से सुल्तानपुर रोड के मध्य ट्रैफिक चलने लगेगा। सुल्तानपुर रोड पर आउटर रिंग रोड की क्रासिंग के ऊपर क्लवर-लीफ का निर्माण प्रारम्भ हो चुका है जिसकी दैनिक 42 हजार वाहनों की संचालन क्षमता के लिए डिजाइन की गयी है। इसके प्रारम्भ होते ही शहीद पथ से होकर गुजरने वाले और पॉलीटेक्निक-कमता-चिनहट से गुजरने वाले समस्त भारी वाहन इस मार्ग से चलने लगेंगे जिससे कि शहर के इन आंतरिक क्षेत्रों में जाम और प्रदूषण से मुक्ति मिलेगी। यहां से निकलकर राजनाथ सिंह ने अयोध्या मार्ग से पॉलीटेक्निक और मुंशी पुलिया होते हुए टेढ़ी पुलिया क्रासिंग का निरीक्षण किया गया। यहां पर लगभग 83 करोड़ की स्वीकृत लागत से 1.83 किमी लम्बे और चार लेन वाले फ्लाईओवर का निर्माण यहां अन्तिम चरण में है। इसके प्रारम्भ होने से सीतापुर रोड एनएच-24 की ओर से होकर टेढ़ी पुलिया, कुकरैल फ्लाईओवर और मुंशी पुलिया जाने वाले वाहनों की गति में बहुत तेजी आयेगी। इसके उपरान्त रक्षामंत्री ने गुरुगोविन्द सिंह मार्ग पर बने तीन लेन फ्लाईओवर जिसका अभी हाल में ही लोकार्पण किया गया था, का स्थल निरीक्षण किया गया। भ्रमण के दौरान रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के साथ प्रदेश सरकार में मंत्री महेंद्र सिंह, बीजेपी महानगर महामंत्री पुष्कर शुक्ला भी उपस्थित रहे।

## चीन से भूमि वापस लेने की मांग को लेकर सौंपा संकल्प पत्र

**लखनऊ( पीएनएस )।** भारत तिब्बत सहयोग मंच के अवध प्रान्त के अध्यक्ष व एकेटीयू के प्रवक्ता आशीष मिश्र ने लखनऊ के सांसद व देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को सोमवार को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन का उद्देश्य वर्ष 1962 के युद्ध में चीन द्वारा कब्जा की गई भारत की जमीन को वापस लेने के लिए संसद के दोनों सदनों द्वारा 14 नवम्बर 1962 को लिए गए संकल्प की याद दिलाना रहा। इस मुहिम के अंतर्गत संगठन के पदाधिकारी देश के संसद संदस्यों को संकल्प पत्र देकर चीन द्वारा कब्जा की गई जमीन वापस पाने के लिए प्रतिबद्धता के लिए आवाहन करते हैं। अवध प्रांत के अध्यक्ष आशीष मिश्र एवं कोषाध्यक्ष राजीव मिश्रा ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को संकल्प पत्र देकर देश की जमीन वापस पाने के लिए ज्ञापन दिया।।

## बेकाबू वाहन ने मारी टक्कर, किसान की मौत

संवाददाता। सरोजनीनगर

**बंथरा** थाना क्षेत्र में रविवार रात तेज रफ्तार बेकाबू अज्ञात वाहन ने पैदल सड़क पार कर रहे अधेड़ को ठोकर मार दी। जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना से नाराज ग्रामीणों ने बाद में रोड जाम कर दी। लेकिन सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने किसी तरह उन्हें समझा बुझाकर मामला शांत कराया। बंथरा के गोदौली गांव निवासी 50 वर्षीय किसान बाबूलाल गौतम रविवार रात 8.30 बजे अपने गांव के पास ही बनी-मोहान रोड पर पैदल सड़क पार कर रहा था। तभी किसी तेज रफ्तार बेकाबू वाहन ने उसे ठोकर मार दी और घटना के बाद वाहन फरार हो गया। इस हादसे में किसान बाबूलाल की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। बाद में ग्रामीणों की नजर पड़ी तो उन्होंने वहीं पर रोड जाम कर दी।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आकर युवक की मौत

**लखनऊ।** राजधानी के विभूति खंड थाना क्षेत्र स्थित पारिजात टावर के पास एचडीएफसी बैंक के सामने एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से परिचालक की सुबह तड़के मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक विभूति खंड संजय शुक्ला ने बताया कि सोमवार सुबह करीब 4.40 बजे अशोक कुमार यादव पुत्र हीरालाल यादव निवासी ग्राम चौरिया बुजुर्ग थाना कौड़ीराम जनपद गोरखपुर उम्र करीब 33 वर्ष (कंडक्टर) अपने साले चालक धर्मेन्द्र यादव पुत्र रामप्यारे यादव निवासी मन्झरिया हरवा थाना गगहा जनद गोरखपुर के साथ ट्रक संख्या टीएस 22 टी 2718 से पत्थर लाद कर बालाजी स्टोनेक्स कमता चिनहट पर पत्थर लाये थे। अशोक यादव फ्रेश होने के लिए वाहन को बालाजी स्टोनेक्स पर खड़ी कर पारिजात अपार्टमेंट की तरफ आया था। पारिजात अपार्टमेंट एचएडीएफसी बैंक के सामने रोड को पार करते समय किसी अज्ञात ट्रक द्वारा टक्कर मार देने पर अशोक यादव की मौके पर ही मृत्यु हो गयी।



नाका गुरुद्वारे में गुरु नानक देव महाराज का 151 वां प्रकाश पर्व मनाया गया, इस अवसर पर पाठ के साथ ही लंगर का आयोजन भी हुआ

# मां की तेरहवीं में जाने की नहीं मिली छुट्टी सिपाही ने दी आत्मदाह की धमकी

## सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस आयुक्त ने मंजूर की छुट्टी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ


**राजधानी** लखनऊ के कृष्णानगर थाने की डायल 112 पर तैनात सिपाही जयप्रकाश सरोज नामक सिपाही को अपनी मां की तेरहवीं में जाने के लिए छुट्टी नहीं मिल रही थी, जिसको लेकर वह बड़े अफसर के चक्कर काट-काट कर थक गया। जिसके बाद उस सिपाही ने सोशल मीडिया पर अपना एक वीडियो वायरल किया, जिसमें उसने छुट्टी ना मिलने के कारण आत्मदाह करने की बात कही। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। उसके बाद आनन-फानन में सिपाही को पुलिस कमिश्नर द्वारा छुट्टी दे दी गई।

पुलिस कमिश्नर पीआरओ का कहना है कि सोशल मीडिया पर एक सिपाही की वीडियो वायरल हुआ है जिसको लेकर कमिश्नर लखनऊ डीके ठाकुर ने संज्ञान लिया। जिसके बाद उस सिपाही को पुलिस कमिश्नर ऑफिस बुलाया गया और उसकी समस्या को सुनते ही जय प्रकाश सरोज नामक सिपाही को 30 दिनों का अवकाश दिया गया है।

### मड़ियांव में युवती के अपहरण का प्रयास

**लखनऊ।** मड़ियांव थाना क्षेत्र आईआईएम रोड पर ऑफिस से घर लौटते समय बदमाशों ने युवती का अपहरण करने का प्रयास किया। मदद में युवती के शोर मचाने पर बदमाश उसके सहकर्मी से पर्स व मोबाइल लूट कर फरार हो गए। पीड़िता ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है। मूलरूप से गाजीपुर निवासी रीना मिश्रा आईआईएम रोड के एल्डिको सिटी में रहती है। रीना मिश्रा के अनुसार शाम को वह सहकर्मी के साथ ऑफिस से घर लौट रही थी। तभी एल्डिको सिटी आईआईएम रोड चौराहे के पास अचानक उनके आगे आकर एक गाड़ी यूपी 32 जेजेड 2843 रुक गई। इससे पहले वह लोग कुछ समझ पाते, कार से उतरे बदमाश उन्हें खींचकर कार में बैठाने का प्रयास करने लगे। पीड़िता ने शोर मचाया और एल्डिको गेट की तरह भाग कर गार्ड से मदद की गुहार लगाई। राहगीरों व गार्ड को आता देख बदमाश पीड़िता के सहकर्मी की पिटाई कर मोबाइल व पर्स लूट कर भाग निकले।

# ससुर और पति ने लाठी-डंडों से फोड़ा विवाहिता का सिर



## .घर से किया बाहर, पीड़िता ने थाने पहुंच कर दी तहरीर

**लखनऊ।** राजधानी के काकोरी के सैंथा गांव में विवाहिता रुचि को उसके प्रधान ससुर और पति ने लाठी-डंडों से जमकर पीटा और फिर घर से निकाल दिया। पीड़िता का आरोप है कि दोनों ने डंडे और लाठी से पीटा, जिससे उसका सिर फट गया। रविवार देर रात सोशल मीडिया पर पीड़िता का वीडियो वायरल होने पर पुलिस को घटना की जानकारी हुई। जिसके बाद पुलिस हरकत में आयी।

पीड़िता रुचि ने बताया कि वह मूल रूप से रायबरेली की रहने वाली है। बीते साल उसका विवाह हुआ था, पीड़िता के मुताबिक उसके ससुर महेंद्र विश्वकर्मा ग्राम प्रधान हैं, उनकी ऊंची पहुंच है। पति दीपक, ससुर और अन्य ससुरालीजन आए दिन रुपयों की मांग को लेकर प्रताड़ित करते रहते हैं। पीड़िता ने बताया कि उसके पिता की कुछ माह पहले मौत हो गई थी। ससुरालीजन छह माह से दो लाख रुपये की मांग कर रहे थे।

पीड़िता का कहना है कि 25 नवंबर को पति और ससुर ने उससे गाली गलौज की और पीटने लगे। दोनों ने लाठी-डंडों से उसे जमकर पीटा। इसके बाद घर के बाहर निकाल दिया, हमले से उसका सिर फट गया। ससुर की रसूख के चलते पुलिस भी कुछ सुनवाई नहीं करती है। पीड़िता किसी तरह अपने मायके पहुंची और् उसके बाद रविवार देर रात रुचि का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें उसने अपनी सारी आप बीती सुनाई। मामले की जानकारी होते ही काकोरी पुलिस हरकत में आ गई। इंस्पेक्टर ने आनन-फानन में एक टीम सैंथा गांव भेजी। पुलिस देर रात तक आरोपितों की तलाश में दबिश देती रही।



हजरतगंज स्थित जनपथ मार्केट की बेसमेंट में पाइप लाइन फटने से सोमवार को पानी भर गया, जिसे दुकानदारों ने काफी मशक्कत के बाद निकाला

# राजधानी में 296, प्रदेश में मिले कोरोना के 2044 नए केस

**लखनऊ।** राजधानी में कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या 70 हजार के आंकड़े को पार कर गई है। सोमवार को राजधानी में कोरोना के 296 नए केस सामने आए हैं तो सूबे में 2044 नए मरीज पाए गए हैं। सूबे में 24099 केस एक्टिव हैं तो वहीं राजधानी में 3648 केस एक्टिव हैं। प्रदेश में अभी तक प्रदेश में 7761 मरीजों की और राजधानी में 995 की मौत हो चुकी है। विभाग के मुताबिक अभी तक प्रदेश में 536,127 केस कोरोना के मिल चुके हैं। आज 2472 मरीजों को डिस्चार्ज किया गया। अभी तक सूबे में 512,028 संक्रमित मरीज ठीक किये जा चुके हैं। राजधानी लखनऊ में आज कोरोना वायरस के सम्बन्ध में सर्विलान्स एवं कान्टेक्ट ट्रेसिंग के आधार पर टीमों द्वारा 8812 लोगों के सैम्पल लिये गये। जिनमें प्रमुख रूप से आज इंदिरा नगर 24, अलीगंज 10, मड़ियाव 13, गोमती नगर 29, रायबरेली रोड 22, आलमबाग 17, चौक 20, आशियाना 19, महानगर 11, तालकटोरा 10, विकास नगर 11, ठाकुरगंज 12, हजरतगंज 14 इत्यादि स्थानों पर पाजिटिव रोगी पाये गये। आज कोविड प्रोटोकाल के दृष्टिगत कुल 129 रोगियों को हास्पिटल का आवंटन किया गया। जिसमें से सभी 129 रोगियों के लिए एम्बुलेंस का आवंटन भी कर दिया गया। देर शाम तक 74 रोगियों को हास्पिटल में भर्ती कराया जा चुका है। शेष 55 रोगियों द्वारा होम आईसोलेशन के लिए अनुरोध करके एम्बुलेंस को लौटा दिया गया।

## तीसरे चरण में घटा बीएड का क्रेज, 19951 ने कराया रजिस्ट्रेशन

**लखनऊ।** प्रदेश भर के बीएड कालेजों में दाखिले को लेकर चल रही ऑनलाइन काउंसलिंग के तीसरे चरण में अभ्यर्थियों का इससे मोह भंग खत्म होता दिख रहा है। काउंसिलिंग के लिए बुलाये गए 99999 में से सिर्फ19951 अभ्यर्थियों ने ही रजिस्ट्रेशन कराये हैं। जबकि तीसरे चरण के अंतर्गत रजिस्ट्रेशन की भी तारीख समाप्त हो चुकी है। बीएड कॉर्डिनेटर प्रो. अमिता बाजपेयी ने बताया कि अभ्यर्थी चार दिसंबर तक कॉलेजों के लिए चाइस फिलिंग कर सकते हैं। जिसके बाद चार दिसंबर को ही कॉलेजों का आवंटन होगा। प्रो. बाजपेई ने बताया कि बहुत से अभ्यर्थी इस बात से परेशान है कि उन्होंने पहले, दूसरे व तीसरे चरण की काउंसिलिंग में रजिस्ट्रेशन तो करवा लिया लेकिन कॉलेज के लिए चाइस फिलिंग नहीं की है। ऐसे अभ्यर्थियों को अपने मन का कॉलेज चुनने का मौका अब पूल काउंसलिंग में मिलेगा। पूल काउंसलिंग 16 दिसंबर से शुरू होगी।

## रेलवे ट्रैक पर मिला अज्ञात अधेड़ का शव

**निगोहां।** थाना क्षेत्र हरिवंश खेड़ा गांव के पास रेलवे ट्रैक पर अज्ञात अधेड़ का शव पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शिनाख्त का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली जिसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। निगोहां के हरबंश खेड़ा रेलवे क्रासिंग के पास सोमवार की सुबह लगभग 3 बजे रेलवे ट्रैक पर लगभग 50 वर्षीय व्यक्ति का क्षत विक्षत शव मिला जिसकी सूचना स्टेशन अधीक्षक से पाकर निगोहाँ पुलिस व जीआरपी भी मौके पर पहुंची और सोशल मीडिया आदि के माध्यम से आस पास शव की शिनाख्त का प्रयास किया किन्तु सोमवार कई घण्टो तक शिनाख्त नही हो सकी जिसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। इंस्पेक्टर निगोहां शैलेन्द्र सिंह ने बताया की मृतक के पास से बीड़ी माचिस व 40 रूपये बरामद हुए है मृतक काली पैंट आसमानी शर्ट व काली जैकेट पहने हुए है। शिनाख्त का प्रयास जारी है।

## पीएनजी गैस की पाइप लाइन की खुदाई से सीवरलाइन ध्वस्त

**लखनऊ।** इंदिरानगर में पीएनजी गैस की पाइप लाइन की खुदाई करते समय सीवरलाइन ध्वस्त हो गयी। सीवर लाइन ध्वस्त होने से लोगों की परेशानी बढ़ गयी है। अवैध खुदाई से सीवरलाइन ध्वस्त करने के बाद नगर निगम सहित विभिन्न संस्थाओं से शिकायत की गयी है। हालांकि ठेकेदार शिकायत के बाद कार्यबंद करके फरार हो गया है। सोमवार को इंदिरानगर में गैस पाइप लाइन डालने के चलते गली खोदी जा रही थी। गली खोदने के दौरान मकान नंबर 16/288 के सामने सीवर लाइन ठेकेदारों ने ध्वस्त कर डाली। सीवरलाइन ध्वस्त करने से पड़ोसियों की मुश्किलें बढ़ गयी हैं, जनता ने भी विरोध शुरू कर दिया। लोगों ने बताया कि शिकायत कर नगर आयुक्त अजय कुमार द्विवेदी से अवैध खुदाई करने वाले ठेकेदार पर कार्रवाई की मांग की।

# अभी तक नहीं बनी एआरटीओ के नाम से आईडी, काम प्रभावित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**ट्रांसपोर्टनगर** आरटीओ कार्यालय में एआरटीओ की तैनाती के महीने बीत गए। पर, आज तक एआरटीओ के नाम से आईडी नहीं बन सकी। मकसद था ड्राइविंग लाइसेंस समेत अन्य कामकाज की निगरानी करेंगे। आवेदकों के ऑनलाइन आवेदन पर काम की रफ्तार बढ़ेगी। लिहाजा एआरटीओ इन दिनों सिर्फ कार्यालय का निरीक्षण कर रहे हैं।

ड्राइविंग लाइसेंस संबंधी कार्यों को आसान बनाने के लिए एआरटीओ अमित राजन राय की विशेष तौर पर तैनाती का आदेश जारी हुआ। अभी तक आईडी नहीं बनने का ठीकरा परिवहन विभाग और आरटीओ कार्यालय एक दूसरे पर फोड़ रहे है। विभागीय खींचतान से आवेदकों के आवेदन और उनकी समस्याएं दिन प्रतिदिन लंबित होती जा रही है।

### एक आरआई के भरोसे चल रहा काम

ट्रांसपोर्टनगर आरटीओ कार्यालय में सिर्फ एक आरआई यानी यातायात पथ निरीक्षक के भरोसे डीएल संबंधी 10 तरह के आवेदन निपटाए जा रहे है। विशेष तौर पर तैनात किए गए एआरटीओ बिना हथियार कमरे में वक्त गुजार रहे है। आरटीओ प्रशासन आरपी द्विवेदी बताते है कि जल्द ही उनकी लॉग इन आईडी और कार्य क्षेत्र तय कर दिया जाएगा।

# एसएमयू का सातवां दीक्षांत समारोह 14 को

## मुख्यमंत्री करेंगे डेफ कॉलेज, मॉडल स्कूल, स्टेडियम व डाकघर का उद्घाटन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**आगामी** 14 दिसम्बर को प्रस्तावित डॉ शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ परिसर में डेफ कॉलेज, मॉडल स्कूल, स्टेडियमए डाकघर का उद्घाटन करेंगे। इस मौके पर मुख्यमंत्री विश्वविद्यालय के 11 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में डाक टिकट भी जारी करेंगे। समारोह में करीब 120 मेडल मेधावियों को वितरित किए जाएंगे। इसमें मुख्य अतिथि को मानद उपाधि दी जाएगी।

बता दें परिसर में केंद्र पोषित योजना के तहत डेफ कालेज का निर्माण मूक बधिर छात्रों के लिए किया गया है। इसमें विशिष्ट श्रेणी के स्टूडेंट्स के लिए वोकेशनल कोर्स संचालित किए जाएंगे। जबकि परिसर स्थित नवनिर्मित मॉडल स्कूल में समेकित शिक्षा की पढ़ाई होगी। वहीं ब्वायज हॉस्टल के पास बने स्टेडियम और डाकघर का भी मुख्यमंत्री उद्घाटन करेंगे। विवि के कुलपति प्रो. राणा कृष्ण पाल सिंह ने बताया कि मुख्य अतिथि के नाम पर विचार चल रहा है। एक दो दिन में मुख्य अतिथि तय कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि को मानद उपाधि से सम्मानित किया जाएगा।


परीक्षा नियंत्रक डॉ. अमित कुमार राय ने बताया कि दीक्षांत समारोह के लिए खास तरह की डिग्री तैयार की जा रही है। यह डिग्री वाटर मार्क पर होगी। इसके कागज की गुणवत्ता काफी अच्छी होगी। पानी में भीगने पर खराब नहीं होगी। साथ ही इसमें सिक्योरिटी फीचर बढ़ाए जा रहे हैं। करीब 21 सिक्योरिटी फीचर होंगे। डिग्री को ऐसा बनाया जा रह है ताकि इसे कोई स्कैन नहीं कर सके। उन्होंने कहा कि डिग्री के लिए विद्यार्थियों से कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जाएगा।

## लोहिया में ऑनलाइन होगी डिप्लोमा की पढ़ाई

**लखनऊ( पीएनएस )।** कोरोना संक्रमण के दौर में ऑनलाइन पैटर्न पर चल रही शिक्षण व्यवस्था के बीच डॉ राम मनोहर लोहिया नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी डिप्लोमा की पढ़ाई को ऑनलाइन करने पर विचार कर रही है। आमतौर पर डिप्लोमा कोर्सों में वे लोग एडमिशन लेते हैं, जो कही काम कर रहे होते हैं। इसलिए इनकी कक्षाएं सांध्यकालीन तौर पर संचालित की जाती हैं। लोहिया विधि विश्वविद्यालय में तीन पीजी डिप्लोमा पाठ्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है। इसमें साइबर लॉ, इंटलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स और मीडिया लॉ कोर्सेस शामिल हैं। नए योजना के तहत इन कोर्सेस में अब हाईब्रिड मॉडल अपनाने की तैयारी की जा रही है। इसमें कुछ कक्षाओं को ऑनलाइन और कुछ को ऑफलाइन संचालित की जाएंगी, लेकिन परीक्षा ऑफलाइन ही होगी। विवि के कुलपति प्रो. एसके भटनागर ने बताया कि अगले सत्र से ऑनलाइन क्लासेस करवाने पर विचार किया जा रहा है।

# रमाबाई मैदान पहुंचे जिलाधिकारी, रवाना हुईं पोलिंग पार्टियां






पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**रमाबाई** मैदान से विधान परिषद के चुनाव के लिए पोलिंग पाटियां जिलाधिकारी की निगरानी में रवाना हुईं। जिलाधिकारी के अचानक पहुंचने पर पोलिंग पार्टियों की रवानगी में तेजी आई। अंतिम पोलिंग पार्टी गोमतीनगर विस्तार के लिए शाम 3.57 बजे रवाना की गयी। एक दिसंबर को वोटिंग के बाद मतपेटियों को रमाबाई मैदान के स्ट्रांग रूम में रखा जाएगा और तीन दिसंबर को मतगणना के लिए उनको खोला जाएगा। राजधानी के 1.086 लाख स्नातक और शिक्षक मतदाता अब मंगलवार को अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। राजधानी के 177 मतदेय स्थलों के लिए पोलिंग पार्टियों की रवानगी हुई। स्नातक क्षेत्र के 138 और शिक्षक क्षेत्र के 39 मतदेय स्थल हैं। रमाबाई रैली स्थल के ईवीएम स्ट्रॉन्ग रूम परिसर से पोलिंग पार्टियों की रवानगी हुई। एक पोलिंग पार्टी में पांच चुनाव कर्मचारी रखे गए हैं।

## आज होगा एमएलसी चुनाव के लिए मतदान

डीएम अभिषेक प्रकाश ने बताया कि मतदान स्थलों पर मंगलवार को सुबह आठ बजे से वोटिंग शुरू होगी। शाम पांच बजे तक सभी मतदान स्थलों में वोट डाले जाएंगे। मतदान समाप्त होने के बाद मतपेटियों को सील करने के साथ उनको वापस रमाबाई रैली स्थल लाया जाएगा जहां मतपेटियां स्ट्रॉन्ग रूम में सील कर दी जाएंगी। इसके बाद तीन दिस बर को मतगणना के लिए उनको खोला जाएगा। वहीं, एक तरफ पोलिंग पार्टी रवाना हो रही थीं तो दूसरी तरफ कई कर्मचारी अंतिम समय में भी चुनाव ड्यूटी कटवाने के लिए अफसरों के चक्कर काटते दिखे। मतदान के लिए जिन कर्मचारियों की तैनाती की गई थी उनमें से कई दोपहर तक नहीं पहुंचे। बार बार उनके नाम पुकारे जा रहे थे। इनमें मतदान अधिकारी प्रथम और मतदान अधिकारी तृतीय की संख्या अधिक थी। आखिरकार रिजर्व में रखे गए कर्मचारियों को उनकी जगह तैनाती देते हुए पोलिंग पार्टियों के साथ रवाना किया गया। स्नातक चुनाव की 137 और शिक्षक निर्वाचन की 40 पोलिंग पार्टियां रवाना की गईं।

**कोविड हेल्प डेस्क नहीं आई काम:** रमाबाई रैली स्थल पर 10.40 के बाद भीड़ बढ़नी शुरू हुई। किसी कर्मचारी में कोरोना का लक्षण तो नहीं यह देखने के लिए कोविड हेल्प डेस्क बनाई गई थी जहां थर्मल स्कैनर और पल्स ऑक्सीमीटर लिए स्वास्थ्य कर्मी बैठे थे। बावजूद इसके चुनाव ड्यूटी में लगे कर्मचारी जल्दी जल्दी लिखापढ़ी कर चुनाव सामग्री लेने में जुटे रहे। किसी ने हेल्प डेस्क का रुख नहीं किया। डीएम आए तो कुछ कर्मचारी हेल्प डेस्क के सामने स्क्रीनिंग कराने पहुंच गए। वहीं, भीड़ बढ़ने के साथ ही सोशल डिस्टेंसिंग के निमय टूटने लगे। एडीएम ने लाउडस्पीकर पर बार बार उद्घोषणा कर कर्मचारियों को मास्क लगवाया।

**नौ जोन और 34 सेक्टर में बंटा गया जिला:** एमएलसी की दोनों सीटों के चुनाव को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा व्यवस्था चाकचौबन्द रखी गई है। जिले को नौ जोन और 34 सेक्टरों में बांटा गया है। इसी आधार पर सेक्टर और जोनल मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। केन्द्रीय बलों के अलावा पीएसी और पुलिस बल के जवानों को भी मतदान केन्द्रों पर तैनात किया गया है। प्रशासन के सभी अपर जिलाधिकारी और पुलिस के क्षेत्राधिकारियों की तैनाती की गई है।

**शराब की दुकानें दो दिन रहेंगी बंद:** एमएलसी चुनाव के मतदान को देखते हुए आयोग के निर्देश पर प्रशासन ने दो दिन के लिए शराब की दुकानों को बंद करने का आदेश जारी किया है। यह दुकानें रविवार शाम पांच बजे से बंद हो गई थीं ,वहीं मंगलवार को शाम पांच बजे के बाद दुकानों को खोलने का आदेश जारी किया गया है। सोमवार को पूरे दिन दुकानें बंद रहेंगी।

## पुलिस पर हमला कर फरार हुआ 25 हजार का इनामी गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**चेकिंग** के दौरान रोके जाने पर पुलिस के वाहनों को क्षतिग्रस्त करते हुए फरार हो जाने वाले 25000 का इनामी अपराधी मोहम्मद शाहिद उर्फ बबलू को एसटीएफ ने रायबरेली से गिरफ्तार किया। उसके पास से एक तमंचा और आधा दर्जन कारतूस बरामद हुए हैं।

इनामी अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत एसटीएफ को सूचना मिली कि रायबरेली का अपराधी मोहम्मद साहिद उर्फ बबलू अयोध्यापुरी में रेलवे क्रॉसिंग के किनारे खड़ा अपने किसी साथी के आने का इंतजार कर रहा है और किसी बड़ी घटना को अंजाम देने वाला है । इस सूचना पर तत्काल जनपद रायबरेली में मौजूद एसटीएफ की टीम ने स्थानीय पुलिस के साथ घेरा बंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करने पर गिरफ्तार अभियुक्त ने बताया गया कि वह ग्राम रानीपुर रजमो थाना गम्भीरपुर जनपद रायबरेली का रहने वाला है । अभियुक्त द्वारा बताया गया कि 22 मार्च 2009 को रायबरेली में मै अपने साथियो के साथ ट्रक से बैल लादकर जा रहा था रोके जाने पर हम लोग पुलिस की सरकारी मोटरसाइकिल व अम्बेसडर कार को कुचलते हुए भाग गए थे। इस घटना के संबंध में कोतवाली नगर में आईपीसी की धारा 307, 279, 427,420 व 7 सीएएलए व 11 पशु क्रूरता अधिनियम वर्ष 2009 के तहत मुकदमा दर्ज हुआ था। अभियुक्त ने बताया कि इस मामले में उसके सभी साथी पकड़े गए लेकिन वह फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी पर पुलिस ने 25 हजार रुपए का इनाम भी घोषित किया था। उसने बताया कि वह पुलिस से बचने तथा पुलिस के भय से छिपकर अलग अलग स्थान पर रह रहा था। फरार होने के बाद उसने अपने नाम बदल कर फर्जी आईडी तैयार करवाई। जिसके आधार पर उसने वहां काम धन्धा शुरू किया। वह एक स्थान पर ज्यादा दिनों तक नहीं रहता था।

## सीएम से मिले एलआईसी के क्षेत्रीय प्रबंधक, दी प्रगति की जानकारी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**भारतीय** जीवन बीमा निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक एके शर्मा ने रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। कोविड 19 महामारी के दौरान उन्होंने उत्तर प्रदेश में स्थित एलआईसी कार्यालयों की कार्य प्रणाली के विषय में मुख्यमंत्री को विस्तार से अवगत कराया। प्रधानमंत्री के डिजिटल इंडिया मिशन के तहत एलआईसी द्वारा ऑनलाइन एवं ऐप के माध्यम से ग्राहकों की सुविधा हेतु किए जा रहे कार्यों के विषय में भी मुख्यमंत्री को सूचित किया। एलआईसी ने 19 नवंबर 2020 को अभिकर्ताओं एवं ग्राहकों की सुविधा के लिए आनंदा डिजिटल एप्लीकेशन को लॉन्च किया है। प्रीमियम जमा करने हेतु भी ग्राहकों को माय एलआइसी ऐप तथा पेटीएम, फोनपे, गूगल पे जैसे माध्यमों की सुविधा भी प्रदान की जा रही है। महामारी के समय में रोजगार की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने एलआईसी से अपेक्षा की कि नव रोजगार सृजन में अपेक्षित कार्य किया जाए। इस विषय में श्री शर्मा ने मुख्यमंत्री महोदय को आश्वस्त किया की एलआईसी अभिकर्ता रिक्रूटमेंट का सघन अभियान चलायेगी। सीएसआर के क्षेत्र में गोल्डन जुबली फाउंडेशन द्वारा किए जा रहे प्रयासों के विषय में भी मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया।

इस वित्त वर्ष में एलआईसी के नव व्यवसाय में हुई प्रगति के संबंध में जानकारी देते हुए श्री शर्मा ने बताया कि 15 नवंबर 2020 तक उत्तर मध्य क्षेत्र में 11.58 लाख पॉलिसियों का विक्रय कर 3,589 करोड़ रुपए प्रीमियम आय अर्जित की है। यहां यह विशेष रुप से उल्लेखनीय है कि कोविड के दौरान भी प्रीमियम के क्षेत्र में गत वर्ष की तुलना में 7.93 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। अखिल भारतीय स्तर पर भी एलआईसी ने 32,599 करोड़ रुपए प्रीमियम आय अर्जित की है। मुख्यमंत्री ने एलआईसी उत्तर मध्य क्षेत्र की प्रगति पर प्रसन्नता जाहिर की एवं एलआईसी के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## आटो-टैक्सी चालकों के आश्रितों को आत्मनिर्भर बनाएगी ग्रीन गैसः मनोज

● सीएसआर योजना के तहत 75 युवक-युवतियों के लिए निशुल्क प्रशिक्षण शुरू

संवाददाता। सरोजनीनगर



**ग्रीन** गैस लिमिटेड के मुख्य प्रबंधक मानव संसाधन मनोज कुमार ने कहा कि ग्रीन गैस लिमिटेड द्वारा कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व योजना के तहत राजधानी के 75 बेरोजगार युवक-युवतियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए नि:शुल्क कौशल विकास प्रशिक्षण शुरू किया गया है। प्रशिक्षण के बाद यह युवक-युवतियां घर न बैठ जाए इसके लिए उन्हें नि:शुल्क टूलकिट देकर स्वरोजगार स्थापित करने में मदद की जाएगी। वह सोमवार को सरोजनीनगर के स्कूटर्स इण्डिया चैहारा के निकट देवलोक कालोनी स्थित भारत सरकार के कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय द्वारा संचालित राष्ट्रीय उद्यमिता एवं लघु व्यवसाय विकास संस्थान (निसबड) प्रशिक्षण केन्द्र में कम्पनी द्वारा शुरू किये सेल्फ एम्पलाएड टेलर, कम्प्यूटर एकाउटिंग टैली एवं हैण्ड इम्ब्राइडरी चिकनकारी प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन के बाद प्रतिभागियों को सम्बोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने प्रतिभागियों को पाठ्य एवं प्रशिक्षण सामाग्री भी प्रदान की।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि युवा वर्ग को चाहिए कि वह तकनीकी प्रशिक्षण लेकर अपना व्यवसाय शुरू करे और नौकरी मांगने के बजाए अन्य बेरोजगार युवक-युवतियों को अपने साथ जोड़े। इससे जहां बेरोजगारी की समस्या कम होगी वहीं अन्य बेरोजगार युवक-युवतियों को आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा मिलेगी। इस मौके पर कम्पनी के सहायक महा प्रबंधक (वित्त) पीयूष मिश्रा ने कहा कि जीएटी लागू होने के बाद कम्प्यूटर एकाउटिंग टैली प्रशिक्षण का महत्व काफी बढ़ गया है। यह प्रशिक्षण लेने के बाद आसानी से रोजगार मिल सकती है। कार्यक्रम में मौजूद जीजीएल के सहायक महाप्रबंधक (विपणन) प्रवीन सिंह ने कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रतिभागी पूरी निष्ठा व ईमानदारी से प्रशिक्षण लेकर अपनी बेरोजगारी दूर करने के साथ ही अपने माता पिता को परिवार चलाने में मदद करे। प्रशिक्षण समन्वयक राज किशोर पासी ने युवा वर्ग को निशुल्क प्रशिक्षण देकर आर्त्मनिर्भर बनाने के लिए ग्रीन गैस के प्रति आभार व्यक्त किया।

## साल भर से फौजदारी मुकदमों की सुनवाई ठप, वादकारी परेशान

संवाददाता। मोहनलालगंज



**पुलिस** कमिश्नरेट सिस्टम लागू होने के बाद से मोहनलालगंज तहसील में सार्वजनिक रास्ते पर अतिक्रमण और जमीन कब्जेदारी समेत फौजदारी के तमाम मुकदमों की सुनवाई एसडीएम कोर्ट में ठप है। कमिश्नरेट सिस्टम लागू होने से पूर्व के लम्बित फौजदारी मुकदमों की सुनवाई कहां होगी इसे लेकर प्रशासन और पुलिस के अधिकारी अब तक असमंजस में हैं। लिहाजा न्याय पाने के लिए भटक रहे वादकारियों को तारीख पर तारीख दी जा रही है।

राजधानी में 13 जनवरी 2020 को पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम लागू होने के बाद सीआरपीसी की धारा 133 और 145 समेत अन्य मुकदमों की सुनवाई कमिश्नरेट सिस्टम में नामित किए गए पुलिस अधिकारियों की कोर्ट में की जा रही है। पुलिस की रिपोर्ट पर नए मुकदमे भी वहीं दर्ज किए जा रहे हैं। लेकिन कमिश्नरेट सिस्टम अमल में आने से पूर्व के तमाम मुकदमों की सुनवाई एसडीएम कोर्ट में बन्द पड़ी है। लिहाजा सार्वजनिक रास्ते व नाली पर अतिक्रमण और जमीन कब्जेदारी की शिकायत पर न्याय की आस लिए भटक रहे वादकारी बेहद परेशान हैं। वहीं सीआरपीसी की अन्य धाराओं के मुकदमों का तय समय में निस्तारण नहीं होने से कानून से खिलवाड़ करने वालों को सबक नहीं मिल पा रहा है। एसडीएम कोर्ट में सुनवाई नहीं होने से तारीख लेकर मायूस लौट रहे वादकारियों के लिए न्याय का इंतजार काफी लम्बा होता जा रहा है। वहीं पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम लागू होने के बाद से राजधानी के ग्रामीण थाने निगोहां के फोजदारी मुकदमो की सुनवाई भी एसडीएम कोर्ट में बन्द है। जबकि निगोहां थाने को कमिश्नरेट सिस्टम से बाहर रखा गया है जहां के पुराने और नए सभी फौजदारी मुकदमों की सुनवाई एसडीएम को ही करनी है।

**क्या कहते हैं एसडीएम**

एसडीएम विकास सिंह ने बताया पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम लागू होने के बाद सीआरपीसी के मुकदमों की सुनवाई कमिश्नरेट सिस्टम में नामित पुलिस अधिकारियों को करनी है। नए मुकदमे भी वहीं दर्ज किए जाने हैं। हालांकि पुराने फौजदारी मुकदमों की सुनवाई एसडीएम कोर्ट में की जा रही है।

**क्या कहते हैं डीसीपी**

डीसीपी साउथ रईश अख्तर ने बताया पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम लागू होने के बाद से सीआरपीसी के मुकदमो की सुनवाई नामित पुलिस अधिकारियों द्वारा की जा रही है। कमिश्नरेट सिस्टम लागू होने से पूर्व के मुकदमों की सुनवाई कराने के लिए फिलहाल कोई आदेश नहीं आया है।

## बेहतर काम करने वाले 14 चालक-परिचालक होंगे पुरस्कृत

**लखनऊ।** बेहतर काम करने वाले लखनऊ क्षेत्र के 14 चालक व परिचालकों को इस बार पुरस्कार स्वरूप इनाम मिलेगा। अक्तूबर माह में सराहनीय काम करने वालों में छह बस ड्राइवर व आठ कंडक्टर चिन्हित किए गए हैं। इन्हें पुरस्कार के रूप में 250 रुपये और प्रसंशा पत्र दिया जाएगा।

रोडवेज के चालक परिचालकों को प्रोत्साहित करने के मकसद से हर महीने बेहतर कर्मियों को चिन्हित किया जाता है। इस योजना में सिर्फ संविदा के चालक परिचालकों को शामिल किया गया है। जिसके तहत महीने में 24 दिन ड्यूटी और 6000 किलोमीटर बस संचालन जरूरी है। जिन कर्मचारियों को पुरस्कृत किया जाएगा उनमें चारबाग डिपो के चालक नसीम व परिचालक सुरेश कुमार प्रथम के अलावा कैसरबाग से चालक इरफान खान व परिचालक हिमांशु मिश्रा, अवध से चालक विजय सिंह व परिचालक संजेश कुमार, रायबरेली से चालक हरिप्रसाद यादव व परिचालक राजकुमार यादव, उपनगरीय चालक पात्र नहीं व परिचालक चंद्र प्रताप सिंह, हैदरगढ़ के चालक बलविंदर सिंह व परिचालक गौरव श्रीवास्तव के अलावा बाराबंकी डिपो के चालक लवलेश कुमार व आलमाबाग डिपो के चालक मो. अंसार पुरस्कृत होंगे।

## मोहनलालगंज में 4010 स्नातक व 129 शिक्षक मतदाता करेंगे मतदान

**मोहनलालगंज।** स्नातक और शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से विधान परिषद सदस्य चुनाव के लिए मोहनलालगंज तहसील में दो मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। मोहनलालगंज कस्बे में नवजीवन इण्टर कालेज और गोशाईगंज में रामपाल त्रिवेदी इण्टर कालेज को मतदान केन्द्र बनाया गया है। दोनों मतदान केन्द्र पर स्नातक निर्वाचन के लिए तीन-तीन बूथ और शिक्षक निर्वाचन के लिए एक-एक बूथ बनाए गए हैं। मोहनलालगंज तहसील में स्नातक निर्वाचन के लिए 4010 और शिक्षक निर्वाचन के लिए 129 मतदाता हैं। एसडीएम विकास सिंह ने बताया सोमवार को सुबह 8 बजे से मतदान की शुरुआत होगी। मतदान के लिए मतदाताओं को मास्क पहनकर आने के साथ सोशल डिस्टेन्सिंग का भी पालन करना होगा। मतदान के लिए सभी मतदाताओं को विशेष अवकाश देने का आदेश जारी किया गया है। वहीं बख्शी का तालाब इंटर कालेज में सोमवार गुरुपूर्णिमा का अवकाश होने के बावजूद गहमागहमी थी । वजह थी शिक्षक व स्नातक के द्वारा विधान परिषद सदय के चुनाव के मतदान स्थल के रूप में चयनित होना। उपजिलाधिकारी नवीन चंद्र ने बताया कि कुल 9 कक्ष मतदान के लिये आवंटित किये गये हैं। उनमे 3 कक्षो में शिक्षक व बाकी में स्नातक मतदाता अपने मतो का प्रयोग कर सकते है।

### शिल्पी वर्मा आईएटीएलआईएस की सदस्य बनीं



**लखनऊ।** बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय की प्रोफेसर शिल्पी वर्मा को इंडियन एसोसिएशन ऑफ टीचर ऑफ लाइब्रेरी एंड इनफॉरमेशन साइंस (आईएटीएलआईएस) की सदस्य के तौर पर चुना गया है। शिल्पी वर्मा पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष प्रोफेसर हैं। प्रोफेसर शिल्पी तीन वर्ष के लिए एसोसिशन के सदस्य के तौर पर चुनी गई हैं।

### त्रिपक्षीय समिति का कार्यकाल बढ़ाया गया

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने उत्तर प्रदेश राज्य में स्थित समस्त वैकुअम पैन चीनी कारखानों में कार्यरत कर्मकारों के वेतन पुनरीक्षण एवं अन्य समस्याओं के निस्तारण के संबंध में श्रमायुक्त की अध्यक्षता में गठित त्रिपक्षीय समिति का कार्यकाल 30 जून 2021 तक बढ़ा दिया है। अपर मुख्य सचिव श्रम एवं सेवायोजन सुरेश चन्द्रा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि शासन द्वारा सितम्बर 2019 में श्रमायुक्त की अध्यक्षता में एक त्रिपक्षीय समिति का गठन इस आशय से किया था कि गठित समिति संदर्भित विषयों पर जांच करेगी और अपनी अनुशंसा राज्य सरकार को इसके गठित होने की तिथि से 06 माह के भीतर प्रस्तुत करेगी। लेकिन कोविड.19 महामारी के कारण समिति की बैठकें तय समय पर आहूत नहीं की जा सकीं, जिससे श्रमायुक्त के अनुरोध पर शासन द्वारा सम्यक विचार करके इस त्रिपक्षीय समिति का कार्यकाल 30 जून 2021 तक के लिए बढ़ा दिया गया है।

### आठ जिला गन्ना अधिकारियों से जवाब तलब

**लखनऊ।** प्रदेश के आयुक्त गन्ना एवं चीनी संजय आर भूस रेड्डी ने गन्ने की सूखी पत्तियों के जलाए जाने की कतिपय घटनाओं की सूचना मिलने पर कड़ा रुख अपनाते हुए सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, मेरठ, शाहजहाँपुर, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, कुशीनगर एवं महाराजगंज जिलों के जिला गन्ना अधिकारियों का जवाब तलब किया है। इसके साथ ही पूरे प्रदेश में किसानों को इस संबंध में जागरूक करने के लिए व्यापक अभियान चलाने के निर्देश भी दिए हैं। आयुक्त ने प्रदेश के सभी जिला गन्ना अधिकारियोंए उप गन्ना आयुक्त एवं चीनी मिलों को कृषक गोष्ठी एवं कृषक मेला, पम्पलेट, वॉल पेंटिंग के माध्यम से किसानों को जागरूक करने के निर्देश दिया है।

## रंगारंग कार्यक्रमों के बीच ई-कोफास का भव्य समापन

● डीपीएस कानपुर ने जीती ओवरऑल चैम्पियनशिप ट्राफी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**सिटी** मोन्टेसरी स्कूल, राजेन्द्र नगर (प्रथम कैम्पस) द्वारा आयोजित चार दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय कम्प्यूटर ओलम्पियाड 'ई-कोफास-2020' का आज आनलाइन भव्य समापन हुआ। रंगारंग शिक्षात्मक-साँस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच सम्पन्न हुए ई-कोफास-2020 के 'पुरस्कार वितरण व समापन समारोह' में रूस, जार्डन, बांग्लोदश, ओमान, कतर एवं देश के विभिन्न प्रान्तों की विजेता छात्र टीमों को ऑनलाइन सम्मानित किया गया। डीपीएस कल्यानपुर, कानपुर की छात्र टीम ने ओवरऑल चैम्पियनशिप कब्जा जमाकर अपने ज्ञान-विज्ञान की चमक बिखेरी, तो वहीं दूसरी ओर पठानिया पब्लिक स्कूल, रोहतक, हरियाणा ने रनर-अप ट्राफी जीतकर अपने ज्ञान-विज्ञान का परचम लहराया। इस अवसर पर देश-विदेश की प्रतिभागी छात्र टीमों के सम्मान में रंगारंग शिक्षात्मक-साँस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रस्तुतिकरण भी किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह में सीएमएस कानपुर रोड कैम्पस की छात्र टीम को कॉन्फैबुलर (वाद-विवाद) प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार ने नवाजा गया जबकि एड टेक (एडवरटीजमेन्ट) प्रतियोगिता में पठानिया पब्लिक स्कूल, रोहतक, हरियाणा की छात्र टीम प्रथम स्थान पर रही। इसी प्रकार, रेन्डीशन (पेपर प्रजेन्टेशन) प्रतियोगिता में सनबीम इंग्लिश स्कूल, भगवानपुर, वाराणसी, ई-कोफास डूडल प्रतियोगिता में लटिल एन्जिल्स हाई स्कूल, ग्वालियर, मध्य प्रदेश, क्रिएटर्स (लोगो डिजाइनिंग) प्रतियोगिता में सीएमएस राजेन्द्र नगर (प्रथम कैम्पस), द फूटेज (स्टोरी) प्रतियोगिता में डीपीएस कल्यानपुर, कानपुर, टीनोवेशन्स (साइंस माडल) प्रतियोगिता में लिटिल एन्जिल्स हाई स्कूल, ग्वालियर, मध्य प्रदेश एवं कॉस्टेक (कोरियोग्राफी) प्रतियोगिता में डीपीएस कल्यानपुर, कानपुर की छात्र टीम ने प्रथम स्थान अर्जित किया।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि शिशिर निदेशक, सूचना, उप्र ने अपने संदेश में कहा कि कोरोना महामारी के बावजूद भी सीएमएस ने ई-कोफास का ऑनलाइन आयोजन करके अपनी अदम्य इच्छाशक्ति का परिचय दिया है। उन्होंने कहा कि इस ओलम्पियाड के प्रतिभागी छात्रों को अपनी प्रतिभा साबित करने का अन्तर्राष्ट्रीय मंच प्राप्त हुआ है जिससे उनका दृष्टिकोण भी निश्चित ही विस्तृत होगा। समापन अवसर पर ई-कोफास की संयोजिका एवं राजेन्द्र नगर (प्रथम कैम्पस) की प्रधानाचार्या जयश्री कृष्णन ने विश्वास व्यक्त किया कि इस ओलम्पियाड के माध्यम से देश-विदेश के प्रतिभागी छात्र कम्प्यूटर विज्ञान के क्षेत्र में हो रहे नवीनतम विकास से तो परिचित हुए ही, साथ ही साथ भावी पीढ़ी का वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने में भी मददगार साबित हुआ। डा. जगदीश गाँधी ने सभी प्रतिभागी छात्रों को अपना आशीर्वाद दिया व उन्हें सभी मतभेद मिटाकर विश्व नागरिक बनकर समाज की सेवा करने के लिए प्रेरित किया। डा. गाँधी ने कहा कि अब समय आ गया है कि छात्र शक्ति मिलकर 'विश्व एकता व विश्व शान्ति' के लिए अभियान चलायें।

# कड़े पहरे के बीच लाखों श्रद्धालुओं ने मां सरयू में लगाई डुबकी

● शांतिपूर्ण संपन्न हुआ कार्तिक मेला प्रशासन ने ली राहत की सांस बाहरी श्रद्धालुओं के प्रतिबंध के बाद भी लाखों लोगों ने मां सरयू में स्नान कर अपने आपको किया धन्य



संवाददाता। अयोध्या

**हिंदू धार्मिक** मान्यताओं के अनुसार कार्तिक महीना त्योहारों भरा होता है। भगवान श्री राम की नगरी अयोध्या में कार्तिक महीने का विशेष महत्व है यहां देश के कोने कोने से हजारों की श्रद्धालु आकर के कल्पवास करते है। कल्पवास के दौरान प्रतिदिन मां सरयू में स्नान धूप दीप और शाम को सरयू तट नागेश्वरनथ कनक भवन सहित अयोध्या के लगभग सभी मंदिरों में धूप दीप और दीपक जलाते है। पूर्णमासी के दिन स्नान करके अपने अपने घर जाते है। इस बार कोविड.19 के कारण और कोरोना के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए जिला प्रशासन ने बाहरी श्रद्धालुओं को अयोध्या में आने की अनुमति नहीं दी है। अयोध्या के स्थानीय श्रद्धालुओं और कल्पवासी ही सरयू नदी में स्न्नान कर रहे है। पूर्णिमा स्नान के लिए बाहरी श्रद्धालुओं के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाते हुए रामनगरी की सीमा सील कर दी गई थी। बिना आईडी जांच के किसी को भी प्रवेश नहीं दिया जा रहा था। इसके बावजूद भोर में 4 बजे से लाखों श्रद्धालुओं ने मां सरयू के पावन सलिला में डुबकी लगा कर के अपने आपको धन्य किए। मां सरयू में स्नान करने के बाद श्रद्धालुओं ने नागेश्वरनाथ हनुमानगढ़ी कनक भवन श्री राम जन्मभूमि सहित अनेकों मंदिरों में दर्शन किए इस दौरान प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं से कोविड-19 के निर्देशों का पालन करने का प्रसारण किया जा रहा था और जगह-जगह प्रशासनिक टीम श्रद्धालुओं की बोलो ना की जांच भी कर रही थी। कोरोना को देखते हुए प्रशासन हर तरह का एहतियात बरत रहा है। केवल स्थानीय श्रद्धालुओं-भक्तों को ही सरयू स्नान की अनुमति दी है। श्रद्धालु मास्क पहनकर अयोध्या की सड़कों पर धार्मिक कार्य करेंगे और अयोध्या के धार्मिक स्थल मठ-मंदिरों पर अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं।

### अयोध्या के सरयू तट पर मनाई गई देव दीपावली

कार्तिक पूर्णिमा देव दीपावली के दिन धार्मिक नगरी काशी में भव्य रुप से देव दीपावली मनाई जाती है और 80 घाटों को सजाया जाता है इस बार देव दीपावली पर मां सरयू के घाटों को भी 51000 दीपों से सजाया गया। पूरा सरयू तट देव दीपावली के दिन रोशनी से जगमगा उठा ऐसा प्रतीत हो रहा था कि जैसे मां सरयू के पावन तट पर देवताओं ने स्वयं आकर के दीपक जलाएं हो। देव दीपावली पर पहली बार अयोध्या में सरयू तट हो इतने भव्य रूप से सजाया गया जिसको देखकर श्रद्धालु गण प्रफुल्लित हो गए।

### पूर्णिमा स्नान के चलते चप्पे पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम

कार्तिक पूर्णिमा स्नान को देखते हुए अयोध्या में सुरक्षा की दृष्टि से कड़े इंतजाम किए गए है। कार्तिक पूर्णिमा मेला की सुरक्षा को एटीएस के हवाले किया गया है। इसके अलावा सीसीटीवी कैमरों के जरिए पूरे इलाके की निगरानी की जा रही है। एडिशनल एसपी के साथ एक मजिस्ट्रेट भी मौके पर तैनात हैं। अयोध्या मेले के सुरक्षा अधिकारी जिले के एसपी सिटी विजय पाल सिंह का कहना है कि कार्तिक मेले में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। कार्तिक पूर्णिमा में सरयू नदी स्नान के लिए स्थानीय लोगों पर कोई प्रतिबंध नहीं है, लेकिन बाहरी व्यक्तियों के अयोध्या आने पर प्रतिबंध है। इसके लिए बैरियर लगाकर सीमाओं पर चेकिंग की जा रही है। उनकी आईडी को चेक किया जा रहा है।

## कार्तिक पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने सरयू में लगाई डुबकी



**अंबेडकरनगर।** कार्तिक पूर्णिमा स्नान पर्व के मौके पर आलापुर तहसील क्षेत्र के सरयू तट पर स्थित कई घाटों पर मंगलवार को आस्था का सैलाब उमड़ा हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पूजन अर्चन कर स्नान किया।इस मौके पर सुरक्षा व्यवस्था के भी इंतजाम किए गए थे। कार्तिक पूर्णिमा स्नान पर्व के मौके पर तडके से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ चहोड़ा घाट, बिड़हरघाट, रामबाग, नयागांव चाण्डी पुर ,कम्हरियाघाट समेत कई अन्य घाटों पर उमड पडी और पावन सलिला सरयू( घाघरा) नदी में डुबकी लगा पुण्य लाभ अर्जित किया इसके उपरांत भक्तिपूर्ण महौल में घाटों पर स्थित मठ मंदिरो पर मत्था टेक मन्नत मांगी ,इस मौके पर घाटों व मंदिर परिसरों में महिलाओं नें पकवान बनाने व चढाने की भी रस्म अदा किया । बता दें कि सोमवार को स्नान पर्व के मौके पर दूरदराज तथा पड़ोसी जनपद आजमगढ़ के कई इलाकों से स्नानार्थी श्रद्धालुओं की भीड़ रविवार की दोपहर से ही घाटों पर पहुँचनी शुरू हो गई थी और सोमवार को ब्रह्ममहूर्त में स्नान का लाभ अर्जित करने के लिए इन श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसरों तथा यहां स्थित धर्मशाला व अन्य स्थानों पर डेरा जमाना शुरू कर दिया था और रात के आखिरी पहर से ही स्नान की प्रक्रिया शुरू हो गई थी । दिन भर चले स्नान पूजन के क्रम में इन घाटों पर लगे मेलों का भी श्रद्धालुओं ने लुत्फ़ उठाया तथा खरीदारी भी की।

## कार्तिक पूर्णिमा पर घाटों पर उमड़ा आस्था का सैलाब



पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

**आस्था का** महापर्व कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर सोमवार को स्थानीय उपनगर तथा क्षेत्र के विभिन्न सरयू नदी के घाटों पर आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। क्षेत्र के गांव तथा जिले के अन्य भागों व अन्य जिलों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने मां सरयू में डुबकी लगाई इसके साथ ही दान, पुण्य, कथा, कड़ाही, गोदान, तर्पण आदि किया। सरयू घाट पर मेला लगा रहा। इस दौरान स्थानीय पुलिस व नगर पंचायत के कर्मचारी मुस्तैद दिखे। उपनगर के प्रसिद्ध पक्का घाट, शीतला घाट, हनुमान घाट, बरदशीया घाट, बेवरी के श्याम घाट और मुक्ति धाम पर सुबह से ही स्नानार्थियो की भीड़ लगी रही जो देर शाम तक चलती रही। रविवार को ही दूर दूर से स्नानार्थी आकर रुके हुए थे। जो सुबह ही घाटों पर पहुंचकर स्नान करने लगे। उपनगर के मंदिरों धर्मशाला और विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा टेन्ट डलवा कर श्रद्धालुओं के ठहरने की व्यवस्था की गई थी। साथ ही घाटो पर प्रसाद व भंडारे का आयोजन किया गया था। क्षेत्र के बारानगर माँ कालिका मंदिर घाट, रतनपुरा घाट, कौड़िया गोड़ियांन, तुर्कवलिया, मेहड़ा, नरहन, मदरिया, मदरहा, दलुआ आदि घाटों पर भी क्षेत्रीय गांव के स्नानार्थियों की भारी भीड़ लगी रही।

कार्तिक पूर्णिमा/गुरु नानक जयंती पर सोमवार को तड़के राप्ती सहित पवित्र नदियों में कार्तिक पूर्णिमा का पवित्र स्नान शुरू हो गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने आस्था के साथ डुबकी लगाई। श्रद्धालुओं द्वारा अन्न-दान कर सुख, समृद्धि एवं शांति की कामना की गई। राजघाट स्थित राप्ती नदी के तट पर बैरिकेडिंग की गई थी। साथ ही पर्याप्त संख्या में लाइट लगी रही जिससे श्रद्धालुओं को स्नान में कोई दिक्कत न हो। वहीं स्नान के लिए रविवार की देर रात से ही आसपास के जिलों से श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। मान्यता है कि इस दिन स्नान और दान से मनोवांछित फल मिलता है।

## हर्षोल्लास के साथ मना गुरु नानक देव की 551वां प्रकाश पर्व

**अयोध्या।** भगवान श्री राम की नगरी अयोध्या सर्वधर्म समभाव के लिए जानी और पहचानी जाती है। यहां पर सभी धर्म के पैगंबरओ का आगमन ही नहीं बल्कि तपस्या और त्याग का भी उदाहरण मिलता है। अयोध्या में भगवान श्री राम की जन्म स्थली के साथ सिख धर्म जैन धर्म और मुस्लिम धर्म के धर्मगुरुओं ने आकर के अयोध्या में साधना एवं तपस्या किया था। अयोध्या के ब्रह्मकुंड गुरुद्वारे और नजरबाग स्थित ऐतिहासिक गुरूनानक गोविंदधाम गुरूद्वारा में गुरूनानक देव की 551 वीं जयंती



धूमधाम से मनायी गई। इस मौके पर शब्द ज्ञान कीर्तन, अरदास, प्रवचन आदि धार्मिक कार्यक्रम सम्पन्न हुए। जयंती अवसर पर काफी संख्या में सिक्ख समुदाय से जुड़े हुए भक्तों ने हिस्सा लेकर अपना जीवन धन्य बनाया। तत्पश्चात विशाल लंगर का आयोजन हुआए जिसमें भक्तों ने प्रसाद पाया। इस मौके पर सेवादार नवनीत सिंह ने कहाकि प्रतिवर्षो की भांति इस वर्ष भी गुरूद्वारा में गुरूनानक देव की जयंती हर्षोल्लासपूर्वक मनायी गई। यह परम्परागत कार्यक्रम है जो प्रतिवर्ष मनाया जाता है। लेकिन इस बार कोविड 19 के संक्रमण को देखते हुए जयंती का कार्यक्रम बहुत ही सूक्ष्म रूप से मना। उन्होंने कहाकि गुरूनानक देव बहुत ही महान थे। उनके जैसा इस धरती पर कोई नही। उन्होंने सबके ऊपर अपनी महती कृपा किया। चाहे वह किसी भी धर्म का रहा हो। आज जरूरत है उनके बतलाए हुए मार्ग पर चलने की।

## महंत जानकी शरण महाराज को अयोध्या के प्रमुख संतों ने दी अंतिम विदाई

**अयोध्या।** कनक भवन परिसर स्थित मंदिर श्रीलाल साहब दरबार के साकेतवासी महंत जानकी शरण महाराज को संतों और भक्तों ने नम आंखो से अंतिम विदाई दी। सोमवार को सुबह 9 बजे उनकी अंतिम शोभायात्रा लालसाहब धर्मशाला से निकाली गईए जिसमें काफी संख्या में संत व भक्त सम्मिलित रहे। यह शोभायात्रा श्रीलाल साहब दरबार मंदिरए कनक भवन व हनुमानगढ़ी होते हुए सरयू तट पहुंची। जहां साकेतवासी महंत के उत्तराधिकारी शिष्य रामनरेश शरण महाराज ने उन्हें जल समाधि दी। ज्ञात हो कि 29 नवम्बर को महंत जानकी शरण महाराज का साकेतवास हो गया था। जो कई दिनों से



बीमार चल रहे थे। उनकी अवस्था लगभग 90 वर्ष की रही। वह अप्रतिम प्रतिभा के धनी संत थे। उनका हृदय बहुत विशाल था। उन्होंने अपने व्यहार से लोगों पर अमिट छाप छोड़ी। उनके बारे में जितना कहा जाए वह कम ही होगा। रामनगरी के सभी लोग उनका आदरपूर्वक सम्मान करते रहे हैं। भले ही वह अब हम लोगों के बीच नही रहे। लेकिन उनकी कीर्ति हमेशा रहेगी। इस अवसर पर लक्ष्मणकिला धीश महंत मैथिलीरमण शरण, रामकथा कुंज महंत डॉ. रामानंद दास, जगन्नाथ मंदिर के महंत राघव दास, ओमप्रकाश शरण तपोवन मंदिर रांची, महंत हनुमान दास, पत्थर मंदिर महंत मनीष दास, उदासीन आश्रम गोलघाट महंत धर्मदास, महंत रामकुमार दास रामायणी, करूणानिधान भवन अधिकारी रामनारायण दास, महंत रामेश्वर दास, मुकुंद दास, पवन यादव आदि उपस्थित रहे।

## कथित पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर की आशीष की हत्या

● जनपद न्यायालय में अमीन था आशीष

● कथित पत्नी समेत तीन आरोपी गिरफ्तार, एक फरार



घटना का खुलासा करते पुलिस अधीक्षक व पकड़े गए आरोपी

**अंबेडकरनगर।** जनपद न्यायालय के अमीन आशीष शुक्ला की हत्या उनकी ही कथित पत्नी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर कराई थी। हत्या के बाद कथित पत्नी को नौकरी की आस थी और उसके बाद वह प्रेमी से सात फेरे लेना चाहती थी । पुलिस ने हत्याकांड का खुलासा करते हुए कथित पत्नी के साथ ही उसके प्रेमी व हत्याकांड में शामिल एक अन्य सहयोगी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना में शामिल अभी एक अन्य व्यक्ति फरार चल रहा है।

पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने घटना का खुलासा करते हुए बताया कि इब्राहिमपुर थाना क्षेत्र के बड़ागांव निवासी सोनू तिवारी पुत्री स्व विजय कुमार तिवारी के साथ आशीष शुक्ला की संबंध थे। आशीष की पत्नी की नामौजूदगी में सोनू उसकी पत्नी के तौर पर ही उसके घर पर रहती थी। सोनू खुद को सोनू शुक्ला पत्नी आशीष शुक्ला के रूप में प्रदर्शित करती थी। अकबरपुर थाना क्षेत्र के सीहमयी कारीरात गांव निवासी आनंद तिवारी पुत्र रमेश तिवारी से भी आशीष शुक्ला के निकट संबंध थे। आनंद, आशीष से मिलने उनके मुरादाबाद स्थित आवास पर अक्सर जाया करता था। इसी दौरान आनंद के संबंध सोनू से हो गए और दोनों ने मिलने मिलकर आशीष को इसलिए रास्ते से हटाने की साजिश रच डाली कि उसकी मौत के बाद सोनू को नौकरी मिल जाएगी और नौकरी मिलने के बाद दोनों शादी कर लेंगे। घटना को अंजाम देने के लिए उन्होंने आरडी लाज में कार्यरत सजीवन पांडे निवासी गंगापुर भूलिया थाना दोस्तपुर को भी मिलाया और 27 नवंबर की रात आशीष शुक्ला की ही गाड़ी से उसे ले जाकर मालीपुर थाना क्षेत्र में नेमपुर घाट पर फेंक दिया । 28 नवंबर की सुबह आशीष शुक्ला का शव बरामद किया गया था। पुलिस अधीक्षक के अनुसार मालीपुर थाना अध्यक्ष विवेक वर्मा ने घटना का तत्परता से पर्दाफाश करते हुए सोनू शुक्ला, आनंद तिवारी तथा सजीवन पांडे को गिरफ्तार कर लिया है जबकि घटना में शामिल एक अन्य व्यक्ति फरार चल रहा है जिसकी तलाश की जा रही है। पुलिस ने उनके पास से चाकू, कैंची, पांच मोबाइल फोन, पल्सर मोटर साइकिल व घटना में प्रयोग में लाई गई कार को भी बरामद कर लिया है।

## तीसरा गन्ना पेराई सत्र का शुभारंभ

**गोरखपुर।** पिपराइच चीनी मिल के तीसरे गन्ना पेराई सत्र 2020-21 सोमवार को पूजन हवन के साथ शुभारंभ हुआ। आचार्य पंडित संजय पाठक के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच बतौर मुख्य अतिथि विधायक महेन्द्र पाल सिंह, जिला गन्ना अधिकारी शैलेन्द्र अस्थाना, महाप्रबंधक जीतेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, मुख्य गन्ना प्रबन्धक बी.एस.बघेल ने संयुक्त रूप से गाड़ीवान सहित दो बैलों, केन यार्ड, गन्ना तौल यंत्र तथा डोगा चटाई का पूजन हवन किया तथा केन कैरियर (डोंगा) में गन्ना डाल कर पेराई का शुभारंभ किया। इस अवसर पर गन्ना सलाहकार संजय गुप्ता, सहायक निदेशक ओ पी गुप्ता, चीनी मिल के मुख्य रसायनज्ञ अंम्बिका प्रसाद, मुख्य अभियंता अजय कुमार श्रीवास्तव, प्रोजेक्ट साईट इंचार्ज शिव गोविंद श्रीवास्तव, मुख्य लेखाकार राजेश्वरी प्रसाद, दुर्गेश नंदन श्रीवास्तव, मुख्य गन्ना प्रबंधक अशोक कुमार सिंह, चेयरमैन सत्येन्द्र कुमार सिंह, आनन्द शाही, किसान नेता राम किशुन सिंह, किसान लव सिंह, शत्रुघ्न सिंह आदि मौजूद रहें।

## दलित युवती के साथ गैंगरेप

संवाददाता। अंबेडकरनगर

● प्रेमी ने साथी के साथ मिलकर घटना को दिया अंजाम

● दोनों गिरफ्तार, स्कार्पियो बरामद

**जलालपुर** थाना क्षेत्र में एक युवती के साथ गैंगरेप का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार करने के साथ ही घटना के समय प्रयोग में लाई गई स्कार्पियो गाड़ी को भी बरामद कर लिया है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के मलिकपुर छितौनी गांव की निवासी युवती का एक लड़के से प्रेम प्रसंग चल रहा था। इसी लड़के के बहकावे में आकर यह युवती 29 नवम्बर की देर शाम घर से गायब हो गई। प्रेमी युवक उसे स्कार्पियों वाहन से लेकर गया। इसके बाद रास्ते में उसका एक साथी भी उससे मिल गया। दोनों ने मिलकर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया तथा तड़के उसे गांव के बाहर लाकर छोड़ दिया। घर पंहुच कर उसने अपनी मां को पूरी घटना से अवगत कराया जिसके बाद परिजनों ने थाने में तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक मनीष कुमार सिंह ने तुरन्त कार्यवाही करते हुए आरोपी शिवम यादव पुत्र रामजियावन यादव तथा सलमान खान पुत्र मो0 रईस निवासी गुआपाकड़ थाना जलालपुर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने घटना में प्रयोग में लाई गई स्कार्पियों गाड़ी को भी बरामद कर लिया है। पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने भी गांव पंहुच कर पीड़ित परिजनों से घटना की जानकारी ली। युवती को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया है।

## नवजात की मौत, परिजनों ने किया हंगामा

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

**जनपद के** गुलरिहा थाना क्षेत्र के भटहट कस्बे में स्थित एक प्राइवेट हॉस्पिटल में नवजात की मौत हो जाने के बाद परिजनों ने चिकित्सक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं अस्पताल के संचालक और सभी कर्मचारी पुलिस के पहुंचने से पहले ही मौके से फरार हो चुके थे।

जानकारी के अनुसार पिपराइच थाना क्षेत्र के समदारखुर्द निवासी सुनील तिवारी की पत्नी ज्ञानप्रभा को रविवार की सुबह 9 बजे प्रसव पीड़ा शुरू हुई। पति द्वारा पत्नी को लेकर 10 बजे भटहट में स्थित एक निजी हॉस्पिटल में भर्ती करा दिया गया। अस्पताल के संचालक द्वारा बताया गया कि 2 घंटे में नार्मल प्रसव हो जाएगा। रात लगभग 10 बजे प्रसूता के पति से अस्पताल संचालक ने कहा कि ऑपरेशन करना पड़ेगा। बताया जा रहा है कि थोड़ी देर बाद एक व्यक्ति पहुंचा जिसे चिकित्सक बताकर ऑपरेशन थिएटर में पहुंचा दिया गया। लगभग एक घंटे बाद ऑपरेशन थिएटर से बाहर निकलकर कथित चिकित्सक ने प्रसूता के पति से कहा कि नवजात की मौत हो गई है। जब मौजूद परिजनों ने चिकित्सक से उसकी डिग्री के बारे में जानकारी चाही तो वह मौके से फरार हो गया। वहीं हंगामा बढ़ता देख अस्पताल के संचालक व कर्मचारी भी प्रसूता व शिशु को आपरेशन थिएटर में छोड़कर भाग निकले। परिजनों द्वारा मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। चौकी प्रभारी वीरेंद्र बहादुर सिंह सूचना पाकर मौके पर पहुंचे। उन्होंने नवजात के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उन्होंने कहा कि पूरे प्रकरण की जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## केपी ट्रस्ट ने किया महिला छात्रावास के लिए नींव पूजन

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

**के पी** ट्रस्ट के अध्यक्ष एवम पूर्व महापौर चौधरी जितेंद्र नाथ सिंह ने सोमवार को कायस्थ पाठशाला की ओर से बनने वाले महिला छात्रावास के लिए नींव पूजन किया। उन्होंने आज इस महिला छात्रावास की आधारशिला भी रखी। महिला छात्रावास के भवन का निर्माण सीएमपी विधि संकाय के समीप स्थित भूमि पर होगा। इसके निर्माण के लिए आज अध्यक्ष चौधरी जितेंद्र नाथ सिंह पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष चौधरी राघवेन्द्र प्रताप सिंह उपाध्यक्ष वित्त गिरीश चंद्र श्रीवास्तव महामंत्री एस डी कौटिल्य सीएमपी के प्राचार्य डा बृजेश कुमार आदि ने पूजन कर इसके लिए आधारशिला रखी। यह जानकारी अतिरिक्त सचिव मीडिया अनिल कुमार श्रीवास्तव की ओर से दी गई।

गोरखपुर-फैजाबाद शिक्षक निर्वाचन

## शिक्षक-एमएलसी के लिए मतदान आज, तैयारी पूरी

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

● 17 जिलों के 40 हजार से अधिक मतदाता करेंगे 16 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला

**गोरखपुर-फैजाबाद** शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव की तैयारी पूरी कर ली गई हैं। एक दिसंबर की सुबह आठ से शाम पांच बजे तक मतदान किया जा सकेगा। जानकारी के अनुसार इसके लिए गोरखपुर समेत 17 जिलों में 198 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इस बार चुनाव मैदान में राजनीतिक दल व शिक्षक संघों के 16 प्रत्याशी हैं। इन सभी के भाग्य का फैसला 40 हजार 164 मतदाता करेंगे। सबसे ज्यादा 6170 मतदाता गोरखपुर में हैं। आजमगढ़ में 5184 मतदाता हैं। मतदान के समय वीडियोग्राफी कराई जाएगी। वेबकास्टिंग भी होगी। तैयारी को अंतिम रूप देने के लिए रिटर्निंग ऑफिसरों द्वारा अलग-अलग मतदान केंद्रों का निरीक्षण तैयारी के दृष्टिगत किया जा चुका है। सोमवार की देरशाम तक पोलिंग पार्टियां मतदान केंद्रों पर पहुंच गई।

### गोरखपुर में यहां डाले जाएंगे वोट

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, डीवी इंटर कॉलेज दीवान बाजार, अभयनंदन इंटर कॉलेज भेड़ियागढ़, क्षेत्र पंचायत कार्यालय चरगांवा, रफी अहमद किदवई इंटर कॉलेज मोहद्दीपुर, डीवी डिग्री कॉलेज नसीराबाद, राजकीय जुबली इंटर कॉलेज, तुलसी दास इंटर कॉलेज रायगंज, बापू इंटर कॉलेज पीपीगंज, क्षेत्र पंचायत कार्यालय पिपराइच, चौरीचौरा तहसील कार्यालय, सहजनवां क्षेत्र पंचायत कार्यालय, भूमिधर इंटर कॉलेज सिकरीगंज, तहसील कार्यालय बांसगांव, क्षेत्र पंचायत कार्यालय गगहा और क्षेत्र पंचायत कार्यालय गोला।

### शिक्षक जो करेंगे मतदान

यूपी बोर्ड, सीबीएसई और सीआईएससीई से मान्यता प्राप्त सरकारी व गैर सरकारी इंटर कॉलेज, अनुदानित इंटर कॉलेज, मदरसा व संस्कृत विद्यालय, आईटीआई, पॉलिटेक्निक व अन्य मतदाता शिक्षक।

### पीठासीन अधिकारी के स्केच पेन से ही मत मान्य

पसंदीदा उम्मीदवार को वोट देते समय सावधानी बरतनी होगी। असावधानी हुई तो मत अवैध हो जाएगा। पीठासीन अधिकारी से मिले स्केच पेन से उम्मीदवार के नाम सामने वरीयता के हिसाब से अंग्रेजी, रोमन या फिर हिंदी में 1, 2 या 3 लिखना होगा। पहली पसंद के उम्मीदवार के सामने 1, दूसरी पसंद के 2 और फिर तीसरी पसंद वाले प्रत्याशी के सामने 3 लिखा जाएगा। उम्मीदवार के नाम के आगे तय कॉलम में ही अंक लिखने हैं। यदि पीठासीन अधिकारी के अलावा अपनी या फिर किसी और पेन से अंक लिखा तो भी वोट अवैध माना जाएगा।

### प्रत्याशी जो मैदान में हैं

ध्रुव कुमार त्रिपाठी, अजय सिंह, विभ्राट चंद कौशिक, अवधेश यादव सपा, नागेंद्र दत्त त्रिपाठी कांग्रेस, देशबंधु शुक्ला, रामजनम सिंह, राम प्रताप राम, रमेश कुमार विमल, अनिल कुमार गौतम, लाल बहादुर यादव, राजीव यादव, अरुण सिंह, नागेंद्र प्रताप सिंह, अनिल कुमार श्रीवास्तव व नरेंद्र सिंह।

### डिवाइडर से टकराई बाइक, चालक की मौत

**गोरखपुर।** गीडा थाना के बरवार चौराहे पर सोमवार सुबह छह बजे एक बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। इससे बाइक सवार गीडा थाना क्षेत्र के ग्राम खरैला निवासी 25 वर्षीय उमेश उर्फ लाला पुत्र जंगी सिंह की मौके पर मौत हो गई । उनके साथ बाइक पर थाना क्षेत्र के ग्राम भरवटिया निवासी सुभाष राजभर पुत्र लालजी गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने उन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। जिन्हें मौके पर पहुंची पुलिस व स्थानीय लोगों ने उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### नि:शुल्क नेत्र शिविर का आयोजन चार को

**अंबेडकरनगर।** आगामी 4 दिसम्बर को टाण्डा विधायक संजू देवी के कैम्प कार्यालय पर नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है। अमर बलिदानी रामबाबू गुप्ता के भतीजे स्व0राममोहन की सातवीं भावपूर्ण पुण्यतिथि पर नि:शुल्क आंखों के ऑपरेशन के कैंप का आयोजन सुनिश्चित है। आप सभी अपने तरह से जरूरतमन्दों को सूचित कर इस सेवा के कार्य से अपने को जोड़े। ज्ञात हो अयोध्या आई हॉस्पिटल के कुशल डॉक्टरों की टीम द्वारा इस नेत्र चिकित्सा कैंप में जांच के पश्चात मरीजों को अपने साथ वाहन से ले जाएगी। मरीजों को अपने साथ आधार कार्ड की छाया प्रति साथ मे ले के आना है।

### जिले में चार में मिला कोरोना का संक्रमण

**अंबेडकरनगर।** जिले में कोरोना का संक्रमण थम नही रहा है। सोमवार को भी चार लोगों में कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई है जबकि दो लोग ठीक होकर अपने घर गये। जिले में सक्रिय मरीजों की संख्या 31 रह गई है। उल्लेखनीय है कि बीते लगभग दो सप्ताह से जिले में कोरोना से संक्रमित मामलों की संख्या दहाई से कम ही आ रही है। संख्या में कमी से स्वास्थ्य महकमे ने राहत की सांस ले रखी है। इसके बावजूद संक्रमित मरीजों के लगातार मिलते रहने से अधिकारी भविष्य में मरीजों के बढ़ने की संभावना से इनकार नही कर रहे हैं। सक्रिय 31 मरीजों में से दस लोग होम आइसोलेशन में रहकर स्वास्थ्य लाभ कर रहे हैं।

### सड़क दुर्घटना में किसान की मौत

**बांगरमऊ उन्नाव।** पोस्टमार्टम के बाद आज दोपहर सड़क दुर्घटना में मृत किसान का शव उसके गांव गपुचियापुर बल्लापुर पहुंचा। शव पहुंचते ही गांव में कोहराम मच गया। बाद में सैकड़ों ग्रामीणों ने क्षेत्र के नानामऊ गंगा तट पर किसान के शव का अंतिम संस्कार किया गया। घटनाक्रम के अनुसार ग्राम बल्लापुर के मजरा गपुचियापुर निवासी शशिकांत बीते रविवार को पैसा आहरित करने बाइक से ग्राम हफीजाबाद स्थित बैंक मित्र की दुकान पर गया था। वापस लौटते समय उन्नाव हरदोई मार्ग पर स्थित ग्राम केशवापुर के निकट किसान शशिकांत की बाइक पहले से ही खड़ी एक ट्रैक्टर ट्राली से जा टकराई। हादसे में किसान की घटनास्थल पर ही मौत हो गई थी।

### मुठभेड़ के दौरान लूट के अन्तजर्नपदीय अपराधी गिरफ्तार

**अंबेडकरनगर।** जैतपुर थाना क्षेत्र में स्थित जनसेवा केन्द्र पर हुई लूट की घटना के आरोपियों को पुलिस ने एक मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ के दौरान जहां दो अपराधी पुलिस की गोली से घायल हो गये वहीं एक पुलिस कर्मी भी बदमाशों के हमलें में घायल हो गया। मुठभेड़ के उपरान्त पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से तीन तमंचा, छः जिन्दा कारतूस,चार खोखा, दो मोटर साइकिल व चार मोबाइल के अलावां जैतपुर में हुई लूट का 19600 रूपया तथा आजमगढ़ जिले के अहिरौला थाना क्षेत्र में हुई लूट का 16 हजार रूपया बरामद किया गया है। पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने बताया कि नेवादा में स्थित जन सेवा केन्द्र से हुई लूट के आरोपियों की तलाश में पुलिस लगातार अभियान चला रही थी। 29 नवम्बर की रात लगभग पौने बारह बजे पुलिस टीम अचल नगर बाजार में रात्रि गश्त पर थी। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि लूट में शामिल पांचो अपराधी अपाची व होण्डा शाइन मोटर साइकिल से फुलवरिया की तरफसे आ रहे हैं। पुलिस ने जब उन्हें रूकने का इशारा किया तो वे भागने लगे। निजामपुर पुलिया के पास पुलिस की अपराधियों से मुठभेड़ हो गई जिसमें सिपाही विपुल मलिक घायल हो गया। जवाबी फायरिंग में रिंकज यादव पुत्र सुरेन्द्र यादव, निवासी वीरमपुर थाना खुटहन जिला जौनपुर तथा सर्वेश उर्फ रिंकू यादव पुत्र सतीराम यादव निवासी ग्राम ओरिल भक्ताना थाना पंवई जिला आजमगढ़ घायल हो गये। इसके अलावां अजीत यादव पुत्र नन्हकू यादव, ग्राम व थाना खुटहन जिला जौनपुर तथा लालू यादव पुत्र शिवप्रकाश यादव ग्राम सुरिससमधीपुर थाना शाहगंज जिला आजमगढ़ को गिरफ्तार कर लिया गया। मुठभेड़ के दौरान रामनाथ यादव पुत्र पवारू यादव निवासी ग्राम दखिखगवा थाना फूलपुर जिला आजमगढ़ भागने में सफल रहा। आरोपियों से मुठभेड़ के दौरान प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार गुप्ता व अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# उद्धव सरकार का एक साल

## ठाकरे ने सीखे राजनीतिक गुर

**उद्धव** ठाकरे सरकार का एक साल पूरा हुआ। इस बीच अनिच्छा से राजनेता बने उद्धव ठाकरे ने राजनीति के कुछ खेलों में महारत हासिल की है। किसी को उनसे शिवसेना सुप्रीमो बाल ठाकरे के वंशज के रूप में में भी ज्यादा उम्मीदें नहीं थीं क्योंकि कुछ खास परिस्थितियों के कारण उनको मुख्यमंत्री पद मिला था। वे प्रतियोगी राजनीति की विपरीत परिस्थितियों में काम कर रहे थे। लंबे समय तक भाजपा ने शिवसेना को बड़ा भााई माना था, लेकिन पिछले साल नवंबर में हुए विधानसभा चुनाव में ज्यादा सीटें मिलने पर उसने मुख्यमंत्री पद मांगा था। उद्धव ठाकरे द्वारा संबंध तोड़ने पर भाजपा को आश्चर्य हुआ था जिन्होंने विपक्षी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-रांकापा व कांग्रेस से गठजोड़ बना कर मुख्यमंत्री पद प्राप्त किया था। आक्रामक ठाकरे परिवार के किसी व्यक्ति से इसकी उम्मीद नहीं थी। लेकिन एक साल बाद उद्धव समुचित गति से अपने रास्ते पर चल रहे हैं। वैचारिक से विविधतापूर्ण साझीदारों के कारण मराठा श्रत्रप की महत्वाकांक्षा उभरने नहीं पाती है तथा इस गठबंधन के जनक समझे जाने वाले रांकापा प्रमुख शरद पवार संतुलन बनाए रखते हैं। इससे उद्धव को अपने 'हिंदुत्व' के बावजूद कांग्रेस से ज्यादा परेशानी का सामना नहीं करना पड़ता है जो अपना अल्पसंख्यक वोटबैंक बनाए रखने के लिए प्रयासरत रहती है। शिवसेना का विद्रोह पचा न पाने वाली भाजपा गठबंधन सरकार के रास्ते में रोड़े डालती रहती है, चाहे वह राज्यपाल के हस्तक्षेप द्वारा हो या केन्द्रीय जांचों के माध्यम से। भाजपा अक्सर उद्धव ठाकरे की प्रशासनिक क्षमता का मजाक उड़ाती रहती है। 9 मार्च को कोविड का पहला मामला आने के बाद से उद्धव ठाकरे को स्वास्थ्यरक्षा व्यवस्था के



सामने आई गंभीर चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। भारत में सबसे ज्यादा मामले महाराष्ट्र से ही हैं। इसके साथ ही प्रवासियों के संकट ने उनको परेशान किया। लेकिन इन सबके बावजूद उद्धव ठाकरे ने धैर्य नहीं खोया और वायरस संक्रमण पर लगाम लगाने के प्रयास जारी रखे जिसमें एशिया की सबसे मलिन बस्ती धारावी ने खासतौर से चुनौती पेश की थी। लेकिन आज मुंबई का प्रदर्शन इस मामले में दिल्ली से बेहतर है और उसने अपनी ढांचागत कमियां दूर की हैं। धारावी में कोरोनावायरस का प्रबंधन एक माडल बन गया है। संक्रमण के कारण सर्वाधिक मौतों वाला राज्य महाराष्ट्र अब इस मामले में भी नियंत्रण पाने में कामयाबी की ओर बढ़ रहा है। रांकापा-कांग्रेस से प्रशासन के सबक सीखने वाले उद्धव ठाकरे को इस बात का श्रेय दिया जा सकता है कि उन्होंने अपनी ओर ध्यान आकर्षित किए बिना दृढ़ इच्छाशक्ति दिखाई है। उन्होंने सक्षम नौकरशाहों को आगे बढ़ाने के साथ नाकारा अधिकारियों को रास्ते से हटाया है तथा कर्मचारियों की क्षमता प्रदर्शन को उनके आंकलन का एकमात्र पैमाना माना है। उन्होंने सार्वजनिक रूप से लाकडाउन के दौरान पुलिस द्वारा बल के अत्यधिक प्रयोग की आलोचना की है तथा अपनी हिंदुत्व पहचान के बावजूद धार्मिक मामलों में निष्पक्ष दृष्टिकोण अपनाया है। इसलिए राज्यपाल कोश्यारी द्वारा 'सेक्युलर' साझीदारों के कारण मंदिर खोलने में विलंब का आरोप लगाने पर ठाकरे ने उचित जवाब दिया। त्योहारों के प्रबंधन में उन्होंने दक्षता दिखाई तथा गणेश महोत्सव को परिसरों के भीतर तक सीमित किया। उद्धव ठाकरे ने स्पष्टवादिता व यथार्थवाद के गुण अपनाये हैं जिन्होंने उनको बहुत लाभ पहुंचाया है। शरद पवार के प्रति उनके सम्मान ने गठबंधन को स्थिर तथा टकराव-रहित बनाया है। लेकिन उनके बेटे आदित्य ठाकरे के चारों ओर एक समूह विकसित हो रहा है। भाजपा उनको नीचा दिखाने के लिए मौके की तलाश में है और पालघर घटना ऐसा ही एक अवसर थी। सौभाग्य से वे इस संकट से मुक्ति पाने में सफल हुए, लेकिन एक अभिनेत्री के कार्यालय में तोड़फोड़ तथा एक पत्रकार की गिरफ्तारी मामले में राज्य सरकार की आलोचना हुई। उद्धव को इन मामलों में उकसावे के बावजूद पक्षपात से बचना चाहिए था। यदि वे अपना कार्यकाल पूरा करना चाहते हों तो उनको निष्पक्ष रहना तथा आक्रामकता से बचाना होगा।

# नगरोटा आतंकी हमले के सबक

हमें नगरोटा में हुए नवीनतम आतंकी हमले से समुचित सबक सीखने चाहिए। इससे भारतीय अवस्थापना में खतरे की घंटी बजनी चाहिए।



**अनिल गुप्ता**
(लेखक रणनीतिक मामलों के विशेषज्ञ हैं)



राष्ट्रीय राजमार्ग 44 पर जम्मू के निकट हुए नवीनतम नगरोटा हमले में भारी हथियारों से लैस चार पाकिस्तानी आतंकी मुठभेड़ में भारतीय सुरक्षा बलों द्वारा मार गिराए गए। इससे एक बार फिर यह तथ्य स्पष्ट हुआ है कि पाकिस्तान में 'डीप स्टेट' लगातार प्रभावी बना हुआ है ओर वह भारत को हजारों घाव देने की नीति पर चल रहा है। अतीत में इसी राजमार्ग पर ऐसी ही मुठभेड़ें हुई हैं। पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा का प्रयोग न केवल आतंकियों, बल्कि नशे के व्यापारियों की घुसपैठ के लिए करता है क्योंकि इससे उसे जम्मू कश्मीर के साथ पंजाब तक पहुंच बनाने में सहायता मिलती है। जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 समाप्त होने के बाद पाकिस्तान यहां हालत बिगाड़ने के लिए परेशान है और उसके प्रयास कई गुना बढ़ गए हैं। भारतीय सेना ने वास्तविक नियंत्रण रेखा-एलएसी पर बहुत कठोर घुसपैठ-विरोधी संजाल बनाया है तथा उसने घाटी में आतंक-विरोधी अभेद्य नेटवर्क भी तैयार किया है। इससे पाकिस्तानी सेना ने अब अंतरराष्ट्रीय सीमा-आईबी पर ध्यान दिया है और वह काफी सीमा तक सफल भी हुआ है।

पाकिस्तान अपने इतिहास के सर्वाधिक कठिन चरण में है। क्षेत्रीय पहचानें देश में सिर चढ़ कर बोल रही हैं और केवल पाकिस्तानी सेना ही राष्ट्रीय पहचान का प्रतीक बनी है। सेना इसका वास्तविक शासक के रूप में लाभ भी उठा रही है। देश की रक्षा और विदेश नीति निर्धारित करने वाली पाकिस्तानी सेना ने भारत को अस्तित्व पर खतरे की तरह पेश किया है। आतंकवाद उसकी राज्य नीति का अंग बना हुआ है तथा कश्मीर सेना की सर्वोच्चता का प्रमुख कारण है। राजनीतिक व आर्थिक रूप से पाकिस्तान गंभीर संकट में है तथा प्रधानमंत्री इमरान खान पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट-पीडीएम के अंतर्गत एकजुट 11 विपक्षी दलों के निशाने पर हैं जिसका नेतृत्व बेनजीर भुट्टो कर रही हैं। सेना प्रमुख जनरल बाजवा और आईएसआई प्रमुख की भी खिंचाई हो रही है। इससे सेना को जनता में अपनी छवि के बारे में चिन्ता पैदा हो गई है। तुर्की से इमरान खान की बढ़ती नजदीकी के कारण सऊदी अरब ने पाकिस्तान को खैरात देना बंद कर दिया है जिससे अर्थव्यवस्था संकट का शिकार है। बेरोजगारी और महंगाई तेजी से बढ़ी है और इमरान खान इनसे निपटने के लिए कुछ नहीं कर रहे हैं। पाकिस्तानी अपनी सरकार द्वारा चीन के सामने पूरी तरह झुकने से भी नाराज हैं।

बलूचिस्तान में बढ़ती अशांति, खैबर पख्तूनख्वा में अराजकता तथा पाक अधिकृत कश्मीर व गिलगिट बाल्टिस्तान में बढ़ते विद्रोह के साथ ही पीडीएम के विरोध प्रदर्शन से सिंध में भी नाराजी बढ़ रही है। स्थानीय लोगों ने गिलगिट-बाल्टिस्तान को पांचवां प्रांत बनाने के लिए हुए चुनाव का भारी विरोध किया है। क्षेत्र की स्वतंत्रता के लिए बलवारिस्तान आंदोलन तेज हुआ है। इनसे पाकिस्तान में अस्थिरता बहुत बढ़ गई है। पाकिस्तानी सेना पर चीन की ओर से भारी दबाव है कि वह भारतीय सेना के प्रति आक्रामकता बढ़ाए। इससे बार-बार बिना उकसावे के युद्धविराम उल्लंघन तथा आतंकियों को घुसपैठ कराने के प्रयास तेज हुए हैं। इससे पाकिस्तान अपने देश में जनता का ध्यान हटाने तथा कश्मीर को अंतरराष्ट्रीय समुदाय के समक्ष समस्या के रूप में पेश करने का प्रयास कर रहा है। पाकिस्तान द्वारा किया जाने वाला नाभिकीय ब्लैकमेल अब बेअसर हो गया है। अत: पाकिस्तान सरकार का ध्यान प्रमुखत: कश्मीर पर है जहां हर शांतिपूर्ण दिन के साथ उसकी बेचैनी बढ़ती तथा प्रासांगिकता समाप्त होती जा रही है। इसी कारण कश्मीर में जिला विकास परिषद चुनाव के ठीक पहले 750 किलो आरडीएक्स व भारी हथियारों के साथ आतंकियों ने घुसपैठ की थी जिनको नगरोटा में मार गिराया गया।

चीन भी पाकिस्तान पर दबाव डाल रहा है कि वह कश्मीर में अशांति बनाए रखे। वह गिलगिट-बाल्टिस्तान पर अपना शिकंजा बनाए रखना चाहता है। इसलिए नगरोटा में भारत को मिली सफलता के बावजूद पाकिस्तानी प्रयासों में कोई कमी नहीं आएगी। हमें यथासंभव पाकिस्तानी 'डीप स्टेट' को ऐसे हमलों से विरत करना होगा। आईबी हमारी कमजोरी बना हुआ है और इसकी रक्षा की जिम्मेदार सीमा सुरक्षा बल-बीएसएफ को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। घुसपैठ के पहले सुरंगों का पता न लगा पाना एक विफलता है। भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचने के सक्रिय प्रयास करने होंगे। पता लगाना होगा कि कहीं इस विफलता का कारण संसाधनों, पेशेवर व्यवहार या गंभीरता की कमी तो नहीं है। सरकार बीएसएफ पर करोड़ों रुपये खर्च करती है ताकि वह घुसपैठ रोक सके। इनमें दुर्गम स्थलों के लिए समग्र समन्वित सीमा प्रबंधन व्यवस्था-सीआईबीएमएस शामिल है। कुछ समय पहले बीएसएफ अधिकारियों ने मीडिया के सामने एक ट्रैक्टर पेश किया था जो सुरंगों का पता लगाने के लिए बनाया गया था। इसके साथ ही कुछ आयातित सुरंग खोजी उपकरणों का दावा किया गया था। बीएसएफ को सेस्मिक सेंसर भी दिए गए हैं जो धरती के नीचे होने वाली किसी गतिविधि का पता लगा सकते हैं। 150 मीटर लंबी सुरंग खोदने का पता इन सेंसरों से चल सकता था। इन सुरंगों का दुहरा उद्देश्य है। बीएसएफ जानती है कि इनका प्रयोग आतंकियों के साथ ही नशीले पदार्थों की स्मगलिंग के लिए भी होता है। आखिरकार सुरंग मिलने का मामला सार्वजनिक क्यों किया गया, जबकि इस पर निगरानी रखी जा सकती थी। हमें स्वीकार करना चाहिए कि आईबी की निगरानी में कुछ कमियां हैं जिनको दूर करना जरूरी है।

कश्मीर में अशांति बनाए रखने के पाकिस्तानी प्रयासों को देखते हुए आईबी पर विशेष ध्यान देना होगा जो पाकिस्तान से घुसपैठ का माध्यम बन रही है। सबसे पहले बीएसएफ को रात में तैनाती और मुठभेड़ की रणनीति पर विचार करना होगा। उसे अनुमान पर आधारित न रह कर मजबूत तैनाती करनी होगी। दिन में गश्त के लिए उसे खोजी उपकरणों का प्रयोग करना होगा। हमें सीआईबीएमएस के प्रयोग से सुनिश्चित करना होगा कि 'कोई खाली स्थान' न बचे। इसमें पड़ोसी इकाइयों को भी खाली स्थानों की निगरानी हेतु समन्वय बनाना होगा। आतंकी नौ किलोमीटर पैदल चल कर राजमार्ग पर एक ट्रक पर सवार होकर नगरौटा पहुंचे। चिन्ता की बात है कि इस बीच किसी ने उनको चुनौती नहीं दी। इससे स्पष्ट है कि राष्ट्रीय राजमार्ग से सटे क्षेत्रों में निगरानी व सतर्कता बढ़ानी होगी। राजमार्ग पर सशस्त्र गश्ती बलों को तैनात करना ठीक रहेगा। आशंकाओं से बचने के लिए मोबाइल जांच नाकों की व्यवस्था होनी चाहिए। चौबीसों घंटे व सातों दिन काम करने वाले कैमरों के साथ ही राष्ट्रीय राजमार्ग में खास स्थानों पर होल बाडी स्कैनरों को लगाया जाना चाहिए।

इन क्षेत्रों में सेवानिवृत्त सैनिक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। सीमा रक्षा स्वयंसेवी बल के माध्यम से क्षेत्र में निगरानी और गश्त मजबूत की जा सकती है। इनकी स्थापना पूर्व-सैनिक कर सकते हैं। इनको राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों ओर तैनात कर पांच से दस किलोमीटर क्षेत्र पर नजर रखी जा सकती है जो आईबी से इनकी दूरी पर निर्भर करेगा। इससे स्थानीय पुलिस के काम में भी सहायता मिलेगी। वास्तविक नियंत्रण रेखा-एलएसी तथा अंतरराष्ट्रीय सीमा-आईबी पर सभी सीमा रक्षा बलों में कमांड व कंट्रोल की गंभीर समीक्षा तत्काल शुरू होनी चाहिए।

प्रभावी कमांड व कंट्रोल के लिए इनको रक्षा मंत्रालय तथा स्थानीय सेना संरचना के आधीन लाया जाना चाहिए। वर्तमान व्यवस्था की कमियां बार-बार सामने आ रही हैं। राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा राजनीति का शिकार नहीं होना चाहिए। नगरोटा में हुई हालिया मुठभेड़ की तरह अतीत में भी आतंकियों से मुठभेड़ें हुई हैं। इससे भारतीय अवस्थापना में खतरे की घंटियां बजनी चाहिए तथा हमें समुचित सबक सीखने चाहिए। पाकिस्तान बदलने वाला नहीं है, अत: हमें आतंकवाद के प्रति पूर्ण अस्वीकार्यता को देखते हुए स्वयं को बदलना होगा।

# क्या अब पश्चिम की ओर देखेगा भारत?

> आरसीईपी की सदस्यता को नकार कर हमने चीन को एशियाई देशों के साथ उसकी अर्थव्यवस्था को एकीकृत करने का रास्ता दे दिया है।

**संजीब पोहित**
(लेखक एनसीएईआर में प्रोफेसर हैं)



एशिया-प्रशांत क्षेत्र में अपने विस्तारित पड़ोस पर ध्यान केंद्रित करते हुए, ''पूर्व की ओर देखो'' नीति वर्तमान दशक में भारत के राजनय का प्रमुख पक्ष रही है। यद्यपि मूल रूप में इसे आर्थिक पहले माना गया था, हालिसा वर्षों में, इसने वार्ता एवं सहयोग के लिए संस्थात्मक व्यवस्था की स्थापना समेत, राजनीतिक, सामरिक एवं सांस्कृतिक आयाम हासिल किए हैं। भारत ने इंडोनेशिया, वियतनाम, जापान, कोरियाई गणराज्य, आस्ट्रेलिया, सिंगापुर और दक्षिण-पूर्वी देशों के संघ (एसियान) के साथ रणनीतिक साझीदारी के तहत अपने संबंधों को उच्चीकृत किया है और इस प्रकार, एशिया-प्रशांत क्षेत्र में सभी देशों के साथ नजदीकी रिश्ते बनाए हैं। आगे, एसियान, पूर्व एशिया सम्मेलन एवं एसियान क्षेत्रीय फोरम के अलावा, यह बहु-क्षेत्रीय तकनीकी एवं आर्थिक सहयोग हेतु बंगाल की खाड़ी पहल (बिम्सटेक), एशिया सहयोग संवाद, मीकांग-गंगा सहयोग (एमजीसी) एवं हिंदमहासागर रिम संघ (आईओआरए) सरीखे क्षेत्रीय मंचों पर सक्रिय रूप से संलिप्त रहा है। ''पूर्व की ओर देखो'' नीति में अवसंरचना, विनिर्माण, व्यापार, कौयाल, नगरीय पुनरीकरण, स्मार्ट शहर, मेक इन इंडिया व अन्य पहलकदमियों पर हमारे घरेलू एजेंडे के लिए भारत-एसियान सहयोग पर बल दिया है। ध्येय है आर्थिक सहयोग, सांस्कृतिक संबंधों को बढ़ावा देना एवं द्विपक्षीय, क्षेत्रीय एवं बहुकारकीय स्तरों पर एशिया-प्रशांत देशों के साथ सामरिक संबंधों को आगे विकसित करना।

उससे आगे बढ़कर, भारत ने कई एसियान देशों के साथ क्षेत्रीय व्यापार समझौते तथा समग्र आर्थिक जुड़ाव विकसित किए। उनमें प्रमुख हैं एसियान, मलेशिया, जापान, सिंगापुर, थाइलैंड, आप्टा (बांग्लादेश, चीन, कोरिया, लाओस और श्रीलंका) व दक्षिण कोरिया के साथ क्षेत्रीय व्यापार समझौते। हालांकि, भारत ने क्षेत्रीय समग्र आर्थिक साझीदारी (आरईसीपी) अथवा वृहत व्यापार समग्र में शामिल न होने का निर्णय लिया है। यह आस्ट्रेलिया, ब्रुनेई, कंबोडिया, चीन, इंडोनेशिया, जापान, लाओस, मलेशिया, म्यांमार, न्यूजीलैंड, फिलीपींस, सिंगापुर, दक्षिण कोरिया, थाइलैंड और वियतनाम जैसे एशिया-प्रशांत देशों के बीच एक मुक्त व्यापार समझौता है। इन 15 देशों में विश्व की लगभग 30 प्रतिशत जनसंख्या निवास करती है और इस वर्ष तक वैश्विक जीडीपी में इनका हिस्सा 30 प्रतिशत है, जो इस समूह को इतिहास का सबसे बड़ा व्यापार समूह बना देता है।

डर इस बात का है कि भारत की कृषीय एवं विनिर्मित वस्तुएं विदेशों से होने वाले सस्ते आयातों से प्रतिस्पर्धा नहीं कर पाएंगी। निश्चित रूप से, प्रसंस्कृत कृषि उत्पादों एवं विनिर्मित वस्तुओं के निर्माताओं के हितों का संरक्षण करने वाले बहुत से संघ नीति नियंताओं के निर्णयों में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं। इसके विपरीत, भारत का सेवा क्षेत्र, जो निस्संदेह बड़ी बाजार तक पहुंच पाकर लाभान्वित हुआ होता, अपने पत्ते ठीक से नहीं खेल पाया। भारत का व्यापार घाटा, जो वर्तमान आरटीए के कारण एसियान देशों के साथ पहले ही नकारात्मक है, आगे और बिगड़ जाएगा और ऐसे में देश के हितों पर निर्णय लेने में संतुलन आरईसीपी में शामिल होकर सही नहीं रह पाएगा।

दीर्घकाल में, इस निर्णय से भारत को कई तरह से चोट पहुंचेगी। सर्वप्रथम, जब आपका आरसीईपी के कई सदस्य देशों के साथ क्षेत्रीय व्यापार समझौता है, तो ऐसे में उस तीसरे देश से व्यापार रोकना बहुत कठिन होगा जो इन देशों से होकर जा रहा हो जिनके साथ हमारा वर्तमान समझौता है। उदाहरण के लिए, चीन से आयात एसियान सदस्यों सथा वियतनाम और मलेशिया के रास्ते हो सकते हैं जिनके साथ हमारा क्षेत्रीय व्यापार समझौते हैं। निश्चित रूप से, यह तर्क दिया जा सकता है कि उत्पत्ति के नियम का क्लाज इस प्रवाह को रोकेगा। हालांकि, यथार्थ में, उत्पत्ति के नियम का क्लाज तीसरे देश से आयातों को रोकने योग्य प्रभावी नहीं होता है। दूसरे, भारत वैश्विक मूल्य श्रंखला का हिस्सा बनने का स्वर्णिम अवसर खो रहा है। यदि बहुराष्ट्रीय कम्पनियां अपनी मूल्य श्रंखलाओं से चीन से हटाकर अन्य देशों में ले जाने पर विचार कर रही हैं, तो वे वियतनाम सरीखे किसी भी आरसीईपी सदस्य के साथ जा सकती हैं। यह फायदे वाली स्थिति होगी क्योंकि उनकी पहुंच बड़े बाजार तक हो जाएगी और उत्पादन के पैमाने वाली अर्थव्यवस्थाओं से भी उन्हें लाभ पहुंचेगा। यही बात यूरोपीय संघ अथवा अमेरिकी फर्मों से आने वाले नए निवेशों पर भी लागू होती है। आमतौर पर दलील यह दी जाती है कि भारत के पास जनसंख्या लाभांश है और बहुराष्ट्रीय कम्पनियां उत्पादन आधार को सपाट बनाने के लिए यहां आएंगी। आय की असमानताओं को देखते हुए, जनसंख्या के एक अहम हिस्से के पास नौकरियां नहीं है और इस कारण उपभोक्ता वस्तुएं खरीदने योग्य आमदनी भी नहीं है। जनसंख्या लाभांश से फायदा तभी होगा जब लोगों के पास रोजगार हो अथवा यह जनसंख्या समाज पर बोझ बन जाती है।

तीसरे, सेवा क्षेत्र, जहां भारत तुलनात्मक रूप से लाभ की स्थिति में है, इस निर्णय के कारण नुकसान में रहेगा। चौथे, यह निर्णय दीर्घकालीन प्राप्तियों के आधार पर होना चाहिए था अल्पकाल में उच्च व्यापार घाटे पर नहीं। इस समूह में शामिल होकर, हो सकता है अल्पकाल में भारतीय उद्योग को नुकसान पहुंचता। लेकिन अंत में, वे और अधिक प्रतिस्पर्धात्मक हो जाते, जिससे विश्व बाजार में अवसरों के द्वारा खुलते। उपभोक्ताओं के लिए भी लाभकारी स्थिति होती, क्योंकि उनकी पहुंच विविध प्रकार की वस्तुओं तक सस्ते मूल्यों पर हो जाती। लेकिन, उपभोक्ताओं के हितों के लिए कोई लॉबी नहीं होती।

पांचवां, क्या यह यथार्थ रूप में संभव है कि पूर्व के वृहत व्यापारिक क्षेत्र में प्रवेश किए बगैर पूर्व की ओर देखों नीति चरितार्थ हो पाएगी? आरसीईपी की सदस्यता को नकार कर हमने चीन को एशियाई देशों के साथ उसकी अर्थव्यवस्था को एकीकृत करने का रास्ता दे दिया है। हो सकता है अब भारत पश्चिम की ओर देखे।

## आप की बात

### चीन की मानसिकता

**देश** दुनिया मे कोरोना वायरस की देन चीन है ये सभी को मालूम है।औ विश्व के कई देशों में चीन प्रायोजित कोरोना संक्रमण महामारी ने जीना दूभर किया है। इसके पश्चात चीन अपनी बचकानी हरकतों व बयानों से बाज नही आ रहा है। चीन की झूठ बोलने की मिसाल समाचार पत्र में सुर्खियों में है। चीन की नई चाल यह है कि भारत ने फैलाया कोरोना। कोरोना वायरस को लेकर चीन का नया झूठ हास्यपद व विचारणीय लगता है। चीनी वैज्ञानिक भारत पर आरोप लगा रहे। चाइनीज एकेडमी ऑफ साइंस के वैज्ञानिकों ने दावा किया कि कोरोना वायरस भारत मे पैदा हुआ। समझ से परे लगता है कि चीन का दुसाहस गले नही उतरता की भारत मे कोरोना वायरस पैदा हुआ। अरे भारत में तो संस्कति सभ्यताओं का जन्म हुआ है।हमारी देवभूमि, ऋषियों, मुनियों की वो धरा है जंहा जन्म लेने वाला अपने आप को भाग्यशाली समझता है। भारत देश दुनिया मे शांति, सद्भावनाओं, और भाईचारा, एकता, अखण्डता, की खुशबू फैलाता है। आप जैसे कोरोना संक्रमण नही फैलाता। चीन की मानसिकता, और बौखलाहट से ऐसा लगता है कि चीन की नीति रीतियों का अब कोई वजूद, वर्चस्व नही बचा। चीन को भारत के लिए बयान बाजी करने से पहले सोचना चाहिए।

– **योगेश जोशी**, बड़वाह, मप्र

### जियो और जीने दो

**हमारे** समाज मे दिनों दिन क्राइम बढ़ रहा है। लोग एक दूसरे की जान के पीछे पड़े हैं। जो आप ज़िन्दगी का लुफ्त उठा रहे हैं, ये बहुत ही कीमती है। आध्यात्म के अनुसार हमे मानव जीवन चौरासी लाख योनियों के बाद मिलता है। लेकिन आज के रोजमर्रे के जीवन में, हमारी ज़िंदगी को कोई और चला रहा है। इसे मदारी के तरह नचा रहा है। आज हम स्वतंत्र नहीं महसूस कर रहे हैं, जिसकी वजह से आत्महत्या जैसे भयंकर कष्टपूर्ण कार्य को अंजाम दिया जा रहा है। घर मे बच्चों पे मानसिक दबाब बनाया जाता है। हमारे पेरेंट्स कहते है तुम डॉक्टर बनो, इंजीनियर बनो लेकिन हमारी इच्छा कोई और चीज़ बनने की होती है।यही कारण है कि आज के तारीख में अधिकतर बच्चे आत्महत्या के रास्ते चल पड़े है। इसलये अपने बच्चों से उसके जीवन का उद्देश्य जाने और उसे वही करने की स्वतंत्रता प्रदान करे, जिसे वो करना चाह रहा है। आज के तारीख में हम अपनी बातों को रखने में असहज महसूस कर रहे है। अगर हम किसी पोलिटिकल पार्टी या और भी किसी दबंग के खिलाफ कुछ बोलते हैं तो अपनी जान के लिए भीख मांगनी पड़ती है जबकि गलत वो है। जरा सोचिए हमे अपनी बात रखने की भी स्वंतत्रता नहीं है।

– **सचिन आनंद**, पनसलवा, खगड़िया


### किसान क्यों परेशान

**भारत** किसान प्रधान देश है। जय जवान जय किसान का नारा देने वाला देश है किसान रहो परेशान का काम कर रहा है। ये अत्यंत दुखद है। पिछले महीने केंद्र सरकार ने तीन कृषि विधेयक को पास कराकर कानूनी जामा पहना दिया।ऐसा पहली बार नहीं हुआ जब सरकार बिना किसान की सलाह मशवरा लिए बगैर और संसद में बिना चर्चा के विधेयक को कानून में तब्दील करी है। सरकार और कुछ लोगों का मानना है कि पंजाब के सिक्ख समुदाय के लोग ही क्यों इसका प्रदर्शन कर रहे? क्या उन्हें ही इससे परेशानी है? या फिर कृषि कानून के नाम पर खालिस्तान की मांग को बढ़ावा दे रहे? ऐसा बिल्कुल भी नहीं है जो लोग इस तरह की मानसिकता के साथ किसान पर हो रहे परेशानियों को राजनीति के तवे पर रोटी सेकने का काम कर रहे, वे खुद देश के अन्नदाताओं पर प्रश्नचिन्ह खड़ा कर रहे। ये समस्या सिर्फ किसानों की नहीं बल्कि हर उस नागरिक की है जो रोजमर्रा का कामगार है। ऐसे में इसको निजीकरण का जामा न पहना कर, किसानों को उनके हित और देश के हित में कार्य किए जाएं।

– **अमन जायसवाल**, दिल्ली

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया




**भारतीय** सीरम संस्थान की टीम से अच्छी बातचीत हुई। उन्होंने वैक्सीन विनिर्माण में तेजी लाने को लेकर विवरण साझा किए।

– **नरेंद्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**पंजाब** के मुख्यमंत्री विरोध भड़का रहे हैं। उनके पदाधिकारी उसकी अगुवाई कर रहे हैं। उनसे संपर्क करने का प्रयास किया मगर कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली।

– **मनोहर लाल खट्टर**
हरियाणा के मुख्यमंत्री



**जिस** तरह हरियाणा के मुख्यमंत्री ने किसानों के साथ बर्ताव किया है उसकी वजह से मैं उनके फोन कालों का जवाब भी नहीं दूंगा।

– **कैप्टन अमरिंदर सिंह**
पंजाब के मुख्यमंत्री

# देव दीपावली पर पीएम ने दिया शांति व विकास का संदेश

**● गुरुनानक देव सोशल रिमार्फ और महात्मा बुद्ध के शांति के संदेश आत्मीय**





**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी देव दीपावली पर महात्मा बुद्ध के शांति संदेश गुरू नानक के सोशल रिफार्म की सम्बोधन की शुरूआत किया। काशी की जनता को विदेश चोरी गई माता अन्नपुर्णा की मूर्ति पुन: प्राप्ति का संदेश सुनाया। पीएम ने 107 साल साल बाद माता अन्नपूर्णा की मुर्ति वापसी का प्रयास नहीं किए जाने के लिए पूर्व की सरकारों को आड़े हाथ लिया। पीएम ने कहा अब मां अन्नपूर्णा की मुर्ति काशी को समर्पित होगी।

काशी जनता को को सम्बोधित करते हुए पीएम ने कहा कि देवाधिदेव महादेव ने कार्तिक पूर्णिमा के दिन ही अत्याचार व आतंक के प्रतीक असुर का अंत कर देवताओं को विजयश्री दिलाई थी। अत्याचार का अंत होने पर देवताओं ने महादेव की नगर काशी में दीवाली मनाई जिसके बाद यहां देव दीपावली मनाया जाता है। यह देवों दीवाली है जिसे देव दीपावली कहा जाता है। यहां आज भी देवताओं का वास है जो आज भी बनारस में दीवाली मना रही है। संतो ने लिख है काशी के लोग ही देव स्वरूप है। काशी के नर-नारी देवी व शीव के रूप है इसलिए इन चौरासी घाटों पर दीपों को देवता ही प्रज्जवलित कर रहे हैं। देवता ही प्रकाश फैला रहे हैं। ये प्रकाशमान दीये देश के लिए प्राण न्यौछावर करने वाले वीर शहिरों के लिए जल रहे हैं। काशी की भावना देव दीपावली का यह पक्ष गौरवान्वित करता है। देश की रक्षा में शहिद होने वाले मां भारती के सपूतों को पीएम ने नमन किया। बात चाहे सीमा पर घुसपेठ का दुस्साहस करने करने वाले अथवा भीतर से देश को तोड़ने की शाजीश चरने वाले की बात हो मुहतोड़ जवाब दिया जा रहा है। देश अब गरीबी, अन्याय, भेद-भाव के खिलाफ बदलाव के दिये जला रहा है। आज गरीबों को उनके जिले व गांव में रोजगार के लिए रोजगार दिया जा रहा है। किसानों को उनके बिचौलियों से आजादी मिल रही है। रेहड़ी, पटरी, ठेले वालों को



पुंजी देने के लिए बैंक आगे आ रहे हैं। काशी में स्वनिधि योजना के तहत लोगों को रोजगार में मदद मिल रही है। आज देशवासी लोकल के लिए वोकल हो रहे हैं। इस दौरान पीएम मोदी ने वोकल फॉर लोकल का नारा लगवाया। मोदी ने दीवाली पर लोकल फॉर वोकल के लिए जनता की तारीफ करते हुए इसे जीवन का हिस्सा बनाने की बात कही। पीएम ने कहा कि पर्व गरीबों की सेवा का माध्यम बन रहे हैं। गुरूनानक को याद करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि गुरू नानक देव ने अपना जीवन गरीब और वंचीत की सेवा में लगा दिया। काशी का गुरूनानाक देव से पुराना संबंध है। गुरूनानक देव ने लम्बा समय काशी में व्यतीत किया था। काशी का गुरूद्वारा इसका साक्षी है।

गुरूनानक देव सामाजिक रिफार्म के जनक थे। राष्ट्र हित में बदलाव होते हैं तो विरोध के स्वर जरूर उठते है। जब सुधारो की हकीकत सामने आती है तो सब ठीक हो जाता है। जब काशी के विकास की बात हुई तो विरोध करने वालों ने विरोध के लिए विरोध किया था। जब काशी ने तय किया था बाबा के दरबार तक काशी कारोडर बनेगा, श्रद्धालुओं के लिए सुविधा बढ़ेगी उसका भी विरोध हुआ था लेकिन बाबा काशी विश्वनाथ की कृपा से यहां विकास हो रहा है। बाबा का सदियों पुराना स्वरूप सफल आकार ले रहा है।

पीएम मोदी ने कहा कि नेक नियति से किए जाने वाले कार्य विरोध के बावजूद सिद्ध होते हैं। श्रीराम मंदिर से बड़ा उदाहरण क्या होगा। विपक्ष का नाम लिए बगैर नरेन्द्र मोदी ने कहा कि श्रीराम मंदिर निर्माण कार्य को लटकाने के लिए क्या कुछ नहीं किया गया लेकिन जब रामजी ने चाह लिया तो मंदिर बन रहा है। अयोध्या, काशी और प्रयाग का ये क्षेत्र आध्यात्मिकता के साथ पर्यटन के लिए विश्व को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। काशी विश्वनाथ धाम के साथ दुर्गाकुण्ड जैसे धर्म स्थलों का विकास किया गया। घाटों की तस्वीर तेज गति से बदल रही है। सुबहे बनारस को नई आभा दी है। गंगा जल अब निर्मल हो रहा है। यही तो सनातन अवतार है। यही तो सदा बना रहने वाला रस (बनारस) है। सारानाथ में पर्यटन और बुद्ध की शिक्षा को बढावा देने की मांग पुरी हो गई है। भगवान बुद्ध के दया व करूणा का संदेश साकार हो रहा है। दुनिया अशांति आतंक से परेशान है ऐसे में भगवान बुद्ध के संदेश जरूरी है। पीएम मोदी ने कहा कि वैर से वैर शांत नहीं होता। देव दीपावली देवत्व का संदेश है। हमारा मन दीपों की तरह जगमगा उठे और विकास के पथ प्रसस्त हों। करूणा का भाव स्वयं में समाहित करें। प्रकाश की ये उर्जा देश के संकल्पों को सिद्ध करेगी। आत्म निर्भर की यात्रा शुरू की है उसे पुरा करेंगे। पीएम ने कोरोना काल सेवा के लिए सभी का धन्यवाद किया। मोदी ने विश्वास दिलाया वे जन सेवा में कोई कमी नहीं रहने देंगे। जय काशी और जय मां भारती के नारे से पीएम ने सभा का समापन किया।

# श्रृंगार संग संपन्न हुई मां गंगा की आरती



**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**कार्तिक** पूर्णिमा के दिन आयोजित होने वाला देव दीपावली पर्व पूरे दुनिया के लिए अद्भुत एवं अलौकिक है। कार्तिक पूर्णिमा को काशी के जान्हवी के तट पर मनाए जाने वाले देव दीपावली पर्व को पूरी भव्यता, आकर्षणता एवं अलौकिकता के साथ मनाया गया। वाराणसी के दशाश्वमेध घाट पर गंगोत्री सेवा समिति द्वारा भव्य महाआरती सम्पन्न हुई। भव्य आयोजन की शुरुआत वैदिक परम्पराओं के अनुसार मंगला चरण के साथ शास्त्रोक्त विधि से पूजन के तदुपरांत 51 लीटर गाय के दूध से माँ गंगा के दुग्धाभिषेक से हुआ। अभिषेक के बाद दशाश्वमेध घाट के पवित्र सीढ़ियों और मढी पर 21 ब्राम्हणों द्वारा गंगा महाआरती किया गया। ब्राह्मणों के साथ रिद्धि और सिद्धि के रूप में चवर डुलाया। घाट पर माँ गंगा के अष्टधातु की 108 किलो की प्रतिमा का विशेष श्रृंगार हुआ। इसी क्रम में केदार घाट के सीढ़ीओ पर तीन आरती सम्पन हुई। पुलिस के शहीद हुए जवानों की याद में अश्विन पूर्णिमा से जल रही आकाशदीप का समापन दीपदान संग किया गया। आयोजन में मुख्य रूप से सेन्ट्रल बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक अनिल कुमार यूको बैंक के अंचल प्रमुख घनश्याम परमार, अरविन्द सिंह, संस्था के संस्थापक किशोरी रमण दुबे के साथ दिनेश शंकर दुबे गंगेश्वर धर दुबे, कन्हैया त्रिपाठी, शांतिलाल जैन रामबोध सिंह, संजय गुप्ता और संकठा प्रसाद आदि लोग शामिल रहे।

# मांखी कांड: रेप पीड़िता के वकील महेंद्र की मौत

**● पूर्व विधायक कुलदीप के विरुद्ध कर रहे थे पीड़िता की पैरवी**

**● पीड़िता के साथ पिछले वर्ष रायबरेली जिले में हुए एक सड़क हादसे में हुए थे घायल, तभी से चल रहा था इलाज**

**उन्नाव।** जिले में चर्चित हुआ माखी कांड जिसमें पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर तिहाड जेल में आजीवन सजा काट रहे हैं। इस मामले में दुष्कर्म पीड़िता के अधिवक्ता रहे महेन्द्र सिंह की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। अधिवक्ता महेन्द्र पीडिता के साथ रायबरेली जा रहे थे, तभी रास्ते में हुए एक सड़क दुर्घटना में वह पीडिता के साथ में घायल हो गये थे और तभी से वह बिस्तर पर ही थे। रायबरेली जिले में पिछले वर्ष घटित हुए सड़क हादसे के बाद से ही उनका इलाज चल रहा था। पहले लखनऊ फिर दिल्ली में पीडिता के साथ ही महेन्द्र का इलाज चला था। जहां ज्यादा समय तक महेन्द्र कोमा में ही थे। महेन्द्र की मौत की सूचना पर अस्पताल पहुंचे वकीलों ने दु:ख व्यक्त किया।

पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर के विरूद्ध वादी पक्ष की पैरोकारी करने वाले अधिवक्ता महेंद्र सिंह की सोमवार को जिला अस्पताल में इलाज के लिए लाए जाने के दौरान रास्ते में ही मौत हो गई। विधायक पर दर्ज दुष्कर्म मामले की अधिवक्ता महेन्द्र पैरवी कर रहे थे। पिछले वर्ष पीड़िता के रायबरेली जेल में बंद चाचा से मिलने जाते समय कार एक्सीडेंट में वह पीडिता के साथ ही गंभीर रूप से घायल हो गए थे। जिसके बाद से ही वह ऑन बेड इलाज ले रहे थे। बताते हैं घर पर तबियत बिगड़ने पर उन्हें गांव से जिला अस्पताल लाया गया था जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोसित कर दिया। सीएमएस बीबी भट्ट ने बताया कि सुबह करीब ग्यारह बजे परिजन लेकर जिला अस्पताल आए थे। चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोसित किया था।

पिछले वर्ष रायबरेली जिले में घटित हुए मार्ग दुर्घटना के दौरान पीड़िता रायबरेली जेल में बंद अपने चाचा से मिलने कार से जा रही थी। कार में उनके साथ अधिवक्ता महेंद्र सिंह, चाची और मौसी भी सवार थे। रायबरेली से पहले ट्रक ने कार में टक्कर मार दी थी। कार में सवार चाची और मौसी की मौत हो गई थी, जबकि पीड़िता और अधिवक्ता गंभीर रूप से घायल हो गए था। लखनऊ और फिर दिल्ली में इलाज पूरा होने के बाद अभी कुछ माह पहले ही उन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया था। जिस मामले में अधिवक्ता महेन्द्र पैरवी कर रहे उसमें माखी गांव की रहने वाली युवती ने नौकरी देने के नाम पर पूर्व विधायक कुलदीप सेंगर पर दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। मामले में पीडिता के पिता मौत के बाद सुर्खियों मे आए प्रकरण की जांच सीबीआइ को सौंप दी गई थी। तब सीबीआइ ने आरोपित कुलदीप सेंगर को गिरफ्तार किया था। रायबरेली में घटित हुई इस घटना के बाद सुप्रीम कोर्ट ने प्रकरण का संज्ञान लेकर मामलों की सुनवाई दिल्ली की तीस हजारी कोर्ट में ट्रांसफर किया था। कोर्ट में सुनवाई के बाद पूर्व विधायक कुलदीप सेंगर को कैद की सजा सुनाई गई थी।

# आस्थावानों ने पंचगंगा घाट पर लगायी गंगा में डुबकी, किया बिन्दु माधव का दर्शन-पूजन



**● कार्तिक पूर्णिमा को बिन्दु माधव मंदिर में विष्णु हरि को मलाई-मक्खन की लगी भोग**

**● श्रद्धालुओं ने गंगा-स्नान कर भागीरथी को किया दीपदान**

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**कार्तिक पूर्णिमा** पर पुण्य की डूबकी लगाने के साथ आस्थावानों का रैला सुबह से ही काशी के पंचगंगा तट पर उमड़ा तो प्रमुख गंगा घाटों पर स्नान-ध्यान और पुण्य के साथ पंचगंगा के ऊपर माधव बिन्दु मंदिर में दर्शन-पूजन का दौर कपाट खुलते ही शुरू हो गया। श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान के बाद मॉ भागीरथी को दीपदान किया तथा ब्राहमणों को अन्न दान किए। कार्तिक पूर्णिमा पर बिन्दु माधव मंदिर में भगवान विष्णु को हाथी पर सवार करके उनका भव्य श्रृंगार किया गया तथा भोर में वासुदेव को मक्खन-मलाई से स्नान कराकर नया वस्त्र धारण कर गुलाबों के फूलों से विहंगम श्रृंगार किया गया। कार्तिक मास के दौरान महिला श्रद्धालुओं ने बिन्दु माधव मंदिर में एक मास तक पूजन-अर्चन तथा देवोत्थान एकादशी को विष्णुहरि की तुलसी से विवाह कराकर पुण्य का लाभ प्राप्त किया। शास्त्रों में विदित जो मनुष्य एक माह तक कार्तिक मास के दौरान गंगा स्नान नहीं कर पाता है वो मात्र देवोत्थान एकादशी से लेकर कार्तिक पूर्णिमा तक गंगा स्नान कर लेता है तो वो एक माह का पुण्य लाभ प्राप्त करता है। कार्तिक पूर्णिमा के दिन काशी के राजघाट, प्रहलादघाट, त्रिलोचन घाट, गायघाट, ब्रह्मा घाट, पंचगंगा घाट, सिंधिया घाट, ललिता घाट, रामघाट, मर्णिकर्णिका घाट, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद घाट, मानसरोवर घाट, मानमंदिर घाट, दशाश्वमेध घाट, शीतला घाट, अहिल्या बाई घाट, राणा महल घाट, गौरी घाट, अस्सी घाट सहित सभी घाटों पर श्रद्धालुओं की स्नान करने की भीड़ लगी हुई थी।

कार्तिक पूर्णिमा पर पुण्य की डुबकी लगाने के आस्थावानों का रेला सुबह से ही गंगा तट पर काशी में उमड़ा तो प्रमुख गंगा घाटों पर स्नान ध्यान और दान पुण्य के साथ मंदिरों में दर्शन पूजन का दौर कपाट खुलते ही शुरू हो गया। सुबह काशी में दशाश्वमेध और शीतला घाट के साथ ही गंगा गोमती संगम स्थली पर भी पुण्य की कामना से आस्थावाानों ने डुबकी लगाई और जरूरतमंदों में अन्न धन और वस्त्र आदि दान किया।

वाराणसी के अलावा मीरजापुर, भदोही, गाजीपुर, चंदौली और बलिया में जहां गंगा में पुण्य की डुबकी आस्थावानों ने लगाई वहीं मऊ, आजमगढ़ और बलिया जिले में पुण्य सलिला सरयू में डुबकी लगाकर उगते सूर्य को अर्ध्य देकर पुण्य और अखंड सौभाग्य की कामना की। वर्ष के आखिरी पुण्यकाल के दिन कार्तिक पूर्णिमा पर आस्थावानों का रेला पूर्वांचल के प्रमुख नदियों पर भी उमड़ा और लोगों ने स्नान दान के साथ प्रमुख मंदिरों में दर्शन पूजन की परंपरा का भी निर्वहन किया।

# कोरोना महामारी के चलते फीका रहा गंगा मेला

**● प्रशासन की सख्ती के चलते नहीं लगी दुकाने**



**बांगरमऊ उन्नाव।** कार्तिक पूर्णिमा पर आज क्षेत्र के मशहूर नानामऊ गंगा तट पर गंगा मेला कोरोना महामारी को लेकर प्रशासनिक सख्ती के चलते फीका रहा। प्रशासन ने मेले में लैया- बताशा आदि प्रसाद के अलावा किसी भी प्रकार की दुकानें नहीं लगने दी। श्रद्धालु गंगा तट पर स्नान एवं पूजन कर अपने घरों को चलते बने। मेले में स्थापित अस्थाई कोतवाली से डरावने लहजे में श्रद्धालुओं को कोरोना महामारी से बचाव के निर्देश दिए जाते रहे।

कार्तिक पूर्णिमा का गंगा स्नान आज इतना फीका रहा कि ट्रैक्टरों और चार पहिया वाहनों से स्नानार्थी आते रहे और स्नान पूजन कर बैरंग वापस लौटते रहे। तहसील और पुलिस प्रशासन द्वारा ट्रैक्टरों सहित किसी भी चौपहिया वाहन को गंगा तट पर फटकने तक नहीं दिया गया। आज का दिन इतिहास में खास तौर पर दर्ज हो गया कि गंगा तट पर सौंदर्य प्रसाधन, मिष्ठान, फर्नीचर और रेडीमेड गारमेंट सहित किसी भी तरह की दुकाने नहीं लगी। गंगा तट पर बमुश्किल एक दर्जन लैया और बताशा आदि प्रसाद के खोमचे जरूर दिखाई दिए। गंगा तट पर परंपरागत रूप से लगने वाले बीड़ी, सिगरेट व साबुन के स्टाल भी नदारद रहे तथा रहट, झूला व सर्कस आदि भी नहीं लगाए जा सके। लेकिन आज गंगा तट पर पंडों की पौ बारह रही। श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान कर पंडों को जमकर दान- दक्षिणा दिया।

मेले में आज केवल अस्थाई कोतवाली पुलिस का एक तंबू लगाया गया। तंबू में एसडीएम दिनेश कुमार, क्षेत्राधिकारी अंजनी कुमार राय व कोतवाल आशुतोष त्रिपाठी पुलिस बल के साथ जहां चप्पे-चप्पे पर निगाह रखे रहे, वही लाउडस्पीकर से कोरोना से बचाव की जानकारी के साथ ही 2 गज की दूरी बनाए रखने और मास्क लगाने का निर्देश देते रहे।

क्षेत्र में मसहूर कहावत देश-देश का मुर्दा और नानामऊ घाट आज यह कहावत भी यहां चरितार्थ होती नजर आई। करीब 10 घंटे के दौरान आज क्षेत्र तथा सीमावर्ती जिलों के करीब आधा सैकड़ा शव इस मशहूर घाट पर अंतिम संस्कार के लिए लाए गए। आज गंगा तट पर अद्भुत नजारा दिखाई दिया कि एक तरफ पंडा समुदाय सत्यनारायण व्रत कथा के अध्याय समाप्त कर जहां शंखनाद कर रहे थे, वही आंसुओं के सैलाब के मध्य दर्जनों चिताएं भी जल रही थी।

## नहीं दिखी किसानों की परंपरागत सवारी बैलगाड़ी

कार्तिक पूर्णिमा पर आज ग्रामीणों की परंपरागत सवारी बैलगाड़ी नजर नहीं आई। यहां तक की ट्रैक्टर भी कम दिखाई दिए। ज्यादातर श्रद्धालु मोटरसाइकिलो और चार पहिया वाहनों से गंगा तट पर आए और स्नान कर बैरंग वापस हो लिए। कार्तिक पूर्णिमा पर परंपरागत रूप से 3 दिन पूर्व नगर के तालुकदार एवं पूर्व मंत्री चौधरी अशोक कुमार सिंह बेबी के खानदानी कैंप लगते रहे हैं। इसके अलावा सीमावर्ती जनपद हरदोई और लखनऊ के लोग भी विख्यात नानामऊ गंगा तट पर कैंप लगाते रहे हैं। प्रमुख राजनीतिक दलों के कैंप भी हमेशा लगते रहे हैं। इन कैंपों में दूरदराज से आए श्रद्धालुओं को हलवा तथा पूड़ी-सब्जी एवं खिचड़ी का भोजन कराया जाता रहा है। लेकिन इस बार सभी कैंप गायब नजर आए।

## श्रद्धालुओं ने लगाई दबौली घाट पर पुण्य की डुबकी

**फतेहपुर चौरासी।** गुरु नानक देव जयन्ती कार्तिक अमावस्या पर दबौली घाट पर श्रद्धालुओं ने पुण्य की डुबकी लगाई। स्नान के दौरान गंगा मैया के घाट हर-हर महादेव व गंगा मैया की जाय हो के उद्घघोष से गुंजायमान रहे। वहीं स्नानोपरांत श्रद्धालुओं ने ब्राह्मणों एवं भिक्षुओं को दान पुण्य भी किया। सोमवार को कार्तिक अमावस्या पर दबौली घाट पर भोर से ही श्रद्धालुओं की भीड़ होनी शुरू हो गयी। स्नान के दौरान महिला एवं पुरुषों ने सूर्यदेव को अर्ध्य अर्पित किया। वहीं श्रद्धालुओं नें खेरेश्वर सिद्ध पीठ महराज के दर्शन कर अपने जीवन को धन्य बनाया। स्नान उपरांत घाट पर बैठे ब्राह्मणों से कथा एवं हवन यज्ञ करा गंगा मैया को फूल प्रसाद, दीप, धूप अर्पित कर सुख समृद्धि की कामना की। स्नान का दौर भोर से शुरू होकर दोपहर बाद तक जारी रहा। स्नान के दौरान गंगा मैया के घाट हर-हर महादेव व हर-हर गंगे के जयकारों से गूंजते रहे।

# यूजीसी के मानदंडों के अनुसार जल्द होगी शिक्षकों की भर्ती: कुलपति

**● इलाहाबाद विश्वविद्यालय की नवनियुक्त कुलपति प्रो. संगीता श्रीवास्तव ने संभाला पदभार**

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज

**ग्यारह** महीनों के लंबे अंतराल के बाद केंद्रीय विश्वविद्यालय की स्थाई कुलपति के रूप में सोमवार को प्रो संगीता श्रीवास्तव ने कार्यभार संभाल लिया। उन्होंने अब तक कार्यकारी कुलपति के रूप में कार्यभार देख रहे प्रो आर आर तिवारी से पदभार ग्रहण किया। रविवार को ही प्रोफेसर राजेन्द्र सिंह रज्जू भैया राज्य विश्वविद्यालय की कुलपति एवं इविवि की गृह विज्ञान विभाग की पूर्व अध्यक्ष प्रो संगीता श्रीवास्तव को इलाहाबाद विश्वविद्यालय का कुलपति नियुक्त किया गया था।

राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की ओर से उनकी नियुक्ति का पत्र जारी किया गया। प्रो संगीता श्रीवास्तव इलाहाबाद विश्वविद्यालय की पहली महिला कुलपति हैं। जिम्मेदारी संभालने के बाद नार्थ हॉल में मीडिया से मुखातिब कुलपति प्रो संगीता श्रीवास्तव ने अधीनस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों से विश्वविद्यालय के विकास के लिए कटिबद्ध होकर कार्य करने की अपेक्षा की। उन्होंने सभी को विश्वास दिलाया



**कुलपति प्रो संगीता श्रीवास्तव को बुके देते हुए जिलाधिकारी भानुचंद्र गोस्वामी।**

कि विश्वविद्यालय अपने पुराने गौरव को जरूर प्राप्त करेगा। उन्होंने कहा कि सभी का दायित्व होगा कि हम अपनी संस्था के उत्थान के लिए अपना सर्वोत्कृष्ट योगदान दें। उन्होंने विश्वविद्यालय को लेकर अपने लक्ष्यों को भी मीडिया से साझा किया। कहा कि विश्वविद्यालय में शिक्षकों और कर्मचारियों के काफी पद रिक्त हैं। क्योंकि स्थाई कुलपति न होने के कारण शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया ठप पड़ी हुई थी। इसे भरना पहली प्राथमिकता होगी। यूजीसी के मानदंडों का पालन करते हुये उच्च कोटि के शिक्षकों एवं कर्मचारियों का चयन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इससे न केवल विश्वविद्यालय में पठन पाठन का वातावरण सुधरेगा वरन विश्वविद्यालय की गिरती रैंकिंग में भी अपेक्षित सुधार होगा। उन्होंने नई शिक्षा नीति के प्रविधानों को लागू करने के लिए अपेक्षित वातावरण के निर्माण के प्रति भी अपनी प्रतिबद्धता जतायी है। कहा कि बीए के पाठ्यक्रमों में ऐसे विषय शामिल किए जायेंगे जो रोजगारपरक हों। साथ ही साथ छात्र छात्राओं को तीन चार भाषाएं सीखने के लिए भी प्रेरित किया जाएगा। संस्कृत जर्मन फ्रेंच आदि भाषाओं को सीखने के कार्यक्रमों कैबशीघ्र शुरू कराया जाएगा। विभागों में आवश्यकता के अनुसार उच्च कोटि की प्रयोगशालायों की स्थापना की जाएगी। शोध के लिए भी प्रेरित किया जाएगा। नयी शिक्षा नीति को लागू करने के लिए अधिक से अधिक विमर्श कार्यक्रम एवं वर्कशॉप आदि का आयोजन किया जाएगा। वर्तमान परिस्थितियों को ध्यान रखते हुये विश्वविद्यालय की वैबसाइट की क्षमता बढ़ाई जाएगी। जिससे कि शिक्षक पाठ्य सामग्रियों को सहजता से वेबसाइट पर अपलोड कर सकें। शिक्षण पोर्टल से भी विश्वविद्यालय की वैबसाइट को लिंक कराया जाएगा। जिससे की यह अधिक से अधिक छात्रों के लिए उपयोगी बन सके। प्रशासन से सामंजस्य स्थापित कर यह निर्णय लेंगे कि शिक्षण कार्य ऑनलाइन मोड में किया जाए या ऑफ्लाइन शिक्षण की संभावनाएँ तलाशी जाएँ। कहा कि आगामी कुछ दिनों में ही स्नातक स्तर के बांकी बचे सभी परिणाम घोषित कर दिये जायेंगे। वहीं विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो एन के शुक्ला ने कार्यभार हस्तान्तरण की औपचारिकताएं पूरी कीं। इस मौके पर जिलाधिकारी भानुचंद्र गोस्वामी संकायों के संकायाध्यक्ष प्रॉक्टर विभागों के विभागाध्यक्ष विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों के शिक्षक एवं कर्मचारियों ने नवनियुक्त कुलपति को पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। नई कुलपति के आने के बाद भले विश्वविद्यालय का माहौल सुधरे लेकिन पूर्व कुलपति प्रो रतन लाल हांगलू के समय यहां का माहौल बहुत खराब हो गया था। वह सबसे विवादित कुलपति रहे। पूरब का ऑक्सफोर्ड कहे जाने वाले विश्वविद्यालय में पठन पाठन बिल्कुल चौपट हो गया था। सालों तक विश्वविद्यालय उनके कार्यकाल में सुर्खियों में रहा था।

## प्रो. केएन सिंह को मिला राज्य विवि का अतिरिक्त कार्यभार

प्रो. संगीता श्रीवास्तव को विश्वविद्यालय का स्थाई कुलपति नियुक्त किये जाने के बाद प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदी बेन पटेल ने प्रो राजेन्द्र सिंह रज्जू भैया राज्य विश्वविद्यालय के कुलपति का अतिरिक्त कार्यभार उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो कामेश्वर नाथ सिंह को सौंपा है। कुलाधिपति के अपर मुख्य सचिव महेश कुमार गुप्ता की तरफ से यह आदेश जारी किया गया।

## 1989 में लेक्चरर से की थी सेवा की शुरुआत

विश्वविद्यालय की नई कुलपति प्रो. संगीता श्रीवास्तव ने 1989 में इविवि के गृह विज्ञान विभाग में लेक्चरर के रूप में सेवा शुरू की। वह 2002 से जून 2019 तक गृह विज्ञान विभाग की अध्यक्ष रहीं। इसके बाद जून 19 में ही उन्हें राज्य विश्वविद्यालय का कुलपति बनाया गया। बता दें कि प्रो संगीता श्रीवास्तव ने सेंट मैरीज कान्वेंट से स्कूली शिक्षा पूरी की। साथ ही शुआट्स से बीएससी और जबलपुर विश्वविद्यालय से एमएससी की पढ़ाई की। जबकि उन्होंने इलाहाबाद विश्वविद्यालय में प्रो पी सी गुप्ता के निर्देशन में पीएचडी की उपाधि हासिल की।

## गुजरात उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की पत्नी हैं प्रो. संगीता

केंद्रीय विश्वविद्यालय इलाहाबाद की नवनियुक्त कुलपति प्रो संगीता श्रीवास्तव गुजरात उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति विक्रमनाथ की पत्नी हैं। न्यायमूर्ति विक्रमनाथ इससे पूर्व इलाहाबाद उच्च न्यायालय में न्यायमूर्ति रहे। जस्टिस विक्रमनाथ मुकदमों के निस्तारण में काफी चर्चित रहे।

# कोविड महामारी के प्रति बढ़ी है जागरूकता: मोहन

**प्रयागराज।** कोविड 19 महामारी ने होम हाइजीन के प्रति जागरूकता को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा दिया है। लोग अब घरों की स्वच्छता बनाए रखने के प्रति चिंतित हैं। यह सभी आर्थिक वर्ग से संबंधित लोगों के घरों को बेहतर तरीके से स्वच्छ रखते हैं। कोरोना संक्रमण काल में एडवांस्ड एंटी माइक्रोबियल्स एक्शन चौबीस घंटे तक वायरस कीटाणुओं और जीवाणुओं से सुरक्षा प्रदान करेगा। देश भर में एफएमसीजी के क्षेत्र में मशहूर कंपनी इमामी लिमिटेड अपनी नई पेशकश इमासॉल के साथ भारत के होम हाइजीन बाजार में कदम रखने के लिए तैयार है। इमासॉल होम हाईजीन प्रॉडक्ट्स की संपूर्ण श्रृंखला है। पर्सनल केयर और हेल्थ केयर के क्षेत्र में बेहतरीन मौजूदगी दर्ज करा चुकी कंपनी ने इस लांच के साथ पहली बार होमकेयर सेग्मेंट के क्षेत्र में धमाके के साथ प्रवेश किया है। भारतीय बाजार में कदम रखने वाली होम हाइजीन प्रॉडक्ट्स की पहली रेंज है। जो करीब सौ फीसद कीटाणुओं को मारने के अलावा एडवांस्ड एंटी माइक्रोबियल्स ऐक्शन के साथ आती है। निदेशक मोहन गोयनका ने कहा कि होम हाइजीन की श्रेणी करीब तीन हजार करोड़ रुपये की है। कोविड 19 से पहले के दौर में यह दहाई अंकों में पहुंच गया है। आने वाले दिनों में इसके और तेजी से बढने की संभावना है। इमामी इस समय की मौजूदा प्रासंगिकता के अनुसार प्रॉडक्ट्स का निर्माण कर काफी उत्साहित है। यह चौबीस घंटे वायरस कीटाणुओं और बैक्टीरिया से सुरक्षा प्रदान कर रहा है। भारतीय बाजार में इसे पहली बार लाया गया है।

# मंत्रिपरिषद विस्तार पर मुख्यमंत्री से चर्चा नहीं होगी यह उनका और शीर्ष नेतृत्व का अधिकार : सिंधिया

**भाषा।** भोपाल

**भाजपा** के वरिष्ठ नेता व राज्यसभा सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सोमवार को कहा कि वह दोपहर में प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ अपनी निर्धारित बैठक में प्रदेश की विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करेंगे। मध्यप्रदेश में उपचुनाव के बाद प्रतीक्षित मंत्रिमंडल के विस्तार के विषय पर सिंधिया ने मुख्यमंत्री से चर्चा करने से इंकार करते हुए कहा कि यह मुख्यमंत्री और शीर्ष नेतृत्व का अधिकार है।

सिंधिया ने यहां संवाददाताओं से कहा, हम अपनी बैठक के दौरान प्रदेश की विकास योजनाओं की समीक्षा करेंगें और यह सुनिश्चित करेंगें कि उन्हें जल्द से जल्द पूरा किया जाए। मंत्रिपरिषद के विस्तार के सवाल पर सिंधिया ने कहा, इस विषय पर कोई चर्चा नहीं होगी। यह मुख्यमंत्री और शीर्ष नेतृत्व का अधिकार है। मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद सिंधिया और चौहान दोनों प्रदेश के एतहासिक शहर ओरछा में एक विवाह समारोह में शामिल होने जाएंगे।

उपचुनाव के परिणाम के बाद यह कयास लगाया जा रहा था कि सिंधिया के दो कट्टर समर्थकों तुलसी सिलावट और गोविंद सिंह राजपूत को जल्द ही मंत्रिपरिषद में फिर से शामिल किया जाएगा। गैर विधायक के तौर पर मंत्रिपरिषद में रहने की अधिकतम छह माह की अवधि पूरी होने की वजह से दोनों को उपचुनाव से पहले ही त्यागपत्र देना पड़ा था। उपचुनाव में दोनों ही नेता अपनी-अपनी विधानसभा सीटों से फिर से चुनाव जीत कर विधायक बन चुके हैं।

कोविड-19 के कारण प्रदेश में उपचुनाव विधानसभा सीट खाली होने के छह माह पूरे होने के बाद कराए गए। उपचुनाव में सिंधिया समर्थक सिलावट और राजपूत चुनाव जीत गए। वहीं सिंधिया समर्थक ऐदल सिंह कंषाना, इमरती देवी और गिर्राज दंडोतिया उपचुनाव हार गए। इसके बाद तीनों मंत्रियों ने मंत्रिपरिषद से त्यागपत्र दे दिया। सिंधिया, मुख्यमंत्री चौहान से उनके निवास पर 45 मिनट मुलाकात करेंगे। इसमें यह अनुमान लगाया जा रहा है कि उनकी बैठक के बाद सिंधिया समर्थकों को मंत्रिपरिषद अथवा निगम- मंडलों में शामिल किया जाएगा। उपचुनाव के बाद प्रदेश के भिण्ड जिले से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री गोविंद सिंह के खिलाफ कांग्रेस में पैदा दरार के सवाल पर सिंधिया ने कहा, ए तो असलियत है और जो अंदर का खेल है, वो अब बाहर आ रहा है। ए जो कांग्रेस की सदैव ए पृष्ठभूमि रही है और आज ए उजागर होकर बाहर आ रही है। ए सवाल आप कांग्रेस से ही पूछिए।

मालूम हो कि वर्तमान में प्रदेश मंत्रिपरिषद में छह स्थान खाली हैं। इनमें दो ने गैर विधायक के तौर पर छह माह की अवधि पूरी होने पर त्यागपत्र दिए तथा तीन गैर विधायक उपचुनाव में हार गए जबकि दो जुलाई को हुए दूसरे विस्तार के बाद मंत्रिपरिषद में एक स्थान खाली रखा गया था। नियमानुसार मध्यप्रदेश मंत्रिपरिषद में मुख्यमंत्री सहित 35 से अधिक सदस्य नहीं होने चाहिए।



नई दिल्ली में गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व के अवसर पर गुरुद्वारा में मत्था टेकते हुए राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद। साथ में उनकी पत्नी सविता कोविंद

# केंद्र को किसानों को एमएसपी बताए फसल की खरीद प्रभावित नहीं होगी

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नए कृषि कानूनों में न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) प्रणाली का जिक्र नहीं होने और इससे उपज की खरीद पर प्रतिकूल असर पड़ने की आशंका के मद्देनजर जारी प्रदर्शन पर सोमवार को कहा कि केंद्र से उनकी (किसानों) बातचीत हो जाएगी तो सही मायने में किसानों को यह जानकारी मिल जाएगी कि किसी भी फसल की खरीद में किसी प्रकार की बाधा नहीं आने वाली है।

उन्होंने कहा कि फसल की खरीद होगी और जो दाम केंद्र द्वारा निर्धारित किया जाता वह उनको मिलेगा। पटना शहर के खगौल में 12.27 किलोमीटर लंबा दीघा-एम्स एलिवेटेड पथ का लोकार्पण करते हुए पत्रकारों द्वारा किसानों के आंदोलन को लेकर पूछे गए एक प्रश्न पर नीतीश ने कहा, अभी जो बात चल रही है... जो कहा जा रहा, केंद्र सरकार किसानों से बातचीत करना चाहती है और वह बताएगी कि उपज खरीद में किसी प्रकार की कठिनाई नहीं आने वाली है। आप जानते हैं कि बिहार में हमलोगों ने 2006 में ही पुरानी व्यवस्था खत्म कर दी है। वर्ष 2006 के बाद उपज की खरीद हम पैक्स के माध्यम से कर रहे हैं। पहले तो यहां फसल की खरीद ही नहीं होती थी लेकिन हम यह कर रहे हैं।

अटल बिहारी वाजपेई सरकार में केंद्रीय कृषि मंत्री रहे नीतीश ने कहा, देश भर में इसके बारे में जो किया गया है,जरूरत इस बात की है कि लोगों के बीच बताया जाए, केंद्र सरकार चाहती है कि किसानों के साथ बातचीत हो। बातचीत हो जाएगी तो सही मायने में किसानों को यह जानकारी मिल जाएगी कि किसी भी फसल की खरीद में किसी प्रकार की बाधा नहीं आने वाली है। खरीद होगी और जो दाम केंद्र द्वारा निर्धारित किया जाता वह उनको मिलेगा।

## डीडीसी चुनावः आचार संहिता उल्लंघन के मामले में 17 सरकारी कर्मचारी निलंबित

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर प्रशासन ने जिला विकास परिषद के चुनावों के दूसरे चरण से पहले कथित रूप से आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के मामले में किश्तवाड़ जिले में 17 सरकारी कर्मचारियों को अस्थाई रूप से निलंबित कर दिया जिनमें सात शिक्षक और तीन पुलिसकर्मी शामिल हैं। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। किश्तवाड़ के जिला पंचायत चुनाव अधिकारी, अशोक कुमार शर्मा ने उक्त कर्मचारियों के खिलाफ शिकायतें मिलने के बाद रविवार को उन्हें निलंबित करने का आदेश जारी किया। जम्मू कश्मीर में पंचायत उपचुनावों के साथ डीडीसी चुनाव के दूसरे चरण के लिए मतदान मंगलवार को सुबह सात बजे शुरू होगा। निलंबित कर्मचारियों में सात शिक्षक, एक वन्यकर्मी, एक पुलिसकर्मी और दो विशेष पुलिस अधिकारी शामिल हैं। उन्हें तत्काल प्रभाव से दूसरे चरण के चुनाव संपन्न होने तक संबंधित जिले के अधिकारियों को रिपोर्ट करने का निर्देश दिया गया है।

# शीतलहर में किसानों पर पानी की बौछारें करना क्रूरताः शिवसेना

**भाषा।** मुम्बई

**शिवसेना** ने सोमवार को आंदोलनरत किसानों से निपटने के भाजपा नीत सरकार के तौर-तरीकों पर तीखा हमला करते हुए कहा कि शीतलहर के बीच उन पर पानी की बौछारें करना क्रूरता है। मोदी सरकार के तीन नए कृषि कानूनों के खिलाफ किसान पांच दिनों से दिल्ली की सीमाओं पर प्रदर्शन कर रहे हैं और उनका कहना है कि वे सशर्त बातचीत का कोई प्रस्ताव स्वीकार नहीं करेंगे। साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय राजधानी में दाखिल होने के पांचों प्रवेश बिंदुओं को बंद करने की चेतावनी भी दी है।

शिवसेना ने अपने मुखपत्र सामना में कहा, दिल्ली की सीमाओं पर हमारे किसानों के साथ आतंकवादियों जैसा बर्ताव किया जा रहा है और उनपर हमला किया जा रहा है जबकि आतंकवादी हमारे जवानों को कश्मीर में सीमाओं पर मार रहे हैं। शिवसेना ने किसान आंदोलन के खालिस्तान से जुड़े होने का दावा करने पर हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर की निंदा की। उसने कहा, भाजपा अराजकता पैदा करना चाहती है। खालिस्तान एक बंद हो चुका अध्याय है, जिसके लिए इंदिरा गांधी और जनरल अरुणकुमार वैद्य ने अपने प्राण न्यौछावर किए।

सरकार राजनीतिक विरोधियों को कुचलने के लिए अपनी पूरी ताकत लगा रही है, लेकिन देश के दुश्मनों से निपटने के लिए उसकी यह दृढ़ता क्यों नहीं दिखती। शिवसेना ने कहा कि पिछले एक महीने में सीमाओं पर दुश्मनों से लड़ते हुए महाराष्ट्र के 11 सैनिक शहीद हुए। गुजरात में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह द्वारा निर्मित सरदार पटेल की विशाल प्रतिमा का जिक्र करते हुए सामना ने अपने सम्पादकीय में कहा कि पटेल किसानों के नेता थे और उन्होंने ब्रिटिश सरकार के खिलाफ कई किसान आंदोलनों का नेतृत्व किया था। उसने कहा, किसानों के साथ हो रहे बर्ताव को देख उनकी प्रतिमा की आंखे जरूर नम हो गई होंगी।

शिवसेना ने कहा कि केन्द्र प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) जैसी एजेंसियों का इस्तेमाल अपने राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ एक हथियार के रूप में कर रही है। उसने कहा, एजेंसी को अपनी वीरता दिखाने का मौका भी मिलना चाहिए। उसने ईडी और सीबीआई के कर्मियों को अपने दुश्मानों के खिलाफ लड़ाई में सेना की मदद के लिए लद्दाख और कश्मीर में तैनात किए जाने का सुझाव भी दिया।

## क्विक न्यूज

### अपने निर्णय की घोषणा जल्द ही करूंगा: रजनीकांत

**चेन्नई।** तमिल सुपरस्टार रजनीकांत ने यहां अपने समर्थकों के साथ गहन विचार मंथन करने के बाद सोमवार को कहा कि राजनीति में प्रवेश करने के बारे में अपने निर्णय से वह जल्द से जल्द अवगत करवाएंगे। रजनीकांत ने कहा कि उन्होंने रजनी मक्कल मंद्रम (आरएमएम) के जिला सचिवों से मुलाकात कर राजनीति में प्रवेश की संभावना पर चर्चा की है। राघवेंद्र कल्याण मंडपम में आरएमएम के सचिवों से बातचीत के बाद उन्होंने यहां पोएस गार्डन स्थित आवास के बाहर संवाददाताओं को बताया कि पदाधिकारियों ने अपनी-अपनी राय दी तथा इस मामले पर खुद उन्होंने अपने विचारों से उन्हे अवगत करवाया। रजनीकांत ने कहा, उन्होंने (पदाधिकारियों ने) कहा कि मेरा जो भी फैसला होगा, उसमें वे मेरे साथ है। फैसले (राजनीति में प्रवेश) के बारे में मैं जल्द से जल्द बताऊंगा। गौरतलब है कि तमिलनाडु में अप्रैल-मई 2021 में विधानसभा चुनाव होने हैं। पिछले महीने रजनीकांत ने कहा था कि 2016 में अमेरिका में उनका गुर्दा प्रतिरोपण हो चुका है और कोरोना वायरस महामारी के मद्देनजर चिकित्सक राजनीति में उनके प्रवेश के खिलाफ है।

### टीवी अभिनेत्री के साथ बलात्कार के आरोप में कास्टिंग डायरेक्टर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने शादी के बहाने 26 वर्षीय एक टीवी अभिनेत्री के साथ कथित तौर पर बलात्कार करने के लिए एक कास्टिंग डायरेक्टर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। एक पुलिस अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि पिछले सप्ताह यहां वर्सोवा पुलिस स्टेशन में अभिनेत्री द्वारा शिकायत करने के बाद प्राथमिकी दर्ज की गई, जिसमे उन्होंने आरोप लगाया कि कास्टिंग डायरेक्टर ने उनसे शादी करने का वादा करने के बाद शहर के विभिन्न स्थानो पर उसके साथ बलात्कार किया। उन्होने बताया कि आरोपी की उम्र भी 26 साल है और दोनो पिछले दो साल से एक-दूसरे को जानते हैं। अधिकारी ने बताया कि आरोपी ने अभिनेत्री को आश्वासन दिया था कि वह उससे शादी करेगा, लेकिन जब उसने बाद में ऐसा करने से इनकार कर दिया, तो महिला ने प्रथम सूचना रिपोर्ट (प्राथमिकी) दर्ज कराई। वर्सोवा के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक राघवेंद्र ठाकुर ने कहा, हमने आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 376 (बलात्कार) के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। कोई गिरफ्तारी नही हुई है। हम मामले की जांच कर रहे है।

### वाम मोर्चा की सरकार के विरुद्ध यूडीएफ करेगा डिजिटल रैली

**तिरुवनंतपुरम।** विपक्षी दल कांग्रेस नीत संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) पांच दिसंबर को डिजिटल माध्यम से एक रैली आयोजित करेगा जिसमें लाखों लोगों के भाग लेने की संभावना है। यूडीएफ संयोजक एम एम हसन ने यहां सोमवार को कहा कि सत्ताधारी वाम लोकतांत्रिक मोर्चे की जनविरोधी नीतियों और भ्रष्टाचार के विरुद्ध इस रैली का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अगले महीने होने वाले निकाय चुनाव से पहले यूडीएफ की राज्य समिति द्वारा आयोजित इस रैली का उद्देश्य समाज की जड़ों से जुड़े लोगों तक पहुंचना है। उन्होंने कहा कि विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रमेश चेन्निथला, एक घंटे की डिजिटल रैली का उद्घाटन करेंगे जो दिन दिन में 12 बारह बजे शुरू होगी। उन्होंने कहा कि केरल प्रदेश कांग्रेस समिति के अध्यक्ष एम रामचंद्रन, पूर्व मुख्यमंत्री ओमान चांडी और यूडीएफ के नेता पी के कुनहलीकुट्टी, पी जे जोसेफ, एन के प्रेमचंद्रन, अनूप जैकब और सी पी जॉन रैली में भाग लेंगे। विपक्षी मोर्चा, मुख्यमंत्री पिनराई विजयन के इस्तीफे की मांग करते हुए दो दिसंबर को विरोध प्रदर्शन भी आयोजित करेगा।

### भोपाल की ईदगाह हिल्स का नाम गुरु नानक टेकरी रखा जाना चाहिए: प्रोटेम स्पीकर रामेश्वर शर्मा

**भोपाल।** मध्यप्रदेश विधानसभा के प्रोटेम स्पीकर रामेश्वर शर्मा ने सोमवार को मांग की कि भोपाल के ईदगाह हिल्स क्षेत्र का नाम गुरुनानक देव जी के नाम पर गुरुनानक टेकरी रखा जाना चाहिए। शर्मा ने दावा किया कि सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव जी इस स्थान पर 500 साल पहले पधारे थे। पुराने भोपाल शहर में स्थित ईदगाह हिल्स, एक खुला क्षेत्र है जहां मुस्लिम समुदाय के लोग ईद पर नमाज अदा करते है, इसलिए इस स्थान का नाम ईदगाह पड़ा है। इसके आसपास आवासीय इलाका है। शर्मा ने संवाददाताओं से कहा, अपने देश व्यापी दौरे के दौरान लगभग 500 साल पहले गुरु नानक देव जी ईदगाह हिल्स क्षेत्र में आए थे। उस समय यहां कोई निर्माण नही था। इसलिए मेरी मांग है कि ईदगाह हिल्स का नाम बदलकर गुरु नानक टेकरी रखा जाना चाहिए। इसे लोगों द्वारा ईदगाह हिल्स कहे जाने से बहुत पहले उनके नाम से जाना जाता था। विपक्षी दल कांग्रेस ने शर्मा पर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्हें ऐसी विवादास्पद मांग करने की आदत है। प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता अमित शर्मा ने कहा, प्रोटेम स्पीकर को इस तरह के विवाद पैदा करने की आदत है, लेकिन उन्हें इस मामले में गुरु नानक देव जी के नाम का इस्तेमाल नही करना चाहिए क्योंकि वह पुरी दुनिया मे श्रद्धेय हैं। अमित शर्मा ने कहा कि इस तरह का अनुरोध स्थानीय निवासियो या निर्वाचित प्रतिनिधियो की ओर से आना चाहिए न कि किसी अन्य सीट के विधायक से।



पटना में एम्स-दीघा इलेवेटेड रोड का उद्घाटन करते हुए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार। साथ में उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद और रेनू देवी

# पारिवारिक कलह के बाद बाबा आमटे की पोती ने आत्महत्या की

**चंद्रपुर।** सामाजिक कार्यकर्ता बाबा आमटे की पोती शीतल आमटे-कराजगी ने महाराष्ट्र के वरोरा में सोमवार को कथित रूप से आत्महत्या कर ली। शीतल (39) ने यह कदम ऐसे समय में उठाया, जब हाल में उनके और आमटे परिवार के अन्य सदस्यों के बीच बाबा आमटे द्वारा स्थापित समाज सेवा संगठन महारोगी सेवा समिति के प्रबंधन को लेकर विवाद सार्वजनिक हो गया था। रेमन मैगसायसाय और पद्म विभूषण से सम्मानित बाबा आमटे का 2008 में निधन हो गया था। पुलिस ने टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है, जिनमें कहा गया है कि शीतल ने जहर का टीका लगाकर कथित रूप से आत्महत्या की। नागपुर से फोरेंसिक विशेषज्ञों का एक दल वरोरा गया है और आनंदवन में कक्ष को सील कर दिया गया है, जहां शीतल का शव मिला था।

बाबा आमटे के बेटों विकास और प्रकाश एवं बहुओं भारती और मंदाकिनी ने शीतल द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से लगाए गए आरोपों पर हाल में स्पष्टीकरण जारी किया था। शीतल समिति की सीईओ थीं। विकास, प्रकाश, भारती और मंदाकिनी ने स्पष्टीकरण दिया था, महारोगी सेवा समिति, वरोरा देश में अग्रणी समाज सेवा संगठन है। इसने वंचितों के विकास को दिशा एवं प्रेरणा दी। लाखों सामाजिक कार्यकर्ताओं को यहां प्रशिक्षण दिया गया। आमटे परिवार की तीन पीढ़ियां इस कार्य में जुटी हैं। शीतल गौतम कराजगी (शीतल विकास आमटे) ने हमारे संगठन के कार्यों में योगदान दिया, लेकिन वह मानसिक तनाव एवं अवसाद से जूझ रही हैं। अपनी सोशल मीडिया पोस्ट पर ए बात स्वीकार करते समय, उन्होंने महारोगी सेवा समिति के कार्य, न्यासियों और कर्मियों के बारे में अनुचित बयान दिए। परिवार शीतल के आरोपों के कारण पैदा हो सकने वाली गलतफहमियों को रोकने के लिए आपसी विचार-विमर्श के बाद यह बयान जारी कर रहा है।

## दिलीप घोष ने तृणमूल कांग्रेस पर किया पलटवार

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल भाजपा के प्रमुख दिलीप घोष ने उन्हें गुंडा कहने पर तृणमूल कांग्रेस के सांसद अभिषेक बनर्जी पर सोमवार को पलटवार किया और कहा कि भगवा दल लोगों के साथ खड़े रहने में विश्वास रखता है और सत्तापक्ष को जैसे को तैसा फल मिलेगा। घोष ने कहा कि अगर लोगों के पक्ष में होने का मतलब गुंडा होना होता है तो भाजपा व्यापक तौर पर यह करना जारी रखेगी। तृणमूल कंग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी ने दक्षिण 24 परगना में रविवार को एक रैली में कहा था कि भाजपा के वरिष्ठ नेता कैलाश विजयवर्गीय बाहरी हैं और घोष गुंडा हैं। घोष ने पलटवार करते हुए कहा, अभिषेक ने अबतक कोई गुंडागर्दी नहीं देखी है। हम (भाजपा) इसे व्यापक तौर पर करेंगे। उन्हें (तृणमूल कांग्रेस को) जैसे को तैसा फल मिलेगा। हम लोगों के साथ खड़े होने में विश्वास रखते हैं। तृणमूल कांग्रेस का इसका अर्थ गुंडागर्दी निकाल सकती, क्योंकि उनका लोगों से संपर्क अब नहीं रहा है।

# मध्यप्रदेश में 19 वर्षों में 290 बाघों की मौत

**भोपाल।** टाइगर स्टेट का दर्जा प्राप्त मध्यप्रदेश में बीते लगभग 19 वर्षों में 290 बाघों की मौत के बाद भी वर्तमान में राज्य में बाघों की संख्या बढ़कर 675 से अधिक हो गई है, जिनमें 550 वयस्क बाघ एवं 125 से अधिक शावक शामिल हैं। मध्यप्रदेश के प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) आलोक कुमार ने सोमवार को भाषा को बताया, राज्य में वर्ष 2002 से नवंबर, 2020 तक 290 बाघों की मौत हुई है। उन्होंने दावा किया, इतने बाघों के मरने के बाद भी वर्तमान में समूचे मध्यप्रदेश में (बाघ संरक्षित एवं गैर संरक्षित क्षेत्र में) 550 वयस्क बाघ हैं। राज्य के छह बाघ अभयारण्यों बांधवगढ़, कान्हा, पेंच, सतपुड़ा, पन्ना एवं संजय में वर्तमान में 125 बाघ शावक हैं, जिन्हें हमने कैमरे की मदद से ट्रैपिंग करने के साथ-साथ गश्त के दौरान देखा है। हमारे पास इनके फोटोग्राफ भी हैं।

कुमार ने कहा, इन शावकों के अतिरिक्त भी प्रदेश के अन्य खुले जंगलों में भी 10 से 20 बाघ शावक होने की उम्मीद है, लेकिन हम उन्हें कैमरे की मदद से देख नहीं सकते हैं, क्योंकि वहां पर इन्हें ट्रैपिंग करने के लिए कैमरे नहीं लगे हुए हैं। शावक जब थोड़ा बड़े हो जाते हैं, तभी दिख पाते हैं। जब उनसे पूछा गया कि इन 19 वर्षों में इतनी बड़ी संख्या में बाघ क्यों मर गए, तो उन्होंने कहा, हमारे प्रदेश में बहुत ज्यादा बाघ हो गए हैं। इसलिए उनमें क्षेत्र (एरिया) को लेकर आपसी संघर्ष बढ़ रहा है। हर साल 25 से 30 बाघ मरते हैं। जो बाघ मरते हैं उनमें से 95 प्रतिशत कमजोर एवं बूढ़े होते हैं। ऐसे कमजोर एवं बूढ़े बाघ इलाके एवं प्रभुत्व को लेकर बाघों की आपसी लड़ाई में मारे जाते हैं, जबकि पांच प्रतिशत बाघों का शिकारियों द्वारा शिकार कर दिया जाता है या मानव द्वारा रखे गए जहर खाने एवं करंट लगने से उनकी मौत हो जाती है।

जब उनसे पूछा गया कि क्या बाघों के लिए मध्यप्रदेश में वन क्षेत्र की कमी है तो इस पर कुमार ने कहा, जितना क्षेत्र है, उसके हिसाब से पर्याप्त बाघ हैं। उनके लिए क्षेत्र बढ़ाने का विचार नहीं है। इन बाघों का उसी क्षेत्र में संरक्षण करना है। लोगों को इसके प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा, बाघ की जंगल में उम्र 12 से 13 साल की है। हर साल 25 से 30 बाघों के मरने के बाद भी हमारे पास हर साल 100 से 125 नए बाघ उपलब्ध रहते हैं। इसलिए प्रदेश में बाघों की संख्या लगातार बढ़ रही है। कुमार ने दावा किया, आने वाली अगली राष्ट्रीय बाघ आकलन रिपोर्ट में भी बाघों की संख्या में मध्यप्रदेश अव्वल स्थान पर ही रहेगा और हम टाइगर स्टेट के दर्जे को बरकरार रखेंगे।

इन 19 वर्षों में 290 बाघों की हुई मौतों पर प्रतिक्रिया देते हुए मध्यप्रदेश वन्यप्राणी बोर्ड के सदस्य अभिलाष खांडेकर ने कहा, इतने सालों में इतनी मौतें होना शायद बहुत आश्चर्यजनक नहीं होगा। बीस साल में बाघ तो मरेंगे ही। बाघ प्राकृतिक कारणों से भी मरते हैं और आपसी लड़ाई में भी मरते हैं। लेकिन, मुझे बाघों की अप्राकृतिक मौतों की चिंता है। यदि मध्यप्रदेश में बाघों के लिए क्षेत्र की कमी हो रही है, तो इसे बढ़ाया जाना चाहिए। मैं इस पर गंभीरता से विचार कर रहा हूं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि बाघों के कॉरिडोर को किसी भी कीमत पर सुरक्षित रखा जाए।

31 जुलाई 2019 को जारी हुई राष्ट्रीय बाघ आकलन रिपोर्ट 2018 के अनुसार 526 बाघों के साथ मध्यप्रदेश ने प्रतिष्ठित टाइगर स्टेट का अपना खोया हुआ दर्जा कर्नाटक से आठ साल बाद फिर से हासिल किया है। इससे पहले, 2006 में भी मध्यप्रदेश को 300 बाघों के होने के कारण टाइगर स्टेट का दर्जा प्राप्त था। लेकिन कथित तौर पर शिकार आदि की वजह से 2010 में बाघों की संख्या घटकर 257 रह गई थी, जिसके कारण कर्नाटक ने मध्यप्रदेश से टाइगर स्टेट का दर्जा छीन लिया था। तब कर्नाटक में 300 बाघ थे। 2014 में मध्यप्रदेश में बाघों की संख्या बढ़कर 308 हुई। लेकिन मध्यप्रदेश बाघों की संख्या के मामले में देश में कर्नाटक (408) एवं उत्तराखंड (340) के बाद तीसरे स्थान पर खिसक गया था। राष्ट्रीय बाघ आकलन रिपोर्ट 2018 के अनुसार देश में सबसे अधिक 526 बाघ मध्यप्रदेश में थे, जबकि कर्नाटक 524 बाघों के साथ दूसरे स्थान पर है।




नई दिल्ली में किसान नए किसान बिल का विरोध करते हुए सिंधु बार्डर पर ट्रैक्टर ट्राली के नीचे आराम करते हुए।

# तृणमूल कांग्रेस बंगाली अस्मिता को बनाएगी मुख्य चुनावी मुद्दा

भाषा। कोलकाता

**बंगाली बनाम** बाहरी अभियान को मिली सकारात्मक प्रतिक्रिया से उत्साहित तृणमूल कांग्रेस नेतृत्व ने पश्चिम बंगाल में भाजपा के आक्रामक हिंदुत्व के अभियान की काट के तौर पर 2021 के विधानसभा चुनाव में बंगाली अस्मिता को अपना मुख्य चुनावी मुद्दा बनाने का फैसला किया है। ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली पार्टी ने बंगाली उपराष्ट्रवाद की भावना का सहारा लेने का फैसला किया है। पार्टी के शीर्ष नेताओं के एक धड़े का मानना है कि भगवा खेमे के आक्रामक राष्ट्रवाद और हिंदुत्व के उभार के जवाब में क्षेत्रीय भावना का सहारा लिया जा सकता है। तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और सांसद सौगत राय ने पीटीआई-भाषा से कहा, अगले विधानसभा चुनाव के दौरान विकास के अलावा बंगाली अस्मिता हमारा मुख्य चुनावी मुद्दा होगा। बंगाली अस्मिता केवल बंगालियों के बारे में नहीं है इसमें सभी भूमि पुत्रों के लिए अपील है। इस विचारधारा के जरिए राज्य के लोगों को नियंत्रित करने के लिए बाहर से लाए गए नेताओं को थोपने के भाजपा के अभियान से मुकाबला करने में मदद मिलेगी। तृणमूल कांग्रेस के सूत्रों के मुताबिक तमिलनाडु के क्षेत्रीय दल, महाराष्ट्र में शिवसेना की तरह ही तृणमूल कांग्रेस भी बांग्ला संस्कृति और पहचान के रक्षक के तौर पर उभरना चाहती है। तृणमूल कांग्रेस के नेता ने कहा, बिहार में जद(यू) ने बिहारी बनाम बाहरी की बात की थी। राष्ट्रवाद का सहारा लेने वाली भाजपा ने भी 2007 में गुजरात चुनाव में गुजराती अस्मिता की बात की थी। इसलिए अगर हम ऐसा करते हैं तो हमें लगता है कि किसी को इससे दिक्कत नहीं होनी चाहिए। ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि विभाजनकारी राजनीति और धार्मिक ध्रुवीकरण का विकास की राजनीति से कभी मुकाबला नहीं किया जा सकता। केवल उपराष्ट्रवाद और क्षेत्रीय भावना से ही इसका मुकाबला कर सकते हैं। पिछले दो सप्ताह से तृणमूल कांग्रेस ने बंगाली बनाम बाहरी का मुद्दा जोर शोर से उठाया है और बंगाल बन जाएगा गुजरात जैसे बयान दिए हैं।बनर्जी के मुकाबले का चेहरा नहीं होने और केंद्रीय नेतृत्व पर भाजपा की ज्यादा निर्भरता के कारण तृणमूल कांग्रेस को फायदा हो रहा है। तृणमूल कांग्रेस सरकार में मंत्री ब्रत्या बसु ने कहा, लोगों को फैसला करना है कि क्या वे बाहरियों के हाथ में शासन थमाना चाहते हैं या यहां के भूमिपुत्रों के हाथों में बागडोर देना चाहते हैं। यह ऐसा फैसला है जिसका असर अगली पीढी पर पड़ेगा। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलिप घोष ने कहा, हमारी पार्टी के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी बंगाल से ही थी। हम कैसे बाहरियों की पार्टी हो गए। क्या बंगाल भारत से बाहर है। तृणमूल अपनी आसन्न हार को देखते हुए हताशा में ए मुद्दे उठा रही है। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव और पश्चिम बंगाल प्रभारी कैलाश विजयवर्गीय ने कहा , देश में हमें कहीं भी ऐसी स्थिति का सामना नहीं करना पड़ा, जहां देश के लोगों को बाहरी बताया गया। यहां घुसपैठिए का स्वागत हो रहा है और इस देश के लोगों को बाहरी बताया जा रहा है।



अमृतसर में गुरुनानक देव जी के जन्मोत्सव के अवसर पर स्वर्णमंदिर में मोमबत्ती जलाते बच्चे

# स्वस्थ मरीजों और उपचाराधीन मामलों के बीच अंतर लगातार बढ़ रहा

भाषा। नई दिल्ली

**● संक्रमण से ठीक होने के 76.94 प्रतिशत मामले दिल्ली, केरल, महाराष्ट्र, आंध्रप्रदेश, पश्चिम बंगाल, हरियाणा, उत्तरप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और कर्नाटक से आए**

**स्वास्थ्य मंत्रालय ने** सोमवार को कहा कि देश में कोविड-19 के 38,772 नए मामले आए तथा 45,333 और मरीज स्वस्थ हो गए। देश में अब तक 88,47,600 लोग संक्रमण से उबर चुके हैं। देश में कोविड-19 के 38,772 नए मामलों के साथ संक्रमितों की कुल संख्या 94,31,691 हो गई। संक्रमण के कारण 443 और मरीजों की मौत हो जाने से मृतकों की संख्या 1,37,139 हो गई। मंत्रालय ने कहा , स्वस्थ होने वाले मरीजों और उपचाराधीन मरीजों की संख्या के बीच अंतर बढ़ रहा है। देश में 4,46,952 मरीजों का उपचार चल रहा है जो कि संक्रमण के कुल मामलों का महज 4.74 प्रतिशत है। मंत्रालय ने कहा, नए मामलों की तुलना में ज्यादा मरीज ठीक हो रहे हैं। इससे ठीक होने की दर भी सुधरकर 93.81 प्रतिशत हो गई है। मंत्रालय के मुताबिक भारत उन देशों में शामिल है जहां प्रति दस लाख आबादी पर कम मौतें हुई। मंत्रालय ने कहा कि कर्नाटक, महाराष्ट्र, केरल, तमिलनाडु, आंध्रप्रदेश में पिछले एक महीने में उपचाराधीन मामलों की संख्या घटी है, जबकि मध्यप्रदेश, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा और राजस्थान में उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़ी है। जांच की संख्या भी बढ़ी है। एक दिन में 8,76,173 जांच के साथ अब तक 14 करोड़ से ज्यादा नमूनों की जांच हो चुकी है। पिछले 24 घंटे में कोविड-19 के 78.31 प्रतिशत नए मामले केरल, महाराष्ट्र, दिल्ली, पश्चिम बंगाल, राजस्थान, उत्तरप्रदेश, हरियाणा, गुजरात, मध्यप्रदेश और तमिलनाडु से आए। संक्रमण से ठीक होने के 76.94 प्रतिशत मामले दिल्ली, केरल, महाराष्ट्र, आंध्रप्रदेश, पश्चिम बंगाल, हरियाणा, उत्तरप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और कर्नाटक से आए। सबसे ज्यादा दिल्ली में 6325 लोगों ने संक्रमण को मात दी। मंत्रालय ने कहा कि 443 और मरीजों की मौत हो गई।

# नायडू समेत तेदेपा के 14 विधायक आंध्र विधानसभा से एक दिन के लिए निलंबित

भाषा। अमरावती

**● अध्यक्ष टी. सीताराम ने नाराज विधायकों से अपनी सीट पर जाने का आग्रह नही लेकिन वे नही माने**

**आंध्र प्रदेश** विधानसभा के शीतकालीन सत्र के पहले दिन सोमवार को मुख्य विपक्षी दल तेलुगू देसम पार्टी के नेता चंद्रबाबू नायडू समेत पार्टी के 14 सदस्यों को अध्यक्ष के आसन के सामने धरना प्रदर्शन करने पर एक दिन के लिए सदन से निलंबित कर दिया गया। पहली बार चंद्रबाबू नायडू अपनी पार्टी के सदस्यों के साथ सदन में जमीन पर बैठे जिसके बाद मुख्यमंत्री वाई एस जगन मोहन रेड्डी ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि इससे पहले विपक्ष के किसी नेता ने सदन में ऐसा व्यवहार नहीं किया। तेदेपा नेता, सत्ताधारी दल वाईएसआर कांग्रेस के विरोध में प्रदर्शन कर रहे थे। उनका कहना था कि उन्हें किसानों को दी जाने वाली सहायता राशि समेत अन्य मुद्दों पर बोलने का मौका नहीं दिया जा रहा है। कृषि मंत्री के. कन्ना बाबू द्वारा सदन में एक बयान देने के बाद हुई चर्चा के दौरान हंगामा हुआ। तेदेपा नेता एन. रामानायडू को बाद में बोलने की अनुमति दी गई लेकिन उन्हें भी विरोध झेलना पड़ा। रामानायडू की आलोचना पर मुख्यमंत्री ने कहा कि तेदेपा के नेता सदन में अभद्र आचरण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि तेदेपा नेता, मुद्दे को समझे बिना बोल रहे हैं। रेड्डी ने कहा कहा कि सरकार दिसंबर के अंत तक किसानों को सब्सिडी देने के लिए प्रतिबद्ध है। चंद्रबाबू नायडू ने मुख्यमंत्री को जवाब देना चाहा लेकिन उन्हें अवसर नहीं दिया गया। वाईएसआर कांग्रेस के नेताओं ने तेदेपा अध्यक्ष को बोलने का मौका नहीं दिया जिसके बाद विपक्षी दल के नेता अध्यक्ष के आसन के सामने धरने पर बैठ गए। अध्यक्ष टी. सीताराम ने नाराज विधायकों से अपनी सीट पर जाने का आग्रह नहीं लेकिन वे नहीं माने। इसके बाद संसदीय कार्य मंत्री बी राजेन्द्रनाथ ने तेदेपा विधायकों को एक दिन के लिए सदन से निलंबित करने का प्रस्ताव पेश किया जिसे ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। इसके बाद चंद्रबाबू नायडू ने अपने विधायकों के साथ सदन के प्रवेश द्वार के पास धरना दिया।

## क्विक न्यूज

### हमेशा नंदीग्राम की जनता के साथ खड़ा रहूंगा : शुभेंदु अधिकारी

कोलकाता। तृणमूल कांग्रेस के असंतुष्ट विधायक शुभेंदु अधिकारी ने सोमवार को कहा कि वह अपने निर्वाचन क्षेत्र के लोगों के पक्ष में सदा खड़े रहेंगे। अधिकारी ने शुक्रवार को मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। पूर्व मेदिनीपुर जिले के नंदीग्राम में रास समारोह से इतर बातचीत में अधिकारी ने कहा कि वह इलाके में आने के मौके की तलाश में रहते हैं।अधिकारी नंदीग्राम में भूमि अधिग्रहण के खिलाफ हुए आंदोलन का चेहरा थे और इसी आंदोलन के बूते 2011 में ममता बनर्जी सत्ता में आई थी।उन्होंने कहा कि वह नंदीग्राम और यहां के लोगों के कल्याण के लिए काम जारी रखेंगे। पार्टी नेतृत्व के साथ मतभेदों की वजह से अधिकारी ने पिछले दिनों राज्य मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया, जिसके बाद उनके भाजपा में शामिल होने की अटकलें लगने लगी।

### अर्द्धसत्य से मिली पुलिस में जाने की प्रेरणा: रतूड़ी

देहरादून। उत्तराखंड के पुलिस महानिदेशक अनिल कुमार रतूड़ी ने सोमवार को कहा कि फिल्म निर्देशक गोविंद निहलानी की राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार से सम्मानित फिल्म अर्द्धसत्य से प्रेरित होकर उन्होंने पुलिस सेवा में जाने का फैसला किया। रतूड़ी ने अपनी सेवानिवृत्ति पर दी गई भव्य विदाई परेड मे कहा, फिल्म मे अभिनेता ओमपुरी द्वारा निभाई गई पुलिस उपनिरीक्षक अनंत वेलणकर की भूमिका ने मुझे इतना प्रभावित किया कि मैंने पुलिस सेवा में जाना अपना लक्ष्य बना लिया। वर्ष 1987 बैच के भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी रतूड़ी ने राज्य पुलिस की प्रशंसा करते हुए कहा कि कोरोना वायरस संक्रमण को काबू करने के लिए लॉकडाउन लागू करने के साथ ही जनता की सेवा करने में उनकी भूमिका शानदार रही। पुलिस महानिदेशक ने अपनी पत्नी एवं प्रदेश की अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी को भी विशेष धन्यवाद देते हुए कहा कि उनकी वजह से ही वह अपनी पेशेवर जिम्मेदारियो का सफलतापूर्वक निर्वहन कर सके।

### उत्तराखंड में गंगा घाटों पर कार्तिक पूर्णिमा को जुटने वाली भीड़ रही नदारद

**हरिद्वार, ऋषिकेश।** यहां के गंगा घाटो पर कार्तिक पूर्णिमा को जुटने वाली श्रद्धालुओं की भीड़ सोमवार को कोविड-19 के मद्देनजर लगी पाबंदियों की वजह से दिखाई नही दी।कोरोना वायरस से संक्रमण के खतरे को देखते हुए प्रशासन ने पहले ही कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा स्नान पर रोक लगा दी थी। इसी के कारण पुलिस ने गंगा स्नान के लिए आ रहे श्रद्धालुओं को जिलो की सीमा से ही वापस कर दिया। पुलिस ने रविवार को भी बाहरी राज्यों से आ रहे दो हज़ार से अधिक वाहनों को लौटा दिया था। हालांकि, गंगा स्नान पर लगाई गई रोक पर साधु-संतों, गंगा सभा तथा व्यापारी संगठनो के विरोध के चलते हरिद्वार जिला प्रशासन ने कल रात स्थानीय लोगों को सामाजिक दूरी के साथ गंगा स्नान करने की अनुमति दे दी थी। इसके बावजूद हर की पैड़ी सहित अन्य घाटों पर सामान्य दिनों में होने वाली भीड़ नदारद रही। और बहुत कम श्रद्धालु दिखाई दिए और इस दौरान गंगा स्नान करने वाले श्रद्धालुओं ने सामाजिक दूरी का भी पालन किया। पिछले साल कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर करीब 25 लाख श्रद्धालुओं ने गंगा में डुबकी लगाई थी।

### राजस्थान में भाजपा विधायक किरण महेश्वरी का निधन

**जयपुर।** राजस्थान की पूर्व मंत्री व भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)की वरिष्ठ विधायक किरण महेश्वरी का रविवार देर रात निधन हो गया। वह कोरोना वायरस से संक्रमित थी और गुरुग्राम के एक अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। उदयपुर सीट से लोकसभा सांसद रही महेश्वरी (59) राजसमंद से तीसरी बार विधायक थी। पार्टी सूत्रों के अनुसार कोरोना वायरस से संक्रमित होने के बाद वह कई दिन से गुरुग्राम के एक निजी अस्पताल मे भर्ती थी जहां रविवार देर रात उनका निधन हो गया और मंगलवार को उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। राजस्थान में कोरोना वायरस संक्रमण से दो विधायकों का निधन हो चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, राज्यपाल कलराज मिश्र, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सीपी जोशी, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत व भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा सहित देश प्रदेश के तमाम नेताओ ने महेश्वरी के निधन पर शोक जताया है।

# उत्पल कुमार सिंह लोकसभा के महासचिव नियुक्त

भाषा। नई दिल्ली

**लोकसभा अध्यक्ष** ओम बिड़ला ने सोमवार को वरिष्ठ आईएएस अधिकारी उत्पल कुमार सिंह को लोकसभा महासचिव नियुक्त किया।उत्तराखंड कैडर के 1986 बैच के आईएएस अधिकारी सिंह एक दिसंबर को इस पद का कार्यभार संभालेंगे। वह स्नेहलता श्रीवास्तव की जगह लेंगे।लोकसभा सचिवालय ने एक बयान में कहा कि सिंह की नियुक्ति लोकसभा महासचिव के रूप में की गई है जो एक दिसंबर 2020 से प्रभावी होगी और उनका दर्जा मंत्रिमंडल सचिव के बराबर होगा।वर्तमान में सिंह लोकसभा के सचिव के रूप में पदस्थ हैं। बयान के अनुसार सिंह के पास 34 साल का विभिन्न प्रकार का प्रशासनिक अनुभव है और उन्होंने विभिन्न क्षमताओं में केंद्र तथा राज्य सरकारों दोनों में ही काम किया है।सचिवालय ने कहा कि ढाई साल से अधिक समय तक उत्तराखंड के मुख्य सचिव के रूप में उनके कार्यकाल में राज्य और अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्रों में नीति निर्धारण एवं प्रबंधन को एक मजबूत गति प्राप्त हुई। सिंह कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव के पद सहित केंद्र में कई महत्वपूर्ण पदों पर रह चुके हैं।



हरिद्वार में एक म्यूजियम के उद्घाटन के दौरान जूना अखाड़े के महामंडेलश्वर आचार्य अवधेशानन्द गिरी महराज, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत व अन्य गणमान्य

## आदमखोर तेंदुए ने हमला कर बुजुर्ग को मार डाला

**गोपेश्वर।** उत्तराखंड के चमोली जिले में नंदादेवी राष्ट्रीय पार्क वन प्रभाग में पडने वाले एक गांव में सोमवार को एक आदमखोर तेंदुए ने हमला कर एक बुजुर्ग को मार डाला। वन अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। घटना जोशीमठ क्षेत्र के फैंका गांव में हुई जहां 70 वर्षीय गंगा सिंह चौधरी राशन की खरीददारी के लिए बाजार गए और रास्ते में तेंदुए का शिकार बन गए। सूचना मिलने पर नंदा देवी राष्ट्रीय पार्क वन प्रभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और मृतक का शव बरामद किया गया। फैंका गांव से जोशीमठ आने का रास्ता जंगल से गुजरता है और तेंदुए ने यहीं पर बुजुर्ग को मार डाला और शव को झाड़ियों में छुपा दिया।

# पेज एक का शेष

## किसानों को छलने ...

उनका यही काम है। देश के किसान इस बात को भली-भांति समझते हैं। उन्होंने किसानों को आश्वस्त करते हुए कहा, जिन किसान परिवारों की अब भी कुछ चिंता है, कुछ सवाल हैं तो उनका जवाब भी सरकार निरन्तर दे रही है, समाधान करने का भरपूर प्रयास कर रही है। आज जिन किसानों को कृषि सुधारों को लेकर कुछ शंकाएं हैं, वो भी भविष्य में इन सुधारों का लाभ पाकर अपनी आय बढ़ाएंगे, यह मेरा पक्का विश्वास है। मोदी ने पिछली कांग्रेस सरकारों पर प्रहार करते हुए कहा, एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) तो घोषित होता था लेकिन एमएसपी पर खरीद बहुत कम की जाती थी। सालों तक एमएसपी को लेकर छल किया गया है। किसानों के नाम पर बड़े-बड़े कर्ज माफी के पैकेज घोषित किए जाते थे, लेकिन वे छोटे और सीमांत किसानों तक यह पहुंचते ही नहीं थे, यानी कर्ज माफी को लेकर भी छल किया गया। किसानों के नाम पर बड़ी-बड़ी योजनाएं घोषित होती थी, लेकिन वह खुद मानते थे कि एक रुपए में से सिर्फ 15 पैसे ही किसान तक पहुंचते हैं। उन्होंने किसी पार्टी का नाम लिए बगैर आरोप लगाया, पहले वोट के लिए वादा और फिर छल, यही खेल लंबे समय तक देश में चलता रहा। जब इतिहास छल का रहा हो, तब दो बातें बड़ी स्वाभाविक हैं। पहली, यह कि किसान अगर सरकारों की बातों से कई बार आशंकित रहता है तो उसके पीछे दशकों का लंबा हल्का इतिहास है। दूसरी बात, यह कि जिन्होंने वादे तोड़े, छल किया, उनके लिए यह झूठ फैलाना एक प्रकार से आदत बन गई है, लेकिन जब इस सरकार का ट्रैक रिकॉर्ड देखोगे तो सच आपके सामने खुल कर आ जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा हमने वादा किया था कि स्वामीनाथन आयोग की सिफारिश के अनुरूप किसानों को लागत का डेढ़ गुना एमएसपी देंगे, यह वादा सिर्फ कागज पर नहीं बल्कि हमने पूरा किया और इतना ही नहीं किसान के बैंक खाते तक पैसे पहुंचाने का प्रबन्ध किया। मोदी ने कहा, सफल प्रकल्प ही काफी नहीं होता। किसानों को बड़े और व्यापक बाजार का लाभ भी मिलना चाहिए। हमारा देश, दुनिया के बड़े बाजार हमारे किसानों को उपलब्ध कराता है, इसलिए विकल्प के माध्यम से किसानों को सशक्त करने का रास्ता अपनाया गया है, किसान हित में किए गए कृषि सुधार ऐसे ही विकल्प किसानों को देते हैं। उन्होंने कहा, भारत के कृषि उत्पाद पूरी दुनिया में मशहूर है। क्या किसानों की इस बड़े मार्केट और ज्यादा दाम तक पहुंच होनी चाहिए या नहीं होनी चाहिए? अगर कोई पुराने सिस्टम से ही लेन देन को ठीक समझता है, तो उस पर भी इस कानून में कहां कोई रोक लगाई गई है? नए कृषि सुधारों से किसानों को नए विकल्प और नए कानूनी संरक्षण ही तो दिए गए हैं। मोदी ने कहा, पहले तो मंडी के बाहर हुए लेनदेन ही गैरकानूनी माने जाते थे। ऐसे में छोटे किसानों के साथ अक्सर धोखा होता था, विवाद होते थे क्योंकि छोटा किसान तो मंडी पहुंच ही नहीं पता था। अब ऐसा नहीं है। अब छोटे से छोटे किसान भी मंडी से बाहर हुए हर सौदे को लेकर कानूनी कार्यवाही कर सकते हैं, यानी किसान को अब नए विकल्प भी मिले हैं और उसे धोखे से बचाने के लिए कानूनी संरक्षण भी मिला है। उन्होंने कहा, किसानों को प्रकल्प के साथ ही नए विकल्प देने से हमारे कृषि क्षेत्र का कायाकल्प हो सकता है। किसान के लिए विकल्प सरकार का प्रकल्प और दोनों साथ-साथ चलें तभी देश का कायाकल्प हो सकता है। प्रधानमंत्री ने कहा, सरकार के प्रयासों और आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर से किसानों को कितना लाभ हो रहा है इसका एक बेहतरीन उदाहरण चंदौली का काला चावल है। पिछले साल खरीफ के सत्र में करीब 400 किसानों को यह चावल उगाने के लिए दिया गया था। इन किसानों की एक समिति बनाई गई थी। इसके लिए बाजार तलाश किया गया। सामान्य चावल जहां 35 से 40 रुपए प्रति किलो के हिसाब से बिकता है। वहीं, यह बेहतरीन काला चावल 300 रुपए प्रति किलो तक बिक रहा है। बड़ी बात यह भी है कि काले चावल को विदेशी बाजार भी मिल गया है। पहली बार ऑस्ट्रेलिया को यह चावल निर्यात हुआ वह भी करीब 850 रुपए प्रति किलो के हिसाब से। मोदी ने कहा, किसान को आधुनिक सुविधाएं देने, छोटे किसानों को संगठित करके उनको बड़ी ताकत बनाने और किसानों की आय बढ़ाने के प्रयास निरंतर जारी हैं। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से देश के लगभग चार करोड़ किसान परिवारों की मदद मिली है। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना से लगभग लगभग 47 लाख हेक्टेयर जमीन लघु सिंचाई के दायरे में आ चुकी है। लगभग 77,000 करोड़ रुपए की सिंचाई परियोजनाओं पर तेजी से काम चल रहा है।

## कुछ लोगों के ...

अगर पहले किया गया होता तो ऐसी न जाने कितनी ही मूर्तियां देश को काफी पहले वापस मिल जाती, लेकिन कुछ लोगों की सोच अलग रही है। उन्होंने परिवारवाद पर निशाना साधते हुए कहा, हमारे लिए विरासत का मतलब है देश की धरोहर जबकि कुछ लोगों के लिए विरासत का मतलब होता है अपना परिवार और अपने परिवार का नाम। हमारे लिए विरासत का मतलब है हमारी संस्कृति, हमारी आस्था और हमारे मूल्य, मगर उनके लिए विरासत का मतलब है अपनी प्रतिमाएं अपने परिवार की तस्वीरें। उनका ध्यान परिवार की विरासत को बचाने में रहा है जबकि हमारा ध्यान देश की विरासत को बचाने और उसे संरक्षित करने पर है।

## आरपार की लड़ाई ...

जारी रहेगी।' भारतीय किसान यूनियन, हरियाणा के अध्यक्ष गुरुनाम सिंह चढ़ूनी ने कहा कि विरोध अकेले पंजाब के किसान ही नहीं कर रहे हैं।' हरियाणा, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड से किसान इसमें शामिल हो रहे हैं। इसके बावजूद कि आंदोलन को दबाने के लिए प्रदर्शनकारियों पर अब तक करीब 31 केस दर्ज किए जा चुके हैं। चढ़ूनी ने कहा 'नए कृषि कानून कारपोरेट सेक्टर को लाभ पहुंचाने के लिए न कि किसानों को। आजादी की दूसरी लड़ाई जारी रहेगी जब तक कि मांगें पूरी नहीं हो जाती।' ऑल इंडिया टैक्सी यूनियन के अध्यक्ष बलवंत सिंह भुल्लर ने कहा कि वे केंद्र सरकार को दो दिन की मोहलत दे रहे हैं। भुल्लर ने कहा 'हम प्रधानमंत्री, गृह मंत्री और कृषि मंत्री से इन नए कृषि कानूनों को रद्द करने की मांग करते हैं। कारपोरेट सेक्टर हमें बर्बाद कर रहा है और यदि सरकार दो दिन में इस कानून को रद्द नहीं करती तो हम सड़कों से वाहनों को हटा लेंगे।' योगेंद्र यादव ने कहा कि यह पूरी तरह से किसानों का विरोध प्रदर्शन है और जैसा कि कुछ राजनीतिक दल आरोप लगा रहे हैं, यहां पर कोई भी राजनीतिक संगठन का नेता नहीं है। यादव ने कहा ' किसानों को दबाया जा रहा है। किसान जो हमें अन्न देते हैं और जिनके बच्चे पुलिस और सेना में हैं वे आज एकदूसरे के सामने हैं।' सोमवार को विरोध प्रदर्शन के कारण राष्ट्रीय राजधानी मे ट्रैफिक बाधित रहा। सिंघू तथा टिकरी बॉर्डर बंद रहने के कारण दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने सोमवार यात्रियों को ट्विटर पर जानकारी देते हुए वैकल्पिक रास्ता अपनाने को कहा। कोविड-19 महामारी के मद्देनजर प्रदर्शन स्थल पर कई संगठनों को किसानों को मास्क और सेनेटाइजर बांटते हुए देखा गया। निरंकारी ग्राउंड पर एक ई-रिक्शा को घूमते हुए देखा गया जिसमें लाउडस्पीकर पर कोविड-19 के दिशानिर्देशों और एहतियात के बारे में जानकारी दी जा रही थी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने किसानों से बुराड़ी ग्राउंड में जाने की अपील की है और कहा है कि उनके निर्धारित स्थान पर जाते ही केंद्र उनसे बातचीत करेगा। रविवार को किसानों के 30 संगठनों ने शाह के प्रस्ताव को खारिज करते हुए बिना शर्त बातचीत की मांग रखी। किसानों बुराड़ी ग्राउंड को खुली जेल करार दिया था।

## स्थानीय स्तर पर ...

के भी संकेत मिले हैं। वर्तमान में त्योहार सीजन, शीतकाल के आगमन तथा दिशा-निर्देशों के अनुपालन में बरती जा रही थोड़ी सी लापरवाही के दृष्टिगत इस महामारी के पुनः प्रसार होने की सम्भावना हो सकती है। ऐसे में पूर्ण सावधानी बरते जाने, कन्टेनमेन्ट कार्य योजना को और सख्ती से लागू किये जाने, कन्टेनमेन्ट जोन की निरन्तर निगरानी किए जाने तथा निर्गत दिशा-निर्देशों का और सख्ती से अनुपालन किये जाने की आवश्यकता है। इसके लिए स्थानीय जिला प्रशासन, पुलिस व नगरीय निकाय प्रशासन को स्थानीय परिस्थितियों का आकलन करते हुये कोविड-19 के प्रसार को नियंत्रित करने के उद्देश्य से कन्टेनमेन्ट मानदण्डों का सख्ती से अनुपालन कराये जाने तथा स्थानीय स्तर पर कतिपय प्रतिबन्ध लगाने के लिए भी उत्तरदायित्व दिए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि संवेदनशील एवं उच्च सम्भावना वाले क्षेत्रों में कोविड वायरस की श्रृंखला को समाप्त करने एवं इसके प्रसार को नियंत्रित करने के लिए कन्टेनमेन्ट जोन का प्रभावी ढंग से चिन्हांकन किया जाना सबसे महत्वपूर्ण कार्य है। शासन स्तर से इस विषय पर निर्गत शासनादेश में निर्दिष्ट दिशा-निर्देशों को दृष्टिगत रखते हुये जिला प्रशासन द्वारा माइक्रो लेवल पर कन्टेनमेन्ट जोन का सावधानीपूर्वक निर्धारण किया जाए। कन्टेनमेन्ट जोन के भीतर एवं बाहर चिकित्सकीय आपातकालीन सुविधाओं तथा आवश्यक वस्तुओं व सेवाओं की आपूर्ति के अतिरिक्त अन्य किसी प्रकार के आवागमन को नियंत्रित करने के लिए सख्त मानक अपनाये जाए। इस उद्देश्य के लिए गठित सर्विलांस टीम द्वारा प्रत्येक मकान की सघन निगरानी की जाय। बफर जोन में फीवर क्लीनिक अथवा मोबाईल चिकित्सा यूनिट को सक्रिय किये जाने पर विचार किया जाये।

## जुलाई तक 30 करोड़ ...

जायजा लिया। वैक्सीन पर काम कर रहीं कंपनियों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बातचीत करेंगे और वैक्सीन विकास पर चर्चा करेंगे। ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के साथ मिलकर वैक्सीन बनाने वाली सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया भी दावा कर चुका है कि सरकार जुलाई तक 30-40 करोड़ डोज खरीद सकती है।

## एमएलसी चुनाव के...

द्वारा मतदेय स्थलों पर मतदाताओं की अधिकतम संख्या 1000 तक रखने के निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान मतदान दिवस को मतदेय स्थल पर मतदान कार्मिकों एवं मतदाताओं की सुरक्षा के लिए थर्मल स्कैनर, हैण्ड सैनीटाइजर, फेस मास्क, फेस शील्ड, पीपीई किट, साबुन, पानी आदि की पर्याप्त मात्रा में व्यवस्था की गई है। मतदेय स्थल पर प्रत्येक मतदाता की थर्मल स्कैनिंग की भी व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि विधान परिषद निर्वाचन को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए सुरक्षा के व्यापक प्रबन्ध किये गये हैं। मतदान पर सतर्क दृष्टि रखने के लिए आयोग द्वारा 11 प्रेक्षक भी तैनात किये गये हैं। इसके अतिरिक्त 952 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 413 जोनल मजिस्ट्रेट भी तैनात किये गये हैं। प्रत्येक मतदेय स्थल पर माइक्रो ऑब्जर्वर की तैनाती के साथ वीडियोग्राफी की व्यवस्था की गई है। चुनाव प्रक्रिया को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए 848 भारी वाहन, 1754 हल्के वाहन तथा 12319 मतदान कार्मिक लगाये गये हैं।

## आतंकवाद क्षेत्रीय सुरक्षा...

को साकार करने में क्षेत्र को मदद मिलेगी। भारत 2017 में इस प्रभावशाली समूह का पूर्ण सदस्य बना था और उसके बाद पहली बार बैठक की मेजबानी कर रहा है। पाकिस्तान के एक अन्य संदर्भ में उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि एससीओ में जानबूझकर द्विपक्षीय मुद्दों को लाने के प्रयास किये गए और उन्होंने इसे सिद्धांतों और मानदंडों का उल्लंघन बताया। सितंबर के मध्य में, भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल एससीओ के सदस्य देशों के शीर्ष सुरक्षा अधिकारियों की डिजिटल बैठक से उस वक्त बाहर निकल गए थे, जब पाकिस्तानी प्रतिनिधि ने एक मानचित्र पेश किया, जिसमें कश्मीर को गलत तरीके से चित्रित किया गया था।

## सेनेगल के मिडफील्डर डियोप का निधन

**वाशिंगटन**। विश्व कप इतिहास में अपने एक गोल से सबसे बड़ा उलटफेर करने वाले सेनेगल के लंबी कद काठी के मिडफील्डर पापा बौबा डियोप का निधन हो गया। वह 42 वर्ष के थे। फुटबॉल की संचालन संस्था फीफा ने रविवार को कहा, फीफा सेनेगल के महान पापा बौबा डियोप के निधन की खबर सुनकर काफी दुखी है। जापान और दक्षिण कोरिया में हुए 2002 विश्व कप के शुरूआती मैच में डियोप के गोल की मदद से सेनेगल ने गत चैम्पियन फ्रांस को 1-0 से शिकस्त देकर उलटफेर किया था। इस विश्व कप में सेनेगल ने पदार्पण किया था और इस जीत की बदौलत टीम क्वार्टरफाइनल तक पहुंची थी जिससे उसने किसी अफ्रीकी टीम के टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की बराबरी की थी।

## महिला फुटबॉल टीम गोवा में ट्रेनिंग करेगी

**नई दिल्ली**। भारतीय महिला फुटबॉल टीम कोरोना वायरस के कारण लगे लॉकडाउन के बाद अपना पहला ट्रेनिंग शिविर मंगलवार से गोवा में राष्ट्रीय कोच मेमोल रॉकी के मार्गदर्शन में शुरू करेगी, जो कोविड-19 महामारी के लिए एआईएफएफ द्वारा निर्धारित किए गए कड़े जैविक रूप से सुरक्षित माहौल में कराया जाएगा। भारतीय महिला टीम का नौ महीनों में यह पहला शिविर होगा। इसमें अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के अनुसार टीम के डॉक्टर शेरविन शेरीफ द्वारा बनाई गई मानक परिचालन प्रक्रिया (एसओपी) का पालन किया जाएगा। महिला कोच रॉकी ने कहा कि टीम ट्रेनिंग बहाल करने को लेकर उत्साहित है क्योंकि उसकी निगाहें 2022 में एएफसी एशिया कप की तैयारियों पर लगी हैं।

## भरोसेमंद खिलाड़ी बनने पर ध्यान: शमसेर

**बेंगलुरू**। युवा भारतीय मिडफील्डर शमशेर सिंह ने कहा कि कठिन परिस्थितियों ने उन्हें जीवन की अनिश्चितताओं के लिए अच्छी तरह तैयार किया है और बढ़ती महामारी के बीच वह टीम के लिए भरोसेमंद खिलाड़ी बनने पर ध्यान लगाए हैं। हॉकी इंडिया द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार मैंने बहुत मुश्किल परिस्थितियां देखी हैं, मेरे पिता खेती से आजीविका कमाते थे। हॉकी में शुरूआती दिनों में मैंने कई तरह की परेशानियों का सामना किया जिसमें मुझे आधारभूत चीजों जैसे स्टिक, किट और जूतों के लिए जूझना पड़ा। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि पिछले अनुभव ने मुझे अनिश्चित हालात को अपनाने में मदद की और इस साल हम सभी को इस महामारी ने रोक दिया है लेकिन सबसे महत्वपूर्ण है कि हम अपने लक्ष्यों पर ध्यान लगाए रखें, भले ही कितनी भी परेशानियां आएं।

## नैपोली ने रोमा को 4-0 गोल से हराया

**मिलान**। नैपोली ने इटैलियन फुटबॉल लीग मैच में रोमा को 4-0 गोल से शिकस्त दी, जिसमें अर्जेंटीनी स्टार डिएगो माराडोना को श्रद्धांजलि दी गई। यह मैच भावनाओं से भरा था और बुधवार को माराडोना के निधन के बाद सीरी ए में नैपोली का यह पहला मैच था। माराडोना ने नैपोली को 1987 और 1990 में दो बार सीरी ए खिताब दिलाए थे। टीम ने इसके अलावा कोई और सीरी ए ट्राफी नहीं जीती है। नैपोली के कप्तान लारेंजो इनसिग्ने ने कहा कि निश्चित रूप से मैं और अधिक उत्साह से खेल रहा था और टीम के सभी साथी खिलाड़ी भी। इस जीत से नैपोली अंक तालिका में एसी मिलान से छह अंक नीचे रोमा और युवेंटस के साथ बराबरी पर पहुंच गया। एसी मिलान ने फियोरेंटिना को 2-0 से हराया।

## वोलवरहैम्पटन ने आर्सेनल को हराया

**लंदन**। वोलवरहैम्पटन ने इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल मैच में आर्सेनल को 2-1 से शिकस्त दी जिसमें उसके फारवर्ड रॉल जिमिनेज को सिर पर गंभीर चोट लग गई। वोलवरहैम्पटन ने चार दशक से ज्यादा समय में पहली बार आर्सेनल को उसके मैदान पर हराया है। जिमिनेज को आर्सेनल के डिफेंडर डेविड लुईज से टकराने के बाद पांचवें ही मिनट में स्ट्रेचर पर बाहर ले गया जिन्हें फिर अस्पताल ले जाया गया। वोलवरहैम्पटन के लिए पेड्रो नेटो ने 27वें और डेनियल पोंडेंस ने 42वें मिनट में गोल किए। आर्सेनल के लिए एकमात्र गोल गैब्रियल ने 30वें मिनट में किया।आर्सेनल ने एक नवंबर के बाद से एक भी प्रीमियर लीग मैच नहीं जीता है।

## तीरंदाज कोविड-19 जांच में पॉजिटिव

**पुणे**। भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) ने सोमवार को यहां कहा कि तीरंदाज कपिल को कोविड-19 जांच में पॉजिटिव पाया गया है जो यहां सैन्य खेल संस्थान (एएसआइ) में चल रहे मौजूदा राष्ट्रीय शिविर का हिस्सा हैं। साइ ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा, उनमें कोई लक्षण नहीं हैं और चिकित्सा टीम उनके स्वास्थ्य पर नजर रखे है। इसमें कहा गया कि वह पृथकवास में थे और शिविर में किसी अन्य के साथ संपर्क में नहीं आए थे। साइ ने कहा कि कपिल की राष्ट्रीय शिविर के तीरंदाजों के लिए मानक परिचालन प्रक्रिया (एसओपी) के अनुसार जांच कराई गई। उन्हें शिविर के पहुंचने के बाद आरटी-पीसीआर परीक्षण करना होता है।

## माराडोना के निजी डॉक्टर के घर छापेमारी

**ब्यूनस आयर्स**। अर्जेंटीना पुलिस ने फुटबॉल स्टार डिएगो माराडोना के निधन की जांच में उनके निजी डॉक्टर के घर और क्लीनीक की तलाशी ली। पत्रकारों ने न्यूरोलॉजिस्ट डॉक्टर लियोपोल्डो लुके के कार्यालय के दरवाजे पर कई पुलिस अधिकारियों को तैनात देखा। सान इसिद्रो वकील के कार्यालय से जारी बयान के अनुसार कोर्ट के जांचकर्ता माराडोना के संबंधियों के बयान ले रहे हैं। वकील माराडोना को बुधवार को उनके निधन से पहले मिली चिकित्सा की जांच कर रहे हैं कि इसमें कोई लापरवाही तो नहीं हुई। बयान के अनुसार जांचकर्ता माराडोना के चिकित्सा रिकार्ड हासिल करने की कोशिश कर रहे थे।

## क्वालीफाई कर चुके चार मुक्केबाज टॉप्स में

**नई दिल्ली**। ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुके चार भारतीय मुक्केबाजों को खेल मंत्रालय की टारगेट ओलंपिक पोडियम (टॉप्स) योजना में शामिल किया गया है। भारतीय खेल प्राधिकरण ने यह जानकारी दी। इन मुक्केबाजों में विश्व चैम्पियनशिप कांस्य पदक विजेता सिमरनजीत कौर (60 किलो) और एशियाई पदक विजेता पूजा रानी (75 किलो) शामिल हैं। एम सी मेरीकॉम पहले ही से इस योजना का हिस्सा है। पुरुष मुक्केबाजों में एशियाई रजत पदक विजेता आशीष कुमार (75 किलो) और एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता सतीश कुमार (प्लस 91 किलो) शामिल किए गए हैं। इसमें अमित पंघाल (52 किलो), मनीष कौशिक (63 किलो) और विकास कृष्णन (69 किलो) पहले ही से शामिल हैं। लवलीना बोरगोहेन और कविंदर सिंह भी कोर समूह का हिस्सा हैं। साइ ने बताया कि निकहत जरीन (51 किलो), सोनिया चहल (57 किलो)और शिवा थापा (63 किलो) को टॉप्स डेवलपमेंटल ग्रुप से कोर ग्रुप में शामिल किया गया है।

## मिल्खा टूर्नामेंट में भाग लेंगे शीर्ष गोल्फर

**चंडीगढ़**। अनिर्बाण लाहिड़ी, राशिद खान और गगनजीत भुल्लर जैसे शीर्ष गोल्फर गुरूवार से यहां शुरू हो रहे तीसरे जीव मिल्खा सिंह आमंत्रण टूर्नामेंट में भाग लेंगे। इस टूर्नामेंट में दो बार के हीरो इंडिया ओपन चैम्पियन एसएसपी चौरसिया और पीजीटीआई आर्डर आफ मेरिट में फिलहाल शीर्ष पर काबिज उदयन माने भी खेलेंगे। टूर्नामेंट के आयोजक जीव मिल्खा सिंह ने कहा कि अब हालात धीरे धीरे बदल रहे हैं और उम्मीद है कि यह टूर्नामेंट भारतीय गोल्फ के इतिहास में नया अध्याय लिखेगा। कुल डेढ करोड़ इनामी राशि का टूर्नामेंट चंडीगढ गोल्फ क्लब पर खेला जाएगा।

## आईओए के पूर्व प्रमुख रामचंद्रन चयनित

**चेन्नई**। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के पूर्व अध्यक्ष एन रामचंद्रन को विश्व ट्रायथलन ऑडिट समिति के सदस्य के तौर पर चुना गया। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार 29 नवंबर को पहली बार वर्चुअली आयोजित 33वीं विश्व ट्रायथलन कांग्रेस चुनावों में समिति में चुना गया। वह भारतीय ट्रायथलन महासंघ के मुख्य कार्यकारी अधिकारी हैं। वह इस पैनल में पहले भारतीय हैं। रामचंद्रन तमिलनाडु ओलंपिक संघ और तमिलनाडु ट्रायथलन संघ के अध्यक्ष हैं।

# चोटिल डेविड वार्नर बाहर, कमिंस को आराम

### वार्नर व कमिंस टेस्ट सीरीज के लिए काफी अहम: लैंगर

**भाषा**। सिडनी




**फार्म** में चल रहे आस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर यहां दूसरे वनडे के दौरान लगी ग्रोइन चोट के कारण भारत के खिलाफ सीमित ओवर की श्रृंखला के बचे हुए मैचों में नहीं खेलेंगे, जबकि शीर्ष तेज गेंदबाज पैट कमिंस को कार्यभार प्रबंधन के तहत आराम दिया गया है। पहले दो वनडे में 69 और 83 रन की पारी खेलने वाले वार्नर रविवार को एससीजी में क्षेत्ररक्षण के दौरान खुद को चोटिल करा बैठे जिसमें आस्ट्रेलिया ने 51 रन से जीत हासिल कर तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली। यह विस्फोटक सलामी बल्लेबाज अपना रिहैबिलिटेशन शुरू करने के लिए घर लौट चुका है और 17 दिसंबर से एडीलेड में शुरू होने वाले शुरूआती टेस्ट के लिए फिटनेस हासिल करने की कोशिश में जुटा है। कोच जस्टिन लैंगर ने आस्ट्रेलियाई मीडिया में कहा कि पैट और डेवी टेस्ट श्रृंखला के लिए हमारी योजना में काफी अहम है। उन्होंने कहा कि डेवी अपने रिहैबिलिटेशन पर काम करेंगे और जहां तक पैट की बात है तो हमारे सभी खिलाड़ियों को इस गर्मियों के चुनौतीपूर्ण सत्र में शारीरिक और मानसिक रूप से फिट रखना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि दोनों के लिए प्राथमिकता हाल के वर्षों में हमने जो श्रृंखला खेली हैं, उनमें सबसे बड़ी और महत्वपूर्ण घरेलू टेस्ट श्रृंखला से एक के लिए पूरी तरह से तैयार होना है, विशेषकर विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के अंक दाव पर लगे हैं। बाएं हाथ के बल्लेबाज डार्सी शार्ट को आस्ट्रेलिया की सफेद गेंद की टीम में वार्नर के स्थान पर चुना गया है जो बिग बैश लीग में दो श्रृंखलाओं में शीर्ष रन स्कोरर थे। आलराउंडर मार्कस स्टोइनिस टीम में बरकरार रहेंगे जो पहले वनडे में मांसपेशियों में खिंचाव के कारण दूसरा वनडे नहीं खेल पाए थे। लेकिन हरफनमौला मिशेल मार्श भारत ए और आस्ट्रेलिया ए के बीच रविवार से शुरू हो रहे अभ्यास मैच में नहीं खेलेंगे जो आईपीएल के दौरान चोटिल हो गए थे। वह टखने की चोट का रिहैबिलिटेशन जारी रखेंगे और टीम में उनकी जगह किसी अन्य खिलाड़ी के नाम की घोषणा नहीं की गई है।

# बुमराह को शुरूआती स्पैल में कम ओवर देकर कप्तान ने की गलती: गंभीर



**भाषा**। नई दिल्ली

**पूर्व** सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर को लगता है कि भारतीय कप्तान विराट कोहली ने अपने मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को दूसरे वनडे में शुरूआती स्पैल में केवल दो ओवर देकर रणनीतिक चूक की जो दुनिया में कोई और कप्तान नहीं करेगा। सिडनी में दूसरे वनडे में भारत को 51 रन से हार का सामना करना पड़ा जिससे आस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली। गंभीर को लगता है कि दोनों टीमों के बीच अभी तक अंतर यही था कि आस्ट्रेलियाई कप्तान आरोन फिंच ने पहले दो वनडे में अपने सबसे सफल तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड का इस्तेमाल बखूबी किया। गंभीर ने कहा कि मुझे यह समझने में मुश्किल हो रही है कि अगर आपके पास जसप्रीत बुमराह जैसी काबिलियत का गेंदबाज है तो आपने उसे शुरूआत में केवल दो ही ओवर दिए। यह रणनीतिक भूल ही नहीं बल्कि बहुत बड़ी गलती है। उन्होंने कहा कि मैं बुमराह और मोहम्मद शमी के पांच-पांच ओवर के स्पैल की उम्मीद कर रहा था, ताकि वे विकेट हासिल करने की कोशिश करते। इसलिए मुझे नहीं लगता कि दुनिया में कोई भी कप्तान ऐसा होगा जो नई गेंद से जसप्रीत बुमराह को दो ओवर देगा। आस्ट्रेलिया के तीन शीर्ष बल्लेबाज आरोन फिंच, डेविड वार्नर और स्टीव स्मिथ ने शानदार बल्लेबाजी की और गंभीर को लगता है कि अगर किसी गेंदबाज के पास इन तीनों को आउट करने का मौका था तो यह बुमराह के पास ही था। उन्होंने कहा कि फिंच, वार्नर और स्मिथ, शीर्ष तीन बल्लेबाज अपनी शानदार फार्म में तो इनका विकेट लेने का सर्वश्रेष्ठ मौका किसके पास होगा? जसप्रीत बुमराह के पास। और आप उसे दो ही ओवर देते हो और 10 ओवर के बाद उसे लाते हो, जब गेंद पुरानी हो चुकी है और तब आप उससे इन परिस्थितियों में विकेट चटकाने की उम्मीद करते हो। वह भी इंसान है। इसके बाद उन्होंने उदाहरण दिया कि फिंच ने किस तरह पहले दो मैचों में हेजलवुड का इस्तेमाल किया।

# विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप अपने उद्देश्य में असफल रहा: बार्कले



**भाषा**। नई दिल्ली

**अंतरराष्ट्रीय** क्रिकेट परिषद के नवनियुक्त चेयरमैन ग्रेग बार्कले ने सोमवार को स्वीकार किया कि विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप वो लक्ष्य हासिल नहीं कर पाई जिसके लिए इसे बनाया गया था और कोविड-19 के कारण हुए व्यवधान ने इसकी कमियों को उजागर ही किया। महामारी के कारण विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का कार्यक्रम अस्त व्यस्त हो गया और आईसीसी ने प्रतिशत के हिसाब से अंक देने का फैसला किया क्योंकि 2021 में लार्ड्स में फाइनल से पहले सभी निर्धारित श्रृंखलाएं इतने कम समय में पूरी नहीं की जा सकती। टेस्ट चैम्पियनशिप ने क्या उद्देश्य के हिसाब से प्रारूप में बदलाव किया है तो उन्होंने वर्चुअल मीडिया कांफ्रेंस के दौरान कहा, संक्षिप्त में कहूं तो मुझे ऐसा नहीं लगता। कोविड-19 ने शायद चैम्पियनशिप की कमियों को उजागर ही किया है। न्यूजीलैंड के बार्कले को लगता है कि मौजूदा क्रिकेट कैलेंडर में काफी समस्याएं विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के कारण हुई जिसे प्रारूप को लोकप्रिय बनाने के लिए लाया गया और उनके अनुसार ऐसा नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि हमारे पास जो मुद्दे थे, मुझे लगता है कि इनमें से कुछ टेस्ट चैम्पियनशिप को लाने के प्रयास के कारण हुए जिसका उद्देश्य टेस्ट क्रिकेट में लोगों की दिलचस्पी वापस लाने का था। उन्होंने कहा कि आदर्शवादी नजरिए से देखा जाए तो यह काफी अच्छी थी लेकिन व्यवहारिक रूप से मैं भी इससे सहमत नहीं हूं, मैं भी सुनिश्चित नहीं हूं कि इसने वो सब हासिल किया जिसके लिए इसे बनाया गया था। बार्कले ने संकेत दिया कि शुरूआती डब्ल्यूटीसी अंतिम हो सकती है क्योंकि छोटे सदस्य टेस्ट क्रिकेट चैम्पियनशिप नहीं करा सकते। उन्होंने कहा के मेरा व्यक्तिगत विचार है कि कोविड-19 में हम इसमें जो कुछ कर सकते हैं, वो अंकों को बांटकर कर सकते हैं और बस इतना ही।

### न्यूजीलैंड और वेस्टइंडीज के बीच तीसरा टी-20 मैच रद्द

**माउंट मोनगानुई (न्यूजीलैंड)**। न्यूजीलैंड और वेस्टइंडीज के बीच सोमवार को यहां तीसरा और अंतिम मैच बारिश की भेंट चढ़ गया जिससे मेजबान टीम ने टी-20 श्रृंखला 2-0 से अपने नाम की। लगातार बारिश के कारण सिर्फ 2.2 ओवर के बाद मैच रद्द कर दिया गया। बाएं हाथ के स्पिनर मिशेल सैंटनर का यह न्यूजीलैंड के टी-20 अंतरराष्ट्रीय कप्तान के तौर पर पर्दापण मैच था। बल्लेबाजी का न्यौता मिलने के बाद वेस्टइंडीज ने तेज शुरूआत की। सलामी बल्लेबाज आंद्रे फ्लेचर और ब्रैंडन किंग ने पहले ओवर में 12 रन जुटा लिए थे। किंग ने सात गेंद खेली और इसमें एक चौके व एक छक्के से 11 रन जुटाए। वह अगले ओवर की दूसरी गेंद पर लॉकी फर्गुसन को श्रृंखला का छठा विकेट देकर पवेलियन लौट गए।

# प्रथम श्रेणी क्रिकेट खेलने से टेस्ट में फायदा मिलेगा: लाबुशेन



**भाषा**। सिडनी

**आस्ट्रेलिया** के उभरते हुए स्टार मार्नस लाबुशेन का मानना है कि शीर्ष क्रम के ज्यादातर खिलाड़ियों के प्रथम श्रेणी क्रिकेट खेलने से घरेलू टीम को भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में थोड़ा फायदा मिलेगा। लाबुशेन ने रविवार को दूसरे वनडे में 61 गेंद में 70 रन का योगदान दिया जिसमें आस्ट्रेलिया ने 51 रन से जीत हासिल की। वह तीन शेफील्ड शील्ड मैचों में दो शतक जड़ चुके हैं। श्रृंखला के अधिकारिक प्रसारक सोनी द्वारा वर्चुअल मीडिया कांफ्रेंस में लाबुशेन ने पीटीआई-भाषा द्वारा पूछे गए सवाल के जवाब में कहा, श्रृंखला से पहले कुछ मैच खेलने से निश्चित रूप से मदद मिलती है, इससे टी-20 से वनडे और वनडे से चार दिवसीय क्रिकेट की टाइमिंग और रफ्तार को पता चलता है। भारतीय खिलाड़ी इंडियन प्रीमियर लीग खेलने के बाद अब यहां वनडे खेल रहे हैं, उन्होंने टेस्ट क्रिकेट न्यूजीलैंड में खेला था और उन्हें परिस्थितियों से वाकिफ होने के लिए बस तीन दिवसीय दो मैच ही मिलेंगे। लाबुशेन ने कहा कि लेकिन इनमें से ज्यादातर खिलाड़ी ऐसा लंबे समय से कर रहे हैं, वे प्रारूप बदलने के बारे में नए नहीं हैं। मुझे हैरानी होगी, अगर वे जल्दी से प्रारूप के मुताबिक नहीं ढले। उन्होंने कहा कि मैं कहूंगा कि इससे थोड़ा फायदा मिलेगा, हमारे शीर्ष छह में से चार खिलाड़ी शील्ड क्रिकेट खेल रहे हैं और बल्लेबाजी ग्रुप के तौर पर उन्होंने वो लय हासिल कर ली है। डेविड वार्नर चोटिल होने के कारण अंतिम वनडे और आगामी टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में नहीं खेल पाएंगे और लाबुशेन को अगर पारी का आगाज करने के लिए कहा जाता है तो उन्हें इससे कोई गुरेज नहीं है। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से अगर मुझे बल्लेबाजी का आगाज करने को कहा जाता है तो बिलकुल ऐसा करूंगा। यह एक ऐसा मौका है जिसका मैं लुत्फ उठाना चाहूंगा।

### बीसीसीआई से डरता है क्रिकेट आस्ट्रेलिया

**मेलबर्न**। क्रिकेट आस्ट्रेलिया और चैनल सेवन के बीच विवाद बढ़ता ही जा रहा है और अब प्रसारक ने दोनों बोर्ड के बीच संवाद की जानकारी मांगते हुए अदालत की शरण ली है। इसने यह भी कहा कि सीए भारतीय क्रिकेट बोर्ड से डरा हुआ है। सिडनी मार्निंग हेराल्ड के अनुसार चैनल ने अदालत में हलफनामा दायर करने की पुष्टि की है। चैनल ने कहा है कि सीए ने बीसीसीआई के हितों के अनुरूप श्रृंखला के कार्यक्रम में बदलाव करके प्रसारण अनुबंध का उल्लंघन किया है।

सेवन वेस्ट मीडिया के मुख्य कार्यकारी जेम्स वारबर्टन ने कहा कि क्रिकेट आस्ट्रेलिया को भारत के खिलाफ वनडे और टी-20 मैचों की बजाय दिन रात के टेस्ट के साथ श्रृंखला का आगाज करना था जो अब एडीलेड में 17 दिसंबर से खेला जाएगा।

उन्होंने कहा कि यह शर्मनाक है कि क्रिकेट आस्ट्रेलिया बतौर प्रसारक हमारा सम्मान नहीं करता और बीसीसीआई के आगे भीगी बिल्ली बना हुआ है। वह बीसीसीआई से डरता है।

# प्रतिस्पर्धा के बिना प्रदर्शन की समीक्षा कैसे हुई:अरपिंदर सिंह

### त्रिकूद खिलाड़ी टॉप्स से निकाले जाने पर नाखुश

**संवाददाता**। नई दिल्ली



**एशियाई** खेलों के स्वर्ण पदक विजेता त्रिकूद खिलाड़ी अरपिंदर सिंह ने टारगेट ओलंपिक पोडियम (टॉप्स) योजना से उन्हें बाहर करने के खेल मंत्रालय के फैसले पर सोमवार को सवाल उठाते हुए कहा कि कोरोना महामारी के बीच कोई प्रतिस्पर्धा नहीं होने के बावजूद उनके प्रदर्शन की समीक्षा किस आधार पर की गई।

इंडोनेशिया में 2018 एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाले अरपिंदर को टॉप्स कोर समूह से बाहर कर दिया गया जबकि प्रदर्शन की समीक्षा के बाद नीरज चोपड़ा, तेजिंदर पाल सिंह तूर और हीमा दास को बरकरार रखा गया। अरपिंदर ने अमृतसर से फोन पर कहा कि मैं हैरान रह गया कि इस महामारी के बीच प्रदर्शन की समीक्षा कैसे की गई। कोई प्रतिस्पर्धा भी पूरे साल नहीं हुई। आपको बिना ट्रायल के कैसे पता चला कि मेरा प्रदर्शन खराब हो गया है। मुझे इसका आधार समझ में नहीं आया। उन्होंने कहा कि मैं इन दिनों जालंधर में अकेले अभ्यास करता हूं। मैने छोटा ब्रेक लिया है और एक या दो दिन में जालंधन जाऊंगा। जहां तक मुझे पता है कि मैं पहले की तरह की कूद लगा रहा हूं। मेरे प्रदर्शन में निरंतरता है। उन्होंने कहा कि मैं करीब दो साल से टॉप्स में हूं और मेरी किसी गलती के बिना मुझे बाहर कर दिया गया। मुझे इसकी उम्मीद नहीं थी। अरपिंदर ने कहा कि वह कुछ महीने एनआईएस पटियाला में था लेकिन मई में राष्ट्रीय शिविर छोड़ दिया। यह पूछने पर कि क्या उन्हें टॉप्स से बाहर किए जाने के बारे में पहले बताया गया था, उन्होंने कहा कि टॉप्स के एक अधिकारी ने मुझे फोन करके कहा कि उन्होंने प्रदर्शन की समीक्षा की है और मुझे बाहर किया जाएगा। मैने पूछा कि ऐसे समय में प्रदर्शन की समीक्षा कैसे की गई।

उन्होंने कहा कि मई जून में मंत्रालय से किसी ने मुझे कहा कि अमेरिका अभ्यास के लिए जा सकता हूं लेकिन मैने मना कर दिया क्योंकि जब कोई अभ्यास ही नहीं कर रहा तो जाने का क्या फायदा। अरपिंदर ने कहा कि वह टॉप्स में वापिस शामिल करने के लिए अनुरोध नहीं करेंगे लेकिन अगले सत्र में अपने प्रदर्शन के जरिए जवाब देंगे।

## अगले दो साल में भारत में बैंकों की पूंजी घटेगी: मूडीज

**नई दिल्ली**। मूडीज इन्वेस्टर्स सर्विस ने कहा है कि अगले दो साल के दौरान उभरते एशियाई क्षेत्र के बैंकों की पूंजी में कुछ गिरावट आएगी। इसके साथ मूडीज ने कहा है कि नया निवेश नहीं मिलने पर इस दौरान भारत के बैंकों की पूंजी सबसे अधिक घटेगी। मूडीज की सोमवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि उभरते बाजारों के बैंकों के लिए संपत्ति की अनिश्चित गुणवत्ता सबसे बड़ी चुनौती है। इसकी वजह कोविड-19 महामारी के चलते परिचालन की परिस्थितियों का चुनौतीपूर्ण होना है। रिपोर्ट में कहा गया है कि उभरते बाजारों में 2021 के लिए बैंकों का परिदृश्य नकारात्मक है। वहीं बीमा कंपनियों के लिए यह स्थिर है। मूडीज ने कहा कि एशिया प्रशांत क्षेत्र में बैंकों की बढ़ती गैर-निष्पादित आस्तियां (एनपीए) और बीमा कंपनियों का उतार-चढ़ाव वाला निवेश पोर्टफोलियो चिंता का विषय है। अगले दो साल के दौरा उभरते एशिया में बैंकों की पूंजी घटेगी।

# सह-कार्यस्थल कंपनियों के कार्यालय स्थलों की मांग में 58 फीसदी गिरावट का अनुमान

**संवाददाता**। नई दिल्ली

**कोविड**-19 संकट के चलते सह-कार्यस्थल (को-वर्किंग) कंपनियों के कार्यालय 2020 में पट्टे पर उठने में 58 प्रतिशत गिरावट आने का अनुमान है। संपत्ति सलाहकार कंपनी साविल्स इंडिया की रपट के मुताबिक इसकी प्रमुख वजह कॉरपोरेट क्षेत्र की कार्यालय स्थल की मांग गिरना है। देश के छह प्रमुख शहर दिल्ली-एनसीआर, मुंबई, बेंगलुरु, हैदराबाद, चेन्नई और पुणे में सह-कार्यस्थल कंपनियों ने 2019 में 81 लाख वर्ग फुट कार्यालय क्षेत्र को पट्टे पर उठाया था। साविल्स की रपट के मुताबिक चालू साल में यह क्षेत्रफल 34 लाख वर्ग फुट रहने का अनुमान है। यह देश में किराए पर उठने वाले कुल कार्यालय क्षेत्र का करीब 11 प्रतिशत है। रपट के अनुसार 2020 में 2019 के मुकाबले संपत्तियों को किराए या पट्टे पर देने में कुल मिलाकर गिरावट आने का अनुमान है। इसकी वजह इन्हें किराए पर लेने वाली इकाइयों के निर्णय करने में देरी होना है। हालांकि रपट में अगले दो साल में इस क्षेत्र में स्थिर बढ़ोतरी की उम्मीद जताई गई है। रपट के अनुसार बेंगलुरु में इस साल 11 लाख वर्ग फुट कार्यालय स्थल पट्टे पर लिए जाने का अनुमान है। पिछले साल यहां 23 लाख वर्ग फुट कार्यालय क्षेत्र को किराए पर लिया गया था। इसी तरह हैदराबाद में इस साल 21 लाख वर्ग फुट से घटकर 11 लाख वर्ग फुट, दिल्ली-एनसीआर में 15 लाख वर्ग फुट से दो लाख वर्ग फुट, पुणे में 10 लाख वर्ग फुट से चार लाख वर्ग फुट, मुंबई में छह लाख वर्ग फुट से चार लाख वर्ग फुट और चेन्नई में छह लाख वर्ग फुट से गिरकर दो लाख वर्ग फुट कार्यालय स्थल के ही पट्टे पर उठने का अनुमान है।

## चालू वित्त वर्ष में अर्थव्यवस्था में आएगी नौ प्रतिशत की गिरावट

**नई दिल्ली**। क्रेडिट रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग ने चालू वित्त वर्ष में भारत की अर्थव्यवस्था में नौ प्रतिशत गिरावट आने का पूर्वानुमान सोमवार को बरकरार रखा। एजेंसी ने कहा कि वृद्धि को लेकर जोखिम कम होने की उम्मीदें हैं, लेकिन वह कोविड संक्रमण के स्थिर या कम हो जाने को लेकर अधिक संकेतों का इंतजार करेगी। एसएंडपी ने एशिया प्रशांत क्षेत्र की अपनी रिपोर्ट में कहा कि अगले वित्त वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था 10 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज कर सकती है। एसएंडपी ने कहा, हमने 2020-21 में जीडीपी में नौ प्रतिशत गिरावट और 2021-22 में 10 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान बरकरार रखा है। महामारी अभी नियंत्रण में नहीं है, लेकिन लोगों की आवाजाही व घरेलू खर्च में तेजी से सुधार हो रहा है। ऐसे में वृद्धि के मोर्चे पर जोखिम कम होने की उम्मीदें हैं।

उसने कहा कि हम इस बात को लेकर अभी और संकेतों का इंतजार करेंगे कि संक्रमण स्थिर हो गया है या कम हुआ है।

# भारत में 2026 तक होंगे 35 करोड़ 5जी कनेक्शन

**संवाददाता**। नई दिल्ली

**प्रमुख** दूरसंचार कंपनी एरिक्सन की एक रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया भर में 2016 तक 3.5 अरब 5जी कनेक्शन होंगे, जबकि भारत में इनकी संख्या करीब 35 करोड़ होगी। एरिक्सन के नेटवर्क समाधान (दक्षिण पूर्व एशिया, ओशिनिया और भारत) के प्रमुख नितिन बंसल ने कहा कि यदि स्पेक्ट्रम नीलामी अगले साल की शुरुआत में हो गई, भारत को उसका पहला 5जी कनेक्शन 2021 में मिल सकता है। एरिक्सन मोबिलिटी रिपोर्ट-2020 के मुताबिक दुनियाभर में एक अरब लोग, जो वैश्विक आबादी का 15 प्रतिशत हिस्सा है, उनकी 5जी कवरेज तक पहुंच है।

रिपोर्ट के मुताबिक 2026 तक दुनिया की 60 प्रतिशत आबादी के पास 5जी सेवाओं तक पहुंच होगी और उस समय तक 5जी ग्राहकों की संख्या बढ़कर 3.5 अरब होने का अनुमान है। भारत में 5जी ग्राहकों की संख्या उस समय तक 35 करोड़ के आंकड़े को पार कर जाएगी, जो कुल मोबाइल उपयोगकर्ताओं का 27 प्रतिशत हिस्सा होगा। बंसल ने कहा कि 5जी सेवाओं के लिए स्पेक्ट्रम नीलामी की घोषित समयसीमा के अनुसार भारत को उसका पहला 5जी कनेक्शन 2021 में मिल सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक भारत में प्रति माह प्रति स्मार्टफोन उपयोगकर्ता औसत ट्रैफिक 15.7 जीबी है, जो दुनिया में सबसे अधिक है।

### स्वत: मिट जाने वाली 17.76 करोड़ डॉक्टरी सुइयों का उत्पादन तय कार्यक्रम के अनुरूप

**नई दिल्ली**। हिंदुस्तान सीरींजेस एंड मेडिकल डिवाइसेस (एचएमडी) ने सोमवार को कहा कि वह सरकार के लिए 17.76 करोड़ स्वत: मिट जाने वाली डॉक्टरी सुइयों (सीरींज) का उत्पादन कर रही है। 0.5 मिलीलीटर वाली इन कोजैक सुइयों का उत्पादन मार्च 2021 तक पूरा करने की योजना के अनुरूप चल रहा है।

# ओएमबी की निदेशक नियुक्त हो सकतीं हैं नीरा टंडन

## ● अगर अमेरिकी सीनेट में भी इस पद के लिए टंडन (50) के नाम की पुष्टि हो जाती है, तो वह व्हाइट हाउस में प्रभावशाली प्रबंधन और बजट कार्यालय की प्रमुख बनने वाली पहली अश्वेत महिला होंगी

**भाषा ।** वाशिंगटन

**अमेरिका के** नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन व्हाइट हाउस के शीर्ष पद प्रबंधन एवं बजट कार्यालय के निदेशक के रूप में भारतीय-अमेरिकी नीरा टंडन को नियुक्त कर सकते हैं। इस कार्यालय का काम प्रशासन के बजट का प्रबंधन करना होता है। स्थानीय मीडिया में रविवार को आई खबरों में यह जानकारी दी गई है। अगर अमेरिकी सीनेट में भी इस पद के लिए टंडन (50) के नाम की पुष्टि हो जाती है, तो वह व्हाइट हाउस में प्रभावशाली प्रबंधन और बजट कार्यालय की प्रमुख बनने वाली पहली अश्वेत महिला होंगी। टंडन वर्तमान में वामपंथी झुकाव वाले सेंटर फॉर अमेरिकन प्रोग्रेस की मुख्य कार्यकारी अधिकारी हैं। द वॉल स्ट्रीट जर्नल की खबर के अनुसार, टंडन की संभावित नियुक्ति संभावित वित्त मंत्री जेनेट एलेन के साथ काम करने के लिए उदारवादी आर्थिक सलाहकारों की एक टीम बनाने की बाइडन की योजना का हिस्सा है। कई समाचारों में कहा गया है कि टंडन, एलेन और अन्य की नियुक्ति की घोषणा जल्द होने की उम्मीद है। वाशिंगटन पोस्ट के अनुसार, टंडन पर सरकारी खर्चों पर लगाम लगाने का दबाव होगा, लेकिन वर्तमान आर्थिक सुस्ती से निपटने के लिए बाइडन प्रशासन की योजना को तैयार करने में वह संभवत: महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।खबर के अनुसार, वह अमेरिका की पूर्व विदेश मंत्री और 2016 के राष्ट्रपति चुनाव में डेमोक्रेटिक उम्मीदवार हिलेरी क्लिंटन की करीबी सहयोगी रही हैं। टंडन ने ओबामा सरकार में अफॉर्डेबल केयर एक्ट को पारित कराने में मदद की थी।गैर-लाभकारी संगठन इंडियास्पोरा के संस्थापक एम आर रंगास्वामी ने कहा, नीरा टंडन को अगले प्रशासन में कैबिनेट स्तर के पद के लिए नामित किए जाने की संभावना भारतीय अमेरिकियों के लिए एक और गर्व का दिन है। उनकी जिम्मेदारी बहुत व्यापक होगी। इसमें अब किसी को कोई संदेह नहीं है कि हमारा समुदाय राजनीतिक रूप से काफी सशक्त हो गया है। वाशिंगटन पोस्ट की खबर के उनसार, प्रिंसटन विश्वविद्यालय की अर्थशास्त्री सेसिलिया राउस को आर्थिक सलाहकार परिषद की अध्यक्ष नियुक्त किए जाने की संभावना है। अफ्रीकी-अमेरिकी राउस परिषद की अध्यक्ष बनने वाली पहली अश्वेत महिला होंगी, जो अर्थव्यवस्था पर राष्ट्रपति को सलाह देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। बाइडन की योजना एडेवाले वैली एडेइमो को उप वित्त मंत्री के रूप में नामित करने की भी योजना है। जारेद बर्नस्टीन और हीथर बूसी को उनके आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्यों के रूप में नामित किए जाने की संभावना है। ये घोषणाएं मंगलवार को होने की संभावना

## श्रीलंका में कैदियों और जेल अधिकारियों के बीच झड़प में आठ की मौत, 37 घायल

**कोलंबो।** श्रीलंका की राजधानी के बाहरी क्षेत्र में स्थित एक जेल में रविवार को कैदियों और जेल अधिकारियों के बीच तब संघर्ष शुरू हो गया जब कुछ कैदियों ने दरवाजे को बलपूर्वक खोलकर वहां से भागने की कोशिश की जिसके बाद पुलिस को बल का प्रयोग करना पड़ा। इस झड़प में कम से कम आठ कैदियों की मौत हो गई तथा 37 अन्य घायल हो गए। पुलिस प्रवक्ता अजीत रोहाना ने सोमवार को बताया कि कोलंबो से करीब 15 किमी दूर स्थित महारा जेल में कैदियों ने दंगा किया और हालात को काबू में करने के लिए जेल अधिकारियों को कदम उठाने पड़े।दरअसल श्रीलंका की क्षमता से अधिक भरी जेलों के कैदियों में कोरोना वायरस महामारी के मद्देजनर असंतोष बढ़ रहा है। जेलों में कोरोना वायरस के मामले बढ़ रहे हैं जिनके कारण कई जेलों में कैदियों ने हाल के हफ्तों में प्रदर्शन किए हैं।रोहाना ने बताया कि इस घटना में दो जेलर समेत कम से कम 37 लोग घायल हुए हैं जिन्हें नजदीक के रागामा अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।जेल अधिकारियों ने बताया कि कैदियों ने दंगा करते वक्त रसोईघर और रिकॉर्ड रूम में आग लगा दी। उन्होंने बताया कि कैदी किसी अन्य जेल में भेजने की मांग कर रहे थे क्योंकि महारा जेल में 175 कैदी कोविड-19 से पीड़ित हैं।

## युद्ध अपराध को लेकर झूठे व असंगत ट्वीट के लिए चीन माफी मांगे : ऑस्ट्रेलिया

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन ने सोमवार को चीन सरकार से झूठी और असंगत तस्वीर को ट्वीट करने के लिए माफी मांगने की मांग की जिसमें ऑस्ट्रेलियाई सैनिक कथित तौर पर अफगानिस्तान में एक बच्चे की हत्या करता दिख रहा है। बता दें कि इस ट्वीट के बाद चीन और ऑस्ट्रेलिया में राजनीतिक तनाव पैदा हो गया है। मॉरिसन ने चीन के विदेश मंत्रालय से फर्जी ट्वीट को हटाने की मांग की है जिसमें युद्ध अपराध जांच की पृष्ठभूमि में ऑस्ट्रेलियाई रक्षा बल को निशाना बनाया गया है। दोनों देशों के बीच व्यापार को लेकर जारी तनाव के बीच चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता झाओ लिजियान ने सोमवार को एक ग्राफिक तस्वीर ट्वीट की जिसमें मुस्कुराता हुआ सैनिक ने चाकू एक बच्चे के गले पर रखा हुआ है। बच्चा एक मेमने को गोद में लिए हुए है। झाओ ने तस्वीर के साथ लिखा, ऑस्ट्रेलियाई सैनिकों द्वारा अफगानिस्तान के नागरिकों और कैदियों की हत्या से स्तब्ध हैं।



ननकाना साहिब में अपने धर्मगुरु गुरुनानक देव की 551 वी जयंती के अवसर पर रैली निकालते सिख बच्चे

# तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण मामले की सुनवाई 12 फरवरी को

## ● मुंबई हमलों का अपराधी हेडली सरकारी गवाह बन गया था और इस समय अमेरिका में 35 साल जेल की सजा काट रहा है

**एजेंसी ।** वाशिंगटन

**अमेरिका की** एक अदालत पाकिस्तानी मूल के कनाडाई कारोबारी तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण के मामले में 12 फरवरी को सुनवाई करेगी। भारत ने राणा को 2008 में मुंबई में हुए आतंकवादी हमलों के मामले में भगोड़ा घोषित किया है।

डेविड कोलमैन हेडली के बचपन के दोस्त राणा (59) को 10 जून को लॉस एंजिलिस में फिर से गिरफ्तार किया गया था। उसे मुंबई हमलों में संलिप्तता के मामले में भारत के प्रत्यर्पण के अनुरोध पर पुन: गिरफ्तार किया गया। इन हमलों में छह अमेरिकियों समेत 166 लोगों की मौत हो गई थी।अमेरिकी पुलिस ने राणा को पहली बार शिकागो ओहारे हवाईअड्डे पर हेडली की गिरफ्तारी के तुरंत बाद अक्टूबर 2009 में गिरफ्तार किया था। लॉस एंजिलिस में अमेरिकी डिस्ट्रिक्ट कोर्ट की जज जैक्लीन चेलोनियन ने 13 नवंबर को जारी अपने आदेश में कहा कि इस मामले में प्रत्यर्पण की सुनवाई 12 फरवरी, 2021 को सुबह 10 बजे होगी।राणा के पास प्रत्यर्पण के अनुरोध के विरोध में याचिका दायर करने के लिए 21 दिसंबर तक का समय है। अमेरिका सरकार के पास इसका उत्तर दायर करने के लिए एक और महीने का समय होगा।अमेरिका सरकार ने 28 सितंबर को अपने प्रस्ताव में राणा को भारत प्रत्यर्पित किए जाने का समर्थन किया था। भारत में उसके खिलाफ युद्ध छेड़ने, आतंकवादी गतिविधि को अंजाम देने, युद्ध छेड़ने का षड्यंत्र रचने और हत्या करने समेत कई मामलों में आरोप तय किए गए हैं।राणा ने अपने बचाव में दलील दी थी कि अमेरिका का हेडली को भारत प्रत्यर्पित नहीं करने का फैसला असंगत है और यह उसके प्रत्यर्पण को रोकता है। अमेरिका के अटॉर्नी निकोला टी हन्ना ने कहा कि अमेरिका सरकार ने तर्क दिया कि हेडली ने आवश्यक शर्तें पूरी की थी।उन्होंने कहा, राणा की स्थिति अलग है क्योंकि उसने न तो अपराध स्वीकार किया और न ही अमेरिका सरकार के साथ सहयोग किया, इसलिए उसे वह लाभ नहीं दिए जा सकते, तो हेडली को दिए गए। यह रुख न तो असंगत है और न ही उसके(राणा) प्रत्यर्पण को रोकता है। हन्ना ने कहा कि राणा के विपरीत हेडली ने अपने सभी आरोप तत्काल स्वीकार कर लिए थे।पाकिस्तान में जन्मे राणा ने वहां आर्मी मेडिकल कॉलेज से पढ़ाई पूरी की थी और उसने पाकिस्तानी सेना में करीब एक दशक तक चिकित्सक के रूप में सेवाएं दी थीं, लेकिन बाद में उसने इसे छोड़ दिया। वह इस समय कनाडा का नागरिक है, लेकिन शिकागो में रहता था, जहां उसका कारोबार था। अदालत में दायर दस्तावेजों के अनुसार वह कनाडा, पाकिस्तान, जर्मनी और ब्रिटेन में रहा और वह सात भाषाएं बोलता है। मुंबई हमलों का अपराधी हेडली सरकारी गवाह बन गया था और इस समय अमेरिका में 35 साल जेल की सजा काट रहा है।हमले में शामिल पाकिस्तानी नागरिक मोहम्मद अजमल कसाब को 21 नवंबर, 2012 को फांसी दी गई थी। वह हमला करने वाला एकमात्र आतंकवादी था, जिसे जीवित पकड़ा गया था।

## ईरान के मारे गए सैन्य परमाणु वैज्ञानिक को सुपुर्द-ए-खाक करने की रस्म शुरू

**तेहरान।** ईरानी गणराज्य में सैन्य परमाणु कार्यक्रम की स्थापना करने वाले वैज्ञानिक मोहसिन फखरीजादा को सुपुर्द-ए-खाक करने की रस्म शुरू हो गई है। शुक्रवार को सैन्य अंदाज में घात लगा कर हमले में उनकी हत्या कर दी गई थी।ईरानी टीवी चैनल स्टेट टीवी पर सोमवार को इसका प्रसारण किया गया जिसमें फखरीजादा का ताबूत दिख रहा था। राजधानी तेहरान में रक्षा मंत्रालय के बाहरी इलाके में उनका ताबूत को मंच पर रखा गया। वहां कुरान की आयतें पढ़ी जा रही हैं। सुपुर्द-ए-खाक से पहले आयोजित कार्यक्रम में रक्षामंत्री जनरल अमीर हातमी और कई सैन्य अधिकारी नजर आए, जो कोरोना वायरस महामारी की वजह से एक दूसरे से दूरी बना कर मास्क पहनकर बैठे थे।

# अपने कुत्ते के साथ खेलते हुए चोटिल हुए बाइडन

**भाषा ।** वाशिंगटन

**अमेरिका के** नव-निर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन के एक पैर में मामूली फ्रैक्चर हुआ है और उन्हें चलने के लिए अब कई हफ्तों तक वॉकिंग बूट की जरूरत पड़ेगी। उनके चिकित्सक ने यह जानकारी दी।शनिवार को अपने पालतू कुत्ते मेजर के साथ खेलते वक्त बाइडन का पैर फिसलने से उनका टखना मुड़ गया था। बाइडन ने गत 20 नवंबर को अपना 78वां जन्मदिन मनाया और वह अमेरिकी इतिहास के सबसे उम्रदराज राष्ट्रपति बनने जा रहे हैं।बाइडन का उपचार कर रहे डॉ. केविन ओकोन्नोर ने रविवार को कहा, शुरुआती एक्स-रे में किसी तरह का फ्रैक्चर पता नहीं चला। लेकिन क्लिनिकल जांच में गहराई से देखने की जरूरत लगी। जीडब्ल्यू मेडिकल फैकल्टी एसोसिएट्स में निदेशक ओकोन्नोर ने बाइडन की जांच के परिणामों को देखने के बाद बताया, बाद के सीटी स्कैन से नव-निर्वाचित राष्ट्रपति बाइडन के पैर के बीच में मामूली फ्रैक्चर का पता चला। अगले कई हफ्तों तक उन्हें चलने के लिए वॉकिंग बूट की जरूरत पड़ सकती है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार शाम को ट्वीट कर बाइडन के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। बाइडन का पिछला स्वास्थ्य रिकॉर्ड डॉ ओकोन्नोर ने दिसंबर 2019 में जारी किया था। डॉक्टर ने कहा था कि बाइडन राष्ट्रपति बनने के लिहाज से स्वस्थ और तंदुरुस्त हैं। स्वास्थ्य रिपोर्ट के अनुसार बाइडन तंबाकू या शराब का सेवन नहीं करते और सप्ताह में पांच दिन व्यायाम करते हैं। वह एसिड रिफ्लक्स, कॉलेस्ट्रॉल और मौसमी एलर्जी जैसी समस्याओं के लिए ब्लड थिनर और अन्य दवाएं लेते हैं।बाइडन ने 2018 में मेजर को अपनाया था जो जर्मन शेफर्ड नस्ल का कुत्ता है। उनके पास चैंप नाम का एक और जर्मन शेफर्ड कुत्ता है जिसे उन्होंने 2008 में राष्ट्रपति चुनाव के बाद अपनाया था। बाइडन दंपती ने कहा है कि उनकी दोनों कुत्तों को व्हाइट हाउस ले जाने की योजना है।



कंबोडिया एअरपोर्ट पर पाकिस्तान से आए हाथी का पारंपरिक तरीके से पूजन करते बौद्ध भिक्षु

## क्विक न्यूज

### लोकतंत्र की लड़ाई के तरीकों पर विचार करना होगा: हांगकांग के सांसद

**हांगकांग।** हांगकांग की सबसे बड़ी लोकतंत्र समर्थक पार्टी डेमोक्रेटिक पार्टी के अध्यक्ष वू ची वई सोमवार को संसद से इस्तीफा देंगे। उनसे पहले लोकतंत्र समर्थक खेमे के सभी 15 सांसद अपने चार सहयोगियो को अयोग्य करने के विरोध में पहले ही इस्तीफा दे चुके है।दरअसल बीजिंग द्वारा नवंबर माह की शुरुआत मे पारित एक संकल्प के बाद लोकतंत्र समर्थक खेमे के चार सदस्यो को अयोग्य करार दिया गया था।इन सदस्यों ने इस्तीफे ऐसे समय मे दिए है जब चीन हांगकांग पर अपना नियंत्रण बढ़ाने का प्रयास कर रहा है। कार्यकर्ताओं के मुताबिक हांगकांग को चीन से अलग करने वाले अधिकार कुचले जा रहे है। हांगकांग मे लोकतंत्र का समर्थन करने वाले कार्यकर्ता छाता आंदोलन (अंब्रेला मूवमेंट) के तहत 2014 से ज्यादा लोकतंत्र की मांग कर रहे है। उनका आरोप है कि चीन हांगकांग की जनता को मतदान से अपने नेता का चुनाव करने की इजाजत देने के वादे से पलट रहा है।करीब तीन दशक से राजनीति मे सक्रिय 58 वर्षीय वू ची वई ने इस्तीफा देने के बारे मे कहा कि पद पर बने रहने से चीजें बदलने वाली नही है। उन्होंने कहा कि चीन समर्थक सरकार ऐसी नीतियो को आगे बढ़ाने को लेकर कटिबद्ध है जिन्हें लोकतंत्र समर्थक खेमा रोकने मे सक्षम नही है। वई ने कहा कि लोकतंत्र समर्थकों को फिर से सोचना होगा कि आगे की लड़ाई किस तरह लड़नी है क्योंकि अब कई चीजे बदल चुकी है।

### इस साल हुए रष्ट्रपति चुनाव अभी तक के इतिहास के अमेरिका के सबसे असुरक्षित चुनाव थे : ट्रंप

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को एक बार फिर अपने बेबुनियाद दावे दोहराते हुए कहा कि तीन नवम्बर को हुए राष्ट्रपति चुनाव अमेरिकी इतिहास के सबसे असुरक्षित चुनाव थे।विस्कॉन्सिन की दो काउंटी मे मतो की पुनः गणना के दिन ट्रंप ने ट्वीट किया, हमारे 2020 चुनाव..... अभी तक के सबसे असुरक्षित चुनाव थे। उन्होने दूसरे ट्वीट मे आरोप लगाया, चुनाव धोखाधड़ी के संबंध मे जारी हमारे मुकदमो पर कुछ बड़ी बाते सामने आई है। हर किसी को पता है, इसमे धांधली हुई। उन्हें पता है कि (डेमोक्रेटिक उम्मीदवार जो) बाइडन को अश्वेत समुदाय से (अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक) ओबामा की तुलना मे अधिक वोट नही मिले और 80,000,000 वोट तो निश्चित तौर पर नही मिले। देखिए डेट्रायट, फ़िलाडेल्फिया मे क्या हुआ। अमेरिका मे तीन नवम्बर को हुए राष्ट्रपति चुनाव मे जो बाइडन को विजेता घोषित किया जा चुका है और सत्ता हस्तांतरण की औपचारिक प्रक्रिया भी शुरू हो गई है लेकिन ट्रंप ने अभी तक अपनी हार स्वीकार नही की है। उन्होने चुनावी नतीजो के खिलाफ कई जगह मुकदमे भी दायर कर रखे है।

### ट्रंप ने अमेरिकी अदालत प्रणाली को आड़े हाथों लिए

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को कहा कि राष्ट्रपति चुनाव मे धोखाधड़ी एवं गडबड़ी के उनके आरोपो की सुनवाई अमेरिकी सर्वोच्च न्यायालय मे मुश्किल है। इसके साथ ही ट्रंप ने अदालतो पर उनके मामलो की सुनवाई से इनकार करने का आरोप लगाते हुए दोहराया कि वह इस बात को स्वीकार नही करेंगे कि वह चुनाव हार चुके है। ट्रंप ने अमेरिका मे तीन नवंबर को हुए राष्ट्रपति चुनाव मे मिली शिकस्त को स्वीकार करने से इनकार कर दिया है और उनकी अधिकतर कानूनी चुनौतियां खारिज हो चुकी है। ट्रंप ने एक टीवी साक्षात्कार मे बिना किसी साक्ष्य के आरोप लगाया कि उनके चुनावी मुकदमो को गलत तरीके से रोक दिया गया। इसके साथ ही उन्होंने देश की न्यायिक प्रणाली पर सवाल उठाया। फॉक्स न्यूज से बातचीत मे ट्रंप ने कहा, हम साक्ष्य प्रस्तुत करने का प्रयास कर रहे है और न्यायाधीशो ने हमें ऐसा करने की अनुमति नही दी। हमारे पास बहुत से साक्ष्य है। आपने संभवतः पिछले हफ्ते बुधवार को देखा कि पेन्सिलवेनिया मे हमारी सुनवाई होनी थी। चुनाव के नतीजे सामने आने के बाद ट्रंप का यह पहला साक्षात्कार था। इन चुनावों मे डेमोक्रेट उम्मीदवार जो बाइडन विजेता बन कर उभरे है।

### इंडोनेशिया में ज्वालामुखी फटा, हजारों लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया

**जकार्ता।** पूर्वी इंडोनेशिया मे रविवार को एक ज्वालामुखी फट गया जिसकी राख आसमान मे 4,000 मीटर ऊंचाई तक उठी और हजारों लोगो को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया।डिजास्टर मिटिगेशन एजेंसी के प्रवक्ता रादित्य जैती ने बताया कि ज्वालामुखी ईस्ट नुसा तेंगारा प्रांत मे फटा। माउंट इली लेवोटोलोक नाम के ज्वालामुखी के आसपास स्थित कम से कम 28 गांवों से करीब 2,800 लोगों को सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया। अभी तक किसी के हताहत होने की कोई खबर नही है। परिवहन मंत्रालय ने बताया कि ज्वालामुखी के फटने के बाद स्थानीय हवाईअड्डे को बंद कर दिया गया, क्योंकि राख आसमान मे छितरी हुई है। इंडोनेशिया मे 120 से अधिक सक्रिय ज्वालामुखी है।

# बाइडन ने साकी को व्हाइट हाउस प्रेस सचिव पद के लिए किया नामित

**भाषा ।** वाशिंगटन

**अमेरिका के** नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन ने विदेश मंत्रालय की पूर्व प्रवक्ता जेन साकी को व्हाइट हाउस प्रेस सचिव पद के लिए नामित किया है। बाइडन के प्रशासन की संचार टीम में सभी महिलाएं होंगी।

बाइडन और नवनिर्वाचित उप राष्ट्रपति कमला हैरिस के अभियान दल की उप प्रबंधक एवं संचार निदेशक केट बेडिंगफील्ड को व्हाइट हाउस संचार निदेशक, कैरीन जीन-पियरे को प्रधान उप प्रेस सचिव और सिमोन सैंडर्स को उपराष्ट्रपति की वरिष्ठ सलाहकार एवं प्रमुख प्रवक्ता के तौर पर नामित किया गया है। वहीं एलिजाबेथ अलेक्जेंडर को प्रथम महिला की संचार निदेशक, पिली टोबार को व्हाइट हाउस की उप संचार निदेशक और एशले एटिने को उप राष्ट्रपति की संचार निदेशक के तौर पर नामित किया गया है।



अभियान दल ने बताया कि ए अनुभवी और प्रतिभाशाली महिलाएं दर्शाती हैं कि नवनिर्वाचित बाइडन अमेरिका को प्रतिबिंबित करने और कामकाजी परिवारों के लिए पहले ही दिन से काम करने वाले प्रशासन को लेकर प्रतिबद्ध हैं। इतिहास में पहली बार, संचार दल में सभी महिलाएं होंगी।बाइडन ने कहा कि अमेरिकी लोगों से सीधे और सच्चाई से संवाद करना एक राष्ट्रपति के सबसे महत्वपूर्ण कर्तव्यों में से एक है और इस टीम को अमेरिकी लोगों को व्हाइट हाउस से जोड़ने की बड़ी जिम्मेदारी सौंपी जाएगी।

नवनिर्वाचित राष्ट्रपति ने कहा, मुझे आज यह घोषणा करते हुए बहुत गर्व हो रहा है कि मेरे पहले व्हाइट हाउस वरिष्ठ संचार दल में सभी महिलाएं हैं। ए योग्य, अनुभवी संप्रेषक काम में विविधता लाने और इस देश को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

हैरिस ने कहा कि अमेरिका कोरोना वायरस, आर्थिक संकट, जलवायु संकट और नस्लवाद के रूप में कई चुनौतियों का सामना कर रहा है।उन्होंने कहा, इन चुनौतियों से निपटने के लिए, हमें स्पष्ट, सच्चाई से और पूरी पारदिर्शिता के साथ अमेरिकी लोगों के साथ संवाद स्थापित करने की जरूरत है और अनुभवी, प्रतिभाशाली एवं तमाम बाधाओं को समाप्त करने वाला यह दल हमें यह करने में मदद करेगा।

# फ्रांस में पुलिसकर्मियों का वीडियो बनाने संबंधी प्रस्तावित कानून के विरोध में प्रदर्शन

**एपी ।** पेरिस

**फ्रांस में पु**लिसकर्मियों का वीडियो बनाने और उनकी तस्वीरें सार्वजनिक करने से संबंधित प्रस्तावित नए कानून को लेकर प्रदर्शन भड़क उठे हैं क्योंकि नागरिक अधिकार कार्यकर्ताओं को लगता है कि इससे उनकी स्वतंत्रता प्रभावित होगी तथा उनसे पुलिस बर्बरता के मामलों के खिलाफ आवाज उठाने संबंधी माध्यम छिन जाएगा।फ्रांसीसी राष्ट्रपति एमैन्युएल मैक्रों की सरकार एक नया सुरक्षा विधेयक लाने जा रही है जो नुकसान पहुंचाने के इरादे से पुलिस अधिकारियों के वीडियो और तस्वीरें सार्वजनिक करने सहित अन्य चीजों को प्रतिबंधित करता है। आलोचकों को डर है कि नए कानून से प्रेस की स्वतंत्रता प्रभावित हो सकती है और सभी नागरिकों के लिए पुलिस की बर्बरता की सूचना देना मुश्किल हो सकता है।इस संबंध में अश्वेत संगीतकार मिशेल जेसलर ने कहा, मैं काफी भाग्यशाली था कि मेरे पास ऐसे वीडियो थे जिन्होंने मुझे बचा लिया। इस संगीतकार की हाल में कई पुलिस अधिकारियों ने पिटाई कर दी थी। घटना से संबंधित वीडियो बृहस्पतिवार को फ्रांसीसी वेबसाइट लूपसाइडर पर सार्वजनिक हो गए। इन वीडियो को एक करोड़ चालीस लाख से अधिक लोगों ने देखा और देश में आक्रोश भड़क उठा।मारपीट के आरोपी दो पुलिस अधिकारी अब जेल में हैं, वहीं दो अन्य जमानत पर हैं और उनके खिलाफ जांच चल रही है। विधेयक के मसौदे पर अभी संसद में चर्चा चल रही है, लेकिन इससे देश में विरोध प्रदर्शन भड़क उठे हैं। इन विरोध प्रदर्शनों का आह्वान प्रेस की स्वतंत्रता के समर्थकों तथा नागरिक अधिकार कार्यकर्ताओं ने किया है।पेरिस में शनिवार को हजारों लोगों ने सरकार के कदम के विरोध में मार्च निकाला जिसमें पुलिस के हाथों मारे गए लोगों के परिजन और मित्र भी शामिल रहे। प्रस्तावित कानून का विरोध कर रहे लोगों का कहना है कि सरकार के कदम से प्रेस की स्वतंत्रता प्रभावित होगी तथा इससे पुलिस बर्बरता से जुड़े मामलों की सूचना देना कठिन हो जाएगा।

## इराक में रॉकेट हमला, तेल शोधन संयंत्र में लगी आग

**बगदाद।** उत्तरी इराक में रविवार को हुए रॉकेट हमले में तेल शोधन संयंत्र में आग लग गई, जिससे कुछ समय के लिए वहां काम रुक गया।तेल मंत्रालय ने बताया कि रॉकेट सलाउद्दीन प्रांत के एक छोटे सिनिया संयंत्र में ईंधन भंडारण टैंक से टकराया जिससे टैंक में आग लग गई। मंत्रालय ने बयान में कहा कि घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। मंत्रालय ने सरकारी नर्दन रिफाइनिंग कम्पनी के हवाले से कहा कि आग बुझा दी गई और वहां काम भी दोबारा शुरू हो गया है। रविवार को हुए हमले की जिम्मेदारी अभी तक किसी ने नहीं ली है।

# ‘कैलेंडर जैसे सामान्य जीवन के चरित्र लोगों से जुड़ जाते हैं’

## टॉक टाइम

प्रख्यात अभिनेता, निर्माता और निर्देशक **सतीश कौशिक** ने फिल्म ‘जाने भी दो यारों के संवाद लिखे थे, बाद में कैलेंडर के रूप में लोकप्रिय हुए और ‘रूप की रानी चोरों का राजा, तेरे नाम एवं प्रेम जैसी हिट फिल्मों के निर्देशक भी रहे। पायनियर संवाददाता शालिनी सक्सेना से एक विशेष बातचीत में उन्होंने बताया कि उन्हें अपनी नवीनतम फिल्म ’छलांग’ के सफल होने का पूरा विश्वास था, साथ ही उन्होंने अपनी आने वाली परियोजनाओं के बारे भी जानकारी साझा की –



**■ क्या फिल्म छलांग के सफल होने पर आपको आश्चर्य हुआ ?**

मुझे पूरा विश्वास था कि ये सफल रहेगी। ये प्रेरणाप्रद कहानी पर बनी है। इसमें राजकुमार राव तथा नुशरत भरूचा जैसे कलकार हैं। निर्देशक लव रंजन महान निर्माता है। हंसल भी उतने ही महान हैं। कई बार ऐसा होता है कि शूटिंग के समय ही पता चल जाता है कि फिल्म सफल रहेगी या असफल। मेरे लिए ये फिल्म महत्वपूर्ण थी क्योंकि मुझे वास्तविक जीवन के चरित्र वाली कहानी पर फिल्म बनाना नया अनुभव था और मुझे इससे सामंजस्य स्थापित करना सीखना था। मेरे लिए ये एक नया प्रारंभ होगा क्योंकि मुझे अब कॉमेडी के स्थान पर अधिक गंभीर चरित्रों वाली भूमिकाएं मिल रही हैं। अब मुझे अच्छे और सशक्त रोल मिल रहे हैं। मुझे लोगों को इसके लिए धन्यवाद देना तो बनता ही है।

**■ इस फिल्म से जुड़ना आपके लिए कैसे संभव हो सका ?**

इसके लिए मुझसे संपर्क किया गया। मैं दो साल पहले मेलबर्न फिल्म फेस्टिवल के समय हंसल मेहता जी से मिला था। मुझे उनका काम करने का ढंग प्रिय है। वो बहुत अच्छा है। मैंने उनसे उस समय कुछ बातें कीं और आप जिस निर्देशक के साथ काम करने की इच्छा रखते हैं उनके साथ किसी न किसी प्रकार से जुड़ना या संपर्क रखना अच्छा रहता है। आपको उन्हें ये बताने में किसी प्रकार की झिझक नहीं होनी चाहिये।

बहुत बाद में मुझे लव रंजन के कार्यालय से फोन आया। फिल्म में शूटिंग करने का अनुभव अनूठा रहा।

**■ हंसल मेहता, राजकुमार राव तथा नुसरल भरूचा के साथ काम करने का अनुभव कैसा रहा ?**

बहुत अच्छा! वे सभी बहुत अच्छे हैं। हम हरियाणा के एक पुराने और शांत गांव में शूटिंग कर रहे थे और हां का मौसम भी अच्छा था। राजकुमार राव तथा नुसरत आज के अभिनेता हैं आपको उनसे काफी कुछ सीखने को मिलता है। फिल्म में छत पर एक दृश्य है जिसमें राजकुमार राव कहता है कि वो जीवन में कुछ भी करने में असमर्थ रहा है और अब ‘मैंने सबकुछ छोड़ दिया है’ ये दृश्य बहुत अच्छे ढंग से फिल्माया गया था। मुझे भी पता था कि इसके बाद मुझे शॉट देना था और मुझे भी अपना सर्वश्रेष्ठ देना होगा। हंसल आपको सही और शांत निर्देश देते हैं। अभिनेतओं को भी अपने संवाद सही ढंग से तथा विश्वासपूर्वक बोलना चाहिये। मैं अपने वाक्य रिकॉर्ड कर लेता था लव रंजन ने बताया कि मैं बिलकुल बच्चों जैसा व्यवहार करता हूं और बार बार अपने संवादों को बोलता रहता हूं। मैंने उन्हें बताया कि राजकुमार ने अपने संवाद इतने अच्छे ढंग से किये हैं कि मुझे अपना स्तर ऊंचा उठाना होगा।

**■ आगे आपकी क्या करने की योजना है–अभिनय या निर्देशन ?**

मैंने एक निर्देशन का काम किया था लेकिन महामारी के कारण वो रुक गया। अब वो तैयार है उसमें पंकज त्रिपाठी लीड अभिनेता हैं। ये दिसंबर जनवरी में रिलीज़ होगी और सलमान खान इसे प्रस्तुत करेंगे। वास्तव में यदि देखें तो मैंने ये फिल्म 2003 में ‘द पायनियर’ में छपे एक लेख को पढ़कर बनाने की सोची। अत: इसकी प्रेरणा पायनियर ही थी। इस लेख का शीर्षक था ‘यस आई एम एलाइव’। मैंने इसके सभी प्रकार के अधिकार सुरक्षित कर लिये थे। फिल्म बनाने में मुझे कुछ समय लग गया था क्योंकि लोगों को बायोपिक का नाम भी नहीं सुना था। मैंने सही समय की प्रतीक्षा की। लेकिन मैं फिल्म को लेकर बहुत उत्साहित था। अभिनेता के तौर पर कई परियोजनाएं हैं। अनुपम और मैं भोपाल में एक फिल्म की शूटिंग पूरी कर चुके हैं। फिल्म का नाम है ‘द लास्ट शो’ और इसके निर्देशक हैं विवेक रंजन अग्निहोत्री। फिल्म दो मित्रों के बारे में है। मैं इस फिल्म का भी निर्माता हूं।

**■ ओटीटी प्लेटफॉर्म पर जिस प्रकार बड़े बैनर वाली फिल्में रिलीज़ हो रही हैं, उसे लेकर आपकी क्या राय है ?**

अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचने की जहां तक बात है तो ओटीटी श्रेष्ठ माध्यम है। आप एक बार में ही बड़ी संख्या में लोगों तक पहुंच जाते हैं। आपने जिस फिल्म को बहुत परिश्रम से बनाया होता है उसे बड़ी संख्या में लोग देख पाते हैं। लेकिन थियेटर में जाकर फिल्म देखने की बात ही और होती है। ये दुर्भाग्य है कि वर्तमान महामारी ने इसे ठप कर रखा है। ऐसे में ओटीटी प्लेटफार्म सामने आए और बहुत उपयोगी भी रहे। इसमें भी एक सकारात्मक बात है। इसमें अधिक लोगों तक पहुंच के लिए आपको विस्तृत सोच भी रखनी होगी। अब थियेटर और सिनेमाघरों को लोगों को आकर्षित करने में समय लगेगा।

**■ आप निर्देशक और निर्माता भी रहे हैं। लेकिन दूसरे की बात का अनुसरण करना कितना कठिन होता है ?**

मैं एक अभिनेता के रूप में ही प्रशिक्षित हूं बाद में मैं निर्देशक बना। जब मैं सेट पर जाता हूं तो निर्देशक को अपने व्यक्तित्व पर हावी कर लेता हूं। मैं अपने निर्देशक को कहीं दबा लेता हूं। मैं आज्ञाकारी अभिनेता रहा हूं और सदा से निर्देशक जो चाहता है उसे करने पर पूरा ध्यान लगाता हूं। मैं निर्देशक के रूप में अपने अनुभव को कहीं बीच में नहीं लाता। लेकिन जब मैं अभिनय कर रहा होता हूं तो मेरे भीतर का निर्देशक दृश्य को और अच्छा बनाने में मेरी सहायता करता है।

**■ कैलेंडर, पप्पू पेजर तथा शराफ्त अली जैसे चरित्र आज भी इतने लोकप्रिय क्यों हैं ?**

ऐसा इसलिये है क्योंकि सड़क का सामान्य व्यक्ति इनसे अपनी पहचान जोड़ लेता है। हसीना मान जाएगी में मैं कुंजबिहारी लाल बना था। इसके बाद हम आपके दिल में रहते हैं में जर्मन और इसके बाद बड़े मिया छोटे मियां में शराफ्त अली बना और मिस्टर इंडिया में कैलेंडर। इन सभी चरित्रों को करते समय ये मेरा दायित्व था कि इन चरित्रों को सामान्य व्यक्ति जैसा बनाकर दिखाऊं। मैं दिल्ली के करोल बाग का हूं और सड़कों पर घूमते हुए मैं ऐसे चरित्रों से मिलता रहता था। मैंने जो भी चरित्र निभाए हैं वे सभी सामान्य जीवन के चरित्र हैं और यही कारण है कि लोग इनसे स्वाभाविक रूप से जुड़ते चले जाते हैं।

**■ आपने बॉलिवुड की कुछ सर्वश्रेष्ठ फिल्में निर्देशित की हैं। क्या आपको पता था कि वे इतनी लोकप्रिय हो जाएंगी कि लोग आज भी उन्हें देखना चाहते हैं?**

मैं 80 के दशक का व्यक्ति हूं। उस समय मल्टीप्लेक्स आदि नहीं होते थे और न ही चौबीसघंटा चलने वाले चैनल थे उस समय भी परीकथा वाले विषय चलते थे जबकि हम लव स्टोरी और बदले की कहानियों से कठिनाई से हट पाते थे। आज लोग विश्व भर में चलने वाली कहानियों को देख सकते हैं। दृश्यपटल विस्तृत हो गया है। आज 80–90 के दशक के विषय नहीं चलेंगे। लेकिन पहले भी इन्हीं विषयो पर कई फिल्में बनी थीं जिन्होंने अच्छा काम किया था। मैंने डेविड धवन के साथ 16 फिल्में की थीं इन फिल्मों को उनके संगीत, संवाद तथा पारिवारिक कंटेंट के कारण लोगों का प्यार मिला।


## ट्रेंड बाजार

### जीवित रहने तक अभिनय करेंगी अनुष्का शर्मा



**अभिनेत्री** और मां बनने वाली अनुष्का शर्मा का कहना है कि बच्चे के जन्म के बाद वो पुन: शूटिंग के लिए वापसी करेंगी। उन्होंने बताया, ‘सेट पर होने से मुझे बहुत आनंद मिलता है और मैं बच्चे के जन्म तथा उसके लिए घर तथा पेशेवर जीवन में सामंजस्य स्थापित करने वाली व्यवस्था बनाने के बाद मैं निरंतर कई दिनों तक शूटिंग पर ही रहने वाली हूं। मैं जब तक जीवित हूं अभिनय करती रहूंगी क्योंकि इससे मुझे वास्तविक प्रसन्नता मिलती है।’ अनुष्का वर्तमान में एक विज्ञापन के लिए शूटिंग कर रही हैं जिसके लिए उन्होंने अपने स्टाफ के लिए एक सुरक्षित बायो–बबल बनाया है। उन्होंने कहा, ‘सेट पर होना और टीम से मिलना तथा शूटिंग के पागलपन में डूबे रहना अच्छा लगता है।’

### कल हो न हो, के लिए प्रीति ने दिया धन्यवाद



बॉलिवुड अभिनेत्री प्रीति ज़िंटा का कहना है कि ‘कल हो न हो’ के 17 साल पूरे कर लिये और इसे याद करना अच्छा लगता है। इस फिल्म ने मुझे रोना और हंसना सिखाया था। इसका अनुभव शब्दों से परे है। ये मेरी सबसे अच्छी लिखी फिल्मों में से एक है। इसकी पूरी टीम को धन्यवाद क्योंकि उन्हींके कारण आज हम इसे याद कर पा रहे हैं। मैं तो कहूंगी ‘ आज ज़िंदगी जी लो, क्या पता कल हो न हो ?’

### हेमा और धर्मेन्द्र बने नानी-नाना



**वरिष्ठ** अभिनेत्री हेमा मालिनी और धर्मेंद्र एक बार पुन: नानी–नाना बन गए हैं। इस बार उनकी छोटी बेटी अहाना देओल वोहरा को जुड़वा बेटियां हुई हैं। हेमा ने एक ट्वीट के माध्यम से इस जानकारी को साझा करते हुए बताया, ‘छोटी बेटी अहाना और वैभव को जुड़वा बेटियां हुई हैं।’ इन जुड़वा बच्चों के नाम अस्त्रैया और आसिया रखे गए हैं। उन्होंने बताया कि वो और धर्मेन्द्र पुन: नाना–नानी बनकर बहुत खुश हैं।

### जूड लॉ को कोविड-19 से आश्चर्य नहीं



**अभिनेता** जूड लॉ का कहना है कि उन्हें कोविड–19 से बहुत धक्का लगा था क्योंकि 2011 में उनकी फिल्म ‘कॉन्टेजियन’ के सेट पर स्वास्थ्य विशेषज्ञों से किसी वैश्विक महामारी के बारे में जानकारी मिली थी। ‘जब कॉन्टेजियन’ प्रारंभ हुई थी उस समय हमें पता लगा कि चीन में कुछ हो रहा है और बाद में वो दुनिया भर में फैल गया। उसी से हम चौंक गए थे। दुर्भाग्य से मुझे कुछ अधिक आश्चर्य नहीं हुआ,’ लॉ ने बताया।

लॉ ने उसमें एलन क्रमवेड का रोल किया था। उनका कहना है कि फिल्म में काम करते समय भी ये भावना विद्यमान थी कि ‘ऐसा ही कुछ होने वाला है’।

# 25 साल से अपने बाल खुद काट रहे हैं जॉर्ज क्लूनी



**लॉस एंजिलिस।** ऑस्कर विजेता जॉर्ज क्लूनी का कहना है कि वह पिछले करीब 25 साल से अपने बाल खुद काट रहे हैं। सीबीएस संडे मॉर्निंग को दिए एक साक्षात्कार में ऑस्कर विजेता अभिनेता एवं फिल्मकार ने कहा कि वह करीब दो दशक से अधिक समय से अपने बाल खुद काट रहे हैं। क्लूनी ने कहा, मेरे बाल तिनके की तरह हैं। उन्होंन कहा, इसलिए उन्हें काटना आसान है, मैं बहुत ज्यादा गलतियां नहीं करता। कई साल पहले मैंने फ्लोबी नाम का एक उपकरण खरीदा था। साक्षात्कार ले रही ट्रेसी स्मिथ ने इस बात पर हैरानी जताते हुए कहा, नहीं, आप ऐसा नहीं करते। अभिनेता ने कहा, मेरे बालों को कटने में मात्र दो मिनट का समय लगता है। उन्होंने कहा कि वह पिछले 25 साल से फ्लोबी से ही बाल काट रहे हैं। गौरतलब है कि कोरोना वायरस के दौरान बाल काटने की दुकानें कम खुलने के कारण फ्लोबी (बाल काटने का एक उपकरण) की बिक्री बढ़ गई है।

# भारत आश्चर्यजनक रूप से एक दर्शनीय देश है : निर्देशक क्रिस्टोफर नोलान

**भाषा।** नई दिल्ली



**प्रख्यात** फिल्मकार क्रिस्टोफर नोलान का कहना है कि वह भारत से बहुत प्रभावित हैं क्योंकि यह आश्चर्यजनक रूप से दर्शनीय और असाधारण इतिहास वाला देश है। नोलान के कहा कि भारत की इसी विशेषता के चलते उन्होंने अपनी फिल्म टेनेट की शूटिंग यहां करने का निश्चय किया। अंतरराष्ट्रीय जासूसों और खुफिया जगत की पृष्ठभूमि पर बनी इस फिल्म में जॉन डेविड वाशिंगटन मुख्य भूमिका में हैं। इसके अलावा रॉबर्ट पेटिंसन, एलिजाबेथ डेबिकी, डिंपल कपाड़िया, केनेथ ब्रनाघ, आरोन टेलर जॉनसन, माइकल केन और क्लेमेंस पोएसी ने काम किया है। नोलान और उनके सिनेमेटोग्राफर होयट वैन होयटेमा ने डेनमार्क, एस्टोनिया, इटली, नॉर्वे, ब्रिटेन, अमेरिका और भारत में फिल्म की शूटिंग की। पिछले साल सितंबर में फिल्म निर्माण दल पांच दिन के लिए मुंबई आया था।

नोलान ने कहा कि मुंबई दुनिया के सर्वाधिक दर्शनीय शहरों में से एक है। वार्नर ब्रदर्स द्वारा पीटीआई–भाषा को विशेष रूप से दी गई ट्रांसक्रिप्ट में नोलन ने कहा, मैं जब भी भारत जाता हूं तो आश्चर्य में पड़ जाता हूं कि यह स्थान इतना दर्शनीय कैसे है। द डार्क नाईट राइजेज की शूटिंग के दौरान मैं कुछ दिनों के लिए जोधपुर गया था और उसके बाद हमेशा वहां जाने और शूटिंग करने की इच्छा हुई। मुझे यह अवसर टेनेट की शूटिंग के दौरान मिला। उन्होंने कहा, हमने मुंबई में शूटिंग की जो वास्तुकला और लोगों के जीवंत शैली के मामले में दुनिया के कुछ अतुलनीय शहरों में से एक है। यह वास्तव में एक कमाल की जगह है जिसका असाधारण इतिहास है, इसलिए हमने शूटिंग के लिए इसे चुना।

# बाफ्टा की ब्रेकथ्रू इंडिया पहल के एंबेसडर बने एआर रहमान



**मुम्बई।** ऑस्कर विजेता संगीतकार ए. आर. रहमान को सोमवार को ब्रिटिश एकेडमी ऑफ फिल्म एंड टेलीविजन आर्ट्स (बाफ्टा) के ब्रेकथ्रू इनिशिएटिव (इंडिया) का एंबेसडर चुना गया। नेटफ्लिक्स द्वारा समर्थित इस पहल का लक्ष्य भारत में फिल्म, खेल या टीवी जगत के पांच प्रतिभाशालियों को ढूंढना और उन्हें उनकी प्रतिभा निखारने में मदद करना है। रहमान ने कहा कि वह बाफ्टा के साथ काम करने और देश में नई प्रतिभाओं की खोज करने को उत्साहित हैं। संगीतकार ने एक बयान में कहा, यह विश्व प्रसिद्ध संगठन द्वारा समर्थित होनहार कलाकारों के लिए एक अनूठा अवसर है, न केवल दुनिया भर के अन्य प्रतिभाशालियों के साथ संबंध बनाने का... बल्कि बाफ्टा विजेताओं और नामांकित शख्सियतों से परामर्श पाने का भी। उन्होंने कहा, मैं भारत से चुनी गई प्रतिभाओं को वैश्विक मंच पर देखने को उत्साहित हूं। एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार बाफ्टा ब्रेकथ्रू इंडिया से ब्रिटिश प्रतिभाओं और भारत के देसी कलाकारों को एक दूसरे के संपर्क में लाने में मदद मिलेगी।



गुरु नानकदेवजी की 551वीं जयंती पर सोमवार को अमृतसर में जगमगाता स्वर्ण मंदिर

# ओबामा ने ड्रेक को संभावित बायोपिक में उनकी भूमिका निभाने की अनुमति दी



**लॉस एंजिलिस।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने कहा कि उनकी जिंदगी पर भविष्य में कभी बनने वाली फिल्म में रैपर ड्रेक को उनकी भूमिका निभाने की इजाजत होगी। ग्रेमी पुरस्कार विजेता ड्रेक ने 2010 में किसी फिल्म में ओबामा की भूमिका निभाने की इच्छा व्यक्त की थी।

कॉम्प्लेक्स पत्रिका को दिए साक्षात्कार में ओबामा ने कहा कि ऐसा लगता है कि ड्रेक कुछ भी करने में सक्षम हैं। वह प्रतिभावान हैं। अगर समय आता है तो ड्रेक तैयार हैं...। इसके अलावा पर्दे पर ओबामा की भूमिका निभाने के लिए ड्रेक को पूर्व राष्ट्रपति की बेटियों का भी समर्थन हासिल है। ओबामा ने कहा कि सबसे ज्यादा अहम है कि ड्रेक को उनके घर के सदस्यों की मंजूरी हासिल है। पूर्व राष्ट्रपति ने कहा कि उनकी बेटियों मलिया और साशा को इससे कोई दिक्कत नहीं होगी। साल 2010 में पेपर पत्रिका को दिए साक्षात्कार में ड्रेक ने कहा था कि वह उम्मीद करते हैं कि ओबामा की जिंदगी पर कोई जल्द फिल्म बनाएगा ताकि वह फिल्म में उनकी भूमिका निभा सकें।

# अभिनेता राहुल रॉय मस्तिष्काघात के बाद अस्पताल में भर्ती



**मुंबई।** अभिनेता राहुल रॉय को मस्तिष्काघात के बाद यहां एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रॉय के परिवार के एक सूत्र ने यह जानकारी दी। साल 1990 में आई सुपरहिट फिल्म आशिकी से बॉलीवुड में पदार्पण करने वाले रॉय (52) को दो दिन पहले नानावती अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया था। वह हाल में कारगिल में एक फिल्म की शूटिंग कर रहे थे। सूत्र ने पीटीआई–भाषा से कहा, उन्हें दो दिन पहले कारगिल से आने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्हें मस्तिष्काघात के चलते अस्पताल में भर्ती कराया गया। उन्होंने कहा, वह खतरे से बाहर हैं और उनके स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है। पूरी तरह ठीक होने में थोड़ा समय लगेगा। रॉय ने महेश भट्ट के साथ जुनून और फिर तेरी कहानी याद आई जैसी फिल्मों में भी काम किया था। वह लोकप्रिय टीवी रियलिटी शो बिग बॉस के पहले सीजन (2006 में) के विजेता भी रहे थे।

# प्रेरक स्मृतियां कर सकती हैं पक्षाघात पुनर्वास में मदद

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारतीय** प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी)–गांधीनगर के अनुसंधानकर्ताओं ने एक अध्ययन में पाया है कि अंतर्निहित अंग–स्वाधीन प्रेरक स्मृतियां पक्षाघात पुनर्वास में मदद कर सकती हैं। आईआईटी–गांधीनगर के एसोसिएट प्रोफेसर प्रतीक मुथा के नेतृत्व में हुए अध्ययन से संबंधित रिपोर्ट पत्रिका प्रोसीडिंग्स ऑफ नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज ऑफ यूनाइटेड स्टेट्स ऑफ अमेरिका में प्रकाशित हुई है। मुथा ने पीटीआई–भाषा से कहा कि बैले नर्तकी की घिरनी से लेकर सितार पर गमक तक दक्ष क्रियाएं नए गति पैटर्न सीखने और उन्हें नए माहौल के प्रति ढालने की क्षमता पर आधारित हैं। सीखने, भंडार रखने, क्रियाओं को संचालित करने और उन्हें लगातार सुधारने की क्षमता अनेक तंत्रिका संबंधी तंत्रों से संचालित है। भारत के प्रधानमंत्रियों की सूची को याद करने जैसी चीजों का परिणाम एक ऐसी स्मृति बनने के रूप में निकलता है जिसे बाद में याद किया जा सकता है, प्रेरक ज्ञान का परिणाम भी प्रेरक स्मृति के रूप में निकलता है जो अंतत: ऊर्ध्ववर्ती गति प्रदर्शन में सक्षम बनाती है। अध्ययन में पाया गया कि इस तरह अंतर्निहित अंग–स्वाधीन प्रेरक स्मृतियां पक्षाघात पुनर्वास में मदद कर सकती हैं। अनुसंधानकर्ताओं की टीम में आदर्श कुमार, गौरव पंथी और रेचु दिवाकर भी शामिल थे।

स्नातक/शिक्षक एमएलसी चुनाव...

# मतदान आज, रवाना हुईं पोलिंग पार्टियां

## ● डीएम-एसपी ने लिया जायजा, पोलिंगों पर पहुंची पार्टिया

संवाददाता। सीतापुर

**लखनऊ खंड** स्नातक-शिक्षक चुनाव के लिए एक दिसंबर को मतदान होगा। सुबह आठ बजे से शाम पांच बजे तक वोट डाले जाएंगे। स्नातक-शिक्षक पद के 35 उम्मीदवारों के लिए 42458 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर उनके भाग्य को मतपेटियों में कैद करेंगे। सोमवार को आरएमपी डिग्री कॉलेज परिसर में पोलिंग पार्टियों ने पहले हाजिरी लगाई। बाद में मतपेटी व बैलेट पेपर के संग उन्हें भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच बूथों को रवाना किया गया।उधर, डीएम विशाल भारद्वाज, एसपी आरपी सिंह ने रवानगी स्थल पर जायजा लिया। जबकि एडीएम विनय पाठक, प्रभारी सिटी मजिस्ट्रेट शिशिर कुमार, एसडीएम सदर अमित भट्ट, महोली शशि भूषण राय, सिधौली संतोष राय, बिसवां सुरेश कुमार, लहरपुर राम दरशराम, मिश्रिख गिरीश झा, महमूदाबाद पीएल मौर्य, सीओ सिटी पीयूष कुमार सिंह, डीडीओ राकेश पांडेय आदि अफसर भी वहां की तैयारियों पर नजर रखे हुए थे। प्रदेश के 11 शिक्षक-स्नातक एमएलसी का कार्यकाल छह मई 2020 को खत्म हो चुका है। नए कार्यकाल के गठन के लिए चुनाव आयोग ने निर्वाचन प्रक्रिया शुरू की थी, लेकिन देश-दुनिया में फैले कोरोना वायरस के रोड़े से मजबूरन आयोग को यह प्रक्रिया स्थगित करनी पड़ी। कोरोना महामारी थमने के बाद चुनाव आयोग ने एक दिसंबर को मतदान कराने के लिए चुनावी कार्यक्रम जारी किया। शिक्षक-स्नातक के लिए लखनऊ मुख्यालय पर नवंबर माह के पहले पखवारा में नामांकन प्रक्रिया अपनाई गई। यह प्रक्रिया पूरी होने के बाद लखनऊ खंड के स्नातक पद के 24 उम्मीदवार मैदान में हैं। सीतापुर में भी इस चुनाव के लिए 67 बूथ बनाए गए हैं, इनमें स्नातक के 50 व शिक्षक के 17 बूथ शामिल हैं। इन बूथों पर स्नातक पद के लिए 39851 मतदाता वोट डालेंगे। इसी प्रकार शिक्षक के 11 प्रत्याशियों के लिए 2607 मतदाता मताधिकार करेंगे। इस चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए सेक्टर- जोनल मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है। इनमें चौदह सेक्टर मजिस्ट्रेट व आठ जोनल मजिस्ट्रेट शामिल हैं।


सीतापुर-मतपेटी लेकर जाता कर्मी


सभाकक्ष में मौजूद डीएम विशाल भारद्वाज, एसपी आरपी सिंह

**मतदान केंद्र पर कोविड हेल्प डेस्क भी-** प्रत्येक मतदान केन्द्र पर कोविड-19 हेल्प डेस्क की स्थापना की जायेगी जिस पर आशा बहू एवं एक सहायक की नियुक्ति मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा की जाएगी। हेल्प डेस्क पर थर्मल स्कैनर अनिवार्य रूप से रहेगा। कोविड-19 हेल्प डेस्क का कार्य होगा कि थर्मल स्कैनिंग के उपरान्त ही मतदान के लिए मतदान कक्ष में जाने को प्रवेश दिया जाये। यदि थर्मल स्कैनिंग की समय किसी मतदाता के शरीर का तापमान 100.4 डिग्री फ़रेनहाइट या उससे अधिक आता है तो उसे आईसोलेशन कक्ष में बैठाया जाएगा और उससे अंतिम घंटे में मतदान कराया जाएगा।

**कलेक्ट्रेट में बना कंट्रोल रूम-** लखनऊ खंड के शिक्षक-स्नातक चुनाव में निर्वाचन से संबंधित सूचनाओं के आदान-प्रदान को जिला निर्वाचन कार्यालय में कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है, जिसका नंबर 05862-242333 है। इस नंबर पर कोई भी व्यक्ति मतदान से संबंधित सूचनाएं दे सकता है।

**मतदान को ये पहचान पत्र जरूरी-** लखनऊ खंड के शिक्षक-स्नातक चुनाव में मतदाताओं को वोट देने को पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा।अगर उनके पास ये पहचान पत्र नहीं है तो उनके लिए वैकल्पिक की व्यवस्था की गई है। उनमें आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, राज्य/केन्द्र सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, स्थानीय निकाय या अन्य निजी औद्योगिक घरानो द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी सेवा पहचान-पत्र, सांसदों,विधायकों, विधान परिषद सदस्यों को जारी आधिकारिक पहचान-पत्र, विश्वविद्यालय द्वारा जारी उपाधि/डिप्लोमा का प्रमाण-पत्र मूल रूप में, सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी दिव्यांगता सम्बन्धी प्रमाण-पत्र मूल रूप में वैकल्पिक दस्तावेजों में से कोई दस्तावेज मतदान स्टाफको प्रस्तुत करना होगा।

# देश व समाज के लिए सकारात्मक दिशा में कार्य करें कार्यकर्ता

## ● अभाविप ने एक साथ 21 नगर इकाइयों पर किया बैठक का आयोजन

संवाददाता। सीतापुर

**प्रांतीय आवाह्न** पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने जिले की समस्त नगर इकाइयों पर बैठक का आयोजन किया जिसमें आगामी कार्य योजना पर विस्तृत चर्चा हुई सीतापुर नगर में बैठक को संबोधित करते हुए विभाग संगठन मंत्री पंकज पाठक ने कहा कि देश हित के मुद्दों पर युवाओं को अपनी स्पष्ट राय रखनी चाहिए ताकि समाज जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में आमूलचूल परिवर्तन हो सके हरगांव नगर इकाई की बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य पुष्पेंद्र बाजपेई ने बताया कि अभाविप निरंतर युवाओं के व्यक्तित्व विकास के लिए प्रयासरत है हम अपने महापुरुषों से प्रेरणा लेते हुए देश व समाज के लिए सकारात्मक दिशा में कार्य करें जिससे 21वीं सदी भारत की हो। साथ ही महोली में जिला प्रमुख मनु शर्मा बिसवा में भूपेंद्र सिंह, लहरपुर में सह जिला संयोजक आकाश अवस्थी महमूदाबाद में प्रांशु सोनी पैंतेपुर निखिल सिंह मानपुर में अमित शुक्ला सिधौली में उपेंद्र त्रिपाठी नैमिष में हरिओम शुक्ला मछरेहटा में सुमित एलिया में गोपाल मिश्रा बेहमा में वायुनायक कश्यप कमलापुर में लवकुश पांडे सहित 21 नगर इकाइयों पर प्रवासी कार्यकर्ताओं ने बैठक में संगठन विस्तार, कालेज इकाई, आगामी 6 दिसंबर को बाबा साहब अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर कार्यक्रम की योजना बनाई बैठक में सभी नगर इकाइयों पर नगर इकाई के अपेक्षित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# चकमा देने को चुनावी अखाड़े में हुबहू नाम के कंडीडेट

## ● स्नातक-शिक्षक चुनाव में धुरंधरों ने चले दांव-पेंच, शिक्षित मतदाताओं को नामचीन उम्मीदवार दे रहे नसीहत

संवाददाता। सीतापुर



**कहते हैं** कि चुनाव छल और बल से जीता जा सकता है। शायद यही वजह है कि लखनऊ खंड के शिक्षक-स्नातक चुनाव में धुरंधरों ने अपनी जीत फ्तेह करने को शिक्षित मतदाताओं को चकमा देने के लिए हुबहू नाम के उम्मीदवार खड़े कर दिए हैं। इससे नामचीन प्रत्याशियों को सफाई देने पड़ रहे है और मतदाताओं को समझाना पड़ रहा है कि उन्हें किस नंबर पर मत देना है। तो शुरुआत करते हैं कि स्नातक एमएलसी चुनाव की मतदान को चंद घंटे ही बचे हैं। पोलिंग पार्टियां बूथों के लिए रवाना हो चुकी हैं। कुल 24 उम्मीदवार मैदान में हैं। इनमें बैलेट क्रमानुसार इंजीनियर अवनीश सिंह, बृजेश कुमार सिंह, राम सिंह राणा, वकील अहमद अंसारी, नीलम सरोज, पंडित मनीष महाजन, अजय कुमार श्रीवास्तव, अवनीश कुमार, आशीष कुमार आर्य, एजाज अहमद नकवी, कांति कुमार, कांति सिंह पत्नी एसपी सिंह, क्रांति सिंह, चंद्रमणि सिंह, जगजीवन सिंह, बाबा हरदेव सिंह, बृज किशोर शुक्ला (वीके शुक्ला), मनोज कुमार वर्मा, मोहम्मद रिजवान, विजय कुमार सिंह, श्रवण कुमार त्रिपाठी, डॉ. सत्येंद्र कुमार पांडेय, सुरेंद्र कुमार गौतम, हरीश कुमार शुक्ला हैं। प्रत्याशियों के नामों को फेहरिस्त पर नजर डाले तो वर्तमान एमएलसी कांति सिंह के हुबहू नाम के कांति कुमार, क्रांति सिंह कंडीडेट चुनाव अखाड़े में हैं। इनके अलावा भाजपा उम्मीदवार इंजीनियर अवनीश के सेम नाम कंडीडेट अवनीश कुमार भी चुनावी समर में हैं। कुछ ऐसा ही हाल शिक्षक चुनाव के प्रत्याशियों का भी है। इस चुनाव में भी उमाशंकर चौधरी (पटेल), उमेश द्विवेदी, उमाशंकर चौधरी, डॉ. मनोज कुमार पांडेय, डॉ. महेंद्र नाथ राय, डॉ. आरपी मिश्रा, डॉ. राकेश कुमार शुक्ला, शाह आलम खान, सोहन लाल वर्मा, हवलदार सिंह यादव अखाड़े में हैं। इसमें भी उमाशंकर चौधरी (पटेल), व उमाशंकर चौधरी नाम के कंडीडेट हैं। राजनीतिक पंड़ितों की माने तो अब साधारण आम आदमी के लिए चुनाव लड़ना बस की बात नहीं है। ये चुनाव अब छल-बल के होकर रहे हैं, इसलिए चुनाव जीतने के लिए कंडीडेट्स द्वारा छल-बल का सहारा लिया जाता है, क्योंकि बगैर इसके नैया पार लगना संभव नहीं है। शायद यही वजह है कि शिक्षक-स्नातक चुनाव में दिग्गजों ने सेम नाम के कई कंडीडेट चुनाव मैदान में उतार दिए हैं। जिससे कि वोट देते समय मतदाता कंफ्यूज्ड हो जाएं और उनके वोटों का विभाजन हो जाए। बैलेट पेपर में सेम नाम के कंडीडेट होने के कारण प्रत्याशियों द्वारा मतदाताओं को यह बताना पड़ रहा है कि बैलेट पेपर में उनका फ्लां क्रमांक है और आवंटित क्रमांक के सम्मुख ही अपना प्रथम वरीयता में अपना वोट दें।

विवक न्यूज

## स्नातक एमएलसी प्रत्याशीः कान्ती सिंह के समर्थकों को पुलिस द्वारा धमकाने का ऑडियो वायरल

**सीतापुर।** स्नातक एमएलसी कांती सिंह के समर्थकों को सोमवार की शाम को पुलिस द्वारा धमकाने का एक ऑडियो वायरल हुआ। ये धमकी पातावोझ चौकी इंचार्ज एसके तिवारी द्वारा दी जा रही है। चौकी इंचार्ज और कांति सिंह के प्रतिनिधि आनंद सिंह के बीच हुई बातचीत के ऑडियो में मौजूदा एमएलसी कांति सिंह का महोली ब्लॉक में चुनाव देख रहे उरदौली निवासी विशेष वर्माए बसारा के रंजीत वर्माए सेमरहन के अमर जीत सिंह के लिए को महोली कोतवाली ने आकर बैठ जाने के लिए धमकी दी रही है। अन्यथा की स्थिति में ठीक नहीं होगाए यह भी कहा जा रहा है। यहां भी कहा जा रहा है कि ये आदेश ऊपर से दिए जा रहे हैं। जिनके लिए धमकी दी जा रही हैए वो सभी शिक्षक बताए जा रहे हैं। कांति सिंह लखनऊ खंड क्षेत्र से फिर एक बार स्नातक सीट से निर्दलीय प्रत्याशी हैं। इससे पहले दो बार उनके पति एसपी सिंह भी निर्दल एमएलसी रह चुके हैं।

## कोरोना के मिले छह नए मरीज

**सीतापुर।** सीतापुर में कोरोना के आंकड़े जनमानस की जागरूकता की गवाही दे रहे हैं। यूं ही सावधानियां बरतते जाइए, एक न एक दिन कोरोना की जंग में विक्ट्री साइन बनेगा जरूर। पिछले 24 घंटे में जिले में 6 नए कोरोना केस मिले हैं। शहर के काशीराम कॉलोनी और तरीनपुर में 1-1 मरीज मिला है। मिश्रिख के फुलवारी, परसेंडी के उमरिया, खैराबाद के जाजपुर और महमूदाबाद में भी 1-1 मरीज मिला है।जनपद में पॉजिटिव मरीजों की संख्या 4,604 हो गई है।

## गंगा स्नानः कार्तिक पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी

**नैमिषारण्य सीतापुर।** आज कार्तिक पूर्णिमा परे धर्म नगरी नैमिषारण्य में श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ा। आदि गंगा गोमती के राजघाट तट पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने स्नान किया। वहीं कोरोना के चलते चक्रतीर्थ में स्नान वर्जित रहा। तीर्थ में मार्जन करके श्रद्धालुओं ने मां ललिता देवी, भूतेश्वर नाथ व्यास गद्दी, सूत गद्दी, हनुमानगढ़ी, कालीपीठ, बालाजी मंदिर, देवपुरी, देवदेवेश्वर, महाकाली, मनसा देवी आदि मंदिरों में माथा टेका।-खैराबाद के ऐतिहासिक भुइंया ताली तीर्थ पर कार्तिक पूर्णिमा और प्रकाश पर्व की धूम रही। कोविड प्रोटोकाल का पालन करते हुए श्रद्धालुओं ने स्नान के बाद मां पूर्वी देवी के दर्शन किए और गुरुद्वारा निर्मल कुटिया में लंगर छका। इस दौरान बजरंग मुनी दास, हरद्वारी बाबा, अजितेश कुमार शुक्ला, आनंद अवस्थी, आलोक बाजपाई, राकेश चंद्र गुप्ता, अंकित गुप्ता, विकास गुप्ता, रामू गुप्ता, दिलीप कुमार गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## प्रधान मंत्री आवास योजना में मची लूट

### ● प्रधान व विपक्षी का ऑडियो वायरल

**सीतापुर।** प्रधानमंत्री आवास योजना में प्रधानों की लूट किसी से छिपी नहीं रह गई। कुछ ही ग्राम पंचायतें ऐसी रही होंगी, जहां पर आवास योजना में अवैध वसूली न की हो। ताजा मामला सीतापुर के ब्लॉक एलिया की ग्राम पंचायत पेरई रायपुर का है। वायरल आडियो प्रधान अनूप सिंह और उनसे चुनाव लड़ चुके अमित सिंह के बीच हुई करीब दस मिनट की बातचीत का होना बताया जा रहा है। कहा जा रहा है कि यहां की विधावती पत्नी वीरेंद्र सिंह के नाम से आवास प्लस योजना का आवास मिला है। इनके परिवार के अमित सिंह से ग्राम प्रधान अनूप सिंह आवास में मिलने वाले 1 लाख 20 हजार रुपये में बीस हजार रुपये देने का दबाव डाल रहे हैं।

## चोरों ने पार किए 20 हजार

**लहरपुर सीतापुर।** लहरपुर के मोहल्ला अम्बर सराय में मुण्डन में गए वकील के घर चोरों ने ताला तोड़कर 20 हजार की नगदी सहित हजारों रूपए के जेवर पर हाथ साफकर दिया। पीड़ित विनय कुमार दीक्षित ने पुलिस को तहरीर दे दी है।

# 'योग अपनाएं जीवन बचाएं'


सीतापुर-प्रशिक्षण के बाद मौजूद योग शिक्षक राज शर्मा व अन्य

संवाददाता। सीतापुर

**राज्य शैक्षिक** अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा परिषदीय अध्यापक अध्यापिका के लिए योगाभ्यास प्रतियोगिता "योग अपनाएं जीवन बचाएं" की थीम पर आयोजित करने के निर्देश समस्त जनपदों को प्रदान किए गए थे। जनपद सीतापुर में प्रतियोगिता का आयोजन कराने का दायित्व उत्तर प्रदेश योग संघ जनपद सीतापुर को दिया गया। जिला योग संघ के सचिव राज शर्मा द्वारा राष्ट्रीय राज्य स्तरीय निर्णायकों के माध्यम से प्रतियोगिता को निर्विवादित रुप से संपादित कराया गया। प्रतियोगिता का परिणाम इस प्रकार रहा-पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान पुष्पेंद्र बहादुर शर्मा, रायपुर परसेंडी, द्वितीय देवेंद्र कुमार, नगवा जयराम, गोंदलामऊ, तृतीय सतीश कुमार यदुवंशी, बरदहा, महमूदाबाद ने तथा महिला वर्ग में प्रथम स्थान रिचा सिंह, सरैया, महमूदाबाद, द्वितीय स्थान वंदना सिंह, मनोज कुमार अहिरवार, प्राचार्यउप शिक्षा निदेशक, डायट, खैराबाद, सीतापुर द्वारा प्रतिभागियों को आशीर्वचन प्रदान किया गया तथा विजई प्रतिभागियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता हेतु नियमित योगाभ्यास करने हेतु प्रेरित किया।

## महोली में चेकिंग टीम से अभद्रता, केस दर्ज

### ● दीक्षित टोला का मामला, केबिल काटकर की जा रही थी चोरी



**महोली सीतापुर।** महोली के दीक्षित टोला में दबंगो ने बिजली चेकिंग करने गई टीम से अभद्रता की। देवेन्द्र कुमार मिश्रा पुत्र दधिशंकर मिश्रा के मकान में केबिल काटकर बिजली चोरी की जा रही थी, जिससे तीन घरों में कनेक्शन तीन घरों बिजली चलाई जा रही थी। जांच टीम द्वारा वीडियो बनाने पर दबंगो ने संविदा कर्मी मुदुल कुमार से धक्का-मुक्की करते हुए अभद्रता की। आरोप है कि दबंगो ने जान से मारने की धमकी दी। जिसके बाद जे.ई. रविकुमार की तहरीर पर विद्युत थाना में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

## तुलसी पूजन


सीतापुर-सीतापुर में कार्तिक पूर्णिमा का पर्व परम्परागत तरीके से मनाया गया, घरों में महिलाओं ने मां तुलसी का पूजन अर्चन किया और प्रसाद वितरित किया गया। महिला डाली सिंह ने मां तुलसी का श्रंगार किया जो भव्य दिख रहा था। (फोटो-विपिन राजवंशी)

गुरुनानक देव पर्व पर...

# प्रकाश पर्व पर दिखा उत्साह

संवाददाता। सीतापुर

**प्रकाश पर्व** पर सिक्ख समाज में उत्साह दिखा। शहर के गुरुद्वारा को सजाया गया। सुबह शबद - कीर्तन हुए। दोपहर में लंगर का आयोजन किया गया। कोविड चलते इस बार प्रभात फेरी नहीं निकाली गई। कार्यक्रम में चरनजीत सिंह, हरजीत सिंह, गुरुप्रीत कौर, कुलवंत सिंह सहित बड़ी संख्या में सिक्ख समाज के लोग शामिल हुए। उधर सिधौली में सिख धर्म के प्रथम गुरुनानक देव के 551वें प्रकाश पर्व पर नगर सिधौली स्थित गुरुद्वारे में दीवान सजाकर षबद कीर्तन किए गए। महिलाओं, पुरुषों ने सोषल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए कीर्तन दरबार में सहभागिता की और माथा टेका। इस मौके पर सरदार रघुवीर सिंह, जसप्रीत सिंह, रागी सिंह, अवतार सिंह, परमवीर, आत्मजीत सिंह, पुष्पेे सिंह, सुखवीर सिंह, परमेन्द्र सिंह लोग मौजूद रहे।


सीतापुर- शबद कीर्तन करते सिक्ख समाज के लोग

## महाराणा प्रताप पार्क पर जले दीप

सीतापुर शहर का महाराणा प्रताप पार्क कार्तिक पूर्णिमा को दिपकों की रोशनी से जगमगा गया। यहां अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की ओर से 501 दीप जालाए गए। महामंत्री कुंवर वरूण सिंह तोमर, सरक्षक मंडल के सस्य ठाकुर रामचंद्र सिंह सोमवंशी, जिला अध्यक्ष सुनील सिंह गौर, अनिल सिंह प्रधान पाताबोझ, दिनेश पाल सिंह, इन्दु सिंह चौहान, मुकेश सिंह,सोनू सिंह, आशू सिंह, वीरेंद्र सिंह चौहान आदि ने कोविड प्रोटोकाल का खयाल रखकर कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

लापरवाही या अज्ञानता...

# जिन्दगी बचाने वाले खुद कर रहे लापरवाही

## ● अस्पताल के सामने पीपी किट के फेंके अपशिष्ट

संवाददाता। तंबौर सीतापुर

**देश-दुनिया में** फैले वैश्विक कोरोना वायरस से लोग जूझ रहे हैं। इसकी रोकथाम को केंद्र-राज्य सरकारें लगातार जनमानस को साफ-सफाई की नसीहतें दे रही हैं। बावजूद इसके न तो लोग सजग हैं और न ही जिम्मेदार। सीतापुर के तम्बौर में तो स्वास्थ्य केंद्र प्रशासन की लापरवाही सामने आई है। यहां पर अस्पताल के सामने अपशिष्ट फेंक दिया गया है। यहां पर पीपी किट समेत मेडिकल अपशिष्ट का कचरा तो फेंका ही, साथ ही डिलीवरी के बाद गंदे कपड़े भी फेंक दिए। इससे वहां पर महामारी फैलने का खतरा बन गया है। तम्बौर स्वास्थ्य केंद्र परिसर से जो तस्वीरें आई हैं, वो बेहद भयावह हैं। तस्वीरों में साफतौर पर दिखाई दे रहा है कि जिंदगी के कंधों पर जिंदगी बचाने की जिम्मेदारी है, उनकी लापरवाही से किस तरह दूसरों की जिंदगी का खतरा बना गया है। यहां पर कूड़े के ढेर पर मेडिकल कचरा फैले हुए महीनों हो चुके हैं। पर जिम्मेदारों द्वारा इस ओर ध्यान नहीं जा रहा हैं। जबकि यहां पर से रोजाना स्वास्थ्य समेत अन्य अफसरों का निकलना होता है, फिर भी जिम्मेदार इसके प्रति लापरवाह बने हैं। यही नहीं नगर पंचायत तम्बौर भी उदासीनता बरते हुए हैं। नागरिकों का कहना है कि अस्पताल के सामने काफी समय से कचरा लगा है। बावजूद इसके अभी तक कचरा उठाया नहीं जा सका है। कचरा उठाए न जाने से तीखी बदबू निकल रही है। इससे वहां से लोगों का निकलना मुश्किल हो गया है।


तंबौर-सीएचसी के सामने पड़ी पीपी किट

# मतदान केंद्रों के लिए रवाना हुईं पोलिंग पार्टियां

## ● जीआईसी से डीएम-एसपी की मौजूदगी में हुई रवाना

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी



**जिला मुख्यालय** पर स्थित राजकीय इंटर कालेज से जिले के सभी 61 पोलिंग पार्टियां लखनऊ खंड स्नातक एवं खंड शिक्षक निर्वाचन 2020 संपन्न कराने हेतु रवाना हुई। जीआईसी पहुंचकर डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह व एसपी विजय दुल ने सभी पोलिंग पार्टियों को मंगलवार को होने वाले निर्वाचन को सकुशल, निर्विघ्नं एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि सभी पोलिंग पार्टियों को सभी मतदान केंद्रों पर आवश्यक मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी। सभी पोलिंग पार्टियां अपने अपने सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं माइक्रो ऑब्जर्वर से समन्वय स्थापित करते हुए अपने कार्य दायित्वों का कुशलता पूर्वक निर्वहन करें।

जिला निर्वाचन अधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि जिले में कुल 19 मतदान केंद्रों पर 34564 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिले में विकास खंड पलिया, निघासन, ईसानगर, रमियाबेहड़, लखीमपुर, फूलबेहड़, नकहा, बेहजम, बांकेगंज, बिजुआ, पसगवां, मितौली, नगर पालिका परिषद कार्यालय मोहम्मदी, गोला गोकरणनाथ, पलियाकला, नगर पंचायत कार्यालय ओयल, सिंगाही, धौरहरा एवं जिला पंचायत कार्यालय को मतदान केंद्र बनाया गया। इस मतदान को सकुशल संपन्न कराने हेतु 19 सेक्टर मजिस्ट्रेट 61 माइक्रो ऑब्जर्वर लगाए गए। कुल 61 बूथ बनाए गए हैं जिसमें स्नातक हेतु 49 व शिक्षक हेतु 12 बूथ है।

# गन्ना सेंटर पर हुए विवाद में प्रधान ने घेरी कोतवाली

## ● दूसरे पक्ष पर दर्ज कराया मुकदमा

संवाददाता। गोला गोकर्णनाथ-खीरी



**थाना कोतवाली** गोला के ग्राम दलेरपुर में स्थित गन्ना सेण्टर पर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। ग्रामवासियों ने दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर शांत कराया। वहीं ग्राम प्रधान ने दर्जनों साथियों के साथ कोतवाली का घेराव कर पुलिस को तहरीर देकर दूसरे पक्ष पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस को दी तहरीर में ग्राम प्रधान राम सिंह पुत्र मेवालाल ने कहा है कि सोमवार को सुबह व अपने साथी ज्ञानेन्द्र के साथ ग्राम दलेरपुर में स्थित गन्ना सेंटर पर जा रहे थे। तभी हीरा सिंह ने ग्राम मुस्तफाबाद के निकट अपनी बोलेरों कार से मेरी कार में टक्कर मार कर अपनी बोलेरों कार भगा ले गये। जब ग्राम प्रधान राम सिंह अपने साथी के साथ गन्ना सेंटर पर पहुंचे तो दोनों पक्षों में विवाद हो गया। आरोप है कि विपक्षी हीरा सिंह के पुत्र लव, जगीरा सिंह पुत्र अमरसिंह, सुखवंत सिंह पुत्र हरजिन्दर सिंह अपने पांच-छह साथियों के साथ लाठी-डंडों, तलवार, तमंचा व बांका से लैस होकर आये और हमला कर दिया। आरोप है कि मारपीट के चलते ग्राम प्रधान का हाथ टूट गया तथा अंदरुनी चोटें भी आईं हैं। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। कोतवाल अरविंद पांडे ने बताया कि मामला गन्ना सेंटर पर घटतौली को लेकर है जिसके चलते विवाद हुआ है। मुकदमा दर्ज कर विवेचना की जायेगी। इसके बाद मामला साफ होगा।

## क्विक न्यूज

### अवर अभियंता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज

**मोहम्मदी-खीरी।** जांच में गए विद्युत कर्मचारियों से मारपीट में अवर अभियंता की तहरीर पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार उपखंड मोहम्मदी के गोकन फीडर पर तैनात अवर अभियंता राजकुमार को यह जानकारी मिली। ग्राम बुझाती में एक व्यक्ति द्वारा अवैध रूप से कोल्हू पर मोटर रखकर बिजली की चोरी की जा रही है। अवर अभियंता अपने साथ लाइनमैन तथा विभाग में तैनात सुरक्षाकर्मियों को साथ लेकर गांव बुझारी पहुंचे। वहां पर उन्होंने अवैध कनेक्शन के बारे में जैसे ही जानकारी चाहिए। वहीं पर गोविंद सिंह व अन्य लोगों ने मिलकर अवर अभियंता सहित अन्य विद्युत कर्मचारियों को लाठी-डंडों से काफी मारा पीटा। इसकी जानकारी कोतवाली मोहम्मदी को दी गई। अवर अभियंता का डाक्टरी परीक्षण कराया गया जिसमें उनके एक हाथ में फैक्चर पाया गया। पुलिस ने सरकारी काम में बाधा सहित दलित उत्पीड़न सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। समाचार लिखे जाने तक अभियुक्त गिरफ्तार नहीं हुए थे।

### वार्षिक सामान्य निकाय की बैठक संपन्न



**मितौली-खीरी।** ब्लाक बेहजम की साधन सहकारी समिति मुगलीपुर के सभापति रवि प्रकाश तिवारी की अध्यक्षता में वार्षिक सामान्य निकाय की बैठक संपन्न हुई। इसमें मुख्य अतिथि के तौर पर कस्ता विधायक सौरभ सिंह सोनू विशिष्ट अतिथि के तौर पर किसान यूनियन अवध क्षेत्र के कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष श्यामू शुक्ल की मौजूदगी में संपन्न हुई। समिति के सभापति ने समस्त आए हुए मुख्य अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत अभिनंदन किया और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि कस्ता विधायक सौरभ सिंह सोनू ने कहा कि जब से इस सोसाइटी के सभापति रविंद्र तिवारी रवि बने हैं। तब से इस समिति का संचालन बहुत ही अच्छे ढंग से हो रहा है। किसानों को खाद बीज की किल्लत नहीं हुई है। आगे भी किसानों को बेहतर सेवा इस समिति के द्वारा दी जाएगी। भाजपा सरकार में किसान खुशहाल रहा है। विशिष्ट अतिथि भारतीय किसान यूनियन अवध क्षेत्र के कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप शुक्ल (श्यामू) ने कहा कि किसान अपनी जायज मांगों को लेकर महीनों से हरियाणा पंजाब में किसान डटे हुए हैं। समय से ऋण उपलब्ध कराना खाद बीज की उपलब्धता बनी रहे।

### संदिग्ध हालत में महिला की मौत, ससुरालीजनों पर हत्या का आरोप

**फतेहपुर।** खखरेरू थाना क्षेत्र के किशनपुर चिरई गांव में एक महिला की संदिग्ध हालत में मौत हो गयी। मायके पक्ष के लोगों ने दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी। जिस पर पुलिस ने पति समेत छह लोगों के खिलाफमुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। खखरेरू थाना क्षेत्र के किशनपुर चिरई में सैयदा बेगम 25 वर्ष पत्नी महबूब अहमद की रविवार की शाम संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। ससुराल पक्ष के लोगों का कहना है कि पेट में दर्द हो रहा था। डॉक्टर के पास ले गये थे। जहाँ डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। उधर मौके पर मायके पक्ष के लोग भी पहुंचे और दहेज में चार पहिया मांगने पर मारपीट कर मौत के घाट उतारने की तहरीर पुलिस की दी। जिस पर पुलिस ने पति समेत 6 लोगों के खिलाफमुकदमा दहेज उत्पीड़न के तहत दर्ज कर लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। लड़की के पिता सहजादे ने तहरीर दी है।

### अवैध शराब के साथ दो को दबोचा

**फतेहपुर।** बिन्दकी कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत सोमवार की सुबह गश्त के दौरान पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अवैध शराब के साथ युवक को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा है। जानकारी के अनुसार बिन्दकी कोतवाली के उपनिरीक्षक रामनरेश यादव अपने हमराही सिपाहियों के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। तभी मुखबिर की सूचना पर धर्मेन्द्र उर्फराजा यादव पुत्र विजय पाल यादव निवासी शिवमवई थाना बिसण्डा जनपद बांदा हाल पता दरवेशाबाद को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 65 अदद देशी शराब पौवा बरामद किया है। वहीं हुसैनगंज थाने के कांस्टेबिल प्रवेश कुमार ने गश्त के दौरान बबलू सिंह पुत्र राम सजीवन निवासी हसनापुर को 17 देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है।

### कार्तिक पूर्णिमा पर ओमघाट में हुई गंगा आरती

**फतेहपुर।** गंगा बचाओ सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष शैलेन्द्र शरन सिम्पल द्वारा कार्तिक पूर्णिमा पर ओमघाट मे गंगा आरती का आयोजन किया गया। जिसमे सोशल डिस्टेंस का पालन करते हुए आरती की गयी। गंगा बचाओ सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष शैलेन्द्र शरन सिम्पल द्वारा आयोजित गंगा आरती में शामिल होने पहुंचे भक्तगणों ने पहले घाट की साफ सफाई कर स्वच्छता का दिया संदेश स समिति के प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र शरण सिंपल ने कहा कि हम सबका दायित्व है कि गंगा को स्वच्छ रखने में अपना योगदान दें तभी मां गंगे को हम लोग स्वच्छ रख सकेंगे। इस मौके पर स्वामी विज्ञानानंद महाराज, समिति के महामंत्री विनोद गुप्ता, आचार्य अखिलेश तिवारी मौजूद रहे।

### महिला स्वास्थ्यकर्मी की ट्रेन से कटकर मौत

**बरेली।** ड्यूटी से वापस घर लौट रही एक महिला स्वास्थ्य कर्मी रेलवे लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आ गई। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने लाश को शिनाख्त के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा।कैंट थाना क्षेत्र के गांव झील गोटिया में रहने वाले जलालाबाद निवासी धर्म पाल सिंह की 35 वर्षीय पत्नी मंजू वाला कि कल शाम लाल फाटक रेलवे लाइन पर ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गई। पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतका के पति ने बताया कि मंजू बाला रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज में स्वास्थ्य कर्मी थी। कल सुबह रोजाना की तरह ड्यूटी पर गई थी। जहां से शाम को घर वापस लौटते समय लाल फाटक के पास रेलवे लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आकर उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर बेटे राहुल ने जलालाबाद गए अपने पिता को सूचना दी। जो वापस घर लौटा और लाश की शिनाख्त कर ली। जिसे पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका चार बच्चों की मां थी।

### अचानक बीमार पड़े सिपाही की मौत

**बरेली।** अचानक बीमार पड़े एक सिपाही की जिला अस्पताल से लखनऊ ले जाते समय रास्ते में ही मौत हो गई। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।संभल जिले के रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव तुमरिया भाट निवासी 56 वर्षीय श्रीपाल सिंह पुत्र सतराम की बीती रात इलाज के लिए लखनऊ ले जाते समय रास्ते में ही मौत हो गई। पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि श्रीपाल सिंह विशारत गंज थाने में पीआरवी 207 पर तैनात था और कल उसके सीने में दर्द होने पर इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां से हालत नाजुक देखकर डॉक्टरों ने उसे लखनऊ के एक अस्पताल में भर्ती करने की सलाह दी। तब घर वाले उसे एंबुलेंस से लखनऊ ले जाने लगे। लेकिन उसकी रास्ते में ही मौत हो गई। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक की पत्नी का नाम सुनहरी देवी है। वह तीन बच्चों का पिता था।

### मिशन शक्ति विशेषज्ञ परामर्शदाताओं को प्रमाण पत्र वितरित किए

**शाहजहांपुर।** जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में मिशन शक्ति नारी सुरक्षा, नारी सम्मान के अंतर्गत विकास भवन सभागार में जागरूकता अभियान चलाकर महिलाओं, बेटियों को जागरूक करने वाले विशेषज्ञ परामर्शदाताओ का शक्ति सेवा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने मिशन शक्ति विशेषज्ञ परामर्शदाताओ को प्रमाण पत्र वितरित किए और कहा कि समाज के अन्य लोगों को भी अपना योगदान देना चाहिए। मुख्य विकास अधिकारी श्रीमति प्रेरणा शर्मा ने कहा कि बेटियों को लेकर ब्लाक स्तर पर काउंसलिंग कराई जाए। जिससे शहर से लेकर गांव तक मिशन शक्ति अभियान सफल हो सकेगा। पुलिस अधीक्षक श्री एस आनंद ने कहा कि अब क्राइम मीटिंग में महिलाओं को लेकर काउसलिंग महिला कल्याण विभाग की टीम द्वारा कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि समाज में बाल अपराध बढ रहे हैं। इसको लेकर जागरूकता फैलाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आज ही बंडा थाना क्षेत्र के एक गांव मे एक बाल अपराध होने की सूचना आई थी।

### शिक्षा का महत्व नाटक की छात्राओं को पुरस्कृत किया



**शाहजहांपुर।** मिशन शक्ति के अंतर्गत सोमवार को मदरसा नूरूलहुदा बिजलीपुरा में चल रहे जागरूकता कार्यक्रम में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें अतिथियों ने छात्राओं को जागरूक रहने पर जोर दिया। अतिथियों ने शिक्षा का महत्व नाटक की छात्राओं को पुरूस्कार देकर पुरूस्कृत किया। वही दो माताओं को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। मदरसा में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि वाणिज्य कर निरीक्षक कहकशाँ सुलेमान ने कहा कि सभी बालिकाओं को शिक्षा पर पूरा ध्यान देना चाहिए और अपने अन्दर अपना मकसद बनाने की जरूरत है तब ही इंसान कामयाव हो सकता है। समाज के उत्थान में महिलाओं का बहुत महत्वपूर्ण योगदान है। जिस समाज में महिलाओं का मान व सम्मान नही होता है। वह समाज कभी प्रगति नही कर पाता है। विशिष्ट अतिथि एस.डी.एम.सी. कालेज की प्राफेसर नौरीन आसिफने कहा कि महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहना चाहिए। जब नारी जागरूक होगी तो उसको अधिकार मांगना नही पड़ेगा।

# एमएलसी चुनाव को लेकर एसडीएम ने किया निरीक्षण

संवाददाता। मोहम्मदी-खीरी



**स्नातक एमएलसी** चुनाव को देखते हुए नगर पालिका और पसगवां में बने मतदान केन्द्रों का उपजिलाधिकारी स्वाति शुक्ला, पुलिस उपाधीक्षक अभय प्रताप मल, इंस्पेक्टर ब्रजेश कुमार त्रिपाठी, अधिशासी अधिकारी और लेखपाल ने बूथों का निरीक्षण किया। उपजिलाधिकारी ने बताया कि 1 दिसंबर को सुबह 8 से शाम 5 बजे तक स्नातक एमएलसी और शिक्षक एमएलसी के पड़ेंगे वोट। नगर पालिका परिषद में मोहम्मदी विकासखंड और बरवर नगर पंचायत के मतदाता अपने मत का प्रयोग कर सकेंगे। वहीं विकास खंड पसगवां में विकास खंड पसगवां के मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। पूरी तहसील में लगभग 3403 स्नातक मतदाता हैं। वहीं शिक्षक एमएलसी में 286 मतदाता हैं। इसमें नगर पालिका मोहम्मदी में चार स्नातक और एक एमएलसी मतदान केंद्र बनाए गए हैं। वहीं पसगवां विकास खंड में दो मतदान केंद्र बनाए गये हैं।

# कार्तिक पूर्णिमा पर लोगों ने किया स्नान



**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर घरो में माता तुलसी की विधि-विधान से पूजा अर्चना की गई। भगवान गोकर्णतीथ पर श्रृद्वालुओं ने स्नान किया तथा भगवान शिव की पूजा अर्चना की। बताते चले कि कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर माता तुलसी का विवाह होता है इस दिन माता तुलसी को लहंगा.चुनरी पहनाई जाती है श्रृंगार किया जाता है तथा भगवाग श्री सालिगराम से विवाह होता है। पूजा में खीलें-भुर्की, प्रसाद व हलवा पूड़ी अर्पित किये। माता की आरती की गई। उनसे सुख समृद्धि की कामना की गई। इस अवसर पर गोकर्णतीर्थ में सुबह से श्रद्धालुओं के स्नान करने का सिलसिला शुरु हुआ था। गोकर्णघाट पर कथा तथा भगवान शिव की पूजा-अर्चना का सिलसिला बराबर जारी रहा।

# आग से दो गृहस्थी, बाइक व साइकिल जलकर खाक

**चौडगरा फतेहपुर।** मलवाँ विकासखंड के भाऊपुर गांव में सोमवार की दोपहर बाद अज्ञात कारणों से रमेश पुत्र श्याम मनोहर के घर में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने समूचे घर को चपेट में ले लिया जिससे घर की गृहस्थी सहित एक साइकिल, एक मोटरसाइकिल प्लैटिना बजाज, जलकर खाक हो गई तो वहीं दूसरी ओर घर में बंधे दो मवेशियों की जलकर मौत हो गई। वही दो मवेशी के साथ पीड़ित रमेश के हाथ गंभीर रूप से झुलस गए। कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने आग पर पाया काबू पीड़ित ने बताया कि लगभग एक लाख कीमत से अधिक का सामान सहित व गृहस्थी जलकर खाक हो गई। मौके में पहुंचे ग्राम प्रधान मनीराम नें पीड़ित को आश्वासन देते हुए हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।

# महिला स्वास्थ्यकर्मी की ट्रेन से कटकर मौत

**बरेली।** ड्यूटी से वापस घर लौट रही एक महिला स्वास्थ्य कर्मी रेलवे लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आ गई। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने लाश को शिनाख्त के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा।किंट थाना क्षेत्र के गांव झील गोटिया में रहने वाले जलालाबाद निवासी धर्म पाल सिंह की 35 वर्षीय पत्नी मंजू वाला कि कल शाम लाल फाटक रेलवे लाइन पर ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गई। पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतका के पति ने बताया कि मंजू बाला रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज में स्वास्थ्य कर्मी थी। कल सुबह रोजाना की तरह ड्यूटी पर गई थी। जहां से शाम को घर वापस लौटते समय लाल फाटक के पास रेलवे लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आकर उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर बेटे राहुल ने जलालाबाद गए अपने पिता को सूचना दी। जो वापस घर लौटा और लाश की शिनाख्त कर ली। जिसे पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका चार बच्चों की मां थी।

# एमएलसी चुनाव की तैयारियां पूरी, मतदान आज

संवाददाता। फतेहपुर



**उत्तर प्रदेश** विधान परिषद के प्रयागराज-झांसी खण्ड स्नातक-2020 निर्वाचन 1 दिसम्बर को दिन मंगलवार को पूर्वाह्न 08 बजे से 05 बजे सम्पन्न होगा। कोविड-19 महामारी को दृष्टिगत रखते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव सिंह ने पोलिंग पार्टियों को सोशल डिस्टेंसिंग, मास्क, सेनेटाइजर के साथ गांधी मैदान से रवाना किया। खंड स्नातक निर्वाचन में 25 मतदेय स्थल बनाए गए है जिसमे 25 पार्टिया व 04 रिजर्व पार्टिया लगी है। 15 सेक्टर मजिस्ट्रेट व 04 रिजर्व तथा 03 जोनल मजिस्ट्रेट की ड्यूटी लगायी गयी है। 25 मतदेय स्थलों पर 15918 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। मतदेय स्थल- राजकीय इण्टर कालेज फतेहपुर में-02, राजकीय बालिका इण्टर कालेज में-04, क्षेत्र पंचायत कार्यालय बहुआ में-02, हसवा, तेलियानी, भिटौरा, असोथर, बिन्दकी, आद्याशरण सिंह इंटर कालेज कोड़ा जहानाबाद-02, अमौली में-03, मलवां, हथगाम, कार्यालय तहसील खागा में-02, कार्यालय क्षेत्र पंचायत विजयीपुर एवं धाता में -02 बूथ बनाये गए है। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी पप्पू गुप्ता, जोनल मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट, सहायक निर्वाचन अधिकारी सहित निर्वाचन से संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# किसान विरोधी बिल वापस लेने की मांग को लेकर भाकियू राष्ट्रीयता वादी सड़क पर

**बिंदकी फतेहपुर।** किसान विरोधी बिल वापस लिए जाने की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन राष्ट्रीयता वादी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता सड़क में बैठ गए हालांकि सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची यूनियन के लोगों ने पुलिस को ज्ञापन सौंपा जिसमें किसान विरोधी बिल वापस लिए जाने की मांग किया तथा सरकारी धान केंद्रों में किसानों का हाइब्रिड धान खरीदी जाने की भी मांग किया। सोमवार की दोपहर को भारतीय किसान यूनियन राष्ट्रीयता वादी गुट के पदाधिकारी व कार्यकर्ता नगर के ललौली रोड फरीदपुर मोड़ में एकत्र हुए तथा सरकार द्वारा लाए गए बिल को किसान विरोधी बताया और जमकर नाराजगी जाहिर की इतना ही नहीं भारतीय किसान यूनियन राष्ट्रीयता वादी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता कानपुर बांदा मार्ग में बैठ गए हालांकि सूचना मिलने पर तुरंत कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे जिसके चलते थोड़ी ही देर में भारतीय किसान यूनियन राष्ट्रीयता वादी गुटके लोगों ने सड़क खाली कर दिया और पुलिस को एक ज्ञापन सौंपा जिसमें कहा गया कि पूरे देश में किसान विरोधी बिल को लेकर जो प्रदर्शन किया जा रहा है। इस प्रदर्शन का वह लोग समर्थन करते हैं और इसी के चलते उन लोगों ने भी सांकेतिक रूप से सड़क जाम किया मांग की गई कि किसान विरोधी बिल को वापस सरकार ले ले साथ ही इस बात पर भी नाराजगी जताई गई कि सरकारी धान केंद्रों में किसानों का हाइब्रिड धान नहीं खरीदा जा रहा है जिसके चलते मजबूर होकर किसानों को महज 1000 प्रति कुंतल हाइब्रिड धान व्यापारियों को बेचना पड़ रहा है जिससे किसानों का भारी नुकसान हो रहा है उनकी मांगे पूरी नहीं हुई तो निश्चित रूप से आंदोलन तेज कर दिया जाएगा इस मौके पर भारतीय किसान यूनियन राष्ट्रीयता वादी के मंडल अध्यक्ष अशोक उत्तम जिला अध्यक्ष रामसहाय पटेल तहसील अध्यक्ष नवल सिंह पटेल के अलावा उसी दिन से कप्तान सिंह यादव सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# श्रद्धालुओं की ट्रैक्टर ट्राली को ट्रक ने मारी टक्कर, 16 हुए घायल



**शाहजहांपुर।** तहसील जलालाबाद में गंगा स्नान करने जा रही श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली में ट्रक ने टक्कर में 16 श्रद्धालु घायल हो गए। श्रद्धालुओं गंगा स्नान को ढाईघाट पर जा रहे थे हादसे की सुचना मिलते ही पुलिस ने सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा स्नान करने जा रहे कांट क्षेत्र के गांव इकनौरा निवासी श्रद्धालुओं की ट्रैक्टर ट्राली को उबरिया मन्दिर से पहले भट्टे के पास जलालाबाद की तरफ से जा रहे ट्रक ने टक्कर मार दी। जिसमें ट्रैक्टर क्षतिग्रस्त हो गया और ट्राली पलटने से 16 श्रद्धालुओं के गम्भीर चोटे आईं। सुबह के समय उबरिया मन्दिर के पास हुए इस हादसे से जब चीख पुकार मची तो गांव के लोग निकल कर रोड पर आये और ट्राली के नीचे दबे लोगों को निकालने की जद्दोजहद करने लगे।ग्रामीणों ने घटना की सूचना 112 और 108 पर भी दी जैसे ही घटना की जानकारी पुलिस और स्वास्थ्य विभाग को हुई तो मौके पर दोनों लोग दौड़े दौड़े पहुंचे और घायलों को निकालने में ग्रामीणों की मदद करने लगे। देखते ही देखते मौके पर काफी भीड़ जमा हो गई जिससे रोड के दोनों तरफ जाम लग गया जिससे अतिरिक्त पुलिस बल बुलाना पड़ा जिसके बाद घायलों को निकाल कर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर भिजवाया और रोड पर जाम हटवाया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचे 26 घायलों में से 16 की हालत ज्यादा गम्भीर थी जिनको प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। अन्य 10 घायलों के हल्की चोटें थी जिनका उपचार यहीं कर दिया गया। गम्भीर घायलों में जमुना, जयपाल, वीर सिंह, लक्ष्मी देवी, सरोजनी, राजेन्द्र, सोनू, रमेश, गीता देवी, कन्यावती, पूजा, राजेश्वरी, ममता व एक अन्य लड़की की हालत ज्यादा गंभीर थी इन लोगो को इलाज हेतु जिला अस्पताल भिजवा दिया गया है।

# अचानक बीमार पड़े सिपाही की मौत

संवाददाता। बरेली

**अचानक बीमार** पड़े एक सिपाही की जिला अस्पताल से लखनऊ ले जाते समय रास्ते में ही मौत हो गई। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।संभल जिले के रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव तुमरिया भाट निवासी 56 वर्षीय श्रीपाल सिंह पुत्र सतराम की बीती रात इलाज के लिए लखनऊ ले जाते समय रास्ते में ही मौत हो गई। पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि श्रीपाल सिंह विशारत गंज थाने में पीआरवी 207 पर तैनात था और कल उसके सीने में दर्द होने पर इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां से हालत नाजुक देखकर डॉक्टरों ने उसे लखनऊ के एक अस्पताल में भर्ती करने की सलाह दी। तब घर वाले उसे एंबुलेंस से लखनऊ ले जाने लगे। लेकिन उसकी रास्ते में ही मौत हो गई। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक की पत्नी का नाम सुनहरी देवी है। वह तीन बच्चों का पिता था।

# बरेली-मुरादाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन, पुलिस फोर्स के साथ पोलिंग पार्टियों को रवाना किया

## ● सुबह 8 बजे से सायं 5 बजे तक मतदान, मतदाताओं की संख्या 3896

संवाददाता। शाहजहांपुर



**बरेली-मुरादाबाद** खण्ड शिक्षक निर्वाचन-2020 का चुनाव सकुशक सम्पन्न कराए जाने के लिए पुलिस फोर्स के साथ पोलिंग पार्टियों को जिला निर्वाचन अधिकारी जिला मजिस्ट्रेट इन्द्र विक्रम सिंह ने रवाना किया।

श्री सिंह ने बताया है कि बरेली-मुरादाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के द्विवार्षिक निर्वाचन के सम्बन्ध में जनपद के समस्त 10 अधिसूचित मतदेय स्थलों पर: 8: बजे से सायं 5: बजे तक मतदान सम्पन्न होगा। उन्होंने बताया कि निर्वाचन में मतदाताओं की संख्या 3896 है तथा 10 पीठासीन अधिकारी, 30 मतदान अधिकारी, 10 माइक्रो ऑब्जर्वर, 10 सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं 20 गाड़ियां लगायी गयी हैं।

उन्होंने बताया कि कोविड-19 के दौरान सम्पन्न होने वाले साधारण निर्वाचनों/ उपनिर्वाचनों के संचालन के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार प्रत्येक मतदेय स्थल पर मतदाताओं की थर्मल स्कैनिंग कराई जाएगी। मतदेय स्थलवार आशाओं की तैनाती तथा प्रत्येक मतदेय स्थल के लिए चिकित्साधिकारी व अन्य कर्मचारियों की नियुक्ति की गयी है। उपरोक्तानुसार नियुक्त समस्त कर्मचारीगण दिनांक 01.12.2020 की प्रात: 07:00 बजे से पूर्व अपने आवंटित मतदेय स्थलों पर पहुँचना सुनिश्चित करेंगे। प्रत्येक मतदेय स्थल के प्रवेश द्वार पर हेल्पडेस्क की स्थापना की गई है। ऐसे स्थानों पर पर्याप्त संख्या में एम्बुलेंस एलर्ट मोड पर रखी गयी है। जहां से किसी भी आपात स्थिति में एम्बुलेंस मतदेय स्थलों पर आसानी से पहुंच सकेगी। मतदेय स्थलों पर मतदाताओं की थर्मल स्कैनिंग के लिए 02 इन्फ्रारेड थर्मामीटर प्रति मतदेय स्थल पर होंगे। कुल 20 इन्फ्रारेड थर्मामीटर मतदेय स्थलों पर उपलब्ध कराए गए है। इन्फ्रारेड थर्मामीटर मतदान की समाप्ति के पश्चात् दिनांक 02.12.2020 को जिला सहायक निबंधक, सहकारी समितियां को वापस प्राप्त कराये जायेंगे। पुलिस अधीक्षक एस आनन्द ने कहा है कि तैनात पुलिस अधिकारी/कर्मचारी मतदान स्थल की सुरक्षा करने के साथ ही मतदान प्रक्रिया समाप्त होने तक अपनी ड्यूटी पर अलर्ट रहेंगे। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रषासन, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, नगर मजिस्ट्रेट, बेसिक षिक्षा अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, आदि अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

# गंगा में लगाई आस्था की डुबकी

संवाददाता। फरुर्खाबाद



**नगर** के पांचाल घाट पर कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर मां गंगा में डुबकी लगाने के लिए भक्त सोमवार को अल सुबह से ही लोग घाटों पर पहुँचे थे। दुर्वासा ऋषि आश्रम में बने मंदिर में दर्शन करने के साथ श्रद्धालुओं नें आस्था की डुबकी लगाकर पुन्य लाभ लिया। लागों ने सूर्योदय के पूर्व और बाद में घाटों पर पहुंच कर स्नान-ध्यान कर मंदिरों में पूजा-अर्चना की। कई श्रद्धालु दूर-दराज से आने के चलते ही घाटों पर ही अपना डेरा जमाए रहे। सूर्य की पहली किरण के साथ श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगा भगवान भास्कर को नमन किया। श्रद्धालुओं का जत्था रविवार की रात से घाटों पर अपना डेरा जमाए लगे थे। जिला प्रशासन की ओर से घाट पर सुरक्षा के विशेष इंतजाम भी किये गये थे।

हिन्दू धर्म में कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा स्थान का काफी महत्व है। इसके चलते सदियों से लोग इस मौके पर पर गंगा में स्थान और पूजा करते आ रहे हैं। इसी परंपरा के तहत आज विभिन्न गंगा घाटों पर स्नान करने वालों की भीड़ लगी रही। स्नान के बाद श्रद्धालूओं ने फूल, अगरबती तथा दीपदान के माध्यम से गंगा की पूजा की। इसके चलते सोमवार तड़के से गंगा किनारे पांचाल घाट पर श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगायी। कार्तिक पूर्णिमा के मद्देनजर घाट पर देर रात से ही मेला सज गया था। इस मौके पर आस-पास क्षेत्रों से आये लोगों ने भोर से डुबकी लगाना शुरूकर दिया। तमाम श्रद्धालु तो रविवार रात को ही पहुंच गये थे, ताकि भोर में डुबकी लगा सकें। गंगा स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने यथाशक्ति दान दक्षिणा भी दिया। दुर्वासा ऋषि आश्रम में दर्शन लाभ लिया।

दुर्वासा ऋषि आश्रम के सामने जय भोले बाबा कमेटी ने गंगा घाट पर नित्य की भांति सोमवार तड़के बालू से भव्य शिवलिंग बना उनका अद्भुत श्रंगार किया। इसके बाद आरती और प्रसाद वितरण किया गया। गंगा किनारे स्नानार्थियों की सुरक्षा को देखते हुए कई नावें व तैराक तैनात किये गये थे। तट के किनारे सुरक्षा के लिए पुलिस बल भी तैनात रहा। लेकिन कोरोना प्रोटोकॉल का पालन नही हुआ।

### ट्राफिक की चुस्त व्यवस्था से नहीं लगा जाम

**शहर** के खानपुर गाँव के सामने कादरी गेट पांचाल जाने वाले मार्ग पर, पांचाल घाट चौराहा, बंधा चौराहे पर रूट डायवर्ट किये गये। जिससे जाम की झाम से निजात मिली। शहर कोतवाली पुलिस व टीएसआई आदि ट्राफिक्र व्यवस्था सम्भाले गये।

## अवैध चाकू सहित युवक गिरफ्तार

**बकेवर।** लखना चौकी पुलिस ने गश्त के दौरान एक युवक को नया नहर पुल से एक चाकू के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा। लखना पुलिस चौकी प्रभारी प्रशान्त द्विवेदी ने बताया कि वह रविवार की देर शाम कस्बे में शान्ति व्यवस्था कायम रखने के उद्देश्य से पुलिस बल के साथ गश्त कर रहे थे कि तभी उन्हे जरिये मुखबिर सूचना मिली कि एक युवक नया नहर पुल पर चाकू लिये किसी बारदात को अंजाम देने के लिये खड़ हुआ है सूचना पर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुँचे और संदिग्ध खड़े युवक को हिरासत में लेकर जामा तलाशी ली उसके पास से एक नाजायज चाकू बरामद हुआ। उसने अपना नाम सचिन गोस्वामी पुत्र दीपक कुमार गोस्वामी निवासी ग्राम नगरिया चौराह भरतवल थाना कोतवाली व जिला मैनपुरी बताया। पुलिस ने उसके विरुद्ध नाजायज चाकू रखने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया ।

## कोविड-19 के चलते पचनद संगम में कम पहुंचे श्रद्धालु



संवाददाता। चकरनगर

**ऐतिहासिक** कालेश्वर मंदिर के समीप प्रवाहित पांच नदियों के संगम पचनद में कार्तिक पूर्णिमा पर कम संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगायी। पर्व के उपरांत अविवाहित किशोरियोंए महिलाओंए साधू.संतों सहित अन्य श्रद्धालुओं ने शिव लिंग पर भेलपत्ती चढ़ाकर जलाभिषेक किया। कोरोना महामारी के भय से पचनद संगम में स्नान पर्व की सिर्फ परंपरा नहीं टूटी बल्कि पांच फीसदी भी श्रद्धालु स्नान पर्व में सम्मिलित नहीं हुए।

चकरनगर के ऐतिहासिक कालेश्वर मंदिर के समीप प्रवाहित यमुनाए चंबलए क्वारीए सिंध व पहूच पांच नदियों के संगम में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर क्षेत्र से पहुंचे श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगायी। इस मौके पर दूर दराज से आयीं अविवाहित किशोरियोंए महिलाओंए साधू.संतों सहित कम संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने रात्रि 12 बजे से संगम में स्नान कर शिव लिंग पर भेलपत्ती चढ़ाकर जलाभिषेक किया। किशोरियों ने सुंदर वर की आकांक्षा मेंए महिलाओं ने पति की दीर्घायु की बाबा से मंनत मांगी। संगम में स्नान पर्व के लिये इस वर्ष जनपद के पड़ोसी मध्य प्रदेश के उपरांत दूर शहरों से कोविड 19 के भय के चलते श्रद्धालु नहीं पहुंचे। मेले में सीएचसी अधीक्षक डॉ अवधेश द्वारा मेडिकल कैंप लगाया गया। प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा आम जनता की सुरक्षा के लिए मोटर बोट एवं पुलिस की समुचित व्यवस्था की गई।

## ट्रक ने ट्रैक्टर में मारी टक्कर, दो घायल

**बकेवर।** थाना क्षेत्र के अन्तर्गत बिजौली ओवरब्रिज के समीप एक इटावा की तरफसे आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने एक ट्रैक्टर में पीछे से टक्कर मार दी। जिससे ट्रैक्टर पर सबार चालक व परिचालक गम्भीर रुप से घायल हो गये। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस व स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को सीएचसी महेवा उपचार के लिए भेजा। बकेवर थाना क्षेत्र के अन्तर्गत एनएचटू हाईवे राष्ट्रीय राजमार्ग पर इटावा की तरफसे आ रहे ट्रैक्टर व ट्रक जो ट्रक तेज रफ्तार के चलते बिजौली ओवरब्रिज के समीप ट्रक अनियंत्रित होकर एक ट्रैक्टर में पीछे से जा घुसा। जिसके चलते ट्रैक्टर पर सबार चालक सर्वेश कुमार पुत्र मानसिंह व सतीश कुमार पुत्र गंधर्व निवासी जलोकर थाना जसवंतनगर गम्भीर रुप से घायल हो गये। वहीं उक्त दुर्घटना की सूचना स्थानीय लोगों द्वारा बकेवर थाना पुलिस को दी गयी मौके पर पहुंचे उपनिरीक्षक प्रशान्त द्विवेदी पुलिस बल के साथ दुर्घना स्थल पर पहुंचे।

# सेठ सोनेलाल नहीं रहे

संवाददाता। कानपुर देहात



**रूरा** कस्बे की प्रमुख आर्थिक गतिविधियों के केन्द्र किराना गली में विगत 70 वर्षो से अधिक सेवाये प्रदान कर रहे सेठ सोनेलाल का लम्बी बीमारी के चलते सोमवार को निधन हो गया। किराना गली सहित पूरे कस्बे व आस पास के सैकडों गॉव में किराने के व्यवसाय व अपनी मृदुभाषिता से अपने नाम का डॅका बजाने वाले सोनेलाल के निधन पर कस्बाई व क्षेत्रीय निवासियों ने गहरी सॅवेदना व्यक्त की है।

रूरा कस्बे की किराना गली सेठ सोनेलाल के नाम से सोनेलाल गली से प्रसिद्ध है । पिछले करीब 70 वर्षों से किराना की गुणवत्तापूर्ण दुकान के माध्यम से कस्बाई व क्षेत्रीय जनता को 92 वर्षीय वयोवृद्ध सेठ सोनेलाल सेवाये प्रदान कर रहे है। सोमवार को उनकी लम्बी बीमारी के चलते निधन हो गया। निधन की सूचना पर कस्बाई व क्षेत्रीय जनता में शोक की लहर छा गयी। दिवॅगत सेठ सोनेलाल की एक मात्र संतान पुत्री संचिता गुप्ता है। सॅचिता ही अपने पुत्र की मदद से किराना की दुकान का सॅचालन करती है। पूर्व चैयरमैन संदीप कश्यप रिंकू, अनिल गुप्ता तीती, धर्मेन्द्र गुप्ता, अनीस सिंह, श्रवण गुप्ता, केएल, मयॅक गुप्ता, अशोक गुप्ता,लाला गुप्ता, कृष्ण कुमार शुक्ला, रामकुमार गुप्ता, अवधेश शुक्ला सहित अन्य कस्बाईयों ने दिवॅगत किराना व्यवसायी की मृत्यु पर गहरा दुःख व्यक्त किया है।

# चौराहे पर भिड़े ट्रक, दिन भर जाम रहा हाईवे



संवाददाता। घाटमपुर

**सोमवार** तड़के नगर के मुख्य चौराहे पर दो ट्रकों में टक्कर के बाद दिन भर कानपुर-सागर हाइवे पर जाम जैसे हालत बने रहे। बताया जाता है ट्रक नंबर डीएल-जीसी़-4191 भोगनीपुर की ओर जा रहा था और भोर पहर जैसे ही नगर के मुख्य चौराहे पर पंहुचा कि तभी हमीरपुर से कानपुर की ओर मोरग लादे ट्रक से टक्कर हो गयी, टक्कर के बाद चौराहे के चारो रोड़ों पर वाहनों की दोहरी-तेहरी लाइनें लग गयी। और आवागमन बाधित रहा, सुबह कोतवाली पुलिस मोरंग लादे ट्रक को एक किनारे कर यातायात बहाल कराने का प्रयास किया लेकिन दूसरे ट्रक में ज्यादा खराबी के चलते कानपुर-सागर हाइवे पर ट्रको की लाइन लगी रही। करीब 11 बजे मरम्मत के बाद बिगड़ा ट्रक जब हटया गया तब कहीं आवागमन शुरु हो सका, लेकिन चौराहे पर रुक-रुक कर दिन भर जाम लगता रहा और राहगीरों को दिक्कत का सामना करना पड़ा।

### दो किशार जख्मी

**घाटमपुर।** गांव नौरंगा के निकट अल्टो कार की टक्कर लगने से साइकिल सवार दो किशोर घायल हो गये जिन्हे इलाज के लिये सीएचसी में भर्ती कराया गया। गांव हुलासपुर निवासी सोनू व फ्तेपुर निवासी कार्तिकेय साइकिल से नौरंगा की ओर जा रहे थे तभी पीछे से आ रही आल्टो कार ने टक्कर मार दी।

## थानाध्यक्ष पूनम जादौन सहित एक दर्जन लोग हुए कोरोना पॉजिटिव

**फर्रुखाबाद।** बीती देर रात जारी हुए रिपोर्ट के अनुसार थानाध्यक्ष नवाबगंज पूनम जादौन सहित एक दर्जन कोरोना संक्रमित निकले है।

रविवार को देर रात जारी रिपोर्ट में कमालगंज निवासी 50 वर्षीय सुरेन्द्र, फ्तेहगढ़ के महरूपुर सहजू निवासी 34 वर्षीय राहुल, शहर के नितगंजा निवासी 20 वर्षीय शुभ, 20 वर्षीय ईशा, मोहल्ला नई बस्ती निवासी शेखर, लक्ष्मी नगर निवासी गीता देवी, संकिसा निवासी 25 वर्षीय रोहित, थानाध्यक्ष नवाबगंज 42 वर्षीय पूनम जादौन, मोहल्ला सघबाडा निवासी आरती, कमालगंज की शबीना बेगम, हैदरपुर निवासी आशा कोरोना संक्रमित हैं। जनपद में अब तक कुल 4346 केस मिले है।कुल सक्रिय केस 201 हैं। अब तक 75 की मौत हुई है।

# हिन्दू विद्यालय में 4 और कोरोना पॉजिटिव मिले

संवाददाता। जसवंतनगर इटावा

**नगर** के हिन्दू विद्यालय इंटर मीडिएट कालेज में पिछले शुक्रवार को हुई 495 छात्र छात्राओं और स्टाफ की कोरोना जांच में रेपिड टेस्ट में हालांकि तीन छात्र ही पोजिटिब निकले थे। मगर शेष 492 निगेटिव निकले की आरटीपीसीआर जांच होने सैफई आयुविज्ञान संस्थान भेजी गई थीएतो दो स्टाफ और दो छात्र और पोजिटिब पाए गए हैं।

इस तरह हिन्दू विद्यालय में कोरोना पोजिटिब की संख्या 7 पहुंच गई। आज सैफई से आई रिपोर्ट में दो स्टाफ जिनकी उम्र 45.46 वर्ष है एकोरोना ग्रस्त पाए गए हैं।इनमे एक बाबू और चतुर्थ श्रेणी कर्मी हैं। कक्षा 9 व 11 के दो छात्र भी इस लिस्ट में हैं। छुट्टियों के चलते तीन दिनों से कालेज बन्द है।कालेज प्रधानाचार्य राजेन्द्र प्रसाद यादव ने बताया कि एहतियात के सारे कदम प्रोटोकॉल के तहत उठाये जा रहे हैं। आज क्षेत्र के हरकूपुराएनिलोई गांव का का एक 15 वर्षीय किशोर भी कोरोना पोजिटिव निकला है। यह किशोर किस स्कूल में पढ़ताए इसकी पुष्टि नही हो सकी। दूसरी ओर जसवंतनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ सुशील कुमार ने आंकड़े उपलब्ध कराते बताया है कि जसवंतनगर विकास खण्ड क्षेत्र में नवंवर महीने में 46 लोग कोरोना पोजिटिब पाए गएए जिनमे 22 पुरुष और 24 महिला हैं। अकेले 25 और 28 नवंवर को क्रमश: 6 और 11 कोविड 19 के शिकार पाए गए। 6 में 2 पुरुष 4 महिलाएं तथा 11 में 5 पुरुष और 6 महिला हैं।

उन्होंने बताया कोविड 19 कि रेपिड टेस्ट का प्रोग्राम डिस्ट्रिक्ट अथॉरिटी द्वारा स्कूलों के लिए तय किया जा रहा है।

# गोली लगने से घायल अधेड़ की उपचार के दौरान मौत

संवाददाता। फरुर्खाबाद

**बीते** लगभग 10 दिन पूर्व गाँव के निकट नलकूप में लेटे अधेड़ के गोली मार दी थी। जिससे उसका उपचार चल रहा था। जहाँ उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी। परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस नें शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

कोतवाली मोहम्मदाबाद के ग्राम नीब करोरी निवासी 50 वर्षीय अनूप मिश्रा वर्तमान में केशव नगर फ्तेहगढ़ में रह रहे थे। बीती 22 नवंबर की रात वह गाँव के बाहर नलकूप पर लेटे हुए थे। आरोप है कि उसी दौरान गाँव के ही अंबुज पुत्र अनिल कुमार पुत्र धन सिंह व रिंकू पुत्र धन सिंह नें आकर गोली मार दी और मोबाइल लूट ले गये। किसी तरह घायल अवधेश नें भीतर से नलकूप की कुंडी बंद कर ली। पूरी रात घायल अनूप मिश्रा मदद के लिए भीतर से ही चीखते रहे लेकिन किसी नें भी नही सुनी। सुबह जब परिजन पंहुचे तो वह नलकूप में बेहोश मिले। जिसके बाद परिजनों नें उन्हें आवास विकास के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। बेहोशी की हालत में उन्होंने परिजनों को गोली लगने की जानाकारी नही दी। लेकिन बाद में होश में आने पर उन्होंने परिजनों को गोली लगने की घटना से रूबरू कराया रो परिजनों के होश उड़ गये।

परिजनों नें चिकित्सक के कहने पर एक्स-रे कराया तो गोली लगने की पुष्टि हुई। 23 नवम्बर को उन्हें रिफ्र कर दिया गया। कानपुर में अनूप का इलाज चल रहा था। लेकिन हालत गंभीर होने पर अस्पताल नें भी छुट्टी कर दी। परिजन सोमबार को सुबह 7: 30 पर मृतक के भाई अनुराग नें उसे लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया। जहाँ उसे मृत घोषित कर दिया गया। अनूप की मौत पर उनकी पत्नी सरिता देवी बेटा आदि का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। अनूप की मौत की जानकारी अनुराग नें ही कोतवाली पुलिस को दी। जिसके बाद दारोगा शैलेन्द्र कुमार नें लोहिया अस्पताल में शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दस दिन बाद भी आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर है। कोतवाली के एसएसआई हरीओम त्रिपाठी नें बताया कि अभी जाँच की जा रही है। आरोपियों की अभी गिरफ्तारी नही की गयी है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

## शिक्षक व स्नातक विधायक चुनाव के लिए पोलिंग पार्टी रवाना

**फर्रुखाबाद।** आगरा खंड स्नातक एवं शिक्षक विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) का चुनाव एक दिसंबर को है। मतदान वाले दिन यानि मंगलवार को 16248 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। पोलिग पार्टियां रवाना होनें से पूर्व सभी की कोबिड-19 की जाँच हुई। जिसमे एक मतदान कर्मी कोरोना पॉजिटिव निकला। जिसके बाद उसकी जगह पर दूसरे की तैनाती कर उसे रवाना किया गया।सोमवार को जीआईसी फ्तेहगढ़ में ही 22 टेबल लगाकर मतपत्र व अन्य मतदान सामग्री पोलिग पार्टियों को दी गयी।वापसी में यहीं पर सभी मतपेटिकाएं एकत्र होंगी। कुल 33 पोलिंग पार्टी अपने अपने बूथों के लिए रवाना हुईं। जनपद में स्नातक एमएलसी के 21 व शिक्षक विधायक के लिए 12 केंद्रों पर मतदान होगा। 22 मतदान केंद्रों पर 33 बूथ बनाए गए हैं। मतदान के लिए जनपद को तीन जोन व सात सेक्टर में विभाजित किया गया है। शिक्षक एमएलसी चुनाव में 1422 और स्नातक विधायक को 14826 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। कोरोना के मद्देनजर सभी पोलिग स्टाफ को मास्क व ग्लब्ज के अलावा फेसमास्क भी उपलब्ध कराया गया। पांच रिजर्व पोलिग पार्टियां भी सृजित की गयीं। मंगलवार सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान होगा। उसके बाद पोलिंग पार्टिया सभी मतपेटिकाएं एकत्र जीआईसी में ही जमा करेंगी। मत पेटियों को आगरा जमा कराया जायेगा।

# राज्यमंत्री ने बांटे परिषदीय विद्यालय के बच्चों को स्वेटर

संवाददाता। कानपुर देहात

**बेसिक** शिक्षा विभाग के द्वारा परिषदीय विद्यालयों में निशुल्क स्वेटर वितरण कार्यक्रम में मुख्यातिथि राज्यमंत्री अजीत सिंह पाल ने द्वीप प्रज्वलित एवं सरस्वती की प्रतिमा में पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया जिलाधिकारी डॉ दिनेश चंद्र ने बच्चों को खूब पढ़नेए योग करने एवं हरी सब्जी खाने के लिए प्रेरित किया पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी ने बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए विचार व्यक्त किए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों ने अध्यापकों को समय पर विद्यालय आने के विचार व्यक्त किए द्य

सर्दी का मौसम आते ही उत्तर प्रदेश सरकार ने परिषदीय विद्यालय में पढ़ रहे हैं बच्चों की सर्दी से बचाने के लिए प्रशासन को सक्रिय किया वर्तमान में कोरोना वायरस के कारण विद्यालय बंद है परंतु बच्चों की सुरक्षा दृष्ट को ध्यान रखते हुए शीतलहर से बचाने के लिए उन्हें निशुल्क स्वेटर उपलब्ध कराने के लिए शासन से प्रशासन तक सक्रिय दिखा उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री सिकंदरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक अजीत सिंह पाल कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रूप में उपस्थित हुए संविलियन विद्यालय खोजाफूल में 360 बालक बालिकाओं और संविलियन विद्यालय गुरदही बुजुर्ग 201 बच्चों वितरित किए जिलाधिकारी दिनेश चंद्र बच्चों को खूब मन लगाकर पढ़ने हरी पत्तेदार सब्जी खाने नियमित योग करने के लिए प्रेरित किया पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी ने आए हुए अभिभावको को जागरूक करते हुए कहा कि आप बालक बालिकाओं के साथ बिल्कुल भेद ना करें उन्हें अच्छी से अच्छी शिक्षा दें घर पर देखभाल रखे हैं जब शिक्षित होंगे तो जागरूक बनेंगे।

## क्रांतिकारियों के द्रोणाचार्य को किया याद



**औरैया।** क्रांतिकारियों के द्रोणाचार्य के नाम से प्रसिद्ध क्रांतिवीर पंडित गेंदालाल दीक्षित को उनकी जण्यंती पर याद किया गया। भारत प्रेरणा मंच संस्था कीण् अगुवाई में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया गया। जीएलडी चौराहा स्थित क्रांति के अमर नायक गेंदालाल की प्रतिमा पर नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि समाजसेवी लाल जी शुक्ला ने माल्यार्पण किया। उन्होंने कहा कि अपनी जन्मभूमि आगरा से औरैया आ कर पंडित गेंदालाल ने क्रांति की मशाल जलाई। जनपद उनका ऋणी है और सदैव उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लेता है। उनका आभार व्यक्त करने के लिए ही जीएलडी चौराहे पर नगर पालिका की ओर से प्रतिमा की स्थापना की गई है।आयोजक संस्था भारत प्रेरणा मंच के महासचिव अविनाश अग्निहोत्री ने बताया कि पंडित गेंदालाल ने मातृवेदी संस्था के जरिए स्वतंत्रता आंदोलन में बड़ी आहुति दी थी। देश के बड़े क्रांतिकारी उन्हें अपना गुरु मानते थे। संस्था के अध्यक्ष राष्ट्रीय कवि अजय अंजाम ने मातृवेदी संस्था के कार्यों पर प्रकाश डाला। मनोरमा महाविद्यालय के प्रबंधक पूर्व सैनिक रमाकांत अवस्थी ऋषि कंस्ट्रक्शन के मैनेजिंग डायरेक्टर राहुल द्विवेदीए कैप्टन राजेन्द्र प्रसाद तिवारी सज्जन दीएक्षित चन्दू तिवारी लल्ली तिवारी गोपाल पाण्डेय ण्नेहा शुक्ला आदि मौजूद रहे।

## आर्मी के नायब सूबेदार का हार्ट अटैक से निधन



**जसवंतनगर इटावा।** भारतीय थल सेना की नासिक स्थित आई टी सेल इकाई में नायक सूबेदार के पद पर तैनात 44 वर्षीय दुर्वेश कुमार यादव का उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान संस्थान ए सैफई में बीती रात इलाज के दौरान निधन हो गया। वह अपने गांव नगला डम्बर में छुट्टी पर आए थे। यकायक उन्हें हृदय का दौरा पड़ा थाए इसके बाद परिवारी रविवार को देर शाम इलाज को वहां ले गए थेए जहां आई सी यू में उन्होंने मौत के आगे हार मान ली। प्रशासन को सूचना मिलने पर रात में ही उनके शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। सेना मुख्यालय को सूचना दिए जाने पर उनके सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार को कानपुर से सोमवार दोपहर सूबेदार ब्रजेन्द्र सिंह और मेजर दिनेश देव के नेतृत्व में5 सदस्यीय सैन्य दस्ता नगला डम्बर गांव पहुंचा। इस सैन्य दस्ते की अंतिम सलामी के साथ स्वर्गीय दुर्वेश का अंतिम संस्कार उनके ज्येष्ठ पुत्र हरिंद्र ने नम आंखों से किया। भारत माता के इस सपूत सैनिक को अंतिम विदाई देने के लिए आसपास गांवों के हजारों लोग नगला डम्बर में नम आंखों के साथ एकत्रित हुए थे। मृतक अपने पीछे दो पुत्रए एक बेटी और पत्नी को छोड़ गए।

स्वर्गीय नायक सूबेदार जसवंतनगर के वरिष्ठ पत्रकार रामवीर सिंह यादव के रिश्ते में मामा थे। उनको प्रेस क्लब जसवंतनगर ने सपनी भाव भीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है।

## 18 घंटे बाद बरामद हुई बालिका

**फर्रुखाबाद।** बीते दिन बालिका का अपहरण कर उसे नककूप में बंद कर दिया। जिसके बाद किसी तरह से उसने दरवाजा खोला और उसके बाद ग्रामीणों नें उसे पुलिस को सौपा। पुलिस नें मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया। थाना जहानगंज क्षेत्र के ग्राम विजयी नगला लालू जाटव की 10 वर्षीय पुत्री सोनम अपनी 13 वर्षीय बहन के साथ खड़ी थी। उसी दौरान गाँव का ही कमलेश उसे बाइक पर बैठाकर ले गया। जब उसका पता नही चला तो सोनम के चाचा नें डायल 112 पर फोन किया। सूचना मिलने पर सीओ सोहराब आलम और थानाध्यक्ष दिनेश गौतम फोर्स के साथ मौके पर आ गये। बड़ी बहन के वयान पर पुलिस नें रात को ही आरोपी कमलेश को बैठा लिया। लेकिन बालिका के गायब होनें की खबर नें पुलिस के होश उड़ा दिये। थानाध्यक्ष अपनी टीम के साथ सम्भावित स्थानों पर पूरी रात तलाश करते रहे। सुबह लगभग 10 बजे बालिका एक ग्रामीणों को नलकूप के पास मिली।

# ई-रिक्शा चालक को चाकू से गोद कर किया घायल

संवाददाता। कायमगंज/फर्रुखाबाद

**मामूली** विवाद बना ई-रिक्शा चालक की जान के लिए खतरा, मिली जानकारी के अनुसार कायमगंज तहसील पुलिया पुल ग़ालिब के पास एक अधिवक्ता की गोदाम में 22 वर्षीय ई-रिक्शा चालाक शिवम पुत्र संतोष रह रहा है। वह रिक्शा चलाकर अपने परिवार का भरण पोषण करता है। बीते कल जब वह फर्रुखाबाद कायमगंज मार्ग पर स्थित पुलिया पुल ग़ालिब पर रिक्शा लिए सवारियों के इंतजार में खड़ा था। उसी समय कोतवाली क्षेत्र कायमगंज के गांव जिररवापुर का निवासी दीपक अपना रिक्शा लेकर वहां पहुंचा। तेज गति एवं असंतुलित होने के कारण उसका रिक्शा शिवम के रिक्शे से टकरा गया। टक्कर लगने से शिवम के रिक्शे का शीशा क्षतिग्रस्त हो गया। इस पर दोनों के बीच काफी वाद विवाद हुआ। किंतु कुछ लोगों के द्वारा शीशा नया डलवा देने की शर्त पर समझौता हो गया था। इसके बावजूद भी दीपक ने शिवम को जल्द ही सबक सिखाने की धमकी दे दी थी। इसके बाद दीपक अपने एक कुबेरपुर निवासी साथी को लेकर शिवम के गोदाम स्थित आवास पर गया और फिर एक बार गंभीर होकर धमकी दे डाली। जिसे शिवम ने नजरअंदाज कर दिया। दीपक के उसी कुबेरपुर वाले साथी ने शिवम को फोन किया और कहा कि उसे अपना केला मंडी ले जाना है। तुम रिक्शा लेकर टेढ़ी कोन पर आ जाओ शिवम जैसे ही वहां अपना ई रिक्शा लेकर पहुंचा वैसे ही पूर्व नियोजित योजना के अनुसार दीपक उसके साथी कुबेरपुर निवासी सहित चार पांच अज्ञात लोगों ने उसे दबोच लिया और मारपीट कर कब्जे में लेकर बेरहमी के साथ चाकुओं से प्रहार करना शुरू कर दिया। इन हमलावरों ने चाकुओं से गोदकर शिवम की गर्दन हाथ पीठ आदि जगह गंभीर चोटें पहुंचाते हुए उसे लहूलुहान कर दिया। गर्दन पर लगा चाकू बहुत ही खतरनाक साबित हो रहा था। जिससे काफी रक्त बह रहा था।

## बकरी के लिए पत्ते तोड़ने गये युवक की करंट लगने से मौत

**फर्रुखाबाद।** बकरी के लिए पत्ते तोड़ने गये युवक की करंट लगने से मौत हो गयी। जिसके बाद परिजनों में कोहराम मच गया।

थाना जहानगंज क्षेत्र के ग्राम कछियाना निवासी 17 वर्षीय लखन पुत्र प्रेम चंद सुबह बकरी के लिए पीपल के पत्ते लेना गया था। पीपल के पत्ते तोड़ने के दौरान उसके पेड़ के ऊपर से निकली हई-टेंशन लाइन का करंट पेंड में आ गया। जिसकी चपेट में आने से लखन की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी।

घटना की जानकारी होनें पर मृतक की माँ आशा आदि परिजन मौके पर आ गये। उनका रो-रो कर बुरा हाल हो गया। सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष दिनेश गौतम व राजपूताना चौकी इंचार्ज उदयवीर आदि मौके पर आ गये और जाँच पड़ताल की। चौकी इंचार्ज नें शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# नहीं आई बारात तो दुल्हन ने उठाया आत्मघाती कदम

संवाददाता। कनपुर देहात

**हर** लड़की शादी को लेकर खूबसूरत सपना संजोती है लेकिन यदि वही सपना पूरा होने से पहले टूट जाए तो उसके दिल पर क्या गुजरती होगीए इसका अहसास कर पाना बेहद मुश्किल है। कुछ ऐसी घटना सोमवार को कानपुर देहात में डेरापुर थाना क्षेत्र के गांव में हुई। यहां रात भर दुल्हन मेहंदी सजाए बैठे रही लेकिन बारात दरवाजे पर नहीं आई। इसके बाद उसने ऐसा कदम उठायाए जिससे परिवार और रिश्तेदार भी सन्न रह गए।

कानपुर देहात में डेरापुर थाना क्षेत्र के गांव में रहने वाली युवती का विवाह अकबरपुर कोतवाली के बनारअली पुर निवासी युवक से तय हुआ था। 29 नवंबर को उसे बारात लेकर दुल्हन के घर पहुंचना था। रविवार सुबह से ही गांव में वधू पक्ष के घर में बारात के स्वागत की तैयारियां चल रही थीं। शाम को पंडाल में रिश्तेदार और मेहमान आ चुके थे। महिलाएं मंगलगीत गा रहीं थी और हाथों में मेहंदी सजाए दुल्हन से सहेलियां ठिठोली कर रही थीं। शाम होने को थी लेकिन बारात नहीं आई तो पिता के माथे पर चिंता की लकीरें खिंचने लगी थी। परिवार के लोग लड़के वालों को फोन करने का प्रयास कर रहे थे लेकिन किसी से बात नहीं हो पा रही थी।

देर रात कुछ जनाती खाना खाकर लौटने लगे लेकिन बारात नहीं आई। गाना.बजाना भी बंद हो गया और रिश्तेदारों में चर्चाएं शुरू हो गईं। रात 12 बजे तक दुल्हन मेहंदी लगाए बारात आने इंतजार करती रही। पुलिस के मुताबिक देर रात बारात न आने की जानकारी मिली तो दुल्हन ने क्षुब्ध होकर जहरीला पदार्थ निगल लिया। हालत बिगड़ने पर स्वजन को जानकारी हुई तो उसे सीएचसी में भर्ती कराया। सूचना मिलते ही डेरापुर थाना प्रभारी पंजाब सिंहए बिहार घाट चौकी इंचार्ज दिग्विजय सिंहए कांधी चौकी इंचार्ज जीतमलए पीआरवी मौके पर पहुंच गए।

# डीएम ने दी धान खरीद केन्द्र के अधिकारियों को प्रतिकूल प्रविष्टि

संवाददाता। चित्रकूट


धान खरीद केन्द्र का निरीक्षण करते डीएम।

**जिलाधिकारी** शेषमणि पाण्डेय ने पीसीएफ से संचालित धान खरीद केन्द्र मंडी परिसर कर्वी व शिवरामपुर तथा विपणन विभाग से संचालित धानक्रय केन्द्र मंडी परिसर का औचक निरीक्षण किया। सोमवार को जिलाधिकारी को धानक्रय केन्द्र पीसीएफ कर्वी के केन्द्र प्रभारी बाबूराम ने बताया कि अभी तक 259 कुंतल धान खरीदा गया है। जिलाधिकारी ने धान क्रय केन्द्र व उर्वरक बिक्री रजिस्टर अपडेट न मिलने पर डिप्टी आरएमओ तथा पीसीएफ के अधिकारियों को निर्देश दिये कि तत्काल रजिस्टर ठीक करायें। अन्यथा इनके खिलाफकार्यवाही की जाये। विपणन केन्द्र मंडी परिसर के निरीक्षण में केन्द्र प्रभारी इशरार अहमद ने बताया कि अभी तक 37 सौ कुंतल धान 66 किसानों से खरीदा गया है। 62 किसानों का भुगतान हो गया है। शिवरामपुर पीसीएफ केन्द्र के केन्द्र प्रभारी साकेत श्रीवास्तव ने बताया कि अभी तक 402 कुंतल धान खरीदा गया है। बोरा की समस्या की वजह से अधिक धान खरीद नहीं हो पाई।

जिलाधिकारी ने नाराजगी जताते हुए डिप्टी आरएमओ, सहायक निबंधक, सहकारी समितियां व पीसीएफ के अधिकारियों को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश देते हुए कहा कि उनके बार–बार कहने के बाद भी धानक्रय केन्द्रों पर व्यवस्थायें दुरुस्त नहीं की गई हैं। निरीक्षण में तहसीलदार संजय श्रीवास्तव, बीडीओ राजेश नायक, डिप्टी आरएमओ संजय श्रीवास्तव, सहायक निबंधक नरेन्द्र सिंह, पीसीएफ के निर्मल कुमार आदि मौजूद रहे।

## सीएचसी के बगल में चल रहा अवैध क्लीनिक

**चित्रकूट।** जिला कचेहरी के अधिवक्ता केके मिश्रा ने जिलाधिकारी को सौंपे पत्र में कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहाड़ी के बगल में अवैध ढंग से सेवानिवृत्त वार्ड बॉय शिवनारायण गुप्ता व बृजमोहनलाल गुप्ता क्लीनिक चला रहे हैं। शिकायत उर्मिला गुप्ता पत्नी जुगल किशोर गुप्ता ने 14 अगस्त को मुख्य सीएमओ से की थी। सीएमओ ने नोडल अधिकारी को जांच सौंपी थी। नोडल अधिकारी व पंकज गोयल ने क्लीनिक में छापा माराकर कई मरीज के बयान दर्जकर मौके से दवा व इंजेक्शन आदि बरामद किया था। बृजमोहन गुप्ता ने क्लीनिक बंद कर दिया था। शिकायतकर्ता उर्मिला गुप्ता ने अपने ससुर शिव नारायण गुप्ता से मिलकर पुनः अवैध क्लीनिक चला रही है। अक्टूबर माह में छापामारी कर मौके से दवाएं व मरीज पाए गए। क्लीनिक संचालनकर्ता ने कहा कि दस हजार रुपये एसीएमओ अग्रवाल साहब को देते रहे हैं। अब पंकज गोयल को हर माह पांच हजार रुपये देते हैं। चाहे जितनी बार छापा मारा जाए क्लीनिक चलता रहेगा।

# दो सौ लीटर अवैध शराब समेत दो धरे गये

संवाददाता। चित्रकूट


पुलिस गिरफ्त में अवैध शराब कारोबारी।

**पुलिस** अधीक्षक अंकित मित्तल के निर्देश पर पहाड़ी थानाध्यक्ष श्रवण कुमार सिंह की टीम ने पयश्वनी नदी पुल पर बरेठी से पिकअप नम्बर यूपी 96टी– 1438 में लदी दो सौ लीटर अवैध शराब बरामद कर दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

सोमवार को पहाड़ी थाने के दरोगा संदीप कुमार पटेल की टीम ने बरेठी से पिकअप में दो सौ लीटर अवैध शराब बरामद कर ओम नारायण निषाद पुत्र राजबहादुर निषाद निवासी पाण्डेय पुरवा थाना राजापुर व देवनारायण गुप्ता पुत्र दीनी प्रसाद निवासी औदहा थाना पहाड़ी को गिरफ्तार किया है। टीम में दरोगा संदीप पटेल के साथ दरोगा प्रवीण कुमार, सिपाही विनोद कुमार व निशान्त शामिल रहे। इसी क्रम में राजापुर थाना पुलिस ने वांछित छोटे, बबलू व शिवमूरत पुत्रगण राजाराम, हरिकेश पुत्र बबलू निवासी कारखाना को दबोचकर जेल भेजा है। भरतकूप थानाध्यक्ष संजय उपाध्याय ने डम्फर यूपी 96टी–1954 में ओवरलोड़ गिट्टी लादने पर सीज कर दिया है।

## क्विक न्यूज

### अनुयायियों ने गुरुद्वारे पहुंच टेका मत्था

**राठ (हमीरपुर)।** कार्तिक माह की गुरू पूर्णिमा को गुरूनानक का 551वां प्रकाश पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। गुरूद्वारे में गुरू ग्रंथ साहब का पाठ और भजन कीर्तन के साथ श्रद्धालुओं तथा विभिन्न धर्मो के अनुयायियों ने गुरूद्वारे पहुंच माथा टेका। लोगों ने लंगर छका। श्री गुरू सिंह सभा गुरूद्वारे कमिटि द्वारा बुधौलियाना स्थित गुरूद्वारे में गुरूनानक देव का 551वां जन्मोत्सव मनाया गया। सिक्ख समुदाय के अलावा नगर के गणमान्य नागरिकों ने गुरूग्रंथ साहब का पाठ कर अरदास की। दो दिन से चल रहे गुरू ग्रंथ साहब के अखंड पाठ का भी समापन हुआ। सिख समुदाय के लोगों ने गुरूनानक के जीवन आदेशों पर प्रकाश डालते हुए उनके बताये मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। अउअल अल्हा नूर उपाया, कुदरत सब बंदे, एक नूर से सब जग उपजाया कौन भले कौन बंदे, गुरूवाणी का पाठ किया। सुबह गुरूद्वारे में 26 भक्तों की पाठिया प्रार्थना की गई। सिक्ख समुदाय के अलावा बड़ी तादाद में हिंदु और मुसलमानों ने गुरूद्वारे पहुंच शिरकत की।

### शव की हुई शिनाख्त

**राठ (हमीरपुर)।** बीती रात्रि राठ-पनवाड़ी मार्ग पर सड़क किनारे एक अधेड़ का शव मिलने से कस्बे में सनसनी फैल गई थी। आज अधेड़ के शव की शिनाख्त हो गई है। रविवार की रात राठ-पनवाड़ी मार्ग स्थित सैदपुर गांव के पास सड़क किनारे एक अधेड़ का शव पड़ा होने से लोगों में हड़कंप मच गया। पुलिस ने शव को सीएचसी के शव गृह में रखा दिया। आज अधेड़ के शव की पहचान श्यामबिहारी (42) पुत्र नारायण सिंह निवासी मझगवां थाना क्षेत्र के सरगांव के रूप में हुई। मृतक के पिता ने बताया कि उसका पुत्र रविवार की सुबह करीब 10 बजे घर से राठ के लिये निकला था। रात्रि में उसके पुत्र का शव सैदरपुर गांव के पास सड़क किनारे पड़ा मिला था। उसके पुत्र के पास करीब 10 बीघा जमीन थी। खेती कर वह अपने परिवार का भरण पोषण करता था।

### सपा नेता ने लाइसेंसी बंदूक से गोली मारकर आत्म हत्या की

**हमीरपुर।** आज देर शाम हमीरपुर शहर में सपा नेता ने अपनी लाइसेंसी रायफल से गोली मारकर हत्या कर ली। सुसाइड का कारण अज्ञात बताया जाता है। पुलिस के मुताबिक हमीरपुर कोतवाली शहर के यमुना घाट मोहाल निवासी संजय विश्वकर्मा(45) जो वर्तमान में सपा के युवजन सभा के जिलाध्यक्ष थे। देरशाम अपने आवास में कमरे बंद कर अपनी ही लाइसेंसी रायफल से गोली मार ली जिससे मौके पर ही मृत्यु हो गयी करीब एक दशक से संजय सपा से जुडे थे आत्म हत्या की जानकारीहोते ही पार्टी के सभी नेता उनके आवासा में जाकर परिवारीजनों को ढाढस बंधाया। जानकारी होने पर पुलिस मौके पर पहुची शव को अपने कब्जे मे करलाश को पोस्टमार्म के लिये भेज दिया है। पुलिस आत्म हत्या करनेकी जांच पड़ताला कर रही है।

### पिकअप की टक्कर से महिला की मौत

**चित्रकूट।** रैपुरा थाना क्षेत्र के मैकी रोड़ से इंटवा सम्पर्क मार्ग पर तेज गति से आ रहे पिकअप वाहन में बाइक सवार महिला को कुचल दिया। इससे महिला की मौके पर मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है। ये हादसा सोमवार को सवेरे दस बजे हुआ। बताया गया कि रैपुरा थाना के इंटवा गांव के मजरा हथराजीपुरवा की ननकाई (40) पत्नी मुन्ना पाल अपनी बहन के पुत्र के साथ शादी की खरीद्दारी करके लौट रही थी। इटवां की ओर से आ रहे पिकअप वाहन में बाइक सवार को ठोकर मार दी। इससे महिला की मौके पर मृत्यु हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पिकअप वाहन इटवां के महुलियापुरवा का है। महिला के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है। मृतका के बेटे की आज बारात जानी थी।

### मानिकपुर ब्लाक बना भ्रष्टाचार का गढ़

**मानिकपुर/चित्रकूट।** मानिकपुर ब्लाक भ्रष्टाचार का गढ बन गया है। भ्रष्टाचार के खेल में अक्सर जुटे हैं। खण्ड विकास अधिकारी सुनील कुमार के आते ही मानिकपुर ब्लाक में भ्रष्टाचार हावी हो गया है। क्षेत्र पंचायत से होने वाले कार्यो की विज्ञप्ति स्थानीय पत्रों में निकलवाई जाती है। आफिस कापी मंगवाकर खानापूरी करके चहेतों को काम दिया जाता है। सामग्री सप्लाई के नाम पर किसी एक फर्म को ठेका दे दिया जाता है। राज्यवित्त व 14वें वित्त की धनराशि जमकर खेल किया जा रहा है। मानिकपुर ब्लाक के क्षेत्र पंचायत में राज्यवित्त व 14वें वित्त से कराये कार्यो की जांच की जाये तो कई जगह बिना काम के धनराशि निकाली जाती है।

### किसानों का जत्था दिल्ली रवाना

**चित्रकूट।** भाकियू का एक दल दिल्ली आन्दोलन में हिस्सा लेने को निजी वाहन से जिला संगठन मंत्री विजय सिंह की अगुवाई में रवाना हुआ। सोमवार को भाकियू के जिला संगठन मंत्री विजय सिंह की अगुवाई में दिल्ली आन्दोलन को सफल बनाने को भगवान कामतानाथ के चरणों की मिट्टी को लेकर दिल्ली रवाना हुए। उनकी अगुवाई में किसान आन्दोलन को धार देने को किसानों का जत्था दिल्ली गया है। इसी क्रम में मंगलवार को किसानों के दो दल तहसील अध्यक्षों की अगुवाई में दिल्ली को रवाना होंगे। ये जानकारी जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र सिंह ने दी।

### कार्यकर्ता मेहनत और लगन से दिलाएं एमएलसी प्रत्याशी को सफलताः अजय कुमार

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** सभी कांग्रेस जन कड़ी मेहनत व लगन से कार्य कर स्नातक मतदाताओं को पार्टी की नीतियां व उपलब्धियां गिनाकर जागरूक कर कांग्रेस प्रत्याशी राजेश द्विवेदी को जिताने में अपनी भूमिका का निर्वहन करें। यह बात एक्सप्रेस वे हाईवे तालग्राम कट पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू नें कही। कहा कि कांग्रेस पार्टी ने सभी वर्गो के लोगों के हितों का ध्यान रखा है कभी भी झूठ की राजनीति नही की है। कहा कि सभी पदाधिकारी स्नातक मतदाताओं से संपर्क कर कांग्रेस के पक्ष में मतदान के लिये जीजान से जुटें।

### भाकियू लोकशक्ति किसानों के हितों के लिये संघर्षरतः हासिम

**गुरसहायगंज (कन्नौज)** भाकियू लोकशक्ति के स्थापना दिवस पर पदाधिकारियों व् कार्यकर्ताओं ने केक काटकर व एक दूसरे को मिष्ठान खिलाकर मनाया। इस दौरान जिलाध्यक्ष हासिम अली नें कहा कि हमारा संगठन किसानों के हितों के लिये संघर्षरत है। रविवार को भाकियू लोकशक्ति के नगर कार्यालय पर जिलाध्यक्ष हासिम अली के नेतृत्व में पदाधिकारियों नें केक काटकर स्थापना दिवस मनाया। किसानों की लड़ाई लड़ने वाला हमारा संगठन इसलिये मजबूत है कि भाकियू लोकशक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष मास्टर श्योराज सिंह हर समय किसानों के लिए चिंतित रहते हैं और कदम से कदम मिलाकर किसानों के समस्याओं की आबाज को बुलन्द करते है।

### किसानों का जगह-जगह प्रदर्शन

**चित्रकूट।** पूरे देश में किसानों की समस्याओं को लेकर जगह-जगह धरना प्रदर्शन और किसानों की समस्याओं से सरकार से अपनी मांगें रखने को किसानों का एक बड़ा गुट दिल्ली सरकार की ओर बढ़ रहा है। प्रदेश के किसानों को रोकने को दिल्ली सरकार हर सम्भव प्रयास कर रही है। जिले में भी किसानों पर लाठीचार्ज, पानी की बौछार देखकर किसानों के एक गुट ने राष्ट्रीय राजमार्ग में एक घंटे तक चक्का जामकर नरेन्द्र मोदी व योगी सरकार मुर्दाबाद के नारे लगाते रहे। पुलिस मूकदर्शक बनी मुर्दाबाद के नारों को सुनती रही। सोमवार को किसानों के प्रदर्शन दौरान सदर कोतवाली पुलिस से किसानों की हाथापाई हुई।

# कृषि प्रक्षेत्र में लहसुन की बोआई दो माह बिलंब से की

## केवीके की कार्यप्रणाली पर लग रहा प्रश्नचिन्ह

**हमीरपुर।** दूसरे को तकनीकि जानकारी देने वाला कृषि विज्ञान केंद्र कुरारा के बैज्ञानिकों ने लहसुन की बोआई प्रक्षेत्र में दो माह विलंब से की है जो चर्चा का विषय बना हुआ है। इसी प्रकार प्रक्षेत्र में अदरख वैज्ञानिकों ने बलुई मिट्टी में न बोकर काली मिट्टी में बोकर महज खानापूरी कर ली है। किसानों को तकनीकि जानकारी देने वाला केवीके कुरारा जब स्वयं इतनी बड़ी भूल कर जाये तो मामला चर्चा का विषय बन जाता है, उच्चाधिकारियों को गुमराह कर वहा के बैज्ञानिक भले ही अपनी पीठ थपथपा ले रहे हो जब कि हकीकत यह है कि प्रक्षेत्र कुरारा में जो भी फसल बोयी जाती है उसमें न तो मिट्टी न ही नही कोई समय का ध्यान दिया जाता है। लहसुन बोने का समय अंतिम तिथि पांच अक्टूबर तक है जब कि केवीके के वैज्ञानिक ढाई बीघे में फसल कल तक बोयी है, इसी प्रकार प्रक्षेत्र में करीब पांच बीघे में अदरख की बोआई की गयी है जो भारी मिट्टी यानी काली मिट्टी में बोयी जाती है तभी उसकी पैदावार होती है और बीज के लिये उपयोगी सावित होती है। मगर बैज्ञानिको ने अदरख को काली मिट्टी में बोकर न केवले सरकारी बजट का दुरुपयोग किया है बल्कि अपनी कार्यप्रणाली में प्रश्नचिंह लगा लिया है वही किसानों का कहना है कि दूसरो को सीख देने वाला केवीके से किसानो का धीरे धीरे विश्वास उठता जा रहा है। वही यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। भाकियू के जिलाध्यक्ष निरंजन सिंह राजपूत का कहना है कि इस मामले में को राज्य व जिला स्तरीय पंचायत में किसानों के सामने उठाया जायेगा।

## हमीरपुर का दूर संचार विभाग

# बिजली आपूर्ति बंद होते ही गांवों के साठ फीसदी मोबाइल हो जाते है बंद

## ● विजली विभाग की हिटलरी से दूर संचार के टीडीएम है बेहद त्रस्त, बिल जमा होने के बाद भी काट दिये जाते हैं बीटीएस के कनेक्शन

**हमीरपुर।** बेहद बुरे दिनों से गुजर रहा हमीरपुर व महोवा का बीएसएनएल (दूरसंचार) का साठ फीसदी नेटवर्क बिजली आपूर्ति पर निर्भर है, बीटीएस में वैटरी व जनरेटर की व्यवस्था न होने पर विजली आपूर्ति ठप होते ही खासकर ग्रामीण क्षेत्र का नेटवर्क काम करना बंद कर देता है। यही नही विजली विभाग की हिटलरी से दूरसंचार विभाग के उच्चाधिकारी बेहद त्रस्त है। हमीरपुर व महोवा जिले का डिवीजनल आफिस हमीरपुर शहर में ही स्थित है। हमीरपुर में 130 व महोवा में 79 बीटीएस स्थापित है जिसमे सत्तर फीसदी बीटीएस में बैटरी नही है ग्रामीण क्षेत्रों में जैसे ही विजली का आपूर्ति ठप होती है वैसे ही राठ, गोहांड सरीला के गांवों में नेट वर्क काम करना बंद कर देता है। बीटीएस में विजली का बिल न जमा करने से विना सूचना दिये की विजली विभाग कनेक्शन काट देता है।

बीएसएनएल के जिला प्रबंधक वाईके सिंह का कहना है कि दूर संचार विभाग भी भारत सरकार के एक प्रतिष्ठान है मगर विजली विभाग में यदि बिल जमाकरने में जरा सा भी विलंब होता है तो उसका कनेक्शन काट दिया जाता है जिससे हजारो लोगों को नेट वर्क के लिये परेशान होना पड़ता है। टीडीएम का कहना है कि कई मर्तवा तो विजली का भुगतान करने के बाद भी कनेक्शन नही जोड़ा जाता है, इसके लिये दूर संचार विभाग के एसडीओ को विभाग के चक्कर लगाना पड़ता है इससे लोगों को दूर संचार विभाग से न केवल विश्वास उठ रहा है बल्कि सरकारी विभाग का काम भी पूरी तरह बाधित रहता है। क्योकि सरकारी मोहकमों में ज्यादातर लोग अभी भी नेट, फैक्स, व कम्प्यूटर संचालित करते है यदि विजली विभाग अपनी हरकतों से बाज आ जाये तो दूर संचार विभाग में काफी सुधार आ सकता है। टीडीएम श्री सिंह का कहना है कि विजली विभाग की मनमानी जग जाहिर है वहा के अधिकारी सहयोग करना तो दूर कोई सुनवायी नही करता है। यदि सरकार से कभी डीजल आ जाता है तो उसे मुख्यालय हमीरपुर, महोवा राठ चरखारी, पनवाडी ब्लाकों में बीटीएस में डाल दिया जाता है जिससे अव्यवस्था नही हो पाती है। इधर, दूर संचार की उपेक्षा के चलते दफ्तर में अंधेरा ही अंधेरा रहता है। भूत बंगला की तरह हो चुका जिले का दूर संचार मे पिछले साल 16 लोग बीआरएस ले चुके है जिससे वहा पर ज्यादातर सीटे खाली पड़ी है ताला बंद रहता है। यही नही शासन के आदेश है कि ग्रामीण क्षेत्र में कम से कम अठारह घंटे विजली की आपूर्ति की जाये मगर क्षेत्र में दस घंटे विजली की आपूर्ति नही हो रही है। जिससे स्थितिया दिनोदिन खराब होती जा रही है।

### बीएसएनएल अभी चला रहा है थ्री जी नेट वर्क

**हमीरपुर।** दूर संचार विभाग अभी भी पूरी तरह थ्री जी नेट वर्क पर निर्भर है जब कि प्रायवेट कंपनियां कई साल पहले फोर जी नेट संचालित कर रही है दूर संचार अपनी इज्जत बचाने के लिये फोर जी शहर व कुछ कस्वाई क्षेत्रों में अपटेड किया है। टीडीएम वाईके सिंह का कहना है कि यदि केंद्र सरकार कुछ सहयोग करदे तो उपभोक्ताओं का मन फिर से बीएसएनएल की ओर आ सकता है।

## आजादी के लिए शस्त्र खरीदने के लिए सेठों के यहां डाका डालते थे गेंदालाल दीक्षितः प्राचार्य

**हमीरपुर।** किशनू बाबू शिवहरे सिसोलर महाविद्यालय मे विमर्श विविधा के के अन्तर्गत जिनका देश ऋणी कार्यक्रम के तहत क्रान्तिकारियों की प्रेरणा के प्रतीक पं गेन्दालाल दीक्षित की जयन्ती आज श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुये कालेज के प्राचार्य डा भवानीदीन ने कहा कि दीक्षित जी वास्तव मे आजादी के संघर्ष के एक ऐसे पुरोधा थे जो आजन्म देश प्रेमी रहे। दीक्षित का जन्म 30 नवम्बर 1888 को आगरा के बाह क्षेत्र के मई गाव मे हुआ था,पिता का नाम पं भोलानाथ दीक्षित था, ये प्रारंभ से ही देशप्रेमी रहे, साहसी रहे, आगरा से मैट्रिक की परीक्षा पास कर औरैया के डीएवी कालेज मे शिक्षक हो गये, बंगाल विभाजन के बाद गोरों के विरोधी हो गये। मैनपुरी को कर्मक्षेत्र बनाकर युवाओं के लिए मातृवेदी संस्था बनायी,युवाओं को देशप्रेमी बनाया, रामप्रसाद विस्मिल, अशफाक उल्ला जैसे सरफरोश इन्हीं के शिष्य थे,ये मैनपुरी षडयंत्र के सूत्रधार थे,ये आजादी के लिये शस्त्र खरीदने के लिए सेठो के यहां डकैती डालते थे, दीक्षित ने देश की आजादी के लिये बहुत काम किया, कालांतर मे इनका दिल्ली एक गुमनाम के रूप मे 20 दिसम्बर 1920 को निधनं हो गया, कार्यक्रम मे डा श्याम नरायन, आरती गुप्ता, नेहा यादव, अखिलेश सोनी, प्रदीप यादव, राकेश यादव, प्रशान्त, प्रत्यूष, गनेश आदि शामिल रहे, सन्चालन डा रमाकांत पाल ने किया।

# यातायात माह समापन पर हुई गोष्ठियां


यातायात माह के समापन पर गोष्ठी करते पुलिस अधिकारीगण

**चित्रकूट।** यातायात माह समापन पर पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल के निर्देश पर यातायात पुलिस ने विभिन्न थानों में कार्यक्रम कर लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। सोमवार को पुरानी कोतवाली परिसर में सीओ राजापुर रामप्रकाश की अध्यक्षता में टैम्पो, बस, ई–रिक्शा चालक व व्यापार मंडल के संभ्रान्त लोगों के साथ हुई गोष्ठी में सीओ रामप्रकाश ने कहा कि यातायात नियमों के प्रति सभी को जागरूक होना चाहिए। चारपहिया वाहन चलाते समय सीटबेल्ट अवश्य लगायें। मोटरसाइकिल चलाते समय हेलमेट लगायें। शराब पीकर वाहन न चलायें। बिना लाइसेंस के वाहन न चलायें। मऊ तहसील में सीओ सुबोध गौतम की अध्यक्षता में मऊ थानाध्यक्ष सुभाषचन्द्र चौरसिया ने नियमों के प्रति लोगों को जागरूक किया। इस मौके पर व्यापार मंडल के पंकज अग्रवाल, यातायात प्रभारी घनश्याम पाण्डेय आदि मौजूद रहे। पम्पलेट का वितरण कर यातायात नियमों की जानकारी दी गई। थाना बहिलपुरवा में दरोगा शेषनाथ यादव ने भैरमबाबा मडैयन मेले में वाहन चालकों को नियमों के प्रति जागरूक किया।

# घटिया सामग्री प्रयोग कर शौचालयों में की जा रही है खानापूरी

संवाददाता। कुरारा (हमीरपुर)


घटिया सामग्री से ध्वस्त हुये शौचालय

**कुरारा ब्लाक** के ग्रामीण क्षेत्र में निर्माणाधीन सामुदायिक शौचालयों के निर्माण में व्यापक गड़बड़ी की जा रही है। वही निर्माण में घटिया किस्म की ईंट का प्रयोग किया जा रहा है। क्षेत्र के झलोखर, कुसमरा, सिकरोड़ी, भौली, जमरेही ऊपर, भटपुरा आदि ग्राम पंचायत में सामुदायिक शौचालयों का निर्माण कार्य ग्रामपंचायत द्वारा कराया जा रहा है। इनके निर्माण में घटिया किस्म की ईंट का प्रयोग किया जा रहा है। तथा बालू व सीमेंट का मिश्रण भी मानक के अनुसार नही प्रयोग किया जा रहा है। वही ग्रामीणों ने बताया कि इनका निर्माण ठेकेदार द्वारा कराया जा रहा है। जब कि शासन से प्रत्येक ग्राम पंचायत में दो शौचालयों का निर्माण कार्य होना है। लेकिन मनमानी के चलते धन का बंदर बाट किया जा रहा है। ग्रामीणों ने इस निर्माण कार्य की जांच कराए जाने की मांग की है। गांव वालों का कहना है कि इस मामले की शिकायत कई मर्तवा की जा चुकी है मगर कोई कार्यवाही नही हुयी है जिससे लोग निराश हो चुके है वही डीपीआरओ राजेंद्र प्रकाश का कहना है कि जो शिकायत आयेगी उसकी जांच करायी जायेगी।

# भाजपा ने बिल के माध्यम से किसानों को सीघा सिस्टम से जोड़ाः आदेश गुप्ता


प्रेस वार्ता के दौरान बोलते दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष व स्वागत करते भाजपाई।

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** भाजपा सरकार ने किसानों को किसान बिल के माध्यम से सीधे सिस्टम से जोड़ा है। जिससे विपक्षी पार्टियों के नेताओं की दुकाने बंद हो गई है। उनके पास अब कोई काम नहीं रह गया है। भोले वाले किसानों को गुमराह कर किसान बिल को किसान विरोधी बताकर गुमराह कर रहे हैं। दिल्ली बॉर्डर पर किसानों का आंदोलन विपक्षियों की प्राइवेट रणनीति के तहत साजिश है। किसानों की आय बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फसलों की एमएसपी की दरें जितनी अधिक बढ़ाई है। कांग्रेस की सरकार कभी सोच भी नहीं सकती थी।

यह बात सोमवार को दिल्ली प्रदेश के भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने प्रेस वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि किसानों को भाजपा सरकार द्वारा सीधे लाभान्वित किया जा रहा है। उन्हें अपनी फसलों के दाम खुद तय करने तथा किसी भी मंडी में बेचने का पूर्ण अधिकार दिया गया है। केंद्र सरकार ने दलाली व बिचौलियों पर पूर्ण रूप से अंकुश लगा दिया है। कहा कि बॉर्डर पर आंदोलन कर रहे किसानों को सरकार संदेश दे चुकी है। कि उनकी सभी मांगे पूरी की जाएगी। साथ ही माननीय गृहमंत्री राजनाथ सिंह ने 03 दिसंबर को किसानों की समस्याएं सुनने और उस पर विचार करने का आश्वासन भी दिया है। कार्यक्रम के आयोजक वैश्य एकता मंच के नगर अध्यक्ष नीलेश गुप्ता ने प्रदेश अध्यक्ष को पगडी पहनाकर व गुलदस्ता भेंट कर जोरदार स्वागत किया।

## स्नातक चुनाव प्रभारी ने कार्यकर्ताओं के साथ किया भ्रमण, मांगे वोट

संवाददाता। गुरसहायगंज (कन्नौज)

**आगरा** खण्ड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार डॉ. असीम यादव को विजयी बनाने के लिए स्नातक चुनाव प्रभारी मोहम्मद अकरम नें सपा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक लेने के उपरान्त नगर भ्रमण कर स्नातक मतदाताओ से बोट मांगे। सोमवार को समाजवादी पार्टी के आगरा खंड के स्नातक प्रत्याशी असीम यादव के समर्थन में स्नातक चुनाव प्रभारी मोहम्मद अकरम ने नगर पंचायत समधन सहित गुरसहायगंज में भ्रमण कर स्नातक मतदाताओ को पार्टी की उपलब्धियां गिनाते हुये समाजवादी पार्टी के एमएलसी प्रत्याशी डॉ0 असीम यादव के पक्ष में बोट मांगे। इस अवसर पर उनके साथ सभासद अतीक अतीक हुसैन, अनुज यादव, असलम भाई, हाफिज फुरकान, सोहन कुमार, जाकिर हुसेन, बदरूल सिददीकी सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# शालीग्राम के साथ तुलसी विवाह कराने से प्राप्त होता है पुण्य


मंदिर में सपत्नी पूजा अर्चना करते वरिष्ठ समाजसेवी व बुलाबा कार्यक्रम करती महिलाएं।

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** नगर के सर्विस रोड स्थित सती माता मंदिर में देव दिवाली का पर्व एवं तुलसी शालिग्राम का विवाह बडे ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। देरशाम तक मंदिर परिसर में महिलाओं द्वारा बुलाबे में जमकर प्रतिभाग किया गया। साथ ही शालीग्राम तुलसी विवाह के बाद भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान वरिष्ठ समाजसेवी नें कहा कि शालीग्राम के साथ तुलसी का विवाह कराने से पुण्य प्राप्त होता है। सोमवार की शाम सर्विस रोड स्थित सती माता मंदिर एवं देवी देवताओं की मूर्तियों को कलाकारों ने रंगीन इलेक्ट्रिक की झालरों से सजाकर भव्य रुप दिया। मंदिर परिसर में वरिष्ठ समाजसेवी अशोक गुप्ता नें अपनी धर्म पत्नी उर्मिला गुप्ता सहित श्रद्धालुओं के साथ देव दिवाली एवं तुलसी शालिग्राम का विवाह कार्यक्रम का पर्व विधि विधान से पूजा अर्चना एंव भोग लगाकर धूमधाम से मनाया। वहीं तुलसी विवाह के दौरान महिलाओं नें मंगल गीत भी गाये। इसके उपरांत भक्तों ने परसाद ग्रहण अपने जीवन को धन्य किया। इस दौरान वरिष्ठ समाजसेवी अशोक गुप्ता ने कहा की भगवान शालिग्राम और तुलसी का विवाह संपन्न करवाने से जीवन में आ रही समस्याओं का अंत हो जाता है।

# बच्चों के दोस्त बनकर उनकी मदद करें नागरिकः सचिन

## ● सुरक्षा बंधन बांधकर बच्चों ने लिया अपनी सुरक्षा का वादा


समापन कार्यक्रम को संबोधित करते सचिव सचिन कुमार दीक्षित।

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार एवं चाइल्डलाइन इंडिया फाउंडेशन के निर्देशन में वारसी सेवा सदन द्वारा संचालित जनपद चाइल्डलाइन कन्नौज के द्वारा 19 से 30 नवंबर 020 तक चाइल्डलाइन से दोस्ती सप्ताह बच्चों के साथ मनाया जा रहा है। समापन कार्यक्रम में इसी क्रम मे सुरक्षा बन्धन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बच्चों ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कन्नौज के सचिव सचिन कुमार दीक्षित चाइल्ड लाइन निर्देशिका मेराज बानो के सुरक्षा बंधन बांधकर अपनी सुरक्षा का वचन लिया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री सचिन कुमार दीक्षित महोदय ने कहा कि बच्चे हमारे देश का भविष्य है चाइल्ड द्वारा दोस्ती वीक मनाकर लोगो को जागरूक किया जा रहा है ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग चाइल्ड लाइन से दोस्ती करके बच्चों दोस्त बनकर उनकी मदद करें अगर आप को कोई बच्चा मुसिबत मे नजर आता हैं तो इसकी सूचना चाइल्ड हेल्प लाइन 1098 पर अवश्य दे। बच्चों को तत्काल मदद किया जाएगा। बताया कि 1098 बच्चों के सेवा मे 24 घंटे तत्पर्य है। आप लोग बेहिचक इसका प्रयोग किसी भी समय कर सकते हैं चाहे दिन हो या रात चाइल्ड लाइन 0 से लेकर 18 साल के नीचे के बच्चों लिए काम करता है। मेराज बानो ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षा पोषण पूरा प्यार सभी बच्चों का यह अधिकार है यह हर बच्चे को मिलना किसी बच्चों ने सुरक्षा बन्धन के इस क्रम में इस कार्यक्रम में जिन बच्चों ने भाग लिया चाइल्डलाइन द्वारा मुस्कान, सुहाना, रुनझुन, बंदना विवेक नैना बाथम ,प्रियंका मिश्रा, हुजैफा, उरूज, तलहा वारसी इस मौके पर चाइल्डलाइन टीम की तरफ से तनवीर अहमद, तौसीफ अहमद, गुलअफ्शा खान पिंकी बाथम प्रीति श्रीवास्तव कंचन उपस्थित रहे इस मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कन्नौज के सचिव श्री सचिन कुमार दीक्षित की तरफ से बच्चों को रिटर्न गिफ्ट के तौर पर चॉकलेट का पैकेट उपलब्ध कराया गया बच्चे उसको पाकर बहुत प्रसन्न हुए।

# कार्तिक पूर्णिमा पर घाटों पर पसरा सन्नाटा



संवाददाता। डलमऊ

**प्रांतीय** ऐतिहासिक कार्तिक पूर्णिमा मेला स्थगित होने के बाद घाटों पर सन्नाटा पसरा रहा, स्नान घाटों तक श्रद्धालुओं को पहुंचने के लिए पुलिस ने कडी चौकशी कर रखी थी। पुलिस प्रशासन ने कस्बे के स्नान घाटों से लेकर विभिन्न मार्गों पर जगह जगह बेरियल लगा रखा था। सोमवार को कार्तिक पूर्णिमा पर स्नान करने के लिए श्रद्धालु गंगा घाट तक पहुंचने के लिए जमकर प्रयास किया लेकिन पुलिस ने उन्हें स्नान घाटों तक पहुंचने से पहले ही रोक लिया। यहां तक की दूरदराज से बैल गाड़ियों में सवार होकर श्रद्धालु भी डलमऊ पहुंचे थे परंतु पुलिस प्रशासन ने उन्हें मुराई बाग चौराहे से ही खदेड़ दिया। पूर्णिमा मेले में कस्बे के 16 स्नान घाटों पर प्रशासन की तरफ से गंगा नदी के अंदर बेरी कटिंग कराई गई थी। अगर कोई भी श्रद्धालु बच बचाकर गंगा नदी में स्नान करें तो वह गहरे जल में ना जा सके। महामंडलेश्वर स्वामी देवेंद्रानंद गिरी ने बताया कि इतिहास में पहली बार डलमऊ का ऐतिहासिक पूर्णिमा मेला कोविड-19 महामारी के चलते स्थगित कर दिया गया है। जिसके चलते लाखों की संख्या में इस पूर्णिमा पर आने वाले श्रद्धालु भक्त इस वर्ष पूर्णिमा मेले में शामिल नहीं हो सके।

### पहली बार स्थगित हुआ ऐतिहासिक मेला

**ऐतिहासिक** कार्तिक पूर्णिमा मेला इतिहास में पहली बार स्थगित हुआ है। डलमऊ गंगा घाट पर कई पीढ़ियों से यह ऐतिहासिक मेला 5 किलोमीटर की परिधि में लगता था। परंतु इस वर्ष कोविड-19 महामारी के चलते मेले को शासन स्तर से स्थगित कर दिया गया है। सिर्फ दीपदान के लिए ही अनुमति दी गई थी। शासन द्वारा मेला स्थगित किए जाने से व्यापारियों से लेकर तीर्थ पुरोहितों को काफी नुकसान हुआ है कार्तिक पूर्णिमा मेले से उन्हें काफी उम्मीदें थी। यह पूर्णिमा तीर्थ पुरोहितों एवं व्यापारियों के लिए बहुत महत्वपूर्ण पूर्णिमा होती है इस पूर्णिमा से तीर्थ पुरोहित और व्यापारी करीब 6 माह तक अपना खर्चा चला लेते थे लेकिन इस वर्ष मेला स्थगित होने पर तीर्थ पुरोहित एवं व्यापारियों का काफी नुकसान हुआ है।

### प्रशासन रहा सतर्क

**लालगंज रायबरेली।** कार्तिक पूर्णिमा को लेकर प्रषासन पूरी तरह से सर्तक रहा। कोविड 19 के मद्देनजर गेंगांसो व रालपुर, षिवपुरी घाटो पर सन्नाटा पसरा रहा। भक्तो ने माता के मंदिर में दर्षन कर आषीर्वाद प्राप्त किया गया। वैष्विक महामारी का असर कर्तिक पूर्णिमा स्नान व मेले में देखने को मिला। देष के इतिहास में पहली बार घाटो पर इस पवित्र त्योहार में भी सन्नाटा पसरा रहा। महामारी के फैलने के डर के चलते प्रशासन ने पहले ही स्नान व मेले पर प्रतिबंध लगाकर लोगो को सूचनायें जारी कर दी थी। जिसका असर आज मौके पर देखने को भी मिला। माता संकटा के दर्शन को गये श्रद्वालुओं ने बताया कि घाटो पर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद रहा। जिसके चलते चोरी छिपे पहुंचे कुछ श्रद्वालु भी बिना स्नान के ही वापस घरो को लौट गये। वही मान्यता वाले श्रद्वालु मंदिर पहुंचे और माता के दर्शन कर अपनी मनौती मांगी। महामारी के चलते सरकार के निर्देश पर सख्त प्रशासन की कार्रवाई से वहां दुकान लगाने वाले दुकानदारो में खासी निराशा देखी गई। दुकादारो का कहना है कि साल में एक बार की कमाई से ही उनका साल भर का बजट चलता है इस बार वह भी ध्वस्त हो गया। कोतवाल अरूण कुमार सिंह ने बताया कि स्नान पूरी तरह से ठप रहा। मंदिर में दर्शन के लिये कुछ श्रद्वालु जरूर पहुंचे जिन्हे सोशल डिस्टेंस व मास्क के साथ दर्शन कराये गये। एसडीएम जीतलाल सैनी ने बताया कि कार्तिक पूर्णिमा त्योहार साशन के निर्देशानुसार शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो गया है। विभिन्न स्थानो में लगने वाले हटियां मेलो का भी आयोजन नही किया जायेगा।

## मतदेय स्थलों पर हुई पोलिंग पार्टियां रवाना

**रायबरेली।** राजकीय इण्टर कालेज के प्रांगढ़ से उत्तर प्रदेश शासन परिषद के 05 खण्ड स्नातक एवं 06 खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के द्विवार्षिक निर्वाचन 2020 को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए 1 दिसम्बर को सुगमतापूर्वक सकुशल निष्पक्ष रूप से सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से निर्वाचन की सभी तैयारियां पूरी है जनपद में 62 मतदेय स्थलों के लिए पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी आदि सहित सभी पार्टियां रवाना की गई। मतदान 1 दिसम्बर को प्रात: 8 बजे से सांय 5 बजे तक निर्धारित सभी मतदेय स्थलों पर समय से प्रारंभ होगा। जिला निर्वाचन अधिकारीध्जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव व पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार के निर्देशानुसार सभी पोलिंग पार्टियां अपने-अपने मतदेय स्थलध्बूथ के लिए रवाना हुई तथा अपने अपने मतदेय स्थल पर पहुंच भी गयी है। जिलाधिकारी निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि लखनऊ खण्ड के स्नातक शिक्षक खण्ड निर्वाचन के लिए चाकचौबंद व्यवस्था की गई है।

# पुलिस लाइन सभागर में कार्यक्रम का आयोजन



संवाददाता। श्रावस्ती

**यातायात** माह नवंबर 2020 के समापन पर पुलिस लाइन के सभागार कक्ष में समापन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यातायात जागरूकता माह के दौरान श्रावस्ती पुलिस द्वारा जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों के कस्बा भीड़.भाड़ वाले वाले स्थानोंए स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर वाहन चालकों आमजन छात्रों को जागरूक किया गया साथ ही साथ विद्यालयों में यातायात पुलिस द्वारा प्रतियोगिता आयोजित कराई गई। प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले 30 छात्र छात्राओं को पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य द्वारा पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही विभिन्न विद्यालयों के 03 प्रधानाचार्यो को भी सम्मानित किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा कार्यक्रम के दौरान उपस्थित छात्र.छात्राओं यातायात नियमों की जानकारी देते हुए जागरूक किया गया साथ ही सदैव नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित किया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर हौसला प्रसाद प्रतिसार निरीक्षक विनोद कुमार सिंह प्रभारी यातायात उपनिरीक्षक राजीव कुमार मिश्रा विभिन्न विद्यालयों के अध्यापकगण सहित अन्य अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## पुलिस ने गरीबों को बांटे कंबल

**श्रावस्ती।** जमुनहा. मल्हीपुर थाना क्षेत्र के जमुनहा पुलिस चौकी परिसर में पुलिस उपनिरीक्षक व चौकी प्रभारी अखिलेश यादव व सदभावना समाचार के ब्यूरो चीफ मकबूल अहमद ने बढ़ते ठंड से बचाव के लिए जरूरतमंदों को चिन्हित करके कम्बल वितरित किया गया। शनिवार को सदभावना समाचार के ब्यूरो चीफ मकबूल अहमद की सराहनीय पहल से आयोजित कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन करते हुए पुलिस उपनिरीक्षक अखिलेश यादव ने जरूरतमंदों को मास्क व मिष्ठान पैकेट के साथ.साथ कंबल बांटे गए। पत्रकार मकबूल अहमद की इस पहल को वहाँ मौजूद लोगों ने सराहना की सराहनीय कदम बताया। इस कम्बल वितरण कार्यक्रम के दौरान कस्बे के आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के 70 चिन्हित महिला पुरुष बुजुर्ग व असहाय जरूरतमंदों को पुलिस उपनिरीक्षक द्वारा कंबल वितरित किये गए।

# प्रज्ञानंद की तीसरी पुण्यतिथि मनाई

संवाददाता। श्रावस्ती



**जेतवन** इंटर कालेज श्रावस्ती के संस्थापक एवं डॉ भीमराव अम्बेडकर को बौद्ध धर्म की दीक्षा देने वाले बौद्ध भिक्षु गलगेदर प्रज्ञानन्द के तीसरे परिनिर्वाण दिवस पर जेतवन इंटर कालेज में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय प्रबन्ध समिति के पदाधिकारियों एवं शिक्षकों समेत अन्य स्टाफ ने बौद्ध भिक्षु स्व0 प्रज्ञानन्द के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस श्रद्धांजलि सभा के मौके पर श्रावस्ती के विभिन्न बुद्ध विहारों के बौद्ध भिक्षु मौजूद रहे जिनके द्वारा सूत्रपाठ किया गया। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य पवन कुमार सिंह बौद्ध ने भदंत प्रज्ञानन्द के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रज्ञानन्द एक बौद्ध भिक्षु हीं नहीं थे अपितु वह एक समाजसेवी एवं शिक्षा पुरुष भी थे। जिन्होंने दुनिया के कई देशों का भ्रमण कर बौद्ध धर्म का प्रचार प्रसार किया। वहीं दूसरी तरफ शिक्षा के क्षेत्र में सबसे पिछड़े जनपदों में सुमार श्रावस्ती में सत्तर के दशक में एक कालेज की स्थापना कर शिक्षा को बढ़ावा दिया। इतना हीं नहीं प्रज्ञानन्द की प्रेरणा से हीं आसपास के और कई विद्यालयों की स्थापना हुई है। जिसकी वजह से हीं शिक्षा के क्षेत्र में सबसे पिछड़े क्षेत्र में उन्हे शिक्षा पुरुष के नाम से जाना जाता है। बौद्ध भिक्षु प्रज्ञानन्द अपने श्रावस्ती प्रवास के दौरान लगातर गरीबों के बीच में जाकर उनके दुख दर्द में शामिल होते रहते थे। जिसकी वजह से वह स्थानीय लोगों में लोकप्रिय रहे हैं। बौद्ध भिक्षु के लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उनके मृत्यु के बाद राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव मायावती समेत कई राज्यों के मंत्री व मुख्यमंत्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री तथा केन्द्रीय मंत्री उनके अन्तिम दर्शन के लिए पहुंचे थे। वहीं बौद्ध भिक्षु प्रज्ञानन्द के अन्तिम संस्कार में भी कई देशों के राष्ट्रध्यक्षों के प्रतिनिधि एवं देश.विदेश के मंत्रीगण श्रावस्ती में मौजूद रहे थे।

## दंपति की मौत

**सुलतानपुर।** सोमवार की सुबह लखनऊ-सुल्तानपुर मार्ग पर खड़ी डीसीएम में एक कार पीछे से घुस गई। कार के परखच्चे उड़ गए। कार सवार दम्पति की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। कार में सवार दम्पति के पुत्र समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हैं जिन्हें ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर किया गया। कानपुर शहर निवासी इंद्रजीत शुक्ला (55) अपनी पत्नी, बेटे शिवम व एक अन्य रिश्तेदार की लड़की खुशी को लेकर किसी समारोह में शामिल होने के लिए अपने मूल निवास ग्राम सुलियाना जा रहे थे। कोतवाली हैदरगढ़ के खरसतिया गांव के समीप सुबह छह बजे कार सड़क के किनारे खड़ी एक डीसीएम में पीछे से जाकर घुस गई। दुर्घटना में कार के परखच्चे उड़ गए। इसमें कार चला रहे इंद्रजीत शुक्ला व ड्राइविंग सीट के पीछे बैठी उनकी पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई। कार पर सवार इन्द्रजीत के पुत्र शिवम व एक अन्य रिश्तेदार खुशी घायल हो गई।

# कांति सिंह के समर्थकों ने लोगों से मुलाकात कर की जिताने की अपील

संवाददाता। शिवगढ़ (रायबरेली)



**लखनऊ** खण्ड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से मौजूदा स्नातक एमएलसी एवं एमएलसी प्रत्याशी कांति सिंह के समर्थकों कांति सिंह के चुनाव प्रचार में जी तोड़ से मेहनत करते हुए दर्जनों गांव का भ्रमण कर मतदाताओं से सहयोग मांगते हुए कांति सिंह को जिताने की अपील की। जनसंपर्क के दौरान कांति सिंह के समर्थक वित्तविहीन शिक्षक अखिलेश कुमार वर्मा, अखिलेश सिंह पटेल, शैलेंद्र वर्मा, सत्यदेव वर्मा आदि लोगों ने शिवगढ़ क्षेत्र के दर्जनों गांव का भ्रमण कर मतदाताओं से शिष्टाचार मुलाकात कर कांति सिंह को जिताने की अपील की। मतदाताओं से मुलाकात के दौरान कांति सिंह के समर्थकों ने कहा कि कांति सिंह बिल्कुल ईमानदार,कर्मठ और सरल प्रवृत्ति की हैं जिनसे कभी भी मिला जा सकता है। जिनसे मिलने के लिए ना ही किसी के फोन की जरूरत है और ना ही किसी के परिचय की बगैर किसी कड़ी के बिल्कुल आसानी से उनसे मिलकर अपनी बात कही सकती है। जिन्होंने पिछला चुनाव भारी मतों से जीतने के साथ ही लगातार अपना जनसम्पर्क जारी रखा। जो बतौर स्नातक एमएलसी रहते हुए एक जनसेवक की भांति मतदाताओं एवं शिक्षकों और शिक्षण संस्थानों के संचालकों से शिष्टाचार भेंट करती रही और सभी के लिए संघर्ष करती रही। कांति सिंह पिछला चुनाव जीतने के बाद बगैर किसी भेदभाव के सभी से बराबर सम्पर्क करती रही शिक्षण संस्थानों में आयोजित होने वाले विभिन्न में बराबर भाग लेती रही। कांति सिंह की छवि बेदाग है। जिन्होंने शिक्षित बेरोजगारों, स्नातक मतदाताओं एवं शिक्षकों के लिए सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष किया है, और आगे भी करती रहेंगी।

# कोरोना महामारी के चलते नहीं लगा मेला

संवाददाता। गोंडा

**सैकड़ों** वर्ष पुरानी परम्परा के अंतर्गत करनैलगंज के सरयू तट कटरा घाट, पौराणिक स्थल सकरौरा घाट सहित आधा दर्जन घाटों पर लगने वाला स्नान मेला व नहीं लगा।

कोरोना महामारी के चलते प्रशासन की सख्ती के कारण करनैलगंज के सरयू घाट पर पांच लाख की जगह पर मात्र पांच हजार श्रद्धालुओं ने सरयू में स्नान किया। घाट पर पुलिस प्रशासन की सख्ती के असर रहा कि लोग घाट पर नही पहुंचे। बल्कि कुछ स्थानीय लोगों ने स्नान किया। वहीं सकरौरा घाट पर कार्तिक पूर्णिमा का मेला नहीं लग सका और सैकड़ों वर्ष पुरानी परंपरा टूट गयी। एक समय था जब सकरौरा घाट पर लगने वाले कार्तिक पूर्णिमा के मेले की गिनती जिले के प्रमुख मेलों में होती थी। यहां एक दिन पूर्व ही लोग मेले में शामिल होने के लिए आ जाते थे। लगभग तीन दशक पूर्व सरयू नदी द्वारा सकरौरा घाट छोड़ दिये जाने के कारण यहां स्नान करने के लिए पानी ही नहीं रह गया जिससे कटरा घाट पर सरयू पुल पर मेला लगने लगा। वर्तमान वर्ष में कोरोना महामारी के चलते प्रशासन द्वारा की गयी सख्ती के कारण सकरौरा घाट पर न तो कोई दुकान लगने पायी और न ही प्रशासन द्वारा घाट पर स्थित पोखरे की सफाई ही करायी गयी जिससे यहां पर कोई मेला नहीं लग सका और सैकड़ों वर्षो से चली आ रही परम्परा इस वर्ष टूट गयी। जहां सैकड़ों वर्षो से प्रतिवर्ष कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर भारी मेला लगता था तथा मेले में तिल रखने की भी जगह शेष नहीं बचती थी वहीं सकरौरा घाट सन्नाटे में डूबा रहा।

# करोड़ों की लागत से तैयार किए जाएंगे खेल के मैदान

संवाददाता। सुलतानपुर

**खेल** के क्षेत्र में ग्रामीण प्रतिभाओं को निखारने के लिए 113 मिनी स्टेडियम बनाने योजना को हरी झंडी मिल गई है। इसमें से 22 खेल मैदान के लिए ढाई करोड़ से अधिक का बजट भी प्राप्त हो गया है। जरूरी धनराशि मिलने के बाद अब दस स्थानों पर कार्य भी शुरू हो गया है। स्टेडियम में खेल सुविधाओं के अतिरिक्त पेयजल, छाया व जानवरों आदि से सुरक्षा के बाबत चाहरदीवारी की भी व्यवस्था होगी। सुविधाओं के अभाव में ग्रामीण नौनिहाल अपने शारीरिक शौष्ठव का प्रदर्शन नहीं कर पा रहे थे। यही नहीं जिला, मंडल, प्रदेश यहां तक कि राष्ट्रीय फलक पर अपना हुनर दिखाने के उन्हें मौका नहीं मिल पा रहा था। उनकी कठिनाइयों को दूर करने के लिए शासन के निर्देश पर मनरेगा के तहत न्याय पंचायत स्तर पर 113 खेल मैदान बनाने के स्थान चिन्हित किए गए। प्रोजेक्ट बनाकर शासन को भेजा गया। जिसमें से डेढ़ दर्जन से अधिक स्थानों पर कार्य कराने के लिए आवश्यक धनराशि मिल जाने के बाद जहां काम आरंभ करा दिए गए, वहीं बेरोजगारों को रोजगार का अवसर भी सुलभ हो गया है। विभाग के मुताबिक 13,930 मानवदिवस सृजित किए जाएंगे। तकरीबन 15 हजार श्रमिकों को रोजगार मिलेगा।

### 10-15 लाख रुपये होंगे खर्च

**प्रत्येक** खेल मैदान पर 10 से 15 लाख रुपये तक की धनराशि व्यय की जाएगी। इससे ऊबड़-खाबड़ भूमि के समतलीकरण, मैदान के चारो तरफ बाउंड्रीवाल, रनिग ट्रैक, वॉलीबाल, बैडमिटन व फुटबाल खेलने के लिए पोल, ओपेन जिम आदि का प्रबंधन मनरेगा के जरिए किया जाएगा। लम्भुआ विकास खंड के केशवपुर, बल्दीराय के गोविदपुर व उसकामऊ, पीपी कमैचा के अंधियारी व रामपुर, लम्भुआ के बड़ागांव, दूबेपुर दिखौली व लाखीपुर, धनपतगंज के देहली व महमूदपुर गांव में कार्य प्रारंभ करा देने का दावा विभागीय अधिकारियों ने किया है। इसके अतिरिक्त अखंडनगर के पारा वासूपुर, भदैंया के सौराई, दोस्तपुर में तेंदुआ काजीपुर, जयसिंहपुर के पिडोरा, कादीपुर में कुंभी व कादीपुरखुर्द, करौंदीकला में बहाउद्दीनपुर, कूरेभार के अंगनापुर, कुड़वार के भांटी व मोतिगरपुर में काछा भिटौरा गांव में शीघ्र ही स्टेडियम निर्माण का कार्य प्रारंभ किया जाएगा।

## तीन दिवसीय दौरे पर आज आएंगी सांसद मेनका गांधी

**सुलतानपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद मेनका संजय गांधी मंगलवार को तीन दिवसीय दौरे पर जिले में पहुँच रही है। श्रीमती गांधी मंगलवार को प्रात: दिल्ली से सड़क मार्ग द्वारा निजी वाहन से आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे होते हुए लखनऊ तथा वहां से हैदरगढ़ पहुंचेगी। श्रीमती गांधी हैदरगढ़ स्थित लोक निर्माण विभाग के डाक बंगले में विश्राम करेगी। भाजपा प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी ने जानकारी दी कि श्रीमती गांधी हैदरगढ़ से ग्राम पूरेकाशीराम, थाना मोहनगंज, अमेठी प्रस्थान कर 6:30 बजे पूर्व क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रामचन्द्र मिश्रा के पुत्र के विवाह समारोह में शामिल होगी। सांसद मीडिया प्रभारी विजय सिंह रघुवंशी ने जानकारी दी कि श्रीमती गांधी 8:00 बजे गिरीश नारायण सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष, डायरेक्टर भूमि विकास बैंक के यहाँ शिवशक्ति मैरिज लान, महुअरिया, सुलतानपुर में शादी समारोह में दूधनाथ तिवारी ग्राम गौरा मोतिगरपुर में लड़की की शादी समारोह में शामिल होगी। तत्पश्चात शहर के शास्त्रीनगर स्थित भाजपा नेता संदीप सिंह के आवास पर पहुँचेगी और रात्रि विश्राम करेगी। बुधवार को प्रात: 8:00 बजे शास्त्रीनगर आवास पर जनता दर्शन कार्यक्रम में शामिल होगी। इसके साथ ही अन्य कायक्रमों में प्रतिभाग करेंगी।

# फिर किसी अप्रिय घटना के इंतजार में है बछरावां स्वास्थ्य विभाग

संवाददाता। बछरावां रायबरेली

**मौजूदा** प्रदेश सरकार भले ही स्वास्थ्य विभाग दुरुस्त होने का दुहाई दे रहे है। लेकिन रायबरेली के बछरावां में पिछले दिनों एक महिला की मौत का मामला सामने आया जिसके बाद मृतक महिला के परिजनों ने थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था उसके बाद सीएमओ रायबरेली ने जांच के आदेश भी किए थे के एसीएमओ खालिद रिजवान के हाथों में जांच सौंपी गई थी और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां में तैनात महिला डॉक्टर हुमा कैसर पर भी सरकारी अस्पताल से प्राइवेट हॉस्पिटल में मरीज को ले जाने का आरोप भी लगा था जांच कहां तक पहुंची या जांच पूरी हो चुकी जांच में क्या हुआ क्या नहीं यह तो आने वाला समय बताएगा और महिला की चिता की आग ठंडी भी नहीं हो पाई के अस्पताल का संचालन शुरू हो गया घटना के बाद से कई दिनों बाद तक ताला लटकता मिला क्या रायबरेली स्वास्थ्य विभाग और कुछ मौतों के इंतजार में बैठा है गोविंद हॉस्पिटल में अव्यवस्थाओं का बोलबाला है सुविधाएं उपलब्ध नहीं है तो फिर एक बार फिर से अस्पताल संचालन क्यों किया जा रहा है और जो जांच के एसीएमओ रायबरेली खालिद रिजवान कर रहे हैं क्या जांच पूरी हो चुकी है और गोविंद हॉस्पिटल निर्दोष पाया गया या फिर और कुछ यह एक यक्ष प्रश्न बना हुआ है अब देखना यह होगा कि आने वाले दिनों में यह एसीएमओ रायबरेली की जांच में क्या होता है या फिर मामला यूं ही रफा दफा हो जाएगा और डॉक्टर हुमा कैसर की भी जांच एसीएमओ कर रहे हैं और जब संवाददाता ने एसीएमओ खालिद रिजवान से बात की तो उन्होंने बताया है कि अस्पताल को सील नहीं किया गया था जांच चल रही है और जब सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां में तैनात महिला डॉक्टर हुमा पर सवाल पूछा गया तो उन्होंने बताया कि अभी हम कुछ नहीं बता सकते जांच चल रही है लेकिन सोचने वाली बात तो यह है कि आखिरकार जांच कब तक चलेगी और ऐसे लापरवाह लोगों पर कार्रवाई होगी या फिर नहीं और अगर कार्रवाई होगी तो कब तक यह सवाल बना हुआ है।

## क्विक न्यूज

### युवक को डूबने से बचाया

**गोंडा।** करनैलगंज स्थित सरयू नदी में स्नान करने गए युवक का पैर फिसल जाने से वह डूबने लगा। जिसे घाट पर सुरक्षा में तैनात पुलिस कर्मियों ने नाविकों की मदद से बाहर निकाला। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर ग्राम गोनवा के मजरा लखनापुर निवासी माता प्रसाद कनौजिया 25 सरयू स्नान करने कटरा घाट गये थे। सरयू नदी में डुबकी लगाते समय उनका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में पहुंचकर डूबने लगे। उन्हें डूबता देखकर वहां मौजूद पुलिस कर्मियों ने लोगों की मदद से उन्हें बाहर निकालकर आनन फानन में उसे सीएचसी पहुंचाया। जहां इलाज चल रहा है। उधर सूचना पाकर परिवार के लोग मौके पर पहुंच गये। सीएचसी अधीक्षक डॉ. सुरेश चन्द्रा ने बताया कि माता प्रसाद का इलाज हो रहा है।

### भाजपा के सेक्टर संयोजक एवं प्रभारियों की ली बैठक

**भंभुआ (गोंडा)।** भाजपा नगर अध्यक्ष संजय यज्ञसैनी एवं ग्रामीण अध्यक्ष देवेंद्र दीक्षित एडवोकेट के नेतृत्व में सभी सेक्टर संयोजक एवं प्रभारियों की बैठक विवेकानंद विद्यालय में हुई। बैठक में जिलाध्यक्ष सूर्य नारायण तिवारी के दिशा-निर्देश पर कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को कार्य का विभाजन किया गया। बैठक में भाजपा के समस्त पदाधिकारियों को बूथ अध्यक्षों के माध्यम से प्रत्येक बूथों से कम से कम 50 वोटरों को बढ़ाने का दायित्व सौंपा गया। वहीं फर्जी वोटरों को लिस्ट से हटवाने के बारे में देन निर्देश दिए गए। कई कार्यकर्ताओं ने बीएलओ की लापरवाही एवं तहसील के मतदाता कर्मचारियों पर आरोप भी लगाए। इस विषय को गंभीरता से लेते हुए जिला अध्यक्ष सूर्य नारायण तिवारी ने कड़ा एतराज जताया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को आश्वासन दिया कि इस विषय को लेकर प्रदेश सरकार को अवगत कराया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन नगर महामंत्री कन्हैया लाल वर्मा ने किया। भाजपा युवा मोर्चा के नगर अध्यक्ष अर्चित पाण्डेय एवं भारतीय जनता पार्टी के सेक्टर प्रभारी सेक्टर संयोजक कार्यकर्ताओं सहित उपस्थित रहे।

### दबंगों ने रिक्शा चालक को पीटा

**करनैलगंज (गोंडा)।** एक रिक्शा चालक ने सवारी को बैठाने और उसके घर तक छोड़ने से मना किया तो कुछ दबंगों ने रिक्शा चालक को पीट-पीटकर लहूलुहान कर दिया। रिक्शा चालक घायल अवस्था में करनैलगंज अस्पताल पहुंचा। जहां उसका इलाज हुआ इलाज के बाद चिकित्सक ने उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। बताया जाता है कि कोतवाली करनैलगंज क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम गौरवा खुर्द निवासी रिक्शा चालक सीताराम करनैलगंज में रिक्शा चलाकर अपनी जीविका चलाता है। वहीं कुछ लोग उसे अपने घर छोड़ने के लिए रिक्शे पर ले चलने के लिए कहने लगे तो उसने घर का रास्ता ठीक ना होने की बात कहकर जाने से इंकार कर दिया। बस इतनी सी बात को लेकर लोगों ने रिक्शा चालक की पिटाई शुरू कर दी। उसके विरोध करने पर धारदार हथियार से उसके ऊपर वार कर दिया। जिससे वह बुरी तरह जख्मी हो गया। घायल अवस्था में कुछ लोगों ने उसे करनैलगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां डॉक्टर सुरेश चंद्रा उसका प्राथमिक उपचार करने के बाद जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। उधर इस मामले में कोतवाल मनीष जाट बताते हैं कि घटना की जानकारी है तहरीर आधार पर मुकदमा पंजीकृत होगा अभी तहरीर प्राप्त नहीं हुई है।

### एबीवीपी की बैठक सम्पन्न

**करनैलगंज (गोंडा)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद करनैलगंज के बालपुर व पहाड़ापुर नगर इकाई की बैठक संपन्न हुई। जिसमें आगामी कार्यक्रम को लेकर चर्चा हुई। बैठक में बालपुर प्रवासी कार्यकर्ता के रूप में आयुष्मान सोनकर विभाग संगठन मंत्री, तहसील संयोजक ओमप्रकाश तिवारी, जीतेन्द्र शुक्ला, नगर अध्यक्ष किशन जायसवाल, नगर मंत्री वैभव द्विवेदी व पहाड़ापुर प्रवासी कार्यकर्ता के रूप में सूरज शुक्ला, अध्यक्ष अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पहाड़ापुर अंकुर प्रभात मिश्र, नगर मंत्री अजय श्रीवास्तव सहित सभी पदाधिकारी मौजूद रहे। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रांत द्वारा जारी सभी कार्यक्रमों के बारे में विस्तृत चर्चा की गई व सभी नगर इकाइयों को आगामी कार्यक्रम के लिए दिशा निर्देश दिए गए।

### नहीं तौला गया किसान का धान

**श्रावस्ती।** गिलौलाए खरीफविपणन के लिए किसान 2020. 21मे 2200 2551 57 पंजीयन आईडी प्राप्त कर क्रय केंद्र हरिहरपुर रानी के प्रभारी मयंक मिश्रा को सभी पेपर उपलब्ध करवा देने के बाद भी धान की फसल की तौल नहीं की गई जिससे किसान परेशान होकर जनसुनवाई पोर्टल पर अपनी समस्या को बताते हुए निस्तारण हेतु 400 18 119 009749 पर शिकायत दर्ज कराई फिर भी किसान की फसल कि तौल नहीं हुई किसान की फसल अक्टूबर माह में ही तैयार हो गई है किसान बार.बार अपनी फसल को बेचने के लिए क्रय केंद्र का चक्कर काट रहा है किसान राघवेंद्र दीक्षित द्वारा यह भी बताया गया कि मुझसे 100 रुपये प्रति कुंतल की मांग की गई पैसा ना देने के कारण मुझे बार.बार वापस किया जा रहा है काफी परेशान होकर जनसुनवाई एप पर अपनी शिकायत दर्ज करा कर अपनी फसल को बेचना चाहा तो क्रय केंद्र प्रभारी मयंक मिश्रा ने फर्जी तरह से धान खरीद का निस्तारण कर जनसुनवाई ऐप पर रिपोर्ट लगा दिया गया जबकि किसान की फसल की तौल नहीं किया गया है किसान अपनी फसल को बेचने के लिए कई केंद्रों का चक्कर काट रहा है विकास क्षेत्र गिलौला अंतर्गत ग्राम सभा बंतवारा द्वारा निवासी राघवेंद्र दीक्षित पुत्र सुरेंद्र नाथ दीक्षित का आरोप है कि हमारी फसल अक्टूबर माह में तैयार हो गई है मैंने बिक्री हेतु ऑनलाइन सभी कागजात एकत्रित कर विकासखंड गिलौला अंतर्गत हरिहरपुर रानी क्रय केंद्र प्रभारी मयंक मिश्रा को उपलब्ध करवा दिया गया है फिर भी धान की फसल का तौल नहीं किया गया अधिक प्रयास किए जाने पर 100 रुपये प्रति कुंतल का मांग किया गया पैसा ना देने के कारण किसान की फसल का तो जनवरी में करने के लिए बताया जा रहा है जबकि किसान की सभी कागजात पूर्णतया जमा है लेकिन प्रभारी मयंक मिश्र द्वारा बताया जा रहा है कि मेरे यहां आपका कोई कागजात नहीं है यह सब बातों को किसान सुनकर काफी परेशान है परेशानी की हल को ढूंढने के लिए जन पोर्टल पर अपनी शिकायत दर्ज कराई थी फिर भी आज तक किसान की खरीफकी फसल नहीं खरीदी गई।

### बेबस नजर आ रही यातायात पुलिस

**सुलतानपुर।** यातायात पुलिस स्टाफव संसाधन न होने से बेबस नजर आ रही है। कर्मियों की कमी के चलते तमाम उपकरण गोदामों में पड़े-पड़े जंग खा रहे हैं। नुक्कड़ों चौराहों पर वाहनों के अंधाधुंध आवागमन पर लगाम लगाने के लिए बने ट्रैफिक बूथ भी सफेद हाथी बनकर रह गए हैं। यहां सिपाही नजर ही नहीं आते। होमगार्ड और पीआरडी के जवानों के भरोसे यातायात व्यवस्था छोड़ दी गई है। सवा लाख की आबादी वाला चार किमी की परिधि में बसे इस शहर में बहुत से संकरे नुक्कड़ चौराहे ऐसे हैं जहां हमेशा जाम लगा रहता है। सुगम और सुरक्षित यातायात के लिए नगर में यातायात पुलिस व्यवस्था है, लेकिन वह सिर्फ व्यावहारिकता कुछ और ही है। ट्रैफिक पुलिस का दस्ता संसाधन और कर्मियों से इस कदर जूझ रहा है कि जिलाधिकारी व पुलिस कप्तान के दफ्तर के आसपास स्थित नुक्कड़-चौराहों पर भी तैनात करने को सिपाही नहीं हैं। डीएम आवास चौराहा, बस स्टेशन तिराहा, कुड़वारनाका चौराहा, अस्पताल रोड तिराहा, दरियापुर तिराहा, लखनऊनाका, शाहगंज व बाधमंडी चौराहा, हेड पोस्ट आफिस चौराहा, कलेकट्रेट तिराहा, दीवानी चौराहों पर हमेशा जाम की स्थित रहती है।

### मजिस्ट्रीरियल जांच के सम्बन्ध में साक्ष्य 7 के मध्य तक दें

**रायबरेली।** निगम बस चित्रकूटधाम क्षेत्र बांदा डिपो का वाहन संख्या यू0पी0 90 टी0ध्5072 से जनता बाजार बाईपास के पास जनपद रायबरेली में विगत 3 अगस्त 2020 को दुर्घटना हुई। जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव द्वारा घटना की मजिस्ट्रीरियल जांच हेतु नामित उपजिला मजिस्टेªट लालगंज जीतलाल द्वारा की जा रही है। उक्त घटना के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति लिखित, अथवा मौखिक कोई साक्ष्य अथवा कोई जानकारी देनी हो तो वह उपजिला मजिस्टेªट लालगंज के कार्यालय में 7 दिसम्बर 2020 तक अवकाश दिवस को छोड़कर किसी भी कार्यदिवस में प्रात: 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे के मध्य उपस्थित होकर अपना साक्ष्य व जानकारी प्रस्तुत कर सकते है।

# मोनोपोली बनाए रखने को लागू किया 'प्रहरी एप'

संवाददाता। बस्ती

- सांसद और विधायकों के लिए मुख्यमंत्री संदर्भित जनसुनवाई बना मजाक
- किसी और की शिकायत को माननीयों के नाम कर रहे निस्तारण
- सांसद रविंद्र कुशवाहा, विधायक फतेहबहादुर सिंह, उमाशंकर सिंह ने जताई नाराजगी
- पूर्वांचल आदर्श ठेकेदार समिति के अध्यक्ष ने कहा मनमानी कर रहे अधिकारी

**प्रदेश** के सत्ता पक्ष सहित अन्य दलों के लगभग दो दर्जन सांसद और विधायक मुख्यमंत्री को पीडब्लूडी में जारी प्रहरी एप को समाप्त करने के लिए पत्र लिख चुके है। मगर अभी तक उसे पूरी तरह समाप्त नहीं किया गया, अलबत्ता अधिकारी कुर्सी बचाने के लिए कुछ संशोधन अवश्य कर दिया। इस मामले में एक सांसद और तीन विधायकों के शिकायतों को निस्तारित करने के बजाए उसे किसी और के शिकायत को बताकर निस्तारित दिखाकर अधिकारियों ने इतिश्री कर दिया। अभी तक चार माननीयों के मुख्यमंत्री संदर्भित जनसुनाई का गलत निस्तारण किया। पूर्वांचल आदर्श ठेकेदार समिति के अध्यक्ष सरद कुमार सिंह का कहना है कि विभाग के अधिकारी मोनोपोली बनाए रखने के लिए 'प्रहरीएप' को लागू किया, जबकि विभाग में पहले से ही चाणक्य नामक एप लागू है। कहते हैं कि कुछ अधिकारी सरकार की छवि खराब करना चाहते है। अधिकारियों ने इस एप में ऐसी व्यवस्था बनाई है, कि लगभग 90 फीसद छोटे ठेकेदार की रोजीरोटी छीन जाए। सीएम को लिखे गए पत्र में आदर्ष पूर्वांचल ठेकेदार समिति के अध्यक्ष सरद कुमार सिंह और बस्ती ठेकेदार समिति के अध्यक्ष अमर सिंह कहा है कि अधिकारी जानते हुए अनियमिता कर रहे है। अधिकारी विभाग से ही तारकोल की खरीद करने का दबाव बनाते हैं, मगर वहीं पर शिड्यूल-सी में निर्धारित शर्तों का पालन नहीं कर रहे है। अधिकारी विभाग को अनियमित रुप से लाभ पहुंचकर ठेकेदारों का नुकसान कर रहे है। जिसका प्रभाव सड़कों की गुणवत्ता पर पड़ रहा है। वित्तीय हस्त पुस्तिका वैलूम छह में स्पष्ट लिखा है कि विभाग जब भी ठेकेदार को तारकोल देगा उसे 'नो प्राफिट नो लास' पर दिया जाएगा। विभाग न तो तारकोल का विक्रेता और न व्यापारी बनेगा। निविदाओं में जो भी शिड्यूल-सी में निर्धारित होगा, उसी दर पर विभाग तारकोल देगा। मगर वर्तमान में ठेकेदारों के बिलो दर को घटाने के बाद, तारकोल का दर घटाया जा रहा है। जिसका परिणाम शिड्यूल-सी में निर्धारित दर से अधिक दर से विभाग कटौती कर ले रहा है। जबकि नियमानुसार शिड्यूल-सी के निर्धारित दर पर विभाग को कटौती करनी चाहिए। उदाहरण स्वरुप अगर कोई निविदा 30 फीसद बिलो पर जाता है तो 30 फीसद तारकोल का दाम काट लेता है, जबकि कटौती शिड्यूल-सी के दर के अनुसार होना चाहिए। विभाग व्यापारी बनकर अनैतिक लाभ कमा रहा है, और लाभ की रकम किस खाते में जानी चाहिए उसका कोई भी प्राविधान नहीं है।

# गुरुद्वारा में मनाया गया गुरुनानक देव प्रकाशोत्सव

- सभी चले गुरुनानक के उपदेशों पर: डीएम

**संतकबीरनगर।** गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा सोसाइटी खलीलाबाद के तत्वाधान में सिख धर्म के प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव महाराज का 591 गुरु पर्व बड़ी श्रद्धा और धूमधाम के साथ सोमवार को मनाया गया। प्रात: 10.00 बजे पाठ साहब की समाप्ति उसके बाद बच्चों का प्रोग्राम में मानक सिंह द्वारा अपने शबद हर बंदे दी आवाज विच आप बोलदा हर पंक्षी दी परवाज विच आप बोलदा हर रूह विच मौजा मारदा मेरा बाबा नानक 12.00 बजे से कीर्तन दरबार में ज्ञानी जोगिंदर सिंह ने अपने शबद 'कुल तारण गुरु नानक आया और ऊँचा दर बाबे नानक दा' सुनाकर वातावरण भक्तिमय कर दिया। तदुपरांत अरदास के बाद समाप्ति हुई उसके बाद गुरु का


गुरूद्वारा में दर्शन करती जिलाधिकारी

अटूट लंगर देर शाम तक चलता रहा कार्यक्रम में उपस्थित जनपद की जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने कहा कि हम सबको गुरु नानक देव के बताए हुए मार्ग पर चलना चाहिए गुरु नानक देव ने कभी ऊंच नीच का भेदभाव नहीं किया सब को सामान दृष्टि से देखते हुए सबके लिए कार्य किया है। गुरुद्वारा के अध्यक्ष सरदार अजीत सिंह ने कहा कि गुरु नानक देव जी का जन्म 1469 इ0में तलवंडी नामक ग्राम लाहौर में हुआ था। नानक देव पदयात्रा करते हुए सम्पूर्ण देश मे अपने उपदेश सुनाते थे और सभी को सत्य अहिंसा के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। गुरुद्वारा की सेविका बीबी बलवंत कौर ने जिलाधिकारी को शाल और गुरु घर का प्रसाद सिरोपा भेंट किया। कार्यक्रम में सतविंदर पाल सिंह जज्जी, प्रितपाल सिंह, जसवीर सिंह, नरेंद्र सिंह, परविंदर सिंह, त्रिलोचन सिंह, जसविंदर सिंह, रवनीत सिंह, शैंकी सिंह, मनजीत सिंह, दलजीत सिंह, हरभजन सिंह, गुरमीत सिंह, सनी कमलजीत कौर, परमजीत कौर, राजेंद्र कौर, मनजीत कौर, घनश्याम दास गुप्ता, अब्दुल्लाह खान, कमलेश श्रीवास्तव सहित कई लोग मौजूद थे।

# शिक्षक निर्वाचन मतदान आज, प्रशासन ने की तैयारी

संवाददाता। संतकबीरनगर



**उप जिला** निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी संजय कुमार पाण्डेय ने बताया है कि गोरखपुर-फैजाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन को सफ्लतापूर्वक सम्पन्न कराये जाने हेतु जनपद में कुल 07 मतदेय स्थल बनाये गये है। विकास खण्ड सांथा, मेंहदावल, सेमरियांवा, बघौली, खलीलाबाद, नाथनगर एवं हैंसर बाजार के क्षेत्र पंचायत कार्यालय भवनों को मतदेय स्थल बनाया गया है। उक्त मतदान केन्द्रों पर कुल 1502 मतदाता अपने मताधिकार प्रयोग करेंगें, जिसमें 1280 पुरूष एवं 222 महिला मतदाता है। उन्होंने बताया कि खण्ड शिक्षक निर्वाचन में कुल 16 प्रत्याशी चुनाव में भाग ले रहें है। मतदान प्रक्रिया के सुचारू संचालन एवं प्रत्येक मतदान केन्द्रों की गतिविधियों पर निगरानी रखने हेतु 07 जोनल मजिस्ट्रेट, 07 सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं 07 माइक्रों आब्जर्बर की तैनाती की गयी है। मतदेय स्थल सांथा, मेंहदावल एवं सेमरियांवा हेतु मुख्य विकास अधिकारी को तथा बघौली, खलीलाबाद, नाथनगर एवं हैंसर बाजार हेतु अपर जिलाधिकारी को सुपर जोनल मजिस्ट्रेट बनाया गया है। जनपद के सभी 07 मतदेय स्थलों को अति संवेदनशील के श्रेणी में रखते हुए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गयी है। चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता एवं इससे सम्बंधित किसी भी प्रकार की जानकारी अथवा शिकायत हेतु जनपद स्तर पर कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जिसका न0 05547-226098 है। सभी मतदेय स्थलों पर मतदान की सम्पूर्ण प्रक्रिया के दौरान कोविड-19 प्रोटोकॉल का अनुपालन सुनिश्चित कराये जाने के प्रबन्ध किये गये है।

## घटिया सड़क निर्माण कार्य को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश

**दुद्धी/सोनभद्र।** विकास खण्ड दुद्धी के हरपुरा गाँव में लोक निर्माण विभाग द्वारा घटिया निर्माण कार्य कराया जा रहा है जिससे स्थानीय रहवासियों में आक्रोश व्याप्त है। भाजयुमो के पूर्व जिला मन्त्री व भाऊराव देवरस राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुद्धी के पूर्व छात्र संघ महामंत्री मोहित अग्रहरि ने हरपुरा गाँव में बन रहे सड़क निर्माण कार्य को देखकर भड़क उठे। उन्होंने तत्काल जे.ई. व एक्स ई एन को सेल फ़ोन पर बात करने की कोशिश की लेकिन फ़ोन स्विच ऑफ मिला। ग्रामीणों का भी आरोप है कि इसमें बहुत कमिया है कई बार ठेकेदार को बोला गया लेकिन ठीक से काम नहीं कर रहे हैं। ठेकेदार को भी फोन लगाया गया लेकिन फोन स्विच ऑफ मिला सड़क की चौड़ाई भी मौके पर 3 मीटर से कम मिला। रामगुलाम रौनियार अनिल पासवान रामप्रताप आदि ग्रामीणों ने बताया कि सड़क की चौड़ाई कही 2 मीटर 80 सेमी तो कही 2 मीटर 90 सेमी है। ठेकेदार की कार्य प्रणाली इसी तरह की रहती हैं। कई किलोमीटर दूरी तक बनने वाले सड़क निर्माण कार्य में इसी तरह का भ्रष्टाचार किया जा रहा है।

# शिक्षक एमएलसी चुनाव:14 मतदेय स्थलों के लिए रवाना हुई पोलिंग पार्टियां

संवाददाता। बस्ती

**उत्तर** प्रदेश विधान परिषद गोरखपुर-फैजाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र का द्विवार्षिक मतदान एक दिसम्बर को प्रात: 8 बजे से सांय 5 बजे तक होगा। इसके लिए सोमवार को कलेक्ट्रेट से पोलिंग पार्टियों को रवाना किया गया। जिले में ब्लाक रामनगर, रूधौली, सल्टौआ, साऊघाट, गौर, परसरामपुर, विक्रमजोत, हर्रैया, बस्ती, कप्तानगंज, बहादुरपुर, बनकटी, कुदरहा ब्लाक मुख्यालय भवन, नगर पालिका परिषद में 14 मतदेय स्थल बनाए गए है। सभी मतदेय स्थलों पर मतदान पार्टी पुलिस बल के साथ पहुंच गई है। यह जानकारी डीएम आषुतोष निरंजन ने दी। बताया कि बोनाफाइड मतदाताओं को मताधिकार का प्रयोग करने के लिए विशेष आकस्मिक अवकाश अनुमन्य किया गया है।

बताया कि मतदेय स्थल पर 200 मीटर के दायरे में मतयाचना करना पूरी तरह प्रतिबन्धित है। सेक्टर


मतदेय स्थलों के लिए रवाना होती पोलिंग पार्टियां — पायनियर

मजिस्ट्रेट सुनिश्चित करेंगे कि उक्त दायरे में किसी प्रत्याशी का कोई टेन्ट, पोस्टर, बैनर, पम्पलेट आदि प्रदर्शित न हों। प्रत्येक मतदेय स्थल पर थर्मल स्क्रीनिंग, सेनेटाइजेशन की व्यवस्था की गई है। मतदाताओ से अपील किया कि वे कोविड-19 के प्रोटोकाल का पालन करते हुए मतदान के समय सोशल डिस्टेंसिंग मेनटेन करें, मास्क अवश्य लगाएं। अभिकर्ता प्रयोग किए जाने वाले मतपत्रों का प्रथम एवं अन्तिम क्रमांक नोट कर सकेंगे परन्तु मतदाता द्वारा प्रयोग किए जाने वाले मतपत्र का क्रमांक नोट नही करेंगे। प्रत्येक मतदेय स्थल पर पीठासीन अधिकारी चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों की सूची चस्पा करेंगे। मतदाता मतदेय स्थल पर पीठासीन अधिकारी द्वारा उपलब्ध कराए गए बैगनी रंग के स्केच पेन का प्रयोग मतदान के लिए करेंगे। किसी अन्य पेन का प्रयोग करने , मतपत्र पर किसी प्रकार का चिन्ह बनाने, हस्ताक्षर करने या नाम लिखने पर मतपत्र अवैध हो जाएगा।फोटो पहचान पत्र न होने की स्थिति में मतदाता को पहचान हेतु वैकल्पिक दस्तावेजों आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, पासपोर्ट, राज्य/केन्द्र सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, स्थानीय निकाय या अन्य निजी औद्योगिक घरानों द्वारा कर्मचारियों को जारी किए गए सेवा पहचान पत्र, सांसद, विधायक, विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए आधिकारिक पहचान पत्र, शैक्षिक संस्थाओ जिनमें संबंधित शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र का निर्वाचक नियोजित हो द्वारा जारी सेवा पहचान पत्र, विश्वविद्यालय द्वारा जारी उपाधि/डिप्लोमा, सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी दिव्यांगता संबंधी प्रमाण पत्र मूलरूप में मतदान स्टाफ के समक्ष प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।पोलिंग पार्टी रवाना करते समय सीआरओ नीता यादव, एएसडीएम सुखवीर सिंह, राजेश सिंह, एसडीएम/जोनल मजिस्टेड्र, सेक्टर मजिस्टेड्र मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### पराली जलाने पर एक के विरूद्व मुकदमा दर्ज, 10 हजार जुर्माना

**सेमरियावां ( संतकबीरनगर )।** जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने जनपद में पराली जलाने वाले लोगो के विरूद्व कड़ी कार्यवाही शुरू कर दिया है। उनके निर्देशन में चल रहे अभियान में दुधारा थाना क्षेत्र के ग्राम डडवा माली निवासी इस्तेखार अहमद को पराली जलाते हुए पकड़ा गया तहसीलदार खलीलाबाद शंशाक शेखर राय जिला कृषि अधिकारी पी0सी0 विश्वकर्मा की संयुक्त टीम ने पराली जलाने का सत्यापन करते हुए 10 हजार जुर्माना लगाया तथा सम्बन्धित के विरूद्व दुधारा थाने में मुकदमा दर्ज कराया।

### सेवानिवृत्त पुलिस कर्मियों को दी गई विदाई

**संतकबीरनगर।** अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण करने पर जनपद के 03 पुलिस कर्मियो उ0नि0 सुरेश कुशवाहा, उ0नि0 प्रभूनाथ, हे0कां0 राजेन्द्र यादव को पुलिस अधीक्षक ब्रजेश सिंह द्वारा सोमवार को पुलिस लाइन सभागार मे माला पहनाकर व अंगवस्त्र पहनाकर, स्मृति चिन्ह, धार्मिक पुस्तक आदि भेंटकर सम्मानित किया गया तथा उनकी दीर्घायु की प्रार्थना करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की गयी। पुलिस अधीक्षक द्वारा अपने सम्बोधन मे इन पुलिस कर्मियो के सेवाकाल के दौरान किए गए उत्कृष्ट कार्यो का स्मरण किया गया तथा भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी व उपस्थित कर्मियो को इनसे सीख लेने की प्रेरणा दी। इस विदाई समारोह मे प्रतिसार निरीक्षक पंकज कुमार तिवारी, प्रधान लिपिक उमाशंकर यादव, आंकिक महेश सिंह सहित पी0आर0ओ0 पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह सहित अन्य अधिकारी/पुलिस कर्मी उपस्थित रहे।

### बुधवार को होगा तहसील दिवस

**संतकबीरनगर।** अपर जिलाधिकारी संजय कुमार पाण्डेय ने बताया है कि उ0प्र0 विधान परिषद निर्वाचन, गोरखपुर-फैजाबाद शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र का निर्वाचन आगामी 01 दिसम्बर 2020 दिन मंगलवार को निश्चित होने के कारण जनपद के समस्त तहसीलों में आयोजित होने वाला सम्पूर्ण समाधान दिवस/तहसील दिवस उक्त तिथि को स्थगित रहेगा। समस्त तहसीलों में आगामी 01 दिसम्बर 2020 को आयोजित होने वाला तहसील दिवस आगामी 02 दिसम्बर 2020 दिन बुधवार को प्रात: 10 बजे से 02 बजे तक आयोजित होगा। जनपद के सभी अधिकारीगण सम्बंधित तहसीलों पर ससमय पहुचकर प्रतिभाग करेगें।

### होमगार्ड के सेवानिवृत्त होने पर पुलिसकर्मियों संग साथियों ने दी विदाई

**मिर्जापुर।** हलिया थाने में वर्ष 1985 से कार्यरत होमगार्ड राम विशाल मौर्य के सेवानिवृत्त होने पर सोमवार को प्रभारी निरीक्षक अमित सिंह चौकी प्रभारी मतवार राम नगीना यादव संग पुलिस कर्मियों तथा होमगार्ड साथियों ने माल्यार्पण कर विदाई दी। प्रभारी निरीक्षक अमित सिंह ने कहा कि होमगार्ड रामविशाल मौर्य ने अपने सेवाकाल में बड़ी ही कर्त्तव्य निष्ठा से अपनी ड्यूटी निभाई। थाना क्षेत्र के धमौली गांव निवासी राम विशाल मौर्य के सेवानिवृत्त होने पर होमगार्ड सुमारू प्रसाद मौर्य, राम अचल पीसी, रामलला सिंह दूधनाथ मौर्य, शिवलखन मौर्य, राम अधार, शिव लखन पांडेय, रामजतन, मुन्ना लाल आदि ने थाना परिसर में माल्यार्पण कर विदाई दी।

### अपना दल ने केंद्रीय मंत्री का स्टेशन पर किया भव्य स्वागत

**मिर्जापुर।** अपना दल पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री सांसद सदस्य (लोकसभा) के निर्देशानुसार रविवार को विन्ध्याचल रेलवे स्टेशन पर मंत्री भवन निर्माणए विज्ञान एवं प्रादैयिकी अल्पसंख्यक कल्याण समाज कल्याण एवं शिक्षा विभाग बिहार पटना.सह.कार्यकारिणी प्रदेश अध्यक्ष जनता दल (यू0) माननीय श्री अशोक कुमार चौधरी जी को रिसीव करते हुए माल्यार्पण कर स्वागत व अभिनंदन अपना दल (एस) के जिला अध्यक्ष इंजीनियर राम लौटन बिंद ने किया व साथ बैठ कर शिष्टाचार बातचीत किए साथ में डॉ एस पी पटेल, अनिल सिंह (पगड़ी), जिला उपाध्यक्ष गोपालदास शर्मा मौजूद रहे

# 100 बंद पीएचसी को ई पीएचसी के रूप में विकसित करने की है तैयारी: डॉ. वीके सिंह

संवाददाता। सोनभद्र

**डिजिटल** इंडिया का असर यूपी की स्वास्थ्य सेवाओं में भी दिखने लगा है। यहां के सुदूर इलाकों में मरीजों को नि:शुल्क सुविधा देने के उद्देश्य से शुरू की गई ई-पीएचसी पर अब तक 50 हजार से अधिक लोगों ने इलाज करवाया है। स्वास्थ्य लाभ लेने वालों में चंदौली के लोग सबसे आगे हैं वहीं बहराइच दूसरे स्थान पर है। अधिकारियों का कहना है कि ई-पीएचसी पर कम समय में ही बेहतर इलाज देना संभव होता है। पीएचसी के निदेशक डॉ वीके सिंह ने बताया कि गत वर्ष प्रदेश के 10 जिलों में ई-पीएचसी की शुरुआत की गई। इन 10 जिलों जिलों में सोनभद्र चंदौली बहराइच फ़्तेहपुर वाराणसी श्रावस्ती बलरामपुर सिद्धार्थनगर चित्रकूट और गोरखपुर हैं। इन जनपदों में ई पीएचसी के जरिये अब तक 50,795 मरीजों को उपचरित किया गया है। चंदौली में कमलापुर पीएचसी को ई पीएचसी बनाया गया है। जहां अब तक सर्वाधिक 8348 मरीजों का इलाज किया गया है। वहीं बहराइच के लौखाई को ई पीएचसी बनाया गया। यहां 6773 मरीजों ने अब तक इलाज किया गया। फ़्तेहपुर में ललौली को ई पीएचसी बनाया गया जहां अब तक 6681 मरीजों का इलाज किया गया। वहीं वाराणसी सारनाथ में 6242 श्रावस्ती नासिरगंज में 5809 बलरामपुर भगनी में 4555 सिद्धार्थनगर मधौपुर कल्लन ई-पीएचसी में 3515 मरीजों को उपचारित किया गया। इसी तरह चित्रकूट ऊंचडीह में 3164, गोरखपुर रामपुर में 2872 और सोनभद्र के सतबहनी ई पीएचसी में 28936 मरीजों ने स्वास्थ्य लाभ लिया है। ई-पीएचसी की सराहना करते हुये बहराइच के 45 वर्षीय अमीन खान ने बताया की पैर में एक हादसे के दौरान चोट लग गई। समय से उचित इलाज नहीं मिल पाने से पैर का घाव काफी बढ़ गया। गांव से 150 किलोमीटर दूर होने के कारण अमीन के लिए जिला अस्पताल जा पाना संभव नहीं हो पाया। इस बीच वह लौखाई के ई-पीएचसी गया जहां से उसे बेहतर इलाज मिला और अब वह स्वस्थ है। इसी तरह सिद्धार्थनगर के सूर्यनाथ को गले में काफी परेशानी थी। कई स्थानों पर इलाज करवाया लेकिन फायदा नहीं हुआ। फिर किसी ने उन्हें मधौपुर कल्लन के ई पीएचसी पर जाने की सलाह दी। ई पीएचसी से इलाज करवाकर अब वह पूरी तरह से संतुष्ट हैं।

### क्या है ई-पीएचसी

ई-पीएचसी यानि इलेक्ट्रानिक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उत्तर प्रदेश में पीपीपी मॉडल पर विकसित किए गए हैं। ई पीएचसी पर नर्स, लैब टेकनीशियन और फार्मासिस्ट तैनात होते हैं। नर्स फार्मासिस्ट आए हुये मरीज का पंजीकरण कर उसकी पूरी जानकारी अपने कमांड सेंटर को भेजते हैं। इसके बाद वीडियो कालिंग के जरिये तत्काल एमबीबीएस डॉक्टर परामर्श देते हैं। खास बात यह कि मरीज की पैथोलाजिकल जांच रिपोर्ट डॉक्टर और मरीज दोनों के ईमेल पर एक साथ आती है। इससे डॉक्टर को दवा बताना बहुत आसान हो जाता है। ई पीएचसी पर मरीज को परामर्श, दवा की निशुल्क सुविधा दी जाती है। साथ ही ईसीजी, एचआईवी, डेंगू, मलेरिया समेत 21 से अधिक पैथोलाजिकल जांच भी मुफ्त में की जाती है। वर्तमान में ई पीएचसी की सुविधा प्रदेश के 10 जनपदों में दी जा रही है।

### भविष्य की तैयारी

पीएचसी के निदेशक डॉ वी के सिंह ने बताया कि अभी तो पायलट प्रोजेक्ट के तहत सिर्फ10 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों को ई पीएचसी के रूप में तब्दील किया गया है। जहां बेहतरीन परिणाम आए हैं। भविष्य में ऐसे 100 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों को जो विभिन्न कारणों से बंद होने होने की स्थिति में हैं उनको ई पीएचसी के रूप में विकसित करने की तैयारी है। इन चरण में हम उन कम्यूनिटी हेल्थ ऑफिसर सीएचओ को जोड़गे ताकि गैर संचारी रोग का निवारण भी हम पीएचसी स्तर पर ही कर सकें।

# भारतीय ब्राह्मण कल्याण संस्थान का उद्देश्य कुरीतियों को खत्म करना है: सुनील

संवाददाता। मिर्जापुर



**अखिल** भारतीय ब्राह्मण कल्याण संस्थान के राष्ट्रीय महामंत्री पंडित सुनील कुमार पांडे में संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित नारायण उपाध्याय से मिलकर उन्हें संस्थान के राष्ट्रीय स्तर पर चलाए जा रहे कार्यक्रमों एवं संगठनात्मक स्तर पर गठित समस्त इकाइयों की सूची एवं रिपोर्ट सौंपा साथ ही आगामी दिनों के कार्यक्रमों के विषय में भी उनसे मैराथन चर्चा किया संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित नारायण जी उपाध्याय ने कहा कि अखिल भारतीय ब्राह्मण कल्याण संस्थान का मूल उद्देश्य ब्राह्मणों के शैक्षणिक सामाजिक राजनीतिक एवं सांस्कृतिक तथा समाज में व्याप्त सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करना है अखिल भारतीय ब्राह्मण कल्याण संस्थान लगातार पूरे भारत में संगठन का विस्तार कर रहा है इसके बाद संस्थान के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील कुमार पांडे ने राष्ट्रीय अध्यक्ष के आदेश पर पंडित अरुण चंद पांडे को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पंडित ललित मोहन दुबे को प्रदेश उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपते हुए उन्हें नियुक्ति पत्र सौंपा इस दौरान प्रमुख रुप से पंडित प्रोफेसर आर एस पांडे वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पंडित शिव सागर पांडे राष्ट्रीय सचिव पंडित जय प्रकाश पांडे प्रदेश अध्यक्ष पुरोहित प्रकोष्ठ तथा वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## केंद्रीय अल्पसंख्यक हज मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी एक निजी कार्यक्रम में पहुंचे मिर्ज़ापुर

**मिर्जापुर।** एक निजी कार्यक्रम में केंद्रीय अल्पसंख्यक हज मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी का तिलठी मिर्ज़ापुर में आगमन हुआ। इस दौरान खुद्दाम ए हज समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष व जिला हज ट्रेनर हाजी आजाद खान बापू व समिति के प्रदेश अध्यक्ष हाजी हबीब उल्लाह शेख ने बुके व अंग वस्त्र में साल देकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने उनसे काशी से काबा उड़ान तथा 2021 में किराया विधि को भी कम करने की गुजारिश व वाराणसी में अस्थाई हज हाउस निर्माण की बात कहीए तथा मेमोरेंडम लेटर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक पहुचाने की गुजारिश की। अब्बास मुस्ताक नकवी ने 2021 हाजी यात्रा को लेकर बताया कि कोवीड 19 कोरोना महामारी के कारण यह सब लागू हुआ है और सऊदी हुकूमत के फरमान पर ही लागू किया गया हैद्य द्यबहुत सी बातों पर हाजियों के सहूलियत के लिए मंत्रालय विचार कर रही है।

# यातायात जागरूकता माह का एसपी ने किया समापन

- बच्चों ने निकाली जागरूकता रैली

संवाददाता। संतकबीरनगर



**पुलिस** अधीक्षक ब्रजेश सिंह द्वारा यातायात जागरूकता माह का रिजर्व पुलिस लाइन में समापन किया गया। हीरालाल इण्टर कालेज के एन0सी0सी0 व स्काउट गाइड के छात्रों द्वारा यातायात जनजागरूकता पैदल रैली निकालकर शहर क्षेत्र में लोगों को जागरूक करते हुए रिजर्व पुलिस लाइन में पहुंचे छात्रों को संबोधित किया गया। संबोधन के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि यातायात जागरूकता माह के दृष्टिगत सम्पूर्ण माह में जनपद में जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को यातायात से संबन्धित नियमों के बारें में जागरूक किया गया। स्कूल-कालेजों में छात्र-छात्राओं को जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कराकर लोगों को जागरूकता किया गया। शहर के विभिन्न चौराहों, तिराहों पर होल्डिंग, बैनर व पोस्टर आदि लगवाया गया एवम पम्पलेट वितरण की कार्यवाही की गई। वाहन चालकों को एकत्र कर यातायात संबन्धी नियमों की जानकारी दी गई एवं उसका पालन कराने हेतु उन्हे शपथ भी दिलाया गया। वाहनों के रख रखवा हेतु हाई-बीम व लो बीम की उपयोगिता एवं वाहनों पर रिफ्लेक्टर की उपयोगिता से भी अवगत कराया गया। यातायात जन जागरूकता रैली का भी आयोजन किया गया। शहर के मुख्य चौराहा मेंहदावल बाईपास पर लोगों के हेलमेट लगाने एवं हेलमेट की उपयोगिता के विषय में बताया गया एवं नि:शुल्क हेलमेट वितरण कराया गया। वाहन चालकों का जिला चिकित्सालय के चिकित्सकीय टीम द्वारा नि:शुल्क नेत्र परीक्षक, बीपी, कान आदि का जांच करायी गयी। शहर के फुटपाथ के अतिक्रमण को हटवाकर शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद के क्षेत्राधिकारी यातायात, प्रतिसार निरीक्षक, प्रभारी यातायात व उ0नि0 संतोष कुमार व यातायात के समस्त पुलिस कर्मियों के साथ - साथ हीरालाल इण्टर कालेज खलीलाबाद के छात्रों के साथ आये हुए शिक्षकों को सम्मानित किया गया।' एन0सी0सी0 तथा स्काउट गाइड के छात्रों द्वारा किये गये यातायात जनजागरूकता रैली की सराहना करते हुए समस्त छात्रों को प्रतिभाग हेतु प्रमाण पत्र देने हेतु संबन्धित को आदेशित किया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद गयादत्त मिश्र, प्रतिसार निरीक्षक पंकज त्रिपाठी, प्रभारी यातायात संतोष कुमार मिश्र, पीआरओ पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह, मुआप्रो भोला प्रसाद, मुआप्रो जगदम्बा गुप्ता, मुआप्रो अनिल कुमार शर्मा, मुआप्रो नन्दलाल, मुआप्रो जयशंकर सिंह, मुआ अजय राय, आरक्षी कृष्णानन्द पाण्डेय, आरक्षी सुमित शर्मा, आरक्षी सर्वेश कुमार मिश्रा, आरक्षी गिरिजेश यादव, आरक्षी संदीप कुमाप सिंह, आरक्षी अजय कुमार पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।

# सभी तैयारियां पूरी, पोलिंग पार्टियां रवाना

### गोरखपुर-फैजाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र

### आज होने वाले मतदान को शान्तिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए सुरक्षा का रहेगा व्यापक इंतजाम

**संवाददाता।** देवरिया

**जिलाधिकारी** अमित किशोर ने बताया कि गोरखपुर–फैजाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के द्विवार्षिक निर्वाचन के तहत एक दिसम्बर को होने वाले मतदान की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। जिला प्रशासन स कुशल निष्पक्ष मतदान कराने के लिए पूरी तरह कटिबद्ध है इसके लिए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। मतदान पार्टियां आज कलेक्ट्रेट से रवाना हुई। जनपद में कुल 3358 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इसके लिए सभी 16 ब्लाक मुख्यालयों को मतदान केन्द्र बनाया गया है। मतदान प्रात: आठ से सायं पांच बजे तक होगी। तथा मतदान पश्चात् मत पेटिकाएं कलक्ट्रेट में ही संग्रहित होगीए जहां से मजिस्ट्रेट के देखरेख में भारी सुरक्षा के साथ मत पेटिकाए गोरखपुर पहुंचाई जाएंगी। जहां मतगणना आगामी तीन दिसम्बर को की जाएगी।

सभी मतदान केन्द्रों पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम के तहत पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती रहेगी तथा शान्ति व्यवस्था एवं चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु जनपद को 16 सेक्टर व सात जोन में विभक्त कर सेक्टर मजिस्ट्रेट व जोनल मजिस्ट्रेट की तैनाती की गयी है। सभी मतदान केन्द्रों की वीडियों ग्राफी भी करायी जाएगी सेक्टर जोनल मजिस्ट्रेट पूरे दिन चक्र मित रहेंगे तथा चुनाव की पर्यवेक्षण हेत माइक्रो ऑब्जर्वर की भी तैनाती की गई है जो मतदान की हर गतिविधियों पर अपनी पैनी नजर रखेंगे। मताधिकार के प्रयोग हेतु संबंधित मतदाताओं के लिये इस दिन विशेष आकस्मिक अवकाश की अनुमन्यता की गयी है। वहीं मतदान के समय अपनी पहचान करने के लिये मतदाता को पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा, परन्तु वे मतदाता जो अपना पहचान पत्र प्रस्तुत नही कर पाते है, उन्हे वैकल्पिक दस्तावेजो में से कोई एक पहचान पत्र को प्रस्तुत करना होगा। इन अनुमन्य पहचान पत्रों में आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेन्स, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, राज्य या केन्द्र सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, स्थानीय निकाय या अन्य निजी औद्योगिक क्षेत्रों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किये गये सेवा पहचान पत्रए सांसदों, विधायकों, विधान परिषद सदस्यों को जारी किये गये अधिकारिक पहचान पत्र, शैक्षिक संस्थाओं, जिनमें संबंधित शिक्षक स्नातक निर्वाचन क्षेत्र का निर्वाचक नियोजित हो, द्वारा जारी सेवा पहचान पत्र, विश्वविद्यालय द्वारा जारी उपाधि, डिप्लोमा का प्रमाण पत्र मूल रुप में एवं सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी दिव्यांगता संबंधित पहचान पत्र मूल रुप में से कोई एक पहचान पत्र मतदाता को मतदान के समय अपनी पहचान के लिये प्रस्तुत करना होगा।स लोकशान्ति बनाये रखे जाने एवं निष्पक्ष, निर्विघ्न और शान्तिपूर्ण निर्वाचन हेतु आबकारी की दुकानें एक दिसम्बर को मतदान की समाप्ति तक बन्द रहेगी।



## एमएलसी चुनाव के लिए बूथ पर पोलिंग पार्टी ने संभाली कमान



**सकलडीहा (चन्दौली)।** मंगलवार को होने वाली स्नातक और शिक्षक एमएलसी चुनाव को लेकर पोलिंग पार्टी सोमवार को बूथ पर पहुंचकर कमान संभाल लिया है। कड़ी सुरक्षा के बीच सेक्टर मजिस्ट्रेट व पीठासीन अधिकारी चुनाव की तैयारी में जुट गये है। सकलडीहा सहित कुल 13 पीठासीन अधिकारी सहित पोलिंग प्रथम अधिकारी तैनात किया गया है। इसके अलाव रिर्जव में मजिस्ट्रेट की तैनाती की गयी है। वाराणसी खंड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन का मतदान मंगलवार को सुबह आठ बजे से होना है। इसको लेकर जिला प्रशासन की ओर से तैयारी शुरू कर दिया गया है। तहसील क्षेत्र के सकलडीहा विकास खंड पर बूथ संख्या 60, 61 और 62 पर स्नातक चुनाव के लिए तीन पीठासीन नि‍क्त किये गये है। वही बूथ संख्या 28 पर शिक्षक एमएलएसी के लिये एक अलग से पीठासीन अधिकारी नियुक्त किया गया है। वही धानापुर विकास खंड में कुल 63, 63अ, 64, 64अ पर स्नातक के लिए चार पीठासीन बनाये गये है। शिक्षक एमएलसी के लिए बूथ संख्या 29 एक पीठासीन नियुक्त किया गया है। चहनिया विकास खंड में स्नातक के लिये कुल बूथ संख्या 57, 58, 59 तीन–तीन और शिक्षक एमएलसी के लिये बूथ संख्या 27 एक पीठासीन अधिकारी नियुक्त किया गया है। इनके अलावा प्रथम पोलिंग अधिकारी, रिर्जव मजिस्ट्रेट और पुलिस फोर्स तैनात किया गया है। इस बाबत सेक्टर मजिस्ट्रेट अमित जायसवाल ने बताया कि एमएलएसी स्नातक व शिक्षक चुनाव के लिए तैयारी पूरी कर लिया गया है। इस मौके पर तहसीलदार डा. वंदना मिश्रा, नायब तहसीलदार बृजेश सिंह, प्रथम पोलिंग अफसर प्रमोद शर्मा, पीठासीन अधिकारी बजरंग बहादुर सिंह आदि रहे।

# मनरेगा में पांच माह में पांच अरब से अधिक खर्च

### सबसे अधिक कुदरहा ब्लॉक में खर्च हुआ 53.43 करोड़

### 51.87 करोड़ खर्च कर बनकटी रहा दूसरे स्थान पर

### तीसरे स्थान रहने वाले परसुरामपुर में खर्च हुआ 46.70 करोड़

**संवाददाता।** बस्ती

**जिले** में पिछले 21 माह में मनरेगा से पांच अरब 20 करोड़ 67 लाख से 1235 ग्राम पंचायतों में खर्च किए गए। धन खर्च करने की चर्चा लखनऊ से लेकर दिल्ली में हो रही है। इस मामले में 78 ग्राम पंचायत वाला ब्लॉक कुदरहा अव्वल रहा। यहां पर वर्ष 19–20 में 26.48 करोड़ और 20–21 के नौ माह में 26.95 करोड़ सहित कुल 53.43 करोड़ खर्च हुआ। आधे अरब से अधिक धन खर्च करने वाला बनकटी ब्लॉक दूसरे स्थान पर है।

19–20 में 20.69 करोड और पिछले नौ माह में 31.18 करोड़ खर्च किया। तीसरे स्थान पर 46.70 करोड़ खर्च करने वाला ब्लॉक परसुरामपुर रहा। बनकटी ब्लॉक के बाधापार, कडसरी और बेलसुई तीन ऐसी ग्राम पंचायतें हैं, जहां पर पिछले 21 माह में लगभग नौ करोड़ खर्च हुआ। इनमें एक–एक ग्राम पंचायतों ने लगभग तीन–तीन करोड़ खर्च किया। बावजूद न तो ब्लॉक और न ग्राम पंचायतें ही आदर्ष नहीं बन सकी। ग्राम पंचायतों और क्षेत्र पंचायतों ने कार्ययोजना बनाने में और उसकी मंजूरी देने से लेकर भुगतान करने में खूब दरियादिली दिखाई। मनरेगा के इसी धन ने प्रधानी के चुनाव को खर्चीला बना दिया, हर प्रधान उम्मीदवार चाहेंगे कि उसके पास बंगला और लक्जरी गाड़ी हो जाए। तनावपूर्ण माहौल में चुनाव होने की आषंका जताई जा रही है। हर आदमी प्रधानी पद हासिल करने के लिए अभी से कमर कस ली है। हर हाल में चुनाव जीतना उनका मकसद हो गया।

इतना धन खर्च होने के पीछे प्रधानों और कार्यक्रम अधिकारियों का दिमाग बताया जा रहा है, तभी तो एक–एक ग्राम पंचायतों में 19 माह में तीन–तीन करोड़ खर्च कर दिया है। कहा जा रहा है कि काम का दबाव जिस तरह षासन और प्रषासन स्तर पर बनाया गया, उससे कार्यो की गुणवत्ता तो खराब हुई है, अनियमितता भी बढ़ी है। कार्यक्रम अधिकारियों के द्वारा कार्ययोजना की मंजूरी से पहले सीधे सात फीसद का कमीषन का डिमांड करने के खुलासे के बाद योजना के मूल उदेष्य को धक्का लगा, और भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिला। कार्ययोजना की मंजूरी और भुगतान करने से पहले पीओ की ओर से स्थलीय निरीक्षण किया गया या नहीं? यह जांच का विषय है। दावा किया जारहा है कि भुगतान और वास्तविक कार्य में काफी असमानता है।

#### सबसे कम साउंघाट ने 17.79 करोड़ खर्च किया

मनरेगा साइट से मिले आकड़ों के मुताबिक सल्टौआ ने 21 माह में 40.32 करोड़, बहादुरपुर ने 39.16 करोड़, हर्रैया ने 32.81 करोड़, गौर ने 30.46 करोड़, रामनगर ने 26.52 करोड़, उपायुक्त मनरेगा के ब्लॉक दुबौलिया ने 25.85 करोड़, बस्ती ने 23.83 करोड़, रुधौली ने 22.48 करोड़, कप्तानगंज ने 20.21 करोड़, विक्रमजोत ने 18.95 करोड़ और साउंघाट ने 17.79 करोड़ सहित कुल पांच अरब बीस करोड़ 67 लाख खर्च हुआ।

# मानचित्र स्वीकृत कराने के लिए नहीं लगाना होगा बीडीए का चक्कर

### सरल हुई भवन मानचित्र स्वीकृत कराने की प्रक्रिया

### आनलाइन आवेदन के 15 दिन के भीतर स्वीकृत हो जाएगा मानचित्र

### बिना मानचित्र स्वीकृत कराए निर्माण कार्य होगा सील, लगेगा प्रतिदिन 25 सौ जुर्माना

**संवाददाता।** बस्ती

**बिना** बस्ती विकास प्राधिकरण से भवन मानचित्र स्वीकृत कराए निर्माण कराया जाना अवैध माना जाएगा। निर्माण को सील करने और ध्वस्तीकरण की कार्रवाई तक हो सकती है। इसके अलावा अवैध निर्माण पर प्रतिदिन 25 सौ रूपए के हिसाब से जुर्माना भी लग सकता है। बीडीए के अधिषासी अभियंता पंकज पाण्डेय ने बताया कि मानचित प्रक्रिया को सरकार द्वारा सरल कर दिया गया है। आनलाइन पोर्टल पर मानचित्र का आवेदन करने और सभी औपचारिकता पूर्ण करने के 15 दिन के भीतर मानचित्र स्वीकृत हो जाएगा। मानचित्र स्वीकृति प्रक्रिया के तहत भूखण्ड पर भवन निर्माण के लिए आवास बंधु से पंजीकृत आर्किटेक्ट से मानचित्र तैयार कराकर बेबसाइट पर अपलोड कराना होगा। भवन स्वामित्व प्रमाण पत्र देते हुए तैयार मानचित्र को अपलोड कराने के बाद निर्धारित शुल्क जमा करना होगा। बीडीए द्वारा मानचित्र स्वीकृत होने से पहले नगर पालिका, पीडब्लूडी, अर्बन सीलिंग, भूति अध्यप्ति, नजूल आदि विभागों से अनापत्ति प्राप्त करने के लिए पत्र जारी किया जाएगा। अनापत्ति, स्वामित्व सम्बन्धी शपथ पत्र बेबसाइट पर अपलोड होने के बाद मानचित्र प्राधिकरण के पोर्टल पर आ जाएगा। वांछित धनराषि जमा करने के उपरांत स्वीकृत मानचित्र वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है। मानचित्र पाने के लिए बीडीए कार्यालय आने की जरूरत नहीं है। स्वीकृत मानचित्र के अनुसार ही निर्माण कराना होगा।


उन्होने बताया कि बिना मानचित्र स्वीकृत कराए निर्माण होने की दशा में विहित प्राधिकारी कार्यालय में वाद दाखिल कर कारण बताओ नोटिस जारी की जाएगी। जवाब देने के लिए 15 दिन की समयावधि बीतने के बाद संतोषजनक जवाब न मिलने और निर्माण कार्य जारी रहन या मानचित्र स्वीकृत के लिए अपलोड नहीं करने पर अनुस्मारक जारी कर सात दिन का समय दिया जाएगा। इस अवधि में भी प्राधिकरण के नियम, निर्देशों का अनुपालन न करने पर सात दिन का और मौका दिया जाएगा। इसके उपरांत भी प्रक्रिया शुरू न करने पर निर्माण को प्राधिकरण द्वारा सील करने की कार्रवाई की जाएगी।

## बनने से पहले फिर ना बिखर जाए सड़क

**बाराबंकी।** सड़क बनने से पहले ही जनता सवाल उठा रही है कि जो सड़क बनने जा रही हैं उसका हश्र भी पिछली बार जैसा ना हो जाए क्योंकि तब भी हॉट मिक्स प्लांट से सड़कों का निर्माण कराया गया था लेकिन कुछ ही समय में सड़कें टूट कर बिखर गई थी इसी के साथ नगर पालिका प्रशासन की भी पोल खुलने लगी है यह मामला अब शहर में तूल पकड़ता जा रहा है। जी हां हम बात कर रहे हैं शहर की मुख्य सड़कों की जो एक बार फिर करोड़ों की लागत से बनने जा रही है आश्चर्य की बात यह है कि पूर्व में बनवाई गई सड़क एक बरसात भी नहीं झेल पाई थी कुछ ही समय में जगह–जगह टूट कर कर बिखर गई थी।

इस बात की पोल तब खुल गई थी जब विरोध में पुलिस लाइन वार्ड के नागरिकों ने जमकर प्रदर्शन किया था तथा जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर कार्यवाही की मांग की थी तब डीएम के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी संदीप गुप्ता ने भी जांच पड़ताल की थी तब सड़क की स्थिति देख स्वयं दांतो तले उंगली दबाने पर मजबूर हो गए थे।

# एसडीएम की पहल पर पटरी निर्माण कार्य शुरू



**संवाददाता।** सकलडीहा (चन्दौली)

**उपजिलाधिकारी** प्रदीप कुमार की पहल पर बीडीओ द्वारा तहसील मुख्यालय के समीप पटरी निर्माण कार्य शुरू करा दिया गया है। इससे तहसील में वाहनों के कारण लगने वाली जाम से काफी सहुलियत मिलेगी। करीब दो सौ मीटर लम्बी पटरी का निर्माण क्षेत्रपंचायत द्वारा कराया जा रहा है। लम्बे समय से तहसील मुख्यालय के समीप पटरी के अभाव में बरसात के दिनों में आवागमन के दौरान काफी दिक्कत होता था। यही नही कई वाहन पटरी के अभाव में धस जाने से जाम लग जाता था। वही दूसरी ओर पटरी के अभाव में वाहनों को खड़ा करने में काफी दिक्कत होती थी। एसडीएम प्रदीप कुमार ने समस्या को देखते हुए बीडीओ के माध्यम से क्षेत्रपंचायत से पटरी निर्माण कार्य शुरू करा दिया। पटरी निर्माण पूरा होने पर तहसील मुख्यालय आने जाने वालों को काफी राहत मिलेगी।

## शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने का मुकदमा दर्ज

**जौनपुर।** शादी का झांसा देकर एक युवती का शारीरिक शोषण करने के बाद मुकरने वाले एक युवक के खिलाफ कोर्ट के आदेश के बाद मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिए गए हैं। पवांरा थाना क्षेत्र की एक युवती ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि गांव के ही संदीप मौर्य शादी का झांसा देकर कई महीनों तक मुझसे शारीरिक संबंध बनाये। शादी का लगातार वादा करते रहे और बाद में शादी करने से मुकर गये। पीड़िता अपनी बात लेकर संदीप के घर गई तो परिवार के अमर बहादुर मौर्य, निर्मला देवी मौर्या, संतोष कुमार मौर्य प्रदीप कुमार मौर्य व कुलदीप कुमार मौर्य ने एक राय होकर मुझे गाली देते हुए मारा पीटा और जान से मारने की धमकी दी। कहा कि भाग जाओ नहीं तो जान से मार डालेंगे व जाति सूचक शब्दों का प्रयोग किया।

## किशोरियों को सांप–सीढ़ी के खेल से किया गया जागरूक



चकिया नौगढ़ **(चन्दौली)।** ग्राम्या संस्थान एवं एक साथ अभियान के द्वारा महिला हिंसा विरोधी पखवारा अभियान के अंतर्गत आज सोमवार को क्षेत्र के लालतापुर गांव में बच्चे एवं किशोरियों को एक साथ सांप सीढ़ी खेल के माध्यम से महिला हिंसा पर जागरूक किया गया। इस खेल के द्वारा यह बताया गया कि महिलाओं एवं किशोरियों के साथ कहां कहां हिंसा होती है एवं इसका निदान कैसे हो सकता है। उपस्थित लड़के एवं पुरुषों ने खेल के बाद परिचर्चा में कहा कि हम सभी अपने अपने घरों में बहनों को भी पढ़ने का मौका देंगे एवं किसी लड़की या महिला के साथ मारपीट गाली.गलौज नहीं करेंगे। इस दौरान त्रिभुवन, रामबली, रामविलास, श्रीराम, शिवानंद, अमित, बबीता, सोनम, मंजू, शशि कला आदि लोग मौजूद रहे।

## कथा श्रवण मात्र से मिलते हैं सहश्र पुण्य: अरुणजी

लालगंज **(प्रतापगढ़)।** मनीपुर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में सोमवार को कथाव्यास पंडित अरुण त्रिपाठी जी महाराज के मुखारविंद से भागवत कथा के रास चित्रण के बाद कान्हा रुक्मणी विवाह का विस्तृत मनमोहक चरित्र चित्रण किया।

उन्होने कहा कि भागवत कथा के श्रवण मात्र से मनुष्य कलियुग के कलिकाल मे सहश्र पुण्य का स्वयं भागीदार हो जाया करता है। उन्होने कहा कि ईश्वर के प्रति आराधना मे भक्त को कुछ मांगना नही पड़ता, भगवान स्वयं उसकी आवश्यकता के शाश्वत पोषक हुआ करते है।

आचार्य अरुण त्रिपाठी जी ने कहा कि ज्ञान की सरस्वती एक ऐसी प्रवाहमान गंगा है जिसमे गोते लगाने पर जीवन का समस्त लौकिक सुख भी स्वयं मानव जीवन को उसकी दशा तथा दिशा संवार दिया करता है।

# हर्षोउल्लास के साथ मना जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी का स्थापना दिवस

**संवाददाता।** बाराबंकी

**जनसत्ता** दल लोकतांत्रिक पार्टी का सोमवार का समारोह आयोजित कर द्वितीय स्थापना दिवस धूमधाम के साथ मनया गया। इस अवसर पर काव्यगोष्ठी का आयोजन किया गया। लखपेड़ाबग स्थित एक लान में आयोजित समारोह जिला अध्यक्ष कुंवर भूपेंद्र सिंह ने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया के निर्देश पर आज हम सब यहां पर एकत्रित हुए हैं और हम पार्टी के स्थापना दिवस को जनसेवा संकल्प दिवस के रूप में मना रहे और यह संकल्प ले रहे हैं कि पार्टी का प्रत्येक पदाधिकारी प्रतिदिन कम से कम पांच सदस्य अवश्य बनाएगा और यदि हम ऐसा कर ले गए तो बहुत जल्द वह दिन आएगा जब प्रदेश में जनसत्ता दल की सरकार होगी और राजा भैया प्रदेश के मुख्यमंत्री होंगे और हम सबका सपना साकार होगा। प्रधान महासचिव मनोज सिंह एडवोकेट ने कहा कि आज चारों ओर जनसत्ता पार्टी का परचम लहरा रहा है और पार्टी के पदाधिकारियों के पार्टी के प्रति निष्ठा एवं लगन के कारण जनसत्ता दल बहुत तेजी से अपना विस्तार कर रही है जिसको देखकर हम यह आशा करते हैं कि आने वाले दिनों में प्रदेश में जनसत्ता दल की सरकार होगी और सबसे निचले पायदान के व्यक्ति को न्याय मिलेगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से आईपी सिंह, विजय प्रताप सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष इंद्र प्रकाश सिंह, आदित्य नारायन जायसवाल आदि मौजूद रहे।

# सकलडीहा राजवाहा की टूटी रेलिंग दे रही दुर्घटना को दावत

**सकलडीहा (चन्दौली)** (सं.)। तहसील वाया ब्लॉक मार्ग पर सकलडीहा राजवाहा की रेलिंग बीते एक माह से टूटी है। शिकायत के बाद भी सिंचाई विभाग के अधिकारी कोरमपूर्ति कर रहे है। आये दिन वाहन चालकों के राजवाहा में गिरकर चोटिल होने से ग्रामीणों में आक्रोश है। जिला प्रशासन से टूटी रेलिंग की निर्माण कराने की मांग उठाया है।



ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सिंचाई विभाग के अधिकारी और ठेकेदार सिर्फकागजों पर राजवाहा की साफ सफाई और सिल्ट निकालते है। विडम्बना है कि बीते एक माह से तहसील वाया ब्लॉक मार्ग पर सकलडीहा राजवाहा की रेलिंग टूटी है। जिसके कारण रात विरात लोग गिरकर चोटिल हो रहे है। लेकिन विभाग रेलिंग की रंग रोगन कराकर सिर्फ खानापूर्ति कर लिया। लेकिन टूटी रेलिंग की मरम्मत के नाम पर मौन साधे हुए है। सपा नेता सेचन सिंह यादव, केशव राजभर, जवाहिर चौरसिया, मुन्नी लाल यादव आदि ग्रामीणों ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों की कोरमपूर्ति पर नाराजगी जताते हुए टूटी रेंलिंग की मरम्मत कराने की मांग उठाया है। चेताया कि शीध्र टूटी रेलिंग की मरम्मत नही हुआ तो मार्ग को पूर्ण रूप से अवरूद्ध कर दिया जायेगा। उधर एसडीएम प्रदीप कुमार ने बताया कि सिंचाई विभाग को अवगत कराते हुए टूटी रेलिंग की मरम्मत कराया जायेगा।

## पिकअप ने आटो में मारी टक्कर, आधा दर्जन घायल

**खेतासराय (जौनपुर)।** नगर के जोगियाना मोहल्ला के पास सोमवार की सुबह पिकअप के धक्के से सवारियों से भरी आटो नाली में चली गयी। जिससे पांच महिला सहित सात लोग घायल हो गए। घायलों को राहगीरों की मदद से एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं घटना के बाद पिकअप समेत चालक फरार हो गया। जानकारी के मुताबिक खेतासराय–शाहगंज मुख्य पर शाहगंज से सवारी लेकर एक आटो खेतासराय की तरफ आ रहा था।

तभी नगर के जोगियाना मोहल्ला के पास पीछे से आ रही तेज गति से अनियंत्रित पिकअप ने आटो में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे आटो क्षतिग्रस्त होकर सड़क के बगल स्थित नाली में चला गया। जिसमें बिलारमऊ निवासी पूजा, सोना, प्रमिला, राजू,सोना, मनेछा निवासी ऑटो चालक अब्दुल्ला घायल हो गए।

# देवरिया के पिता–पुत्रियों ने सिल्वर व कांस्य पदक जीते

### प्रथम वर्चुअल नेशनल स्टैंप डाक टिकट प्रदर्शनी

**संवाददाता।** देवरिया



**देवरिया** के हिमांशु कुमार सिंह व उनकी बेटियों ने प्रथम वर्चुअल नेशनल स्टैंडर्ड टिकट प्रदर्शनी में सिल्वर और कांस्य पदक जीतकर देवरिया का नाम रोशन किया है।

एक छोटा सा कागज का टुकड़ा सिर्फएक टुकड़ा है नहीं बल्कि अपने आप में इतिहास और संस्कृति को अपने अंदर बांधे कर रखता है एक डाक टिकट किसी भी देश का एक नया राजदूत है जो उस देश का इतिहास सभ्यता संस्कृति और विरासत की पूरी कहानी समेटे रखता है यह कहना है छोटे से डाक टिकट को संजो कर रखने वाले हिमांशु कुमार सिंह का जिन्होंने पिछले महीने 10 से 23 अक्टूबर तक आयोजित प्रथम वर्चुअल नेशनल ऑनलाइन कलेक्ट्री डाक टिकट प्रदर्शनी जो कि पुणे में आयोजित हुई जिसमें दो प्रकार के साथ भाग लिया, जिसमें उन्होंने रजत पदक और कांस्य पदक प्रथम बार में प्राप्त किया। हिमांशु कुमार सिंह ईमेटिक वर्ग में रोटरी इंटरनेशनल सीरियल एटम एवं सेल्फ के 5 प्रेम में 70 अंक प्राप्त कर सिल्वर पदक प्राप्त किया तथा साथ ही साथ गांधी, मिलेनियम ऑफद मिलेनियम की 5 प्रेम लगाएं, जिसमें 64 अंक के साथ कांस्य पदक प्राप्त किया यह प्रदर्शनी के जूनियर वर्ग में उनकी सुपुत्री मेघाली स्वर्णकार ने भी जंगे आजादी पर तीन प्रेम लगाएं और 65 अंकों के साथ सिल्वर कांस्य पदक प्राप्त किया जबकि दूसरी पुत्री मुद्रिका शराब ने भी गांधी ए मैन वास फ्रॉम बिग बॉस 150 ईयर्स पर तीन प्रेम लगाएं उन्हें भी सिल्वर पदक प्राप्त हुआ। ओप्पो प्रदर्शनी इंटरनेशनल कलेक्शन सोसाइटी ऑफ वेज आइटम्स पुणे द्वारा आयोजित की गई थी अंतरराष्ट्रीय प्रतिभागी के साथ लगभग 800 प्रेम प्रदर्शित किए गए थे।

हिमांशु कुमार सिंह लगभग 25 वर्षों से डाक टिकट का संग्रह करके रखे हैं और इससे पूर्व जिले स्तर राज्य स्तर और राष्ट्रीय स्तर और अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनों में भाग लेते रहे।

डाक टिकट संजों कर रखने वाले फिलैंटलिस्ट हिमांशु कुमार सिंह ने पूना में 19 से 23 अक्टूबर तक आयोजित प्रथम वर्चुअल नेशनल आन लाइन फिलैटली डाक टिकट प्रदर्शनी में प्रतिभाग किया।

उन्होंने रोटरी इंटरनेशनल सर्विस व नव सेल्फके पांच फ्रेम में 70 अंक के साथ सिल्वर पदक प्राप्त किया। गांधी एक मैन आफ द मिलेनियम के पांच फ्रेम लगाए। जिसमें 64 अंकों के साथ कांस्य पदक प्राप्त किया। इसी प्रदर्शनी के जूनियर वर्ग में मेघाली स्वर्णकार ने जंग ए आजादी पर तीन फ्रेम लगाए और 65 अंकों के साथ सिल्वर व ब्रांज पदक प्राप्त किया। मुद्रिका सर्राफने गांधी एक मैन वाज बर्न बिफोर 150 इयर पर तीन फ्रेम लगाया। जिसमें उन्हें भी सिल्वर पदक प्राप्त हुआ। ये प्रदर्श इंटरनेशनल कलेक्टर्स सोसाइटी आफ रेयर आईटम्स पूणे ने आयोजित किया था। इस दौरान 800 फ्रेम प्रदर्शित किए गए।

# गोरखपुर-फैजाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन को संपन्न कराने के लिए पोलिंग पार्टियां हुईं रवाना

संवाददाता। अमेठी

● एक दिसंबर को प्रातः 8:00 से 5:00 बजे तक होगा मतदान

● नौ मतदान केंद्रों पर 1542 मतदाता आज करेंगे मतदान

**उत्तर प्रदेश** राज्य विधान परिषद गोरखपुर-फैजाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन-2020 का मतदान 01 दिसंबर को प्रातः 8:00 से 5: 00 के मध्य होगा। जिसको लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी अरुण कुमार ने आज कलेक्ट्रेट परिसर से पोलिंग पार्टियों को रवाना किया। जिलाधिकारी ने बताया कि गोरखपुर फैजाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, सकुशल संपन्न कराने के लिए जनपद में 9 मतदान स्थल बनाए गए हैं जिसमें तहसील गौरीगंज व अमेठी विकासखंड बहादुरपुर, सिंहपुर, जगदीशपुर, मुसाफिरखाना, जामो, भादर तथा पशुपति नाथ इंटर कॉलेज तिलोई को मतदेय स्थल बनाया गया है। जिसके लिए आज 9 पोलिंग पार्टियों को कलेक्ट्रेट से रवाना किया गया हैए इसके साथ ही 3 पोलिंग पार्टियों को रिजर्व में रखा गया है। जिलाधिकारी ने बताया कि मतदान को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए दो सुपर जोनलए 4 जोनलए 9 सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं। जिलाधिकारी ने निर्वाचन कार्य में लगे सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्वाचन शांतिपूर्ण व सकुशल संपन्न कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी/कर्मचारी अपने-अपने दायित्वों का पूर्ण रूप से निर्वहन करेंगे। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी साथ ही लापरवाही करने वाले अधिकारी/कर्मचारी के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान जिलाधिकारी ने तहसील गौरीगंज स्थित मतदान केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान केंद्र पर बैरिकेडिंग, सीसीटीवी कैमरा, बिजली सहित अन्य व्यवस्थाओं को पूर्व में ही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, इसके साथ ही जिलाधिकारी ने सभी मतदान केंद्रों पर कोविड-19 के दृष्टिगत कोविड हेल्प डेस्क स्थापित करने तथा मतदान केंद्र पर मास्क, सैनिटाइजर, पीपीई किटए थर्मल स्कैनर सहित अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने जनपद स्तर पर स्थापित कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने कंट्रोल रूम में शिफ्टवार कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि निर्वाचन से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या अथवा सुझाव के लिए कंट्रोल रूम नंबर 05368.244355 अथवा मोबाइल नंबर 9454418098 पर संपर्क किया जा सकता है। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी डॉ अंकुर लाठरए अपर जिलाधिकारी वंदिता श्रीवास्तवए परियोजना निदेशक आशुतोष दुबेए उप जिलाधिकारी गौरीगंज संजीव कुमार मौर्यए तहसीलदार गौरीगंज घनश्याम भारती सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।



उप जिला निर्वाचन अधिकारी वंदिता श्रीवास्तव ने अवगत कराया है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार उप्र विधान परिषद के गोरखपुर-फैजाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के द्विवार्षिक निर्वाचन-2020 हेतु मंगलवार को मतदान सम्पन्न होने के पश्चात शील्ड मत पेटिकायें मजिस्ट्रेट की अभिरक्षा में जनपद अमेठी से सुल्तानपुर वाया अयोध्या (फैजाबाद) वाया बस्ती वाया संतकबीर नगर, वाया गोरखपुर ले जायी जायेंगी।

## लखनऊ खण्ड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन-2020 को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराने के लिए डीएम ने लिया जायजा

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद के लखनऊ खण्ड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के द्विवार्षिक निर्वाचन-2020 के मतदान दिनांक 01 दिसम्बर को सकुशल, शान्तिपूर्ण, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं निर्विघ्न रूप से सम्पन्न कराने हेतु जिलाधिकारी डा0 रूपेश कुमार ने पोलिंग पार्टियों के रवानगी स्थल राजकीय इण्टर कालेज का निरन्तर भ्रमणशील रहकर जायजा लेते रहे। जिलाधिकारी ने बताया कि लखनऊ खण्ड स्नातक एवं शिक्षक के निर्वाचन को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं सकुशल सम्पन्न कराने हेतु जनपद में 19 मतदान केन्द्र बनाये गये है जिसमें राजकीय इण्टर कालेज प्रतापगढ़, तहसील सदर अन्तर्गत न्यायालय नायब तहसीलदार गड़वारा तथा 17 विकास खण्ड जिसमें ब्लाक सदर, सण्डवा चन्द्रिका, मानधाता, पट्टी, आसपुर देवसरा, मंगरौरा, शिवगढ़, बाबा बेलखरनाथधाम, गौरा, लालगंज, रामपुर संग्रामगढ़, सांगीपुर, लक्ष्मणपुर, कालाकांकर, कुण्डा, बाबागंज एवं बिहार को मतदान केन्द्र बनाया गया है। लखनऊ खण्ड स्नातक एवं शिक्षक के निर्वाचन हेतु राजकीय इण्टर कालेज से 62 पोलिंग पार्टियो को रवाना किया गया है इसके साथ ही 07 पोलिंग पार्टियों को रिजर्व में रखा गया है। जिलाधिकारी ने निर्वाचन कार्य में लगे सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्वाचन शांतिपूर्ण व सकुशल सम्पन्न कराने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि सभी अधिकारी/कर्मचारी अपने-अपने दायित्वों का पूर्ण रूप से निर्वहन करेंगे, इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नही की जायेगी। जिलाधिकारी ने बताया कि 19 मतदान केन्द्रों पर लखनऊ खण्ड स्नातक के 37201 मतदाता एवं शिक्षक के 5569 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगें। निर्वाचन से सम्बन्धित किसी भी प्रकार की समस्या अथवा सुझाव के लिये कन्ट्रोल रूम नम्बर 05342-220431 पर सम्पर्क किया जा सकता है। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) शत्रोहन वैश्य, मुख्य राजस्व अधिकारी इन्द्र भूषण वर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## शिक्षक निर्वाचन आज

**बाराबंकी।** लखनऊ खंड स्नातक निर्वाचन व शिक्षक निर्वाचन के लिए सोमवार को राजकीय इंटर कालेज के मैदान से पोलिंग पार्टीया रवाना कर दी गयी है। इसके एक दिन पहले ही इसकी तैयारियां पूरी कर ली गई। चुनाव को सकुशल व पारदर्शी तरीके से कराने के टिप्स डीएम डॉण् आदर्श सिंह व एसपी डॉण् अरविंद चतुर्वेदी ने सभी जोनसेक्टरस्टेटिक व पुलिस अधिकारियों को दिए।विदित हो कि जिले में लखनऊ खंड स्नातक निर्वाचन चुनाव में 31158 मतदाता तथा शिक्षक निर्वाचन में 3172 मतदाता अपने मतों का प्रयोग करेंगे। जिले के इंटर कॉलेजनगर पंचायतोंखंड विकास कार्यालयों व तहसील कार्यालय में पोलिंग स्टेशन बनाए गए हैं। कोविड.19 के संक्रमण से बचाव के लिए सोशल डिस्टेंसिंग का पालन होइसके लिए स्नातक के मतदान को लेकर 13 पोलिंग स्टेशनों पर 39 मतदेय स्थल बनाए गए हैं।वहीं शिक्षक निर्वाचन के मतदान को लेकर 10 पोलिंग स्टेशन बनाए गए हैं।

## सड़क हादसे में दंपति की मौत, बेटा व बेटी घायल

**बाराबंकी।** सोमवार की सुबह लखनऊ-सुल्तानपुर मार्ग परतब एक भीषण हादसा सड़क हादसा हो गया जब अनियंत्रित कार खड़ी डीसीएम में पीछे से घुस गई। इस हादसे में कार के परखच्चे उड़ गए तथा कार सवार दंपति की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। कार में सवार दंपति के पुत्र समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हैं जिन्हें ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर किया गया।

कानपुर शहर निवासी इंद्रजीत शुक्ला (55) अपनी पत्नी गीता शुक्ला बेटे शिवम व लड़की खुशी को लेकर किसी समारोह में शामिल होने के लिए अपने मूल निवास ग्राम सुलियाना जनपद सुल्तानपुर जा रहे थे। कोतवाली हैदरगढ़ के खरसतिया गांव के समीप सुबह छह बजे कार सड़क के किनारे खड़ी एक डीसीएम में पीछे से जाकर घुस गई। दुर्घटना में कार के परखच्चे उड़ गए। इसमें कार चला रहे इंद्रजीत शुक्ला व ड्राइविंग सीट के पीछे बैठी उनकी पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई। कार पर सवार इन्द्रजीत के पुत्र शिवम व खुशी (20) घायल हो गई। मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। घायलों को सीएचसी हैदरगढ़ भेजा। सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की हालत गंभीर देख उन्हें ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया।

# गुरु नानक का जन्म दिवस मनाया गया

● लोगों ने अपने-अपने घरों में मनाई गुरु नानक की जयन्ती

**जगदीशपुर, अमेठी।** सिखों के मसीहा गुरु नानक जी का जन्म दिवस पूर्व वर्षों की अपेक्षा इस बार लोगों ने अपने अपने घरों में सोशल डिस्टेंस का ख्याल रखते हुए धूम धाम से मनाया।

जगदीशपुर विकास खंड के अंतर्गत विभिन्न स्थानो पर सिख समुदाय के लोगों ने सरकार द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए अपने अपने घरों में ही रहकर गुरू नानक देव का जन्म दिवस हर्षो उल्लास के साथ मनाया ।जहाँ पूर्व वर्षों में इस दिन सैकड़ों श्रद्धालु गुरुद्वारे में मत्था टेक कर गुरु नानक का आशीर्वाद प्राप्त करते थे वहीं इस बार सिख समुदाय के लोगों ने घरों में ही रहकर इस पर्व को मनाया। इस दिन सिख धर्म के लोग घरो में ही इस पर्व पर सत्संग का आयोजन कर और गुरु नानक की शिक्षाओं व उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए उन्हे याद किया और अपने अपने घरों में अखंड पाठ भी कराया ।गुरु नानक की जयन्ती हर वर्ष कार्तिक मास की पूर्णिमा को मनाई जाती है ।इसको गुरु पर्व या प्रकाश पर्व के नाम से भी जाना जाता है। गुरु नानक देव सिख धर्म के संस्थापक और सिखों के पहले गुरु भी हैं। गुरू नानक देव बचपन से ही सत्संग और चिंतन में लगे रहे उन्होंने अपना पूरा जीवन लोगों के हित के लिए पूरा जीवन समर्पित कर दिया। उनकी शिक्षाए लोगों के लिए सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती हैं। वह घूम घूम कर लोगो को सत्य मार्ग पर चलने का उपदेश देते थे और उनका कहना था कि ईश्वर हमारे अंदर है।

# कार्तिक पूर्णिमा पर हुआ तुलसी पूजन

संवाददाता। लालगंज, प्रतापगढ़

**कार्तिक पूर्णिमा** पर श्रद्धालुओं को मंदिरो मे दर्शन पूजन कर देव दीवाली पर सुख शांति की कामना करते देखा गया। वहीं घर घर के आंगन मे कार्तिक पूर्णिमा पर प्रातः बेला मे तुलसी पूजन भी किया गया। श्रद्धालु महिलाओं ने मां तुलसी को अक्षत पुष्प समर्पित करते हुए दीप जलाये। महिलाओं व बच्चो ने तुलसी की आरती उतारी तथा प्रसाद वितरण किये। पौराणिक स्थली बाबा घुइसरनाथ धाम, बूढेश्वर नाथ, नगर के हरिहरमंदिरम्, इनहन भवानी समेत विभिन्न मंदिरो मे तुलसी पूजन के आयोजन हुये। हालांकि कोरोना के कारण इस बार लालगंज का कार्तिक पूर्णिमा का परम्परागत मेला नही लग सका।

# प्रेम त्रिकोण में हुई थी युवती की हत्या

● पुलिस ने एक युवती सहित तीन हत्यारोपियों को आलाकत्ल के साथ किया गिरफ्तार

**बाराबंकी।** रामनगर थानाक्षेत्र में हुई युवती की हत्या उसके कथित प्रेमी ने प्रेमिका के कहने पर मिलकर की थी, पुलिस ने हत्या में शामिल तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर इसका खुलासा किया है। सोमवारको पुलिस अधीक्षक डॉ अरविंद चतुर्वेदी ने पुलिस लाइन सभागार में बतायाकि गत दिनों युवती अमिता की हत्याकर उसकी लाश बोरें में भरकर सड़क किनारे फेंक दी गयी थी, घटना का खुलासा करने के लिए तीन थानो की पुलिस लगाई गयी थी जिसमे स्थानीय पुलिस के अलावा मोहम्मदपुर खाला एवं फ्तेहपुर पुलिस की टीम गठित की गयी। पुलिस अधीक्षक नेबताया कि प्रभारी निरीक्षक रामनगर रामचंद्र सरोज के नेतृत्व में गठित टीम ने साक्ष्य संकलन कर अभिसूचना विकसित करते हुए सोमवारको हत्यारोपी अतीक पुत्र अजीज राइन, गौरीशंकर पुत्र पुत्तू लाल व गौरी शंकर की बेटी वंदना को आलाकत्ल बांके के साथ मृतका के खून लगे कपड़े जो हत्या करने के दौरान अतीक व वंदना ने पहन रखे थेबरामद हुए है। यह भी बताया कि हत्या का मुख्यारोपी अतीक लखनऊ में वेल्डिंग का काम करता था और दिवाली के बाद से गांव में ही मौजूद था उसने अपना एक मोबाइल लखनऊ में रखा हुआ था जिससे पुलिस भ्रमित होकर खुलासा जल्द न कर सके वही अतीक ने एक मोबाइल अपने पास भी रखा था जिसके कॉल डिटेल व डिजिटल साक्ष्य से पुलिस ने अतीक राइन,वंदना उसके पिता गौरीशंकर को धर दबोचा और इस जघन्य हत्याकांड का खुलासा कर दिया और बताया कि अमिता को मारने के बाद वंदना के पिता गौरीशंकर ने गुस्से में आकर बेटी को बुरा भला कहकर फ्टकार लगाई और उसके शव को एक प्लास्टिक की बोरी में भरकर गांव से कुछ दूरी स्थित दूसरे गांव गौराचक में खेत फेंककर फ्रार हो गया था और ग्रामीणों की सूचना के बाद पुलिस अधीक्षक डॉ अरविंद चतुर्वेदी,अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी आरएस गौतम सीओ रामनगर दिनेश दूबे ने घटनास्थल का निरीक्षण किया था उसके बाद ही पुलिस टीमो का गठन किया गया था।

## क्विक न्यूज

### पेड़ से लटका मिला युवक का शव

**अमेठी।** जिले में पीपरपुर थाना क्षेत्र के पटखौली रामचंद्रपुर गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक का शव पेड़ से लटका मिला। युवक के परिजनों ने हत्या की आशंका जतायी है। थाना प्रभारी प्रवीण सिंह ने बताया कि महेंद्र यादव (25) का शव उसके घर से लगभग 100 मीटर दूर बाग में पेड़ से लटका मिला। उसके परिजनों ने हत्या की आशंका जाहिर की है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि जांच के लिए फोरेंसिक टीम बुलाई गई है और घटना की हर पहलू से जांच की जायेगी।

### संदिग्ध परिस्थितियों में मिला युवक का शव

**जगदीशपुर, अमेठी।** आज सुबह संदिग्ध परिस्थितियों के पंचायत भवन के अंदर युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। जगदीशपुर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत पूरे रूदी लाल निवासी शुभम पुत्र हरिश्चंद उम्र लगभग 24 वर्ष का शव गाँव के किनारे स्थित पंचायत भवन में संदिग्ध परिस्थियों में पाया गया ।जानकारी होने पर परिजन मौके पर पहुचे तो बिस्तर में युवक दम तोड़ चुका था वहीं ग्रामीणों की माने तो गांव में एक बारात आई थी जो पंचायत भवन के निकट लगे पंडाल में रुकी थी जहाँ युवक बारातियो के स्वागत सत्कार में लगा हुआ था ।

### दुर्घटना में युवक की मौत

**लालगंज, प्रतापगढ़।** अनियंत्रित बाइक के खड़ी कार मे टकरा जाने से युवक की दर्दनाक मौत हो गयी। कोतवाली नगर के रामदुलार मौर्य का पुत्र शैलेश मौर्य 32 रविवार को लालगंज किसी कार्यक्रम मे शामिल होने आया था। देर रात वह बाइक से प्रतापगढ़ सिटी घर वापस जा रहा था। लीलापुर चौकी के समीप बाइक अनियंत्रित होकर नेशनल हाइवे के किनारे खडी एक कार मे टकरा गई। दुघर्टना मे शैलेश की दर्दनाक मौत हो गयी। सूचना मिलने पर चौकी इंचार्ज बीडी राय मौके पर पहुंचे तथा गंभीर रूप से घायल युवक को जिला अस्तपाल भेजवाया। वहां चिकित्सको ने युवक को मृत घोषित कर दिया।

### खड़ी कार से टकराई बाइक, पेंटर की मौत

**प्रतापगढ़।** शादी समारोह में शामिल होकर घर जा रहे पेंटर की बाइक बेकाबू होकर हाईवे किनारे खड़ी कार से टकरा गई। पेंटर गंभीर रूप से घायल हो गया। अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। नगर कोतवाली थाना क्षेत्र के सिटी कस्बा स्थित कजियाना टोला निवासी शैलेश मौर्य (32) पेंटिंग का काम करता था। रविवार को लालगंज में आयोजित शादी समारोह में आया था। उसमें शामिल होने के बाद आधी रात वह अपनी बाइक से लौट रहा था। रास्ते में लीलापुर चौकी के समीप शैलेश की बाइक अनियंत्रित होकर नेशनल हाईवे के किनारे खड़ी एक कार से टकरा गई। वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने उसे जिला अस्पतालल भेजवाया। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### शहर में संचालित 39 डेयरी संचालकों पर शिकंजा

**प्रतापगढ़।** शहर में डेयरी संचालन पर नगर पालिका प्रशासन ने सख्त कदम उठाया है। स्वच्छता व पर्यावरण का हवाला देते हुए डेयरी संचालकों को नोटिस भेजा गया है। इसमें महीनेभर का समय देते हुए शहरी क्षेत्र से डेयरी हटाने का निर्देश दिया गया है। शहर के अलग-अलग मोहल्लों में कुल 39 डेयरी संचालित हैं। इससे अगल-बगल रहने वाले परिवारों को गंदगी से जूझना पड़ता है। कई मोहल्ले वालों ने नगर पालिका में शिकायत दर्ज कराई। जब पालिका प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया तो लोगों ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर ऑनलाइन इसकी शिकायत कर दी। शासन स्तर से कार्रवाई का निर्देश मिलने पर नगर पालिका प्रशासन ने डेयरी संचालकों को नोटिस जारी कर एक महीने के अंदर शहरी क्षेत्र से डेयरी हटाने का निर्देश दिया है।

**एक महीने बाद पालिका करेगी कार्रवाई:** एक महीने के अंदर शहरी क्षेत्र में संचालित डेयरी नहीं हटाने पर नगर पालिका प्रशासन की ओर से संचालकों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की जाएगी। इसके तहत संचालकों पर एफआईआर कराने के साथ जुर्माना भी वसूल किया जाएगा।

### करेंट से मरे युवक की हुई शिनाख्त, कराया गया पोस्टमार्टम

**बाराबंकी।** बीते रविवार की शाम को मालगाड़ी के ऊपर चढ़कर सेल्फी लेने केचक्कर में हुई युवक की दर्दनाक मौत के मामले में सोमवार को उसकी शिनाख्त हो गयी जिसके बाद पुलिस ने पोस्टमार्टम करया है। बताते चलें कि तहसील फ्तेहपुर स्थित रेलवे स्टेशन पर महीनों से खड़ी मालगाड़ी में लगे सीरे के टैंकर के ऊपररविवार की शाम एक युवक को तब महंगा पड़ा था जब वह सेल्फी लेने के लिए स्थानीय रेलवें स्टेशन पर महीनों से खड़ी मालगाड़ी में लगें सीरे के टैंकर के ऊपरखड़े होकर सेल्फी लेनेलगा था तबही हाइटेंशन लाइन की चपेट में आकर उसकी मौत हो गयी थी। सोमवार उक्त अज्ञात युवकसलाहुद्दीन;18द्ध पुत्र मोहम्मद इस्लाम निवासी मोहल्ला ब्राह्मणी वार्ड कस्बा व थाना फ्तेहपुर के रूप मेंकी गयी है, जिसके पश्चात पुलिस ने उक्त युवक के शव को पोस्टमार्टम करया है। उसके बाद परिजनों की मौजूदगी में कराया गया झुलसे मृत युवक के शव पोस्टमार्टम।

### चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार

**बाराबंकी।**मसौली पुलिस ने एक चोरी की मोटरसाइकिल के साथ शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। विवरण के अनुसार पुलिस अधीक्षक डॉ अरविंद चतुर्वेदी के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियों के धरपकड़ अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक विजेंद्र प्रसाद शर्मा के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर थानाक्षेत्र के ही बड़ागांव मोड़ से गिरफ्तार किया है उसकी पहचान अम्बिका गौतम पुत्र राम सरन गौतम निवासी भुलीगंज थाना व कस्बा मसौली को चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

### जियापुर कांड के मुख्य आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**तिलोई,अमेठी।** शिवरतनगंज थाना क्षेत्र के जियापुर कांड के मुख्य आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। ज्ञात हो कि बीते बीस नवंबर को जियापुर गांव की रहने वाली बालिका शहनूर बानो ने गांव के ही शोहदों से जबरन शादी करने का दबाव बनाने के कारण तेल छिडक कर आग लगा ली थी जिसकी 27 नवंबर को लखनऊ में उपचार के दौरान मौत हो गई थी।मृतका के भाई मुजीब अहमद ने गांव के ही चार लोगों को नामजद किया था।पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए दो अभियुक्तों को बालिका की मौत के दूसरे दिन ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था ।घटना के मुख्य अभियुक्त जसीम उर्फ बल्लू पुत्र मो0नईम को पुलिस ने सोमवार को इन्हौना तिलोई मोड़ से उस समय गिरफ्तार किया जब वह कहीं भागने की फिराक में था। थानाध्यक्ष शिवरतनगंज इंस्पेक्टर धीरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि जियापुर कांड के मुख्य अभियुक्त को गिरफ्तार कर सम्बंधित धाराओं में जेल भेज दिया गया है।अभी एक आरोपी आशिक फ्रार चल रहा है जिसके लिए टीम गठित कर दी गयी है। शीघ्र ही वह सलाखों के पीछे होगा।

# यातायात माह का हुआ समापन

संवाददाता। गौरीगंज, अमेठी



**आज यातायात** माह के अन्तिम दिवस पर यातायात पुलिस द्वारा यातायात जागरूकता मिशन शक्ति अभियान के दौरान यातायात जागरूकता रैली निकाली गयी जो पुलिस कार्यालय से प्रारंभ होकर गौरीगंज कस्बे में हनुमान तिराहा से सब्जी मंडी तिराहा से मुसाफिरखाना तिराहा होते हुए टिकरिया बाईपास से महिला थाना होते हुए दुर्गा मंदिर तिराहा से स्टेशन चौराहे से होकर पुलिस कार्यालय पर आकर समाप्त हुयीए इस दौरान व्यवसायिक वाहनों पर ज्यादा सवारी बैठाने वाले टैम्पो, आटो, ई.रिक्शा व बसों आदि की चेकिंग की गई जिसमें चालक परिचालक व बैठे हुए लोगों से सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए कोरोना के गाइडलाइन का पालन करने हेतु हिदायत की गई तथा उनको यातायात जागरूकता व शिमशन शक्तिश् के संबंध में जानकारी देते हुए पंपलेट वितरित किए गए एवं आम जनता को यातायात के नियम पालन करने व मिशन शक्ति् के अन्तर्गत थानों पर स्थापित श्महिला हेल्प डेस्क व शिकायत पेटिका के संबन्ध में जानकारी दी गयी। विशेषकर स्पीड रडार से तेज गति से चलने वाले वाहन चेक किए गए एवं शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों की ब्रेथ एनालाइजर से चेकिंग की गयी । यातायात नियमों से संबंधित व मिशन शक्ति से संबंधित बैनर व पोस्टर लगवाए गए स्टीकर चिपकाए गए तथा आम जनता के लोगों को पंपलेट देकर जानकारी दी गयी बिना हेलमेट लगाकर वाहन चलाने वालों को हेलमेट लगवाए गए तथा बिना सीट बेल्ट लगाए वाहन चलाने वालों को सीट बेल्ट लगवाई गई साथ ही साथ शीत ऋतु में पड़नें वाले कोहरे से होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु वाहनों में रेट्रोरिफ्लेक्टर टेप लगवाए गए ही साथ ही वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने हेतु निवेदन भी किया गया वहीं यातायात चेकिंग अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 152 वाहनों का चालान किया गया जिसमें कुल 1,81,000 का जुर्माना योजित किया गया।

# यातायात समापन माह पर शहर में निकाली गई चेतना रैली


चेतना रैली निकालते जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक एवं प्रतिभागी छात्र-छात्राएं

**बाराबंकी।** यातायात माह नवम्बर 2020 के समापन अवसर पर सोमवार को यातायात चेतना रैली का आयोजन किया गया। यातायात चेतना रैली पीएसी बैंड के साथ के0डी0 सिंह बाबू स्टेडियम से प्रारम्भ होकर कोतवाली नगर होते हुए पुलिस लाइन ग्राउंड में समाप्त हुई । इस रैली को जिलाधिकारी डॉ. आदर्श सिंह व पुलिस अधीक्षक डॉ. अरविन्द चतुर्वेदी द्वारा संयुक्त रुप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। तत्पश्चात रैली शहर के विभिन्न मार्गों पर भ्रमण करते हुए पुलिस लाइन ग्राउंड पहुंची। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी आर एस गौतम,अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी मनोज कुमार पाण्डेय, क्षेत्राधिकारी नगर सुश्री सीमा यादव, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर पंकज कुमार सिंह व प्रभारी यातायात संजय कुमार पाण्डेय मौजूद रहे। पुलिस लाइन ग्राउंड पर पुलिस अधीक्षक बाराबंकी डॉ0 अरविन्द चतुर्वेदी द्वारा सम्बोधन किया गया तथा प्रभात दीक्षित द्वारा यातायात गीत का गायन किया गया। इस समापन अवसर पर विभिन्न विद्यालयों के बच्चों द्वारा पेंटिंग प्रतियोगिता,निबंध प्रतियोगिता व वाद-विवाद प्रतियोगिता (शीर्षक. मेरा बाराबंकी शहर), नाटय कला के छात्र.छात्राओं द्वारा लघु नाटिका,पेन्टिग प्रतियोगिता व अन्य यातायात संबंधी सांस्कृतिक कार्यक्रम किए गए जिसमें विजेता बच्चों को पुरस्कार देकर पुरस्कृत भी किया गया ।

# खाकी की कार्यप्रणाली से नगरवासियों तथा व्यवसाइयों में पनपा आक्रोश

● चालान के नाम पर उत्पीड़न

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस की कार्यप्रणाली से नगरवासियो के साथ साथ व्यवसाईयों मे आक्रोश पनप उठा है। नगर के इंदिरा चौक से लेकर कोतवाली गेट व दूसरी ओर अस्पताल तक बीते तीन दिनों से पुलिस ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है। लखनऊ-वाराणसी हाइवे के दोनो ओर पक्की नाली बनने से दुकानो पर सामान खरीदने आने वाले लोग बाइक किनारे खडी कर खरीददारी मे लग जाते है। इस बीच पुलिस जाम न लगने पाये इस बात को देखते हुए बाइको व वाहनो को हटवाने के बजाय ताबडतोड चालान करने लगती है। यह देख लोग पुलिस से मिन्नत करते है तो उन्हें कडी फ्टकार का सामना करना पडता है। इस बाबत दुकानदारो का कहना है कि पटरी के किनारे बाइक खडी कर लोग सामान खरीदने आते है, लेकिन पुलिस के तुरंत चालान करने से ग्राहक भाग निकलते है। ऐसे मे उनके व्यवसाय पर भारी असर पड़ रहा है। दुकानदारों के मुताबिक एनएच ने जो बाइक खडी करने की गाइडलाइन बनाई है ग्राहक उसका पालन भी करते है लेकिन पुलिस जाम लगने की बात कहते हुए मनमानी पर उतारू हो गयी है। यही हाल घुइसरनाथ रोड, कालाकांकर रोड पर भी है। लोग पुलिस के ताण्डव से हलाकान है। उधर नगरवासियो का कहना है कि पुलिस की कार्यप्रणाली के चलते वह बाइक खडी नही कर पाते है। इनका कहना है कि दुकानो के सामने ही हाइवे के किनारे बाइक इसलिए खडी करना पडता है क्योकिं पक्की नाली से सड़क की ऊंचाई अधिक है, जिससे बाइको को रोड के किनारे खडी करना उनकी मजबूरी बनती है। अभी तक निर्धारित एरिया मे ही बाइक खडी कर लोग खरीददारी करने पहुंचते थे लेकिन बीते तीन दिनो से पुलिस किसी को भी दुकानो के सामने बाइक नही खडी करने दे रही है। प्रमुख समस्या यह है कि बाइक लेकर लोग आते है तो खरीददारी से पहले वह बाइक कहां खडी करें।

# हठधर्मिता छोड़ किसानों के सुझाव के साथ केन्द्र लाये नया कृषि कानून: प्रमोद तिवारी



**लालगंज, प्रतापगढ़।** कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य तथा यूपी आउटरीच कमेटी के प्रभारी प्रमोद तिवारी ने कृषि विधेयक को लेकर लोकतांत्रिक विरोध जता रहे किसानो पर केंद्र तथा हरियाणा की बीजेपी सरकार पर बर्बरता और जुल्म को पूरी तरह से गैर जिम्मेदाराना करार दिया है। श्री तिवारी ने केंद्र से बलपूर्वक कहा है कि वह हठधर्मिता छोडे और फौरन बेहिचक किसानो के सुझाव के अनुसार फिर से नया कृषि कानून ले आये। सोमवार को रामपुरखास के एक दिनी दौरे पर यहां पहुंचे प्रमोद तिवारी क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के कार्यालय पर मीडिया से रूबरू हो कृषि कानून की खामियों पर जमकर हमला बोला। उन्होने कहा कि पिछले एक सप्ताह से दिल्ली के लिए लोकतांत्रिक ढंग से किसानो को पहुंचने को लेकर जिस तरह से सरकार किसानो पर वॉटर कैनन व लाठियां बरसा रही है। उससे यह साफजाहिर है कि मोदी सरकार ईस्ट इण्डिया कंपनी की तरह किसानो पर खुले जुल्म पर अमादा है। सीडब्लूसी मेंबर प्रमोद तिवारी ने तंज कसा कि केन्द्र की सरकार नार्थ ईस्ट के अलगाववादियो तथा कश्मीर के आतंकवादी समर्थक नेताओ से तो वार्ता करने के लिए कश्मीर तक जा सकती है पर वह अन्नदाता से बात करने मे हिचक रही है। उन्होने केंद्र सरकार पर सीधा आरोप जड़ते हुए कहा कि किसानो की अनदेखी इसलिए जारी है कि किसानो की उपज को औने पौने दाम मे लेने की सुपारी ले चुके अडानी व अंबानी जैसे पूंजीपति उससे नाराज हो जाएगे। प्रमोद तिवारी ने कहा कि सरकार बताएं कि यदि कृषि विधेयक किसानो के हित मे है तो फिर क्यूं इस कानून के लागू होने के बाद भी धान के घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य अठारह सौ अरसठ रूपये के बावजूद आज किसान एक हजार से ग्यारह सौ रूपये मे उपज बेचने को मजबूर क्यूं है। श्री तिवारी ने धान के साथ मक्के की भी उपज पर कहा कि केंद्र के एमएसपी के बाद भी उसका उपज मे हक नही मिल पा रहा है। उन्होने कहा कि सरकार की न तो नीयति साफहै और न इसमे ईमानदारी रह गई है। क्योंकि विश्व बाजार मे पेट्रोल व डीजल के दाम सस्ता है फिर भी देश मे इन पेट्रो पदार्थो मे लगातार मंहगाई थोपी जा रही है। प्रमोद तिवारी ने केन्द्र से किसानो के प्रतिनिधिमण्डल से वार्ता के जरिए कृषि विधेयक की गलतियों को सुधारने और संसोधन की बात रखते हुए कहा कि यदि किसानो के सुझाव के अनुसार कृषि विधेयक आये तो कांग्रेस समेत विपक्ष उसके कदम का समर्थन कर सकते है।

## भाकियू ने धान क्रय केंद्र मंडी में पकड़ी धांधली, कैमरे में कैद हुए सबूत, डीएम ने कहा होगी जांच

**बाराबंकी।** धान क्रय केन्द्रों पर किसानों के साथ नाइंसाफी हो रही है। किसानों का धान न खरीदकर बिचैलियों का धान खरीदा जा रहा है। किसानों के धान को फ्रहा यानी बिना चावल वाला धान बताकर रिजेक्ट किया जा रहा है। ये बातें तो आपने हर सालकी तरह इस सीजन मेंभी सुनी होगी। धरना प्रदर्शन भी इसके लिए आम बात जैसी है। लेकिन सोमवार को भाकियू भानु गुट के छात्रसभा के अध्यक्ष अपुल वर्मा ने अपने साथी कार्यकर्ताओं के साथ मंडी में ऐसी करतूत मीडिया के कैमरे में कैद करवाई जिसे देखने के बाद हर कोई दंग रह गया। अपुल की माने तो मंडी में किसान के जिस धान को फ्रहा बताकर रिजेक्ट किया गया था उसकी सफ्फाई कराकर बेचने का काम कर्मचारी व लेबर कर रहे थे। अवकाश के दिन यह खेल हो रहा था। स्टिंग आपरेशन के दौरान वहां मौजूद लोग कोई जवाब नहीं दे सके तो भाकियू नेता ने डीएम को फोन कर सारी बात बताई। डीएम ने जांच कर कार्रवाई की बात कही है।